आश्विन शुक्ल पक्ष द्वितीया 05:31 उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 4 अक्टूबर 2024
वर्ष 3, अंक 45, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





आकाशगंगाओं के कोलाज का सबसे बड़ा मानचित्र 16

प्रियंका ने नई तस्वीरों में दिखाया ग्लैमरस लुक 15


## सेंसेक्स समेत सभी सूचकांक धड़ाम

- भारी गिरावट के बीच सेंसेक्स 1,769 अंक लुढ़का, निवेशकों को 9.78 लाख करोड़ की चपत

मुंबई, एजेंसी

पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से पैदा हुई चिंता के बीच घरेलू स्तर पर शेयर बाजारों में गुरुवार को चौतरफा बिकवाली हुई और मानक सूचकांक दो प्रतिशत से अधिक टूट गए। सेंसेक्स में 1,769 अंक और निफ्टी में 547 अंक की भारी गिरावट दर्ज की गई। विश्लेषकों ने कहा कि विदेशी कोषों की सतत निकासी और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। यह शेयर बाजार में गिरावट का चौथा दिन रहा। बड़ी गिरावट के बीच निवेशकों की संपत्ति एक ही दिन में 9.78 लाख करोड़ घट गई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 1,769.19 अंक यानी 2.10 % गिरकर 82,497.10 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,832.27 अंक टूटकर 82,434.02 अंक पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 546.80 अंक यानी 2.12 % का गोता लगाते हुए 25,250.10 अंक पर आ गया।

## दिल्ली में नर्सिंग होम के अंदर डॉक्टर की गोली मारकर हत्या

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के कालिंदी कुंज इलाके में एक नर्सिंग होम के अंदर बुधवार देर रात एक डॉक्टर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि दोनों आरोपी नाबालिग हैं, जो इलाज के लिए आए थे। आरोपियों ने यूनानी चिकित्सक (बीयूएमएस) जावेद अख्तर को देर रात करीब एक बजकर 45 मिनट पर गोली मार दी। पुलिस अधिकारी के अनुसार, अख्तर को अस्पताल में एक कुर्सी पर पड़ा हुआ पाया गया और उनके सिर से खून बह रहा था। घटना तीन बिस्तरों वाले नीमा अस्पताल में हुई जो इलाके की खड्डा कॉलोनी के एक संकरी गली में स्थित है।

# मैरिटल रेप को अपराध मानने से होगी भारी गड़बड़ी

### केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में दंडनीय अपराध बनाने का किया विरोध, कहा-इससे वैवाहिक संबंध होंगे प्रभावित

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा है कि यदि किसी व्यक्ति द्वारा अपनी पत्नी के साथ किए गए यौन कृत्य को बलात्कार (मैरिटल रेप) की श्रेणी में लाकर उसे दंडनीय बना दिया जाता है, तो इसका वैवाहिक संबंधों पर गंभीर असर पड़ सकता है और इससे विवाह नामक संस्था में गंभीर गड़बड़ी पैदा हो सकती है।

वैवाहिक बलात्कार को अपराध की श्रेणी में लाए जाने का विरोध करते हुए केंद्र ने शीर्ष अदालत में प्रारंभिक जवाबी हलफनामा दाखिल किया है। कई याचिकाकर्ताओं ने शीर्ष अदालत के समक्ष याचिका दायर कर वैवाहिक बलात्कार को अपराध के दायरे में लाने का अनुरोध किया है। न्यायालय में इस जटिल कानूनी प्रश्न को उठाने वाली याचिकाएं लंबित हैं कि क्या पति को बलात्कार के अपराध के लिए अभियोजन से छूट मिलनी चाहिए, यदि वह अपनी पत्नी को यौन संबंध बनाने के लिए मजबूर करता है जो नाबालिग नहीं है। भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 375 के अपवाद खंड के तहत किसी पुरुष द्वारा अपनी पत्नी के साथ संभोग करना या यौन कृत्य करना बलात्कार नहीं है, यदि पत्नी नाबालिग नहीं है। आईपीसी को अब निष्प्रभावी कर दिया गया है और उसके स्थान पर अब नये कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) को लागू किया गया है।

### सहमति को साबित कर पाना बहुत मश्किल

केंद्र ने कहा कि तेजी से बढ़ते और लगातार बदलते सामाजिक एवं पारिवारिक ढांचे में संशोधित प्रावधानों के दुरुपयोग की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता है, क्योंकि किसी व्यक्ति के लिए यह साबित करना मुश्किल और चुनौतीपूर्ण होगा कि सहमति थी या नहीं। उसने कहा कि प्रावधान की संवैधानिकता पर निर्णय लेने के लिए सभी राज्यों के साथ उनके विचारों को ध्यान में रखते हुए एक समग्र दृष्टिकोण और परामर्श की आवश्यकता है। केंद्र ने कहा कि यह इसलिए भी जरूरी है क्योंकि इसमें शामिल मुद्दों का सामान्य रूप से समाज पर सीधा असर पड़ता है और यह भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची की समवर्ती सूची का हिस्सा है।

### यह कानूनी से अधिक सामाजिक मसला : केंद्र

केंद्र सरकार ने कहा कि मामले में शामिल मुद्दा, कानूनी से अधिक एक सामाजिक मसला है और सभी हितधारकों के साथ उचित परामर्श के बिना या सभी राज्यों के विचारों को ध्यान में रखे बिना इस पर फैसला नहीं किया जा सकता है। हलफनामे में कहा गया है कि यह प्रस्तुत किया गया है कि बोलचाल की भाषा में वैवाहिक बलात्कार के रूप में संदर्भित कृत्य को अवैध और आपराधिक बनाया जाना चाहिए। केंद्र सरकार का कहना है कि विवाह होने से महिला की सहमति को समाप्त नहीं माना जा सकता और इसके उल्लंघन के दंडात्मक परिणाम होने चाहिए। हालांकि, विवाह के भीतर इस तरह के उल्लंघन के परिणाम वैवाहिक संबंधों के बाहर के परिणामों से भिन्न होते हैं।

## एक नजर

### एयर मार्शल धारकर बने वायुसेना उप प्रमुख



**नई दिल्ली।** एयर मार्शल एसपी धारकर ने गुरुवार को यहां वायुसेना मुख्यालय में वायुसेना उप प्रमुख का कार्यभार संभाला। वायुसेना के अनुसार एयर मार्शल धारकर ने वर्ष 1985 में वायु सेना की फाइटर स्ट्रीम में कमीशन प्राप्त किया था। वह राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज के पूर्व छात्र हैं।

### जया बच्चन ने संसद की आईटी समिति छोड़ी

**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी (सपा) की राज्यसभा सदस्य जया बच्चन ने संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी पर संसदीय स्थायी समिति की सदस्यता छोड़ दी है जिसके अध्यक्ष भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे हैं। राज्यसभा सचिवालय के अनुसार जया बच्चन अब कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई की अध्यक्षता वाली श्रम, वस्त्र और कौशल विकास पर संसदीय स्थायी समिति की सदस्य होंगी।

### कुमारस्वामी पर 50 करोड़ रुपये मांगने का आरोप

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के रियल एस्टेट व्यवसायी ने केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी के खिलाफ 50 करोड़ रुपये की जबरन वसूली और जान से मारने की धमकी का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज करायी है।

# अमेठी में एक ही परिवार के चार लोगों की गोली मारकर हत्या

**सनसनीखेज** हत्यारोपियों ने शिक्षक, उनकी पत्नी व दो पुत्रियों को बनाया निशाना

- शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के अहोरवा भवानी कस्बे का मामला
- एडीजी एसबी शिरडकर व आईजी प्रवीण कुमार मौके पर पहुंचे

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार :** शिवरतनगंज थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम दिल दहला देने वाली घटना घटित हुई। अहोरवा भवानी कस्बे के मुख्य चौराहे पर किराये के मकान में रह रहे शिक्षक, उनकी पत्नी व 2 पुत्रियों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना से क्षेत्र में तनाव की स्थिति हो गई है। अधिकारियों ने भारी संख्या में पीएसी एवं पुलिस बल तैनात कर दिया है। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना में शामिल दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति शोक संवेदना भी व्यक्त किया है।

उनके निर्देश पर लखनऊ जोन के एडीजी एसबी शिरडकर व अयोध्या परिक्षेत्र के आईजी प्रवीण कुमार भी मौके पर पहुंच गए है। दोनों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। मौके पर डॉग स्क्वायड व एफएसएल की टीम को जांच के लिए बुलाया गया है। उधर, डीजीपी प्रशांत कुमार के निर्देश पर एसटीएफ टीम भी घटनास्थल पर पहुंच गई है। हत्यारोपियों की धरपकड़ को पुलिस सक्रिय हो गई है।

शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के अहोरवा भवानी कस्बे में शिक्षक सुनील कुमार (35) अपनी पत्नी पूनम भारती(32), दो पुत्रियों सृष्टि(6) व समीक्षा(2) के साथ मुन्ना अवस्थी के मकान में किराये पर रहते थे। सुनील कुमार पीएमश्री विद्यालय पन्हौना में सहायक अध्यापक थे। गुरुवार देर शाम कुछ असलहाधारी लोग उनके आवास पर पहुंचे। बदमाशों ने सुनील कुमार को निशाना बनाते हुए परिवार पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इस हादसे में शिक्षक की पत्नी व पुत्रियां भी गोली का शिकार हो गईं। घायलों को सीएचसी सिंहपुर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने चारों को मृत घोषित कर दिया। तात्कालिक सूचना के बाद एसपी अनूप कुमार सिंह व एएसपी हरेंद्र प्रताप मय टीम मौके पर पहुंच गए। हत्या किस वजह से हुई, क्या कारण है, यह अभी पूरी तरह से कुछ कह पाना मुश्किल है। फिलहाल बदमाशों की धरपकड़ के लिए पुलिस टीम संभावित स्थानों पर दबिश दे रही है। बताया गया कि सुनील रायबरेली के मूल निवासी थे। सुनील की पत्नी पूनम ने बीते 18 अगस्त को रायबरेली कोतवाली में चंदन वर्मा के खिलाफ मारपीट, अश्लील हरकत व धमकी देने की धारा में मामला दर्ज कराया था। पुलिस को देय अपने प्रार्थनापत्र ने पूनम ने यह भी लिखा था कि यदि भविष्य में उसके व उसके परिवार के साथ कोई घटना होती है तो उसके लिए चंदन वर्मा ही जिम्मेदार होगा।



मृतक सुनील कुमार और उनकी पत्नी व दोनों बच्चियां।

> प्रथम दृष्टया घटना का कारण पारिवारिक विवाद लग रहा। घटना को अंजाम देने वाला मृतक सुनील का नजदीकी बताया जा रहा है। हम इस वीभत्स घटना के खुलासे के बेहद करीब हैं। फिलहाल शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।
> –प्रवीण कुमार, आईजी, अयोध्या परिक्षेत्र

# 4 घंटे के डिजिटल अरेस्ट ने ले ली शिक्षिका की जान

### साइबर अपराधियों ने धमकाया, सेक्स स्कैंडल में पकड़ी गई है बेटी

- जेल भेजने और बदनामी से बचना चाहती हो तो भेज दो एक लाख रुपये
- सदमे के कारण बिगड़ी शिक्षिका की हालत, अस्पताल पहुंचने से पहले मौत



संवाददाता, आगरा

**अमृत विचार :** साइबर अपराधियों के चार घंटे के डिजिटल अरेस्ट ने सहायक शिक्षिका मालती वर्मा की जान ले ली। पुलिस अधिकारी बन कॉल कर उनसे कहा गया था कि उनकी बेटी सेक्स स्कैंडल में पकड़ी गई है। उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। उसे बचाना चाहती हो तो 15 मिनट में 1 लाख रुपये हमारे खाते में ट्रांसफर कर दो। वीडियो वायरल करने की धमकी दी थी। शिक्षिका स्कूल में थीं। चार घंटे तक डिजिटल अरेस्ट में अपराधी धमकाते रहे। बेटी से बात कराने का झांसा दिया। दूसरी तरफ से मां मुझे बचा लो की आवाज सुनाई गई तो सहायक शिक्षिका परेशान हो गईं। घर आने के बाद उनकी हालत बिगड़ी और मृत्यु हो गई। डिजिटल अरेस्ट में यह मौत का पहला मामला माना जा रहा है।

पुलिस के अनुसार आगरा के सुभाष नगर निवासी मालती वर्मा राजकीय कन्या जूनियर हाईस्कूल अछनेरा में अध्यापिका थीं। 30 सितंबर की दोपहर 12 बजे उनके मोबाइल फोन पर व्हाट्स ऐप कॉल आई। कॉल करने वाले की डीपी पर पुलिस वर्दी में तस्वीर लगा रखी थी। देखकर यही लग रहा था कि यह कॉल किसी थाने से है। मालती ने कॉल रिसीव की। उधर से कहा गया आपकी बेटी को पुलिस ने सेक्स रैकेट में पकड़ा है। अभी पुलिस ने उसे लिखा-पढ़ी में शामिल नहीं किया है। आपकी बहुत बदनामी हो सकती है। अगर आप चाहती हैं कि बेटी की फोटो वीडियो वायरल न हो, केस न दर्ज हो, तो तुरंत एक लाख रुपये हमें भेज दें। फोन करने वाले शख्स ने इसके बाद एक नंबर भी भेजा। दोबारा कॉल करके 15 मिनट में रुपये भेजने के लिए फिर धमकाया। परेशान मालती वर्मा ने तुरंत अपने बेटे दीपांशु को फोन किया और उससे कहा कि बैंक से एक लाख रुपये निकालकर एक नंबर पर भेजने हैं। दीपांशु ने पूछा, तो उन्होंने बताया कि बहन को पुलिस ने पकड़ लिया है। बात करते-करते वो बेचैन हो रही थीं। उनकी सांस फूलने लगी थी।

### भारत और पाकिस्तान के नंबरों से किए गए फोन

दीपांशु ने बताया कि मम्मी ने उसे नंबर भेजा। एक नंबर भारत का था, तो दूसरा पाकिस्तान का, तभी उसे समझ में आ गया कि इस मामले में कुछ ठीक नहीं है। उसने भारत वाले नंबर पर फोन किया तो कहा गया कि रुपये भेज दो। दीपांशु ने तुरंत अपनी मां को बताया कि ये फर्जी कॉल है। बहन से बात हो गई है, परेशान मत हो। दीपांशु ने बताया कि मां के पास दोपहर करीब 3 .30 बजे फोन आया। वह घर आईं और उनकी तबीयत खराब होने लगी। उन्हें बहुत समझाया, लेकिन उनकी तबीयत बिगड़ती गई। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां पहुंचने से पहले उनकी मौत हो गई।

## जेल नियमावली से हटाएं भेदभाव बढ़ाने वाले नियम

- सुप्रीम कोर्ट ने 11 राज्यों के जेल मैनुअल में मौजूद भेदभावपूर्ण प्रावधानों को किया खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को करीब 11 राज्यों की जेल नियमावली के भेदभावपूर्ण प्रावधानों को खारिज कर दिया तथा जाति के आधार पर काम के वितरण व कैदियों को अलग-अलग वार्ड में रखने के चलन की निंदा की।

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने जेलों में जाति आधारित भेदभाव समाप्त करने के लिए कई निर्देश जारी करते हुए कहा कि राज्य का इस तरह के भेदभाव को रोकने का एक सकारात्मक दायित्व है। पीठ ने राज्यों को तीन महीने के भीतर जेल नियमावली में संशोधन करने का निर्देश भी दिया। पीठ ने कहा कि ऐसे सभी प्रावधान असंवैधानिक माने जाते हैं। सभी राज्यों को निर्देश दिया जाता है कि वे जेल नियमावली में बदलाव करें...। प्रधान न्यायाधीश ने खचाखच भरी अदालत कक्ष में फैसला सुनाते हुए कहा कि आदतन अपराधियों का उल्लेख आदतन अपराधी कानूनों के संदर्भ में होगा और राज्य कारागार नियमावली में आदतन अपराधियों का उल्लेख यदि जाति पर आधारित है तो उसे असंवैधानिक घोषित किया जाता है। शीर्ष अदालत ने जेलों में जाति-आधारित भेदभाव के मामलों का भी स्वतः संज्ञान लिया और शीर्ष अदालत की रजिस्ट्री को निर्देश दिया कि इसे तीन महीने बाद जेलों के अंदर भेदभाव के संबंध में शीर्षक के साथ सूचीबद्ध किया जाए। उसने राज्यों से फैसले की अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा।



### कोई भी समूह मैला ढोने के लिए पैदा नहीं होता

सीजेआई ने कहा कि हाशिए पर पड़े लोगों को सफाई और झाड़ू लगाने का काम देना और ऊंची जाति के लोगों को खाना पकाने का काम देना अनुच्छेद 15 का उल्लंघन है। पीठ ने उत्तर प्रदेश के एक कानून का हवाला दिया, जिसमें प्रावधान है कि साधारण कारावास की सजा काट रहा व्यक्ति नीचा समझा जाने वाला कार्य नहीं करेगा, बशर्ते उसकी जाति ऐसे कार्य न करती हो। पीठ ने कहा कि कोई भी समूह मैला ढोने वाले वर्ग के रूप में या नीचा समझे जाने वाला काम करने को पैदा नहीं होता है।

### अमानवीय व्यवहार के लिए राज्य होंगे उत्तरदायी

फैसले में कहा गया है कि यदि कैदियों से अमानवीय काम करवाया जाता है और उनके साथ अमानवीय व्यवहार किया जाता है, तो इसके लिए राज्य उत्तरदायी होंगे। सीजेआई ने कहा कि जातियों के प्रति घृणा और अवमानना ने ऐसी जातियों के प्रति अंतर्निहित और व्यापक पूर्वाग्रह को दर्शाया है।

## अयोध्या गैंगरेप : मोईद अहमद की जमानत याचिका खारिज

विधि संवाददाता, लखनऊ

- विवेचना के दौरान सुलह के लिए बनाया गया था दबाव : हाईकोर्ट

**अमृत विचार:** अयोध्या गैंगरेप मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अभियुक्त सपा नेता मोईद अहमद की जमानत याचिका खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि अभियुक्त राजनीतिक तौर पर काफी ताकतवर है। उसके तथा पीड़िता के परिवार के बीच बड़ा सामाजिक व आर्थिक अंतर है। विवेचना के दौरान पीड़िता व उसके परिवार पर सुलह के लिए दबाव भी डाला गया था। इसलिए अभियुक्त के बाहर आने पर ट्रायल के प्रभावित होने का खतरा है। हालांकि कोर्ट ने चार सप्ताह के पश्चात तथा पीड़िता व वादिनी की गवाही के बाद नए सिरे से जमानत याचिका दाखिल करने की छूट दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने पारित किया।

अभियुक्त की ओर से दलील दी गई थी कि उसे मामले में राजनीतिक कारणों से झूठा फंसाया गया है। वह 71 साल की उम्र का है और पीड़िता के बयानों तथा एफआईआर में घटना के सटीक तिथि व समय का उल्लेख नहीं है। वहीं जमानत याचिका का विरोध करते हुए अपर महाधिवक्ता वीके शाही ने दलील दी कि अभियुक्त व सह अभियुक्त राजू ने पीड़िता के साथ दरिंदगी का वीडियो भी बनाया था।

## कश्मीर में सुरक्षा बलों आतंकियों में मुठभेड़

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में गुरुवार को एक तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच कुछ देर गोलीबारी हुई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की विशेष सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों ने छतरू में एक संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों से आमना-सामना हो गया और दोनों ओर से कुछ गोलियां चली हैं। पिछले दो महीनों के दौरान किश्तवाड़ के विभिन्न हिस्सों में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच कई बार मुठभेड़ हुई है। तेरह सितंबर को छतरू के नैदघाम इलाके में मुठभेड़ में एक जेसीओ समेत सेना के दो जवान शहीद हो गए थे।

## रेलवे कर्मचारियों को मिलेगा 78 दिनों का बोनस

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 11.72 लाख से अधिक रेलवे कर्मचारियों को 2028.57 करोड़ रुपये के 78 दिनों के कार्यकुशलता से जुड़े बोनस के भुगतान को गुरुवार को मंजूरी दे दी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी। यह राशि रेलवे कर्मचारियों की विभिन्न श्रेणियों जैसे ट्रैक मेंटेनर, लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर (गार्ड), स्टेशन मास्टर, पर्यवेक्षक, तकनीशियन, तकनीशियन हेल्पर, पॉइंट्समैन, मंत्रालयिक कर्मचारी और अन्य कर्मचारियों को दी जाएगी।

## मंत्रिमंडल ने दो कृषि योजनाओं को दी मंजूरी

- दोनों योजनाओं पर खर्च होंगे एक लाख करोड़ रुपये

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने टिकाऊ कृषि को प्रोत्साहन और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए गुरुवार को एक लाख करोड़ रुपये के परिव्यय वाली दो बड़ी कृषि योजनाओं को मंजूरी दी। इन योजनाओं के नाम 'पीएम राष्ट्रीय कृषि विकास योजना' (पीएम-आरकेवीवाई) और 'कृषोन्नति योजना' (केवाई) हैं। इनमें से पीएम-आरकेवीवाई योजना टिकाऊ खेती को बढ़ावा देगी जबकि कृषोन्नति योजना खाद्य सुरक्षा एवं कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को समर्पित होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में कृषि मंत्रालय के तहत संचालित सभी केंद्र-प्रायोजित योजनाओं (सीएसएस) को दो बड़ी योजनाओं के रूप में युक्तिसंगत बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। सरकार ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि इन दोनों कृषि योजनाओं पर कुल मिलाकर 1,01,321.61 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसमें से आरकेवीवाई के लिए 57,074.72 करोड़ रुपये और कृषोन्नति योजना के लिए 44,246.89 करोड़ रुपये चिह्नित किए गए हैं।

## बालाओं संग डांस पर तीन लेखपाल निलंबित

**प्रतापगढ़।** जिले के लालगंज तहसील परिसर में बगैर अनुमति के बार बालाओं का डांस आयोजित करने पर तीन लेखपालों को गुरुवार को निलंबित कर दिया। लालगंज के तहसीलदार धीरेंद्र प्रताप सिंह की सेवानिवृत्ति के अवसर पर बुधवार को तहसील परिसर में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन हुआ था, जिसमें राजस्व कर्मी बार बालाओं के अश्लील गाने पर डांस कर रहे थे। कार्यक्रम का वीडियो वायरल हुआ था ,जिलाधिकारी संजीव रंजन ने मामले को संज्ञान में लेकर एसडीएम लालगंज नैनसी सिंह से मामले की रिपोर्ट मांगी थी , रिपोर्ट मिलते ही आज शाम तीन लेखपालों को निलंबित कर दिया गया और आगे की कार्यवाही के लिए जांच का काम तहसीलदार लाल गंज को सुपुर्द किया गया है।

# पंजाब–हरियाणा में रेलवे ट्रैक पर बैठे किसान, रोकी ट्रेनें

- लखीमपुर खीरी की घटना की तीसरी वर्षगांठ पर न्याय की मांग को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

होशियारपुर/लुधियाना, एजेंसी

लखीमपुर खीरी कांड (2021) के पीड़ितों को न्याय दिलाने समेत विभिन्न मांगों के समर्थन में गुरुवार को किसानों ने दो घंटे के रेल रोको विरोध के तहत रेल की पटरियों पर धरना दिया। इससे पूरे पंजाब में कई ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हुई। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा की ओर से आयोजित यह विरोध प्रदर्शन मध्याह्न साढ़े 12 बजे शुरू हुआ। यह तीन कृषि कानूनों के खिलाफ लखीमपुर खीरी में 2021 में प्रदर्शन के दौरान चार किसानों समेत आठ लोगों की मौत की घटना की तीसरी बरसी है।

प्रदर्शनकारी किसानों ने फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी, ऋण माफी, स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने और लखीमपुर खीरी की घटना के लिए जिम्मेदार लोगों को दंडित करने की मांग की। अमृतसर, लुधियाना, जालंधर, पटियाला सहित कई शहरों में ट्रेनों को रोका। किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) के संयोजक सरवन सिंह पंधेर ने लखीमपुर खीरी की घटना में न्याय की मांग की तथा राज्य एवं केंद्र, दोनों सरकारों पर किसानों की लंबे समय से लंबित मांगों पर ध्यान न देने तथा उनके प्रति उदासीन रवैया अपनाने का आरोप लगाया।



पटियाला में रेल रोको विरोध प्रदर्शन के दौरान ट्रैक पर लेटे किसान। ● एजेंसी

### तिकुनिया कांडः यह था मामला

**लखीमपुर खीरी।** पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री और खीरी के पूर्व सांसद अजय मिश्र टेनी के पैतृक गांव में उनके पिता की याद में तीन अक्टूबर को विराट दंगल और कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया था। जिसमें डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या को जाना था। तीन कृषि कानून और संपूर्णानगर क्षेत्र में किसानों के प्रति दिए गए टेनी के बयानों से नाराज हजारों की संख्या में किसान तिकुनिया में विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। डिप्टी सीएम की अगवानी करने जा रहे पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री की थार कार से चार किसानों, एक पत्रकार की कुचलकर मौत होने के बाद हिंसा भड़क गई थी। जिसमें तीन भाजपा कार्यकर्ता भी मारे गए थे। हिंसा मामले में पूर्व केंद्रीय मंत्री के बेटे आशीष मिश्रा को मुख्य आरोपी बनाया गया था। तीन वर्ष बाद मृतकों की बरसी के रूप में किसानों ने गुरुवार को कार्यक्रम किया और मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## एक नजर

### अधेड़ की मौत

कानपुर। जाजमऊ थानाक्षेत्र के वाजिदपुर निवासी 45 वर्षीय विजय कुमार सैनी की सिद्धनाथ घाट के पास स्थित धर्मशाला में पैर फिसलने से सिर पर चोट लगने से मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि वह मंदिर के सेवादार थे।

### धोखाधड़ी के शिकार लोगों के रुपये वापस कराए

कानपुर। कल्याणपुर निवासी अरविन्द कुमार सेंगर के साथ 2.50 लाख रुपये व राहुल ओमर निवासी शिवराजपुर के साथ 83,800 रुपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी हो गई थी। जिसके बाद साइबर सेल हेल्प लाइन 1930 पर आवेदकों ने शिकायत दर्ज कराई थी। साइबर सेल पश्चिम जोन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सम्पूर्ण धनराशि 3,33,800 रुपये वापस कराई।

### राज्यपाल के कार्यक्रम की तैयारी परखीं

कानपुर। शुक्रवार को सीएसए में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के कार्यक्रम को लेकर पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल दिनेश त्रिपाठी ने कार्यक्रम स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था परखी। संबंधित अधिकारियों को ब्रीफ करते हुए दिशा-निर्देश दिए।

# चमनगंज के बेसमेंट में चल रहा जिम सील

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- केडीए ने मानक विरोधी गतिविधियों को रोका
- सीलिंग हटाई तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी

**अमृत विचार।** अवैध निर्माणों और बेसमेंट में अवैध रूप से हो रही गतिविधियों के खिलाफ केडीए की कार्रवाई जारी है। गुरुवार को केडीए ने चमनगंज के हुमायूं बाग में भवन के बेसमेंट में संचालित हो रहे जिम को सील कर दिया। विशेष कार्याधिकारी प्रवर्तन सत शुक्ला के नेतृत्व में पहुंचे अधिकारियों ने सीलिंग के साथ ही नोटिस चस्पा कर दी और कहा कि यदि सीलिंग हटी तो नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

विशेष कार्याधिकारी प्रवर्तन सत शुक्ला ने बताया कि शकील कुरैशी उर्फ शकील अहमद द्वारा मकान संख्या-88/443 हुमायूं बाग, चमनगंज में अवैध रूप से भवन का निर्माण कर पूर्व से संचालन किया जा रहा था। भवन के बेसमेन्ट में अवैध रूप से वार हाउस यूनिसेक्स नाम से जिम का संचालन किया जा रहा था।

अवैध निर्माण के विरुद्ध कानपुर विकास प्राधिकरण द्वारा उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम-1973 की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत वैधानिक कार्रवाई की गयी है। उपाध्यक्ष केडीए मदन सिंह गर्ब्याल के निर्देश के क्रम में बेसमेन्ट में अवैध रूप से संचालित जिम को पुलिस की मदद से सीलबन्द करा दिया गया।

इस दौरान प्रभारी निरीक्षक थाना चमनगंज विनीत सिंह बिष्ट, केडीए अवर अभियन्ता जनार्दन सिंह, प्राधिकरण टीम तथा थाना चमनगंज के पुलिस अधिकारी तथा कार्मिक उपस्थित रहे।

# वायरल बुखार के साथ बढ़ रहा डेंगू का भी प्रकोप

**हेल्थ अलर्ट**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मौसम में हो रहे बदलाव के कारण लोग वायरल बुखार की चपेट में आ रहे हैं। पूरे शरीर व जोड़ों में दर्द की समस्या हो रही है। जांच कराने पर कई मरीजों की प्लेटलेट्स भी कम मिली हैं। वायरल बुखार के साथ ही डेंगू ने भी अपने पंख फैलाने शुरू कर दिए हैं। गुरुवार को शहर में एक युवक में डेंगू की पुष्टि भी हुई है। ऐसे में एहतियात बरतना जरूरी है। खास बात है कि डेंगू का मच्छर साफ पानी में पनपता है। इसलिए घर के अंदर और आस-पास पानी का जमाव न होने दें।

हैलट के मेडिसिन विभाग की ओपीडी में कई तरह के वायरल की चपेट में आकर प्रतिदिन 30 से 40 मरीज बुखार ग्रस्त पहुंच रहे हैं, जिनमे डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड, बैक्टीरियल इंफेक्शन, फ्लू लाइक इनलेस व फ्लू लाइक सिस्टम के मरीज शामिल हैं। वायरल की गिरफ्त में आकर मरीजों को बुखार, शरीर में दर्द, जोड़ों में दर्द, चलने-फिरने में दिक्कत, कमजोरी, खांसी, सांस लेने में दिक्कत व गले में खराश जैसी समस्या हो रही है। ऐसे में हैलट के विशेषज्ञ डेंगू के लक्षण मानकर प्रतिदिन डॉक्टर 30 से 40 मरीजों के सैंपल जांच के लिए भेज रहे हैं, लेकिन इनमे से एक या दो मरीजों में डेंगू की पुष्टि हो रही है। दवाएं अधिकांश मरीजों को डेंगू में इस्तेमाल होने वाली ही दी जा रही है।


हैलट अस्पताल में मरीजों को देखते डॉ .बीपी प्रियदर्शी व जूनियर डॉक्टर।

- हैलट अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन पहुंच रहे डेंगू के रोगी
- लक्षणयुक्त 30 से 40 मरीजों की कराई जा रही है जांच

### रोज मिल रहे डेंगू के एक-दो मरीज

- मेडिसिन विभाग के प्रो . बीपी प्रियदर्शी ने बताया कि बारिश के बाद कई तरह के संक्रमण लोगों पर हावी होने लगते हैं, जिनमे बैक्टीरियल इंफेक्शन आदि भी शामिल हैं। इन दिनों प्रतिदिन एक या दो मरीजों में डेंगू पॉजिटिव मिल रहा है, हालांकि अबकी डेंगू पहले की तरह आक्रमक रूप में नहीं दिख रहा है। बुखार ग्रस्त मरीज शरीर व जोड़ों में दर्द की समस्या बने रहने की शिकायत जरूर कर रहे हैं।

### ऐसे करें बचाव

- घर और आस-पास पानी का जमाव न होने दें
- गमलों में, छत पर पड़े कबाड़ में पानी न इकट्ठा होने दें
- पानी भरे स्थानों में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करें।
- कूलर में भरा पानी रोज बदलते रहें
- फ्रिज के पीछे की ट्रे में पानी न भरा रहने दें
- भीड़भाड़ वाली जगहों पर मास्क का प्रयोग करें।
- सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग जरूर करें।
- फुल आस्तीन के कपड़े पहनें।
- ठंडे पेय पदार्थों से परहेज करें।
- एसी व कूलर का इस्तेमाल सीमित करें।
- पोषण युक्त भोजन का सेवन करें।

### हैलट, उर्सला व कांशीराम अस्पताल में वार्ड बने

- हैलट के प्रमुख अधीक्षक डॉ .आरके सिंह ने बताया कि डेंगू व वायरल फीवर से ग्रस्त मरीजों के लिए वार्ड नंबर 10 आरक्षित है। उर्सला अस्पताल के निदेशक डॉ .एचडी अग्रवाल ने बताया कि इमरजेंसी के बगल में स्थित वार्ड को डेंगू व वायरल फीवर से ग्रस्त मरीजों के लिए आरक्षित कर दिया गया है। कांशीराम अस्पताल के सीएमएस डॉ .स्वदेश गुप्ता ने बताया कि इमरजेंसी के साथ ही 12 बेड मरीजों के लिए आरक्षित किए गए हैं।

# 845 करोड़ से सड़कों का जाल होगा मजबूत

## लोक निर्माण विभाग ने मार्गों के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण के प्रस्तावों पर जनप्रतिनिधियों से की चर्चा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** खस्ताहाल सड़कों से जल्द लोगों को राहत मिलने वाली है। लोक निर्माण विभाग ने गुरुवार को 845 करोड़ की लागत से बनने वाले 26 जिला मार्गों की चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण के प्रस्तावों पर जनप्रतिनिधियों से चर्चा की। इन मार्गों की लंबाई 188.96 किमी है। त्योहारों को देखते 10 अक्टूबर तक जरूरी मार्गों व 31 अक्टूबर तक अन्य मार्गों को गड्ढामुक्त करने का आदेश विभाग को दिया गया।

सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में गुरुवार को सांसद देवेंद्र सिंह भोले, रमेश अवस्थी व विधायक सरोज कुरील, महेश त्रिवेदी, सुरेंद्र मैथानी, राहुल बच्चा सोनकर, अभिजीत सिंह सांगा और विधानसभा अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेश अवस्थी की मौजूदगी में लोक निर्माण विभाग ने सड़कों का प्रस्ताव रखा। जनप्रतिनिधियों के सुझाव व प्रस्ताव के बाद उसे शासन को भेजने पर सहमित बनी। बैठक में 845 करोड़ की लागत से जिले के 26 जिला मार्गों के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण के प्रस्तावों को जनप्रतिनिधियों ने सुना। इसके साथ ही जरूरी मार्गों, धार्मिक स्थलों को मुख्य मार्गों से जोड़ने, मार्गों के निर्माण के तहत 24 मार्गों पर 161.55 करोड़ रुपये के प्रस्तावों पर भी चर्चा हुई।

इसमें सांसद व विधायकों से सुझाव लिया गया। इसके अलावा नाबार्ड के तहत 250 से अधिक आबादी को जोड़ने के लिए 34 ग्रामीण मार्गों के निर्माण के लिए 44.58 करोड़ की लागत पर चर्चा की गई। वहीं जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने लोक निर्माण विभाग को आदेश दिया कि त्योहारों को देखते 10 अक्टूबर तक जरूरी मार्गों व इस माह के आखिरी तक सभी गड्ढामुक्त मार्गों को दुरुस्त कर लिया जाए। बैठक में विशेष तौर पर शहर में बाइपास, रिंग रोड, फ्लाई ओवर के निर्माण, धर्मार्थ मार्गों का चौड़ीकरण को प्रमुखता दी गई। औद्योगिक व लॉजिस्टिक पार्क के मागों का चौड़ीकरण व निर्माण कार्य कराने को कहा गया। पं दीन दयाल उपाध्याय योजना के तहत तहसील, ब्लॉक मुख्यालय योजना, कृषि सुविधाओं के लिए नव निर्माण, चौड़ीकरण के प्रस्तावों पर चर्चा हुई। बैठक में जनप्रतिनिधियों के सुझावों को शासन को भेजने के निर्देश जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने दिए। इस मौके पर सीडीओ दीक्षा जैन, लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राज्य मार्ग, सेतु निगम , प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना आदि विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



बैठक में सांसद देवेंद्र सिंह भोले, रमेश अवस्थी, जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह मौजूद रहे। अमृत विचार

- सांसद व विधायकों के सुझाव और प्रस्ताव जल्द शासन को भेजने पर बनी सहमति

# नगर निगम कर्मी को पीटा, लूट का आरोप

कानपुर। रेलबाजार में नगर निगम कर्मी को लेनदेन के विवाद में आरोपियों ने पीट दिया। पीड़ित ने आरोपियों पर 42 हजार रुपये लूट लेने का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

रेलबाजार के चंदारी निवासी मोहम्मद जुबैर नगर निगम कर्मी हैं। उनके अनुसार कुछ माह पहले से उनका इंतिखाब नाम के युवक से रुपयों के लेनदेन का विवाद चल रहा था। एक अक्टूबर को वह शाम को घर पर थे। तभी आरोपित अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ घर पर आया और गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपितों ने उन्हें हाकी से मारापीटा। आरोप है कि आरोपितों ने उनके पास रखे 42 हजार रुपये भी लूट लिये। थाना प्रभारी विजय दर्शन शर्मा ने बताया कि तहरीर पर मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# नवरात्र और दशहरा को लेकर बैठक

कानपुर। पुलिस उपायुक्त पश्चिम राजेश कुमार सिंह ने नवरात्र व दशहरा को सकुशल सम्पन्न कराये जाने को लेकर आयोजकों, संभ्रांत व्यक्तियों के साथ मीटिंग की। मीटिंग के दौरान आयोजकों से समस्याओं को सुना तथा उसके त्वरित निस्तारण के लिए सम्बंधित को निर्देश दिए। कार्यक्रम स्थलों की निगरानी सीसीटीवी, ड्रोन से करने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर अपर पुलिस उपायुक्त पश्चिम, सहायक पुलिस आयुक्त पनकी मौजूद रहे।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

मैने अपना नाम MANSOORE से बदलकर MANSOOR KHAN रख लिया है अब मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना वा पहचाना जाये S/O: HABBOO KHAN, R/O: 160, SAHAWAPUR MAHIPAL SINGH PO FAKHARPUR, BAHRAICH

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **मोहम्मद स्वामीन पुत्र मोहम्मद याशीन, निवासी –मलाकापुर, कोड़ा, जहानाबाद, तहसील– बिंदकी, फतेहपुर, मोबाइल नम्बर–9555962951,** मेरा पंजीकृत डीड, बही नम्बर–1, जिल्द नम्बर–3109, पृष्ठ 216 पर क्रमांक–4749 तथा अतिरिक्त साइट बुक नम्बर–1 जिल्द नम्बर–3167, पृष्ठ 474/507 पर, दिनांक 14/03/1986 को उपराजिस्टार लखनऊ के कार्यालय में कपूरथला चौराहा लखनऊ में रजिस्टार वास्तव में खो गया है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र आर्यन मिश्रा की सैन्य अभिलेखों में जन्मतिथि 12–11–2004 दर्ज हो गयी है। जबकि अन्य सभी अभिलेखों में उसकी जन्मतिथि 12–11–2005 दर्ज हैं और यही वास्तविक जन्मतिथि है। **अजीत कुमार मिश्रा ग्राम – शुकुलपुर, पोस्ट– ठेंगहा जनपद– अमेठी**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं अशोक कुमार पुत्र स्व0 ठाकुर दीन वर्मा, पता कार्यालय–बलरामपुर अस्पताल, गोलागंज, लखनऊ, मोबाइल नंबर 9415139203 मेरा राजकीय नर्सेज संघ उत्तर प्रदेश का रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट जो कि (Recognized by U.P.Govt.No.- 4882/16-13-79-8 (201)-/79 dated 24-09-79 वास्तव में खो गया है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं रत्ना सिन्धु जीत सिंह पत्नी सिन्धु जीत सिंह, निवासी– बी– 985 फ्लैट नं0– 5–204, सनरेज हाउस, सेक्टर– 20 महानगर, लखनऊ, मैने अपना नाम रत्ना सिंह से बदल कर रत्ना सिन्धु जीत सिंह सिंह रख लिया है। अब मुझे रत्ना सिन्धु जीत सिंह के नाम से जाना व पहचाना जाय।

**सूचना**

सूचित हो कि मैने अपना नाम MARIYAM AFIFA से बदलकर MARIYAM रख दिया। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। D/0-ZAHEERUL HASAN Add: 420-35 KATRA MOHAMMAD ALI KHAN CHAUPATIYAN LUCKNOW-226003

**सूचना**

मेरा नाम शहजादे आलम अन्सारी पुत्र कल्लन मास्टर (नि.–532/531, बनारसी टोला, अलीगंज, लखनऊ) था। जो मैंने बदलकर शहजादे आलम रख लिया है । भविष्य में मुझे शहजादे आलम (Shahjade Alam) के नाम से जाना पहचाना जाये ।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पुत्र का नाम अभिषेक पांडेय पुत्र रवींद्र पांडेय है। आधार कार्ड में उसका नाम पिंकू दर्ज हो गया जो कि गलत है ।अभिषेक पांडेय ही सही नाम है तथा अन्य अभिलेखों में भी दर्ज है। **रवींद्र पांडेय पुत्र – बिजलेश्वरी निवासी– ग्राम –पिपरा तहसील व जनपद –बलरामपुर**

**सूचना**

मेरी पुत्री शफक हाशमी (SHAFAQ HASHMI) के कक्षा 5 की टीसी में मेरा नाम त्रुटिवश SABEENA BANO अंकित हो गया है, जबकि अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम SHABEENA BANO अंकित है, जो कि सही है। उक्त दोनों नाम एक ही, मुझे SABEENA BANO व SHABEENA BANO से जाना एवं पहचाना जाए। **–शबीना बानो** (SHABEENA BANO) **पत्नी रशीद अहमद हाशमी** (RASHEED AHMAD HASHMI) **निवासी मलिकपुर पोस्ट–पखरौली, जिला सुलतानपुर।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं महताब आलम पुत्र कमरूद्दीन, मोहल्ला– तुर्कपट्टी खैराबाद, जिला– सीतापुर का निवासी हूँ ।मेरे दो पुत्र मो0 बिलाल व मो0 अल्फैज जीवन ज्योति कान्वेंट स्कूल खैराबाद में क्रमशः कक्षा 6 व 9 के छात्र है। मेरे आधार कार्ड में नाम MAHTAB ALAM पुत्र की माँ का नाम NAZIYA BANO दर्ज है तथा स्कूल में मेरा व पुत्र की माँ का नाम MEHTAB ALAM व NAZYIA BANO है ।अतः मेरा व मेरी पत्नी का नाम आधार कार्ड के अनुसार स्कूल अभिलेखों में दर्ज किया जाय।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **नीलम साहू पत्नी अशोक कुमार, निवासिनी– कुशमौरा पर0 निगोहाँ तह0 मोहनलालगंज जिला लखनऊ,** मेरा वास्ताविक नाम नीलम साहू है तथा मेरे समस्त अभिलेखों जैसे मतदाता पहचान पत्र, पैन कार्ड, आदि मे मेरा वास्ताविक नाम नीलम साहू ही अंकित है।जबकि मेरा नाम त्रुटिवश आधार कार्ड मे नीलम साहू के स्थान पर ललिता देवी अंकित हो गया है। जो पूर्णतयः गलत है। अतः मेरे आधार कार्ड पर ललिता देवी के स्थान पर मेरा वास्ताविक नामः नीलम साहू अंकित किया जाय।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जा रहा है की **लल्लू प्रसाद शुक्ला पुत्र स्व0 त्रिवेणी प्रसाद निवासी सूरजपुर सहादत नगर, गढ़ा, बहरगांव थाना इटौंजा लखनऊ** अपने उपरोक्त निवास सहित समस्त चल व अचल संपत्ति से अपने छोटे पुत्र सरोज शुक्ला व बहू शोभा शुक्ला का चाल चलन ठीक न होने एवं घर परिवार में लड़ाई झगड़ा मारपीट इत्यादि करने के कारण दिनांक 03.10.2024 को अपने छोटे पुत्र सरोज शुक्ला और उनकी पत्नी शोभा शुक्ला से सभी प्रकार के संबंध विच्छेद कर लिए है तथा किसी भी प्रकार का कोई वास्ता व सरोकार मुझे व मेरे परिवार से नही रह गया है तथा सरोज द्वारा किए गए प्रत्येक कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **रमजान पुत्र सुलतान खा, निवासी– परसोहना– पोस्ट मटेही, परगना– नानपारा, तहसील– मिहींपुरवा (मोतीपुर) जनपद– बहराइच** का रहने वाला हूं। मेरे पासपोर्ट पर मेरा नाम अंग्रेजी में RAMAJAN अंकित है जबकि आधार के अनुसार मेरा सही नाम RAMJAN है। चूंकि RAMAJAN (रामाजान) एवं RAMJAN (रमजान) नाम एक ही व्यक्ति के है। अतः मेरे पासपोर्ट पर मेरा नाम अंग्रेजी में RAMJAN ही कर दिया जाए।

**सूचना**

सूचित हो कि **राजेंद्र सिंह मौर्य पुत्र हंसलाल निवासी गुलालपुरवा कुड़वा नगर पंचायत मिहीपुरवा वार्ड नंबर** 11 के तीन पुत्र राजीव कुमार सिंह, राकेश कुमार सिंह और दीपू उर्फ रंजीत कुमार सिंह हैं। इनमें सबसे छोटे पुत्र दीपू उर्फ रंजीत कुमार सिंह का चाल चलन ठीक नहीं है। गलत आचरण और व्यवहार के चलते उसे अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। परिवार के लोगों का कोई लेनादेना नहीं है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं रमेश पुत्र श्रीराम, निवासी–ग्राम व पोस्ट बरान थाना अरवल तहसील सवाजयपुर जिला हरदोई मेरा पुत्र प्रदीप कुमार सैनी व बहू राधा से दोनों स्वच्छंद विचारधारा एवं जिद्दी प्रकृति के हैं। वह आये दिन घर में विवाद करते रहते हैं तथा मुझसे गाली गलौज करके धमकाते एवं प्रताड़ित करते हैं। कई बार समझाने का प्रयास किया किन्तु कोई सुधार नहीं मै अपने पुत्र व बहू के दुराचरण से काफी व्यथित है। अतः मैं विवश एंव पीड़ित होकर अपने पुत्र प्रदीप कुमार सैनी व पुत्रवधू राधा देवी को अपनी सारी चल अचल सम्पत्ति से 16.07.2022 से बेदखल कर रहा हूँ। अब मेरा उनसे कोई वास्ता व सरोकार नहीं रह गया है। अपने कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होगे।

**आवश्यकता है**

**वीरेंद्र सिंह रामवती मेमोरियल महाविद्यालय कुरसठ हरदोई (2063) में बीएससी में**

**सहायक आचार्य–** विषय रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, गणित, जीव विज्ञान, वनस्पति विज्ञान में सहायक आचार्य की आवश्यकता है।

नोट– इच्छुक अभ्यर्थी एक सप्ताह के अंदर महाविद्यालय में कागजात जमा करें।

**प्राचार्य/प्रबंधक**

**मो0: 9936633390, 6388336593**


# दो युवकों ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

कानपुर। शहर के अलग-अलग दो थानाक्षेत्रों में दो युवकों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के पीछे परिजनों ने अलग-अलग कारण बताया। पुलिस जांच कर रही है।

नजीराबाद थानाक्षेत्र के सरोजनी नगर निवासी 35 वर्षीय रामजी गुप्ता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पत्नी पलक ने बताया कि उनकी पहली पत्नी की मौत हो चुकी हैं। उनसे दो बच्चे वैष्णवी और अंकित अन्य परिवार के लोगों के पास रहते हैं। पत्नी ने पुलिस को बताया कि बुधवार को वह शराब पीने के लिए रुपये मांग रहे थे, मना किया तो उसे मारापीटा। इसके बाद कमरे में जाकर रस्सी से फांसी लगा ली। इसी तरह सचेंडी थानाक्षेत्र में चकरपुर मंडी के पास रहने वाले 25 वर्षीय मोहन कश्यप ने फांसी लगाकर जान दे दी। पत्नी प्रीती ने बताया कि बुधवार को एक बात को लेकर विवाद हो गया था। जिसके बाद उन्होंने फंदा लगाकर खौफनाक कदम उठा लिया।

### संदिग्ध हालत में महिला की मौत

- कानपुर। यशोदा नगर गंगापुर कालोनी निवासी 24 वर्षीय पिंकी की शादी चमनगंज निवासी सौरभ के साथ दिसंबर 2023 में हुई थी। परिजनों का आरोप है कि ससुरालीजन दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करते थे। 13 सितंबर को डिलीवरी हुई। जिसके बाद वह मायके आ गई। यहां 30 सितंबर से उसकी तबियत बिगड़नी शुरू हुई तो उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसने बुधवार शाम 5 .30 बजे दम तोड़ दिया। नौबस्ता पुलिस ने बताया कि प्रताड़ना के आरोपों की जांच की जा रही है।

# सड़क पर शव रखकर जाम लगाया, हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सचेंडी थानाक्षेत्र में बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में दूसरे दिन परिजनों ने कला का पुरवा में शव रखकर जाम लगा दिया। चार घंटे तक परिजनों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर हंगामा काटा। परिजनों का आरोप था कि एक महिला को उन्होंने दूसरे व्यक्ति के साथ आपत्तिजनक स्थिति में खेत में देखा था तो उसने छेड़छाड़ का आरोप लगा दिया था। करीब चार घंटे बाद परिजनों की तहरीर पर पड़ोसी महिला पर हत्या की एफआईआर दर्ज होने के बाद शव सड़क से हटाया गया।

सचेंडी के कला का पुरवा निवासी 65 वर्षीय दुर्गा सिंह धर्मकांटे में पल्लेदारी का काम करता था। परिवार में पत्नी सुशीला, दो बेटे विपुल सिंह व अमित सिंह हैं। बेटों ने बताया कि वह मंगलवार सुबह काम पर निकले थे लेकिन शाम तक नहीं लौटे। सब जगह ढूंढने के बाद भी कुछ पता नहीं चला। बुधवार सुबह उनका शव खेत में बने गड्ढे में पड़ा मिला।

परिजनों का आरोप था कि उनके पिता पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए सचेंडी पुलिस को पड़ोस की महिला ने तहरीर दे दी थी। जिसको लेकर पिता काफी परेशान थे। आरोप था कि प्रार्थना पत्र दिए जाने के बाद एक दरोगा ने उनकी पत्नी सुशीला से भी अभद्रता कर गालीगलौज की थी। बुधवार सुबह उनका शव पनकी थानाक्षेत्र में गहरे गड्ढे में अर्द्धनग्न हालत में पड़ा मिला।

परिजनों ने हत्या की आशंका जताई थी। बुधवार को पोस्टमार्टम होने के बाद परिजनों ने शव ले जाकर पनकी थाने के बाहर रखकर कार्रवाई के लिए हंगामा काटा। फिर वहां से शव लेकर कला का पुरवा सचेंडी चले गए। गुरुवार सुबह आठ बजे परिजनों ने ग्रामीणों के साथ पड़ोसी आरोपी और अभद्रता करने वाले दरोगा के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर कला का पुरवा चौराहे के पास शव रखकर जाम लगा दिया। सचेंडी इंस्पेक्टर पंकज त्यागी के समझाने पर परिजन नहीं माने। इस पर एडीसीपी विजेंद्र द्विवेदी पहुंच गए। परिजनों की पुलिस से तीखी नोकझोंक हुई। काफी समझाने पर करीब चार घंटे बाद परिजनों की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर पड़ोसी परिवार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। इसके बाद परिजनों ने जाम हटाया।


परिजनों को समझाते एडीसीपी पश्चिम विजयेंद्र द्विवेदी। अमृत विचार

- पड़ोसी महिला ने लगाया था छेड़छाड़ का आरोप
- खेत में गड्ढे में पड़ा मिला था आरोपी वृद्ध का शव
- पड़ोसी पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई

**जनसमस्या** वार्ड 37 के संत लाल हाता की समस्या, क्षेत्रीय लोगों ने पार्षद के साथ किया प्रदर्शन

# शौचालय न होने से नहीं हो पा रही है शादी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर के पॉश एरिया हर्ष नगर में एक ऐसी बस्ती है जहां आज भी सीवर लाइन नहीं पड़ी है और न ही शौचालय बने हैं। जिसकी वजह से इस क्षेत्र में युवाओं की शादी नहीं हो रही। गुरुवार को क्षेत्रीय पार्षद के साथ नगर निगम में प्रदर्शन करने पहुंचे स्थानीय लोगों ने समस्या को लेकर जमकर विरोध किया। जनता ने आरोप लगाया कि नगर निगम के अधिकारी उनके साथ सौतेला व्यवहार कर रहे हैं।

वार्ड 37 से भाजपा पार्षद पवन गुप्ता ने बताया कि हर्षनगर स्थित मलिन बस्ती संतलाल का हाता है। यहां आजादी के बाद आज तक सीवर लाइन और शौचालय नहीं है। शौच के लिए महिलाओं को बाहर जाना पड़ता है।

जिस वजह से लोग यहां अपनी बेटियों की शादी करने से कतरा रहे हैं। सैकड़ों लोग पार्षद पवन गुप्ता की अगुवाई में नगर निगम पहुंचे और बस्ती में मूलभूत सुविधाएं न होने पर विरोध जताया। अपर नगर आयुक्त अमित कुमार भारतीय को ज्ञापन सौंपते हुए जल्द से जल्द सीवर लाइन डाले जाने की मांग की।


अपर नगर आयुक्त अमित कुमार को ज्ञापन देते पार्षद पवन गुप्ता। अमृत विचार

> हमारा हाता समस्याओं से आजाद नहीं हो पाया। पत्राचार करते हैं 15वें वित्त में फाइल भी लगाई, अब अधिकारी कह रहे हैं कि महापौर की संस्तुति जरूरी है, अब क्यों नहीं हुई यह कोई नहीं बता रहा है। अगर जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो बड़ा प्रदर्शन करेंगे।
>
> – पवन गुप्ता, पार्षद वार्ड 37

> संतलाल का हाता के लोग आये हैं। मैंने इनकी शिकायत को नगर आयुक्त को भेज दिया है। जल्द ही नगर निगम स्तर से कार्य कराएंगे।
>
> – अमित कुमार भारतीय, अपर नगर आयुक्त

# सौतेले पिता ने बेटी के साथ किया दुष्कर्म

- कल्याणपुर थाना क्षेत्र में शर्मनाक घटना, रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी गिरफ्तार

**कल्याणपुर संवाददाता।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में पिता ने सौतेली बेटी के साथ दुष्कर्म कर डाला। घटना का विरोध करने पर आरोपी ने अपनी पत्नी व पीड़िता के साथ मारपीट भी की। किशोरी की मां की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

कल्याणपुर में किराए के मकान में रहने वाल एक मजदूर ने कुछ समय पहले एक तलाकशुदा महिला से शादी की थी। महिला के पहले पति से 15 साल की एक बेटी भी है। आरोप है कि चार माह पहले मजदूर ने अपनी सौतेली बेटी को घर पर अकेला पाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद आरोपी ने जान से मारने की धमकी देकर उसे चुप करा दिया था। बुधवार रात मजदूर ने दोबारा अपनी बेटी के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। बेटी के विरोध करने पर पिता ने मारपीट शुरू कर दी। बेटी की चीख सुन मौके पर पहुंची मां ने भी पति का विरोध किया। जिस पर भड़के आरोपी मजदूर ने मां- बेटी को बेरहमी से पीट दिया। इसके बाद मां बेटी को लेकर पुलिस के पास पहुंची। कल्याणपुर इंस्पेक्टर ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

## आज का मौसम

हल्के बादल छाये रहने के आसार है किंतु वर्षा की कोई संभावना नही है



35.0⁰ अधिकतम तापमान | 23.6⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06 : 03 | सूर्यास्त 05 : 52

## द्वितीय ब्रह्मचारिणी



दूसरे नवरात्र में मां के ब्रह्मचारिणी एवं तपश्चारिणी रूप को पूजा जाता है। जो साधक मां के इस रूप की पूजा करते हैं उन्हें तप, त्याग, वैराग्य, संयम और सदाचार की प्राप्ति होती है और जीवन में वे जिस बात का संकल्प कर लेते हैं उसे पूरा करके ही रहते हैं। देवी ब्रह्मचारिणी की पूजा से मंगल दोष खत्म होता है।

बीज मंत्र- ह्रीं श्री अम्बिकायै नमः।

# वंदेभारत पर पथराव कोच का शीशा टूटा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- वाराणसी से दिल्ली जा रही ट्रेन पर पनकी के पास पथराव
- आरपीएफ ने रिपोर्ट दर्ज कर जीआरपी के साथ की पेट्रोलिंग

**अमृत विचार**। वाराणसी से दिल्ली जा रही 22435 वंदेभारत एक्सप्रेस पर बुधवार शाम पनकी स्टेशन के आउटर सिग्नल के पास शरारती तत्वों ने पथराव कर दिया। पथराव में चेयरकार कोच का एक शीशा टूट गया और यात्रियों में हड़कंप मच गया। पनकी आरपीएफ ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। इसके बाद आरपीएफ व जीआरपी टीम ने पनकी से भाऊपुर तक पेट्रोलिंग की।

वंदेभारत एक्सप्रेस बुधवार शाम सेंट्रल से रवाना हुई थी। ट्रेन शाम 7.05 बजे जैसे ही पनकी स्टेशन के आउटर सिग्नल से प्रवेश करने लगी, तभी सी-7 कोच पर पथराव हो गया। जिससे कोच का एक शीशा टूट गया। आरपीएफ पनकी ने बताया कि चालक और टीटीई ने



कंट्रोल को सूचना दी थी। इस पर आरपीएफ में अज्ञात के खिलाफ रेल संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की धारा में गुरुवार को रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच व आरोपियों की तलाश जारी है। वहीं ट्रेन के रवाना होने के बाद आरपीएफ व जीआरपी ने पेट्रोलिंग की थी, लेकिन कुछ हाथ नहीं लगा।

## किशोर लापता अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की गई

**कानपुर**। चकेरी थानाक्षेत्र में शिवकटरा में एक अक्टूबर को घर से निकला किशोर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों ने सभी जगह खोजबीन के बाद अज्ञात के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज करायी है।

शिवकटरा निवासी बब्लू के अनुसार उनका 14 वर्षीय बेटा सूरज एक अक्टूबर की शाम को घर से बिना बताये कहीं चला गया। काफी देर होने पर जब बेटा घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। लेकिन बेटे का कुछ पता नहीं चल सका।

इसके बाद परिजनों ने किसी अनहोनी होने की आशंका के चलते चकेरी थाने में शिकायत की। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक दुबे ने बताया कि अज्ञात पर अपहरण का मुकदमा दर्ज कर किशोर की तलाश की जा रही है।

### मेडिकल कॉलेज की महिला डॉक्टर से बोला उर्सला अस्पताल का डॉक्टर, रिपोर्ट दर्ज

# तुम मेरी नहीं हुईं तो किसी की नहीं होने दूंगा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एक वर्ष से कर रहा परेशान, पीछा करने, धमकी देने का भी आरोप लगाया

**अमृत विचार**। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज की एक जूनियर महिला डॉक्टर ने उर्सला में तैनात आंख के डॉक्टर पर छेड़छाड़, पीछा करने, धमकी और गालीगलौज देने का आरोप लगाया है। आरोप है कि वह एक वर्ष से पीछा करके परेशान कर रहा है। आरोपी के खिलाफ थाने में प्रार्थना पत्र दिया तो वह माफी मांगकर शांत हो गया। इसके बाद अंजान नंबर से फोन कर अभद्रता की, कहा कि तुम मेरी नहीं हुईं तो किसी और की भी नहीं होने दूंगा। तुम्हें भी मार दूंगा, तुम्हारे पति को भी। तुम्हारे चेहरे पर तेजाब डाल दूंगा। स्वरूप नगर पुलिस ने आरोपी डॉक्टर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।



महिला डॉक्टर ने बताया कि उनकी जिला निवास कार्यक्रम की पोस्टिंग अक्टूबर 2023 में तीन-महीने के लिए उर्सला अस्पताल में लगी थी। वहां पर नेत्र रोग विभाग में तैनात डॉक्टर केएन कटियार उन्हें परेशान करता था। पोस्टिंग खत्म होने के बाद वह फोन करके और वाट्सएप पर मैसेज करके परेशान करता था व तरह-तरह की धमकियां देने लगा। इसके बाद नशे में धुत होकर डॉक्टर केएन कटियार ने 8 और 13 अगस्त को उनके कमरे का दरवाजा पीटकर गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। गार्ड के आने पर उसने गार्ड से भी गाली गलौज की। जिसकी शिकायत उन्होंने छात्रावास अधीक्षक और प्रधानाचार्य से की। प्रधानाचार्य ने स्वरूप नगर थाने में डॉक्टर के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया।

### शिकायत पर मांगी माफी थी

- पुलिस में शिकायत करने पर डॉक्टर के एन कटियार परिवार व बच्चों की वास्ता देकर माफी मांगने लगा तथा भविष्य में ऐसा न करने का आश्वासन दिया। इस पर पीड़िता ने मानवता के कारण डॉक्टर के खिलाफ शिकायती पत्र वापस ले लिया। पीड़िता के अनुसार उसने भय से अपना मोबाइल नंबर तक बदल लिया।

### अंजान नंबर से आई कॉल, बोला तेजाब डाल दूंगा

- पीड़ित डॉक्टर ने आरोप लगाया कि 1 अक्टूबर को डॉ केएन कटियार ने एक अंजान मोबाइल नंबर से फोन किया और कहा कि तुम्हें भी मार दूंगा और तुम्हारे पति को भी। तुम्हारे चेहरे पर तेजाब डाल दूंगा ताकि तुम्हारा पति तुम्हें खुद छोड़ देगा। तुम्हारे बारे में अफवाहें फैलाकर तुम्हारे रिश्ते और छवि दोनों बर्बाद कर दूंगा। तुम मेरी नहीं हुई तो किसी और का भी नहीं होने दूंगा। पीड़िता के अनुसार घटना से वह बहुत डरी सहमी और परेशान है। मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ा है। इस संबंध में स्वरूप नगर इंस्पेक्टर सूर्यबली पांडेय ने बताया कि पीड़ित डॉक्टर की तहरीर पर डॉक्टर केएन कटियार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है।

## एक नजर

### गांजा बेच रही महिला का वीडियो वायरल

**कल्याणपुर**। पनकी मंदिर के पास झोपड़पट्टी में रहने वाली महिला का गांजा बेचते हुए वीडियो गुरुवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। हालांकि अमृत विचार अखबार इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। पनकी थाना प्रभारी मानवेंद्र सिंह ने बताया वायरल वीडियो दो माह पुराना है। इस मामले में तीन महिलाओं समेत चार लोगों को डेढ़ माह पहले ही जेल भेजा जा चुका है। बता दें कि शहर में अलग-अलग क्षेत्रों में महिलाओं के गांजा बेचते कई वीडियो पहले भी वायरल हुए हैं। जिनमें कई महिलाएं गिरफ्तार भी की जा चुकी हैं।

### वृद्ध की मौत

**कानपुर**। सेन पश्चिम पारा थानाक्षेत्र के करौली गांव निवासी 54 वर्षीय अभय सिंह की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। वह धर्म कर्म से जुड़े रहते थे। परिजनों ने बताया कि वह मूलरूप से सिमुलिया थाना हीरापुर आसन सोल पश्चिम बंगाल के रहने वाले थे। उन लोगों ने बताया कि बुधवार शाम वह कुर्सी पर बैठे थे, तभी अचानक तबियत बिगड़ गई और वहीं मौत हो गई। किसी प्रकार की कोई आशंका न हो इसलिए पुलिस को सूचना देकर पोस्टमार्टम कराया गया।

### टूटी सड़कों, सीवर भराव और गंदगी पर चर्चा के लिए अलग से समय मांग सकते पार्षद

# 7 को सदन, गूंजेगा गृहकर और नामांतरण का मुद्दा

**नगर निगम**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- महापौर ने कार्यकारिणी में पेश प्रस्तावों को अंतिम रूप देने के लिए बुलाया है सदन

**अमृत विचार**। महापौर ने नगर निगम सदन की बैठक 7 अक्टूबर को बुलाई है। इसमें पिछले दिनों हुई कार्यकारिणी की बैठक में रखे गये 15 प्रस्तावों (कार्य सूची) पर अंतिम मुहर लगने के साथ नये प्रस्तावों पर भी चर्चा होने की संभावना है।

सदन में पार्षद वार्डों में टूटी सड़कों, सीवर भराव और गंदगी की समस्या पर चर्चा के लिए महापौर से अलग से समय मांग सकते हैं। बैठक में बढ़े गृहकर बिल और नामांतरण शुल्क में अवैध वसूली का मुद्दा भी गर्मा सकता है। ऐसा होने पर हंगामा



होने के पूरे आसार हैं।

नगर निगम सदन की नई कार्यकारिणी की पहली बैठक 6 सितंबर को हुई थी। इसमें जिन 10 प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पास किया गया था, उन्हें 7 अक्टूबर को होने वाले सदन में स्वीकृति प्रदान की जाएगी। इनमें 1 लाख रुपये तक के कार्यों के ई-टेंडर का प्रस्ताव भी है। पहले ई-टेंडर की सीमा 10 लाख रुपये थी।

इसके अलावा चुन्नीगंज में वर्कशाप की भूमि पर निर्माणाधीन कन्वेंशन सेंटर की जांच समिति से कराने और कन्वेंशन सेंटर का संचालन समिति को ट्रांसफर करने से संबंधित प्रस्ताव को चर्चा के बाद हरी झंडी दिखाई जा सकती है। सदन में वार्ड 21 खाड़ेपुर में पेयजल संकट दूर करने के लिए ट्यूबबेल लगाने, वार्ड 104 में बुद्धा देवी और शीतला देवी मंदिर के बाहर गेट लगाने जैसे 15 प्रस्ताव मंजूरी के लिए पटल पर रखे जाएंगे।

### रिंग रोड पर फंस सकता है पेच

- कार्यकारिणी की बैठक में रिंग रोड के लिए जमीन देने पर सहमति नहीं बनी थी। कहा गया था कि रिंग रोड के लिए डीएम सर्किल रेट पर नगर निगम की जमीन दी जाएगी। सदन में इस मामले पर सहमति बनाने के लिए चर्चा होगी।

### सीसामऊ में सड़कें सुधारने के काम को मिलेगी मंजूरी

- कार्यकारिणी में मुख्य अभियंता सिविल ने टेबल प्रस्ताव के जरिए सीसामऊ में 3.91 करोड़ के विकास कार्यों की कार्य सूची रखी थी। दीन दयाल योजना के तहत यहां 10 सड़कें सुधारी जानी हैं।

### पूर्व पार्षद फोरम सक्रिय

- पूर्व पार्षद फोरम ने सदन की बैठक में नामांतरण शुल्क और गृहकर की अनियमितताओं पर अलग से चर्चा के लिए समय देने की मांग की है। ललित मोहन श्रीवास्तव, संजीव मिश्रा ने कहा कि इसके लिये फोरम महापौर से मिलेगा। पार्षदों से भी आग्रह किया जाएगा कि दोनों मुद्दे सदन में प्रमुखता से उठाएं।

# लेदर मेले में विदेशी उत्पाद कम रेट पर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार**। चर्म निर्यात परिषद (सीएलई) के लेदर मेला का गुरुवार को मोतीझील लॉन में सांसद रमेश अवस्थी ने उद्घाटन किया। उन्होंने स्टॉलों पर जाकर उत्पादों की जानकारी ली। मेले में पहले दिन बड़ी संख्या में खरीदार भी पहुंचे। स्टालों पर एक्सपोर्ट क्वालिटी के लेदर उत्पाद प्रदर्शित किए हैं।

लेदर मेला में स्टॉल लगाए निर्यातक अतुल झुनझुनवाला ने बताया कि उनके पास लेडीज लांग बूट के शौकीन सबसे अधिक आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनके बनाए लेदर लेडीज लांग बूट अमेरिका व यूरोप जाते हैं। मेले में निर्यात होने वाले लेडीज लांग बूट 2 हजार रुपये में उपलब्ध हैं। निर्यातक जुनैद रईस ने बताया कि उनके स्टाल पर लेडीज पर्स व लैपटॉप बैग की काफी वैराइटी सहेजी गई है। उनके स्टॉल पर मिलने वाले उत्पाद दुबई में बिकते हैं। दुबई में बिकने वाला पर्स मेले में 12 सौ रुपये के आसपास मिल रहा है। मेले में कुल 34 स्टॉल लगाए गए हैं, जिन पर विदेशों में बिकने वाले लेदर उत्पादों की रेंज प्रदर्शित की गई है। मेले में एलन कूपर, मोड्रिबा, एवेटोस, मार्डेंट, पेयर वन, सेल्टिक, कैब्रिन, लकी टोनी, मैकॉ, लग्जरी लेदर, क्यूरो बोल्सा, 2 फिट, एचएक्स, लंदन, ब्लैक हॉर्न व मिडास जैसे ब्रांड खरीदारी के लिए उपलब्ध हैं। शहरवासियों का रुझान जूते, पर्स, लेडीज पर्स, बेल्ट आदि की खरीद पर अधिक नजर आया। हालांकि निर्यातकों ने सबसे अधिक बिकने वाला उत्पाद लैपटॉप बैग बताया। मेले के उद्घाटन समारोह में सीएलई के पूर्व अध्यक्ष मुख्तारुल अमीन, सीएलई के अध्यक्ष आरके जालान, रीजनल चेयरमैन असद ईराकी मौजूद रहे।



लेदर मेले में उत्पाद देखते सांसद रमेश अवस्थी। अमृत विचार

### मेट्रो ने भी लगाया स्टॉल

- लेदर मेले में उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीएमआरसी) भी हिस्सा ले रहा है। उसने मेले में स्टाल लगाया है। इसमें प्रदेश की विभिन्न मेट्रो रेल परियोजनाओं एवं उपलब्धियों का विवरण सजाया गया है। इस स्टॉल पर बिक्री के लिए सॉवेनिर आइटम्स उपलब्ध हैं, जिनमें लेदर का बना कीचैन भी है। कानपुर मेट्रो के टॉय ट्रेन मॉडल में भी लोग काफी रुचि दिखाते नजर आए।

# बुजुर्ग को जवान बनाने वाली मशीन की जांच

कार्यालय संवाददाता, कानपुर।

- पुलिस ने सीएमओ को पत्र भेजकर मांगी जानकारी
- दंपति के खिलाफ दर्ज है ठगने की रिपोर्ट

**अमृत विचार**। ऑक्सीजन थेरेपी से 64 साल के बुजुर्ग को 25 साल का जवान बनाने वाली मशीन के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए पुलिस मेडिकोलीगल एक्सपर्ट की राय लेगी। पुलिस लखनऊ में इसके लिए पत्राचार करेगी। साथ ही पुलिस ने सीएमओ को भी पत्र भेजकर इस संबंध में जानकारी मांगी है। बुजुर्ग को जवान बनाने के नाम पर कई लोगों से करोड़ों की ठगी करने के मामले में दंपति के खिलाफ एफआईआर दर्ज है।

स्वरूपनगर में प्रभु अपार्टमेंट निवासी जिम संचालक राजीव दुबे और उनकी पत्नी रश्मि दुबे ने दो वर्ष पहले साकेतनगर में रिवाइवल वर्ल्ड नाम की संस्था खोली थी। आरोप है कि दोनों ने लोगों को बताया कि उन्होंने 25 करोड़ रुपये से इजराइल से एक मशीन खरीदी है, जिससे ऑक्सीजन थेरेपी होती है। इसके जरिए बुजुर्ग भी 25 के उम्र के युवा दिखने लगेंगे। ठगी की शिकार स्वरूपनगर निवासी एक पीड़िता रेनू सिंह चंदेल ने 20 सितंबर को जालसाज दंपति के खिलाफ किदवईनगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। इसके बाद 15 अन्य आरोपियों ने भी थाने में तहरीर दी थी। डीसीपी साउथ अंकिता शर्मा ने बताया कि ठगी के शिकार अब तक 20 से अधिक पीड़ित सामने आ चुके हैं। आरोपों की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित रेनू चंदेल ने बताया कि उनके साथ अभिषेक मिश्रा, धर्मेंद्र कुमार, राजीव यादव, संजीव कुमार पाठक ने थाने में बयान दर्ज कराया है।




व्यापारियों ने सांसद रमेश अवस्थी का स्वागत किया। अमृत विचार

# एआर व मसूद कांप्लेक्स पर गुहार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- व्यापारियों की ओर से आयोजित स्वागत समारोह में सांसद ने दिया आश्वासन

**अमृत विचार**। व्यापारियों की ओर से आयोजित स्वागत व सम्मान समारोह में व्यापारियों ने सांसद रमेश अवस्थी के समक्ष एआर व मसूद कांप्लेक्स पुनर्निमाण का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। इसके अलावा जीएसटी विभाग की ओर से व्यापारियों के खातों से सीज होने की भी समस्या बताई गई। सांसद ने एआर व मसूद कांप्लेक्स के पुनर्निमाण की बाधाएं दूर करने का आश्वासन दिया है।

कोपरगंज में भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के महानगर अध्यक्ष सरदार गुरुजिंदर सिंह की ओर से आयोजित समारोह में कहा गया कि पिछले वर्ष मार्च में कोपरगंज अग्निकांड में 1150 दुकानें जल गईं व करोड़ों का आर्थिक नुकसान व्यापारियों को हुआ। आग लगने के बाद आज भी बहुत से व्यापारी बेरोजगार हैं, उन्हें मुआवजा तक नहीं मिला है। जल चुके एआर टावर व मसूद कांम्प्लेक्स की नई बिल्डिंग के लिए केडीए में मैप का आवेदन हो चुका है। सांसद रमेश अवस्थी ने व्यापारियों को समस्याएं सुलझाने का आश्वासन दिया। समारोह के दौरान महामंत्री महेश सोनी, टिंबर अध्यक्ष रमाकांत शर्मा, विजय गुप्ता गोरे, रमेश दूसेजा, गंगाराम तेजवानी, रामू मिश्रा, अनुराग बालूजा, राजीव मेहरा, मनीष वसंदानी, संदीप सिंह, नरेश आहूजा सहित अन्य व्यापारी समारोह में मौजूद रहे।

## जाम से मुक्ति के लिए बैठक कर राय जानी

**कानपुर**। यातायात समस्या, निर्बाध ट्रैफिक चालन और जाम की समस्या को लेकर डीसीपी ट्रैफिक रविंद्र कुमार ने एडीसीपी ट्रैफिक अर्चना सिंह, एसीपी सृष्टि सिंह, शिखर और सभी जोन के टीआई के साथ बैठक की। उन्होंने सभी अधिकारियों की राय जानी और समस्याओं के निदान पर चर्चा की।

रामादेवी, नौबस्ता, भौंती, कल्याणपुर, जाजमऊ, टाटमिल, जरीब चौकी, घंटाघर की एक-एक करके समस्याएं जानीं। डिवाइडर में बने अवैध कटों के बारे में जानकारी ली। तय किया कि एक-एक करके हर जगह का ट्रैफिक सही किया जाएगा। इसके साथ ही दूसरे विभाग जैसे नगर निगम, पीडब्ल्यूडी और प्रशासन से भी सहयोग अपेक्षित हो तो हर एक टीआई इसका पत्र दे । इसके बाद ट्रैफिक पुलिस ने प्रमुख चौराहों पर सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत वाहन चालकों के लिए जागरूकता अभियान चलाया।

# ग्रीनपार्क को नहीं मिला एक भी रणजी मैच

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीके नायडू ट्राफी के सिर्फ 2 मैच मिले शहर को
- छत्तीसगढ़ और गोवा से होगा यूपी का मैच

**अमृत विचार**। अक्टूबर माह से शुरू हो रही अंडर-23 कर्नल सीके नायडू ट्राफी में ग्रीनपार्क को सिर्फ 2 मैच मिले हैं। रणजी ट्राफी का एक भी मुकाबला ग्रीनपार्क को नहीं मिला है। कर्नल सीके नायडू ट्राफी में ग्रीनपार्क को छत्तीसगढ़ व गोवा के 2 मैचों की मेजबानी मिली है।

अंडर-23 कर्नल सीके नायडू ट्राफी 13 अक्टूबर से शुरू हो रही है। बीसीसीआई की इस सीजन की घरेलू प्रतियोगिताओं में ग्रीनपार्क को केवल यही 2 मैच मिले हैं। सबसे प्रतिष्ठित रणजी ट्राफी का एक भी मुकाबला इस बार ग्रीनपार्क में नहीं खेला जाएगा।

इस पर यूपीसीए के पदाधिकारियों का कहना है कि भेदभाव किया जा रहा है। मैच न मिलने का कारण लाल मिट्टी की पिच न होना बताया गया है, जबकि लखनऊ को मिले तीन मैचों में एक मैच जिस मैदान पर हो रहा है वहां भी लाल मिट्टी की पिच नहीं है।

रणजी ट्राफी में यूपीसीए को तीन मैचों की मेजबानी मिली है। जिसमें पहला मैच 11 अक्टूबर को बंगाल के खिलाफ इकाना में, दूसरा 18 अक्टूबर को अखिलेश दास स्टेडियम, तीसरा 13 नवंबर को कर्नाटक के खिलाफ इकाना स्टेडियम में खेला जाएगा। कर्नल सीके नायडू ट्राफी में यूपीसीए को चार मैचों की मेजबानी मिली है। जिसमें शुरुआत के दो मैच मेरठ और बाकी दो ग्रीनपार्क में खेले जाएंगे। ग्रीनपार्क में 8 नवंबर को यूपी-छत्तीसगढ़, 15 नवंबर को यूपी-गोवा की टीमें भिड़ेंगी।


### कवायद | गोविंद नगर के 60 फीसदी कारोबारियों ने आपस में जुड़कर कायम की मिसाल

# ऑनलाइन बाजार को होम डिलीवरी से टक्कर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार**। त्योहारों पर ऑनलाइन कारोबार से मुकाबला करने के लिए गोविंद नगर के व्यापारियों ने होम डिलीवरी की रणनीति बनाई है। बाजार के करीब 60 फीसदी व्यापारी इस मुहिम से जुड़ चुके हैं। व्यापार विकास समिति के चेयरमैन महेश सोनी का कहना है कि प्रयास सफल रहने पर इसे अन्य बाजारों में भी शुरू कराया जाए, ताकि ऑनलाइन मार्केटिंग कंपनियों से हो रहे नुकसान का मुकाबला किया जा सके।

गोविंद नगर बाजार में लगभग 4 हजार व्यापारी रिटेल कारोबार करते हैं। इनमें कपड़ा, फुटवियर, फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक, इलेक्ट्रिक,




मोबाइल, कॉस्मेटिक, मेडिसिन सभी तरह का व्यापार शामिल है। व्यापारियों ने बताया कि 3 माह पहले उन्होंने होम डिलीवरी मुहिम शुरू की थी। सबसे पहले जनरल और प्राविजन स्टोर का सामान तथा मेडिसन लोगों के घरों में पहुंचाने का काम किया गया। लोगों को सुविधा पसंद आई तो धीरे-धीरे अन्य व्यापारियों को जोड़ा गया। अब बाजार के करीब 60 फीसदी रिटेल व्यापारी होम डिलीवरी सुविधा ग्राहकों को दे रहे हैं। फिलहाल संसाधन सीमित होने के कारण होम डिलीवरी का दायरा कुछ किलोमीटर तक सीमित है। जैसे-जैसे खरीदारों का रुझान बढ़ेगा वैसे-वैसे सुविधा का दायरा बढ़ाया जाएगा। फिलहाल ग्राहक रोजमर्रा के सामान के साथ फूड आइटम और मेडिसिन होम डिलीवरी के जरिए मंगा रहे हैं। अब त्योहार पर इलेक्ट्रिक, इलेक्ट्रॉनिक, रेडीमेड कपड़ों के व्यापार को भी होम डिलीवरी से जोड़ा गया है। व्यापारियों ने बताया कि ऑर्डर से लेकर होम डिलीवरी तक का काम आसान नहीं था। इसे बाजार में पायलट प्रोजेक्ट के तहत लिया गया। पर्चों, लीफलेट के जरिए घरों तक पहुंच बनाई गई। उम्मीद है कि दीपावली पर बाजार के ज्यादातर ग्राहक इस सुविधा के जरिए सामान की खरीद करेंगे।



ऑनलाइन बाजार से मुकाबला करना आसान नहीं है। लेकिन दीपावली के लिए खास तैयारी की है। उम्मीद है कि त्योहार पर इसका सकरात्मक लाभ मिलेगा।

**-महेश सोनी, चेयरमैन, व्यापार विकास समिति, गोविंद नगर**



बाजार के ऐसे ग्राहक जिनके बच्चे बाहर रहते हैं, अब उनके फोन सीधे व्यापारियों तक आने लगे हैं। वे लोग फोन पर सामान का ऑर्डर देते हैं और सामान पहुंचने के बाद ऑनलाइन पेमेंट हो जाता है। **-विक्की मूरजानी, अध्यक्ष, व्यापार विकास समिति, गोविंद नगर**

## आज यहां नहीं रहेगी बिजली

**कानपुर**। शुक्रवार को कई इलाकों में बिजली कटौती होगी। केस्को द्वाकरा कराए जाने वाले सुधार कार्यों के लिए अलग-अलग स्थानों पर शटडाउन लिया जाएगा। इसलिए दबौली, गुजैनी, रतन लाल नगर, दमोदर नगर, गंगापुर, सैनिक चौराह, यशोदा नगर, गोपाल नगर, मोती नगर,




सिविल लाइंस, स्वरूप नगर, आर्य नगर, पानी की टंकी, तिलक नगर, गोविंद नगर, किदवई नगर के, वाई, एच ब्लाक, केडीए मार्केट, गोर्वधन पुरवा, उस्मानपुर, साकेत नगर, विराट नगर, उदय नगर, रामलीला ग्राउंड, गौशाला, गुरुदेव, शारदा नगर, न्यू सिविल लाइंस के पास के क्षेत्र में सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक बिजली नहीं रहेगी।

# गबन में पूर्व शाखा प्रबंधक गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीसामऊ थानाक्षेत्र का मामला, एसबीआई शाखा प्रबंधक ने दर्ज कराई थी रिपोर्ट

**अमृत विचार**। 1 करोड़ से भी ज्यादा रुपये के गबन के मामले में सीसामऊ थानाक्षेत्र में स्थित एसबीआई की पूर्व शाखा प्रबंधक को पति के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार उसने बैंक के ग्राहकों के पीपीएफ अकाउंट में छेड़छाड़ और कूटरचना करते हुए अपने कुछ सहयोगियों के नाम पर उक्त खातों को मर्ज करके रुपये ट्रांसफर कर लिए थे। पुलिस ने आरोपी महिला शाखा प्रबंधक और उसके पति को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। इस मामले में वर्तमान शाखा प्रबंधक ने जनवरी में आरोपी पर एफआईआर दर्ज कराई थी।

सीसामऊ थाना प्रभारी हिमांशु चौधरी के अनुसार जीटी रोड स्थित एसबीआई शाखा प्रबंधक



पुलिस हिरासत में पूर्व शाखा प्रबंधक ज्योति यादव व उसका पति राहुल।

प्रवीण ने आरोप लगाया था कि पूर्व शाखा प्रबंधक ज्योति यादव निवासी बंगाली कालोनी सफीपुर द्वितीय हरजिंदर नगर चकेरी ने बैंक के खाता धारकों के पीपीएफ अकाउन्ट में छेड़छाड़, कूट रचना करते हुए अपने कुछ सहयोगियों के नाम पर उक्त खातों को मर्ज करके खाता धारकों की धनराशि करीब 1,01,78,080 रुपये का गबन किया। रकम अपने सहयोगियों तथा पति राहुल सिंह यादव के खाते में ट्रांसफर की। पुलिस ने इस मामले में पूर्व शाखा प्रबंधक ज्योति यादव के खिलाफ अमानत में खयानत, धोखाधड़ी, कूटरचित दस्तावेजों से छेड़छाड़ करने, षडयंत्र रचने की धारा में एफआईआर दर्ज की थी। थाना प्रभारी के अनुसार विवेचना में आरोप सही पाए गए। ऑपरेशन त्रिनेत्र में लगे सीसीटीवी की मदद से आरोपी राहुल सिंह यादव को स्काई लाइन कोचिंग सेन्टर हरजिन्दर नगर चौराहा से व ज्योति यादव को उसके घर से गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया।

# हर व्यक्ति करे गरीब की मदद: डॉ.अवध दुबे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- स्टॉक एक्सचेंज सभागार में पाञ्चजन्य सेवा न्यास का हुआ तृतीय वर्षिकोत्सव
- पद्मश्री उमाशंकर पाण्डेय, डॉ.उमेश पालीवाल व डीसी शुक्ला को राष्ट्र गौरव

**अमृत विचार।** सिविल लाइंस स्थित स्टॉक एक्सचेंज सभागार में पाञ्चजन्य सेवा न्यास संस्था ने तृतीय वर्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया। समारोह में न्यास ने पाञ्चजन्य राष्ट्र गौरव सम्मान से पद्मश्री उमाशंकर पाण्डेय (जल योद्धा), डॉ.उमेश पालीवाल व सीए डीसी शुक्ला को सम्मानित किया। दो शहीदों के परिजनों को पाञ्चजन्य शौर्य रत्न सम्मान से सम्मानित किया। पांच अन्य समाज सेवियों को पाञ्चजन्य सेवा रत्न सम्मान दिया गया।

मुख्य वक्ता डॉ.अवध दुबे ने कहा कि उन्नतिशील समाज के निर्माण के लिए हर मनुष्य अपने से गरीब व्यक्ति की मदद करे। मुख्य अतिथि विभाग संघ चालक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ डॉ. श्याम बाबू गुप्ता ने कहा कि पं.दीन दयाल उपाध्याय की ओर से प्रतिपादित एकात्म मानववाद से अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को सामान्य जीवन जीने का मौका दे सकते हैं। अध्यक्षता कर रहे डॉ. इंद्रमोहन रोहतगी ने कहा कि न्यास सामाजिक सेवा में सराहनीय काम कर रहा है। न्यास के मंत्री ज्ञान प्रकाश मिश्रा ने बताया कि पाञ्चजन्य सेवा न्यास (पंजी.) बीते कई वर्षों से सामाजिक सेवा कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। इस दौरान कौशल किशोर शुक्ला, सनत कुमार, ओम प्रकाश पांडेय, सुशील काबरा, संजय मिश्रा आदि मौजूद रहे।



डॉ. उमेश पालीवाल को सम्मान देते आयोजक। अमृत विचार

# कई दिनों की कमाई एक झटके में गई

**शेयर बाजार**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- सेंसेक्स में 1770 और निफ्टी में 547 अंकों की गिरावट से शहर के निवेशकों को लगा 1600 करोड़ का झटका

**अमृत विचार।** इजरायल-ईरान के बीच युद्ध जैसे तनाव और चीन के बाजार में मजबूती के चलते गुरिवार को शेयर बाजार में भारी गिरावट हुई। चौतरफा बिकवाली से शहर के निवेशकों की संपत्ति में करीब 1600 करोड़ रुपये कमी आने का अनुमान लगाया जा रहा है।

दुनिया भर के शेयर बाजारों में भारी गिरावट से शहर के निवेशक भी काफी चिंतित नजर आए। ज्यादातर निवेशक इस दुविधा में फंसे दिखे कि शेयर बेचकर बाहर निकल जाएं या गिरावट पर खरीदारी करें। शेयर बाजार का मूड बताने वाले वोलैटिलिटी इंडेक्स (वीआईएक्स) में तेज बढ़ोतरी इस ओर इशारा कर रही है कि बाजार में तेज उठा-पटक का माहौल अभी कुछ दिन और जारी रह सकता है

आर्थिक विशेषज्ञ राजीव सिंह के अनुसार निवेशक अफवाहों से बचकर प्रतिकूल परिस्थितियों में एक्सपर्ट की मदद लें। भारतीय शेयर बाजार का फंडामेंटल वैश्विक बाजारों के मुकाबले मजबूत है। गिरावट पर अच्छे फंडामेंटल्स और ग्रोथ पोटेंशियल (विकास क्षमता) वाली कंपनियों के शेयरों में निवेश करें। इसमें एक मुश्त निवेश की जगह किस्तों में निवेश पायदेमंद रहेगा।

निवेशक म्यूच्युल फण्ड में एसआईपी के जरिए निवेश जारी रख सकते हैं। संतुलन बनाये रखने के लिए पोर्टफोलियो में लार्ज, मिडकैप और स्मॉलकैप सभी को जोखिम क्षमता के अनुसार जगह देना उचित रहेगा। ऐसी उम्मीद है कि ग्लोबल शेयर बाजारों के मुकाबले भारतीय शेयर बाजार कम घटेंगे और जल्दी उठेंगे। अगले सप्ताह रिजर्व बैंक मौद्रिक नीति का एलान करेगा। अगर ब्याज दरों में कटौती होती है, तो यह शेयर बाजार के लिए पॉजिटिव होगा।

## एक नजर

### तपेश्वरी मंदिर में तैयारियों का निरीक्षण

**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने फीलखाना क्षेत्र में मां तपेश्वरी मंदिर में नवरात्र पूजा की तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और मिशन शक्ति के तहत व्यस्त स्थानों का भ्रमण किया व संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए। मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए।

### अपर सचिव ने किया निरीक्षण

**कानपुर।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की अपर सचिव विभा मिश्रा ने गुरुवार को शहर के राजकीय इंटर कालेज और एडेड इंटर कॉलेजों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक के साथ अन्य शिक्षा अधिकारी भी शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान अपर सचिव चुन्नीगंज स्थित राजकीय कन्या इंटर कॉलेज और राजकीय इंटर कॉलेज, जुहारी देवी बालिका इंटर कॉलेज, कैलाश नाथ बालिका इंटर कॉलेज, जीएनके इंटर कॉलेज और भौंती स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में गईं। वहां उन्होंने बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए सीसीटीवी कैमरे, वॉयस रिकार्डर, भवन के हालात सहित बिंदुओं का जायजा लिया।

### गोदाम से अनाज की 37 बोरी गायब

**कल्याणपुर।** पनकी थानाक्षेत्र के इंडस्ट्रियल एरिया में गोग्रीन वेयर हाउसेज प्राइवेट लिमिटेड के गोदाम से 37 बोरी अनाज की चोरी हो जाने के मामले में वेयरहाउस के इंचार्ज ने एएमओ समेत दो सुपरवाइजरों के खिलाफ पनकी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। हरदोई के नानकगंज झाल नरेश नगर निवासी मुनीष कुमार गोग्रीन वेयर हाउसेज प्राइवेट लिमिटेड फर्म में अधिकारी हैं। मुनीष के मुताबिक फर्म पूरे देश के व्यापारी व किसनों से गेहूं की खरीद कर भंडारण का काम करती है। गत 22 सितंबर को पनकी इंडस्ट्रियल एरिया स्थित गोदाम का निरीक्षण करने के दौरान उन्होंने गोदाम के एएमओ राहुल अग्निहोत्री व दो सुपरवाइजर राजेंद्र कुमार पांडे और राहुल श्रीवास्तव को गेहूं की 37 बोरी चोरी करते हुए पकड़ लिया। पनकी थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# मोबाइल से सुरक्षा और स्मार्ट शिक्षा भी

## आईआईटी कानपुर और बीआईएसएजी-एन ने डिजिटल शिक्षा और आपदा अलर्ट के लिए किया समझौता

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- डायरेक्ट-टू-मोबाइल तकनीक को प्रभावी बनाने के साथ नवाचार के जरिए मिलेगा विस्तार
- नॉलेज पार्टनर आईआईटी कानपुर तकनीकी नवाचार का नेतृत्व करेगा

**अमृत विचार।** डायरेक्ट-टू-मोबाइल तकनीक के जरिए आपदा के समय मोबाइल अलर्ट की तकनीक और प्रभावी बनाने तथा शिक्षण सामग्री को मोबाइल तक तेजी से पहुंचाने के लिए गुरुवार को आईआईटी कानपुर के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत भास्कराचार्य नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्पेस एप्लीकेशन एंड जियोइन्फॉर्मेटिक्स (बीआईएसएजी-एन) ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

इसका उद्देश्य डायरेक्ट-टू-मोबाइल तकनीक के जरिए संभावनाओं के नए द्वार खोलना है। यह साझेदारी न केवल शिक्षा और सार्वजनिक सुरक्षा क्षेत्र में सहयोग का मार्ग प्रशस्त करेगी, बल्कि विभिन्न सार्वजनिक आवश्यकताओं के लिए डायरेक्ट टू मोबाइल प्रौद्योगिकी की उपयोगिता बढ़ाने में तकनीकी नवाचारों में भी मदद करेगी। इस परियोजना में नॉलेज पार्टनर, आईआईटी कानपुर तकनीकी नवाचार का नेतृत्व करेगा। समझौता ज्ञापन पर आईआईटी के निदेशक प्रो. मनिंद्र अग्रवाल और बीआईएसएजी-एन के महानिदेशक टीपी सिंह ने हस्ताक्षर किए। आईआईटी निदेशक प्रो. मणीन्द्र अग्रवाल ने कहा कि देश में डायरेक्ट टू मोबाइल तकनीक शिक्षा तक समान पहुंच प्रदान करके डिजिटल विभाजन को पाट सकती है।

इस नवाचार में देश के हर कोने तक पहुंचने की क्षमता है। बीआईएसएजी-एन के महानिदेशक टीपी सिंह ने कहा कि कहा कि संस्थान शिक्षा और जन कल्याण के उद्देश्य को आगे बढ़ाने वाली उभरती हुई तकनीक अपनाने में हमेशा आगे रहा है।

समारोह में तेजस नेटवर्क के कार्यकारी उपाध्यक्ष पराग नाइक तथा सहायक उपाध्यक्ष प्रशांत मारू के अलावा शैक्षिक मीडिया पर यूजीसी समिति सदस्य प्रो. मोहम्मद कासिम उपस्थित रहे।



समझौता पत्र दिखाते आईआईटी के निदेशक प्रो मणींद्र अग्रवाल और बीआईएसएजी-एन के महानिदेशक टीपी सिंह। अमृत विचार

### 15 तक आवेदन कर सकते

**कानपुर।** आईआईटी समेत देश के पांच प्रमुख इंजीनियरिंग संस्थान मिलकर भविष्य की चुनौतियों पर चर्चा करेंगे। उनके निदान और पब्लिक पॉलिसी पर भी चर्चा करेंगे। इसके लिए पांचों संस्थान मिलकर ब्रह्मास्त्र – 2024 का आयोजन करेंगे। इस आयोजन के लिए देशभर के सभी ज्ञनातक छात्रों को आमंत्रित किया गया है। यह प्रतियोगिता निशुल्क है। इस प्रतियोगिता का ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि 15 अक्टूबर है। प्रतियोगिता में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ भी मौजूद रहेंगे।

# फास्ट और जंक फूड से गल रहे लोगों के दांत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- हैलट की ओपीडी में मरीजों की जांच में सामने आया तथ्य

**अमृत विचार।** फास्ट फूड और जंक फूड का सेवन करके लोग सेहत के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। फास्ट और जंक फूड न सिर्फ पेट की बीमारियां दे रहा है, बल्कि इसे खाने से दांत गलकर कमजोर हो रहे हैं।

हैलट अस्पताल में दंत रोग विभाग की ओपीडी में प्रतिदिन औसतन 100 मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं, जिनमें 30 से 40 मरीज दांतों में गंदगी की समस्या से ग्रस्त होते हैं। इनमें युवा और महिलाएं अधिक हैं। दंत विभाग के सहआचार्य डॉ. शिशिरधर ने बताया कि फास्ट और जंक फूड दांतों में चिपककर उनको कमजोर करता है। इसकी वजह इस फूड में कार्बोहाइड्रेड की मात्रा अधिक होना है। दांतों में चिपककर यह लेक्टिक एसिड बनाता है, जिससे ब्लैक स्पॉट बनने के साथ दांत गलना शुरू हो जाते हैं। जंक फूड में मैदा इस्तेमाल होता है, जो दांतों से लेकर आंतों तक में चिपकता है, इससे दांतों के साथ पेट संबंधी रोग भी बढ़ते हैं।

### 6 माह से ज्यादा एक ब्रश का इस्तेमाल नहीं करें

डॉक्टर देविना प्रधान ने बताया कि रोज सुबह और रात में ब्रश करना जरूरी है। रात में ब्रश नहीं करने से भोजन के कण दांतों के बीच फंसे रहते हैं, जिससे सड़न के साथ बैक्टीरिया पनपते हैं। ब्रश मुंह के भीतर चारों ओर घुमाते हुए करना चाहिए। 6 माह से ज्यादा एक ब्रश का प्रयोग नहीं करना चाहिए। कुछ भी खाने के बाद मुंह जरूर साफ करें। दांतों को कुरकुरी सब्जी और फल मजबूती देने का काम करते हैं।


डॉ. देविना प्रधान।

# बांग्लादेश के छात्र भी विवि में करेंगे शोध

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दोनों विवि के साथ हुआ एमओयू, पढ़ाई के लिए कैंपस भी आ सकेंगे
- रिसर्च और अकादमिक डेवलेपमेंट में छात्र साथ मिलकर करेंगे कार्य

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय ने बांग्लादेश की डेफोडिल इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के साथ एमओयू साइन किया है। इस समझौते के तहत दोनों विश्वविद्यालय के छात्र एकेडेमिक व शोध कार्य के क्षेत्र में एक साथ काम कर सकेंगे।

सीएसजेएमयू के डीन, इंटरनेशनल रिलेशन और अकादमिक कॉपरेशन सेल प्रो सुधांशु पांड्या एवं कुलसचिव डॉ अनिल कुमार यादव एवं यूआईईटी के असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ संदेश गुप्ता ने दोनों विवि के बीच एमओयू साइन किए। विवि के कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक ने बताया कि बांग्लादेश के साथ हुए एमओयू से दोनों देशों के छात्रों को सांस्कृतिक रिश्तों में प्रगाढ़ता के साथ अकादमिक क्षेत्र में नए अवसर मिलेंगे। प्रो सुधांशु पांड्या ने बताया कि बांग्लादेश की डेफोडिल इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी वहां के अग्रणी विश्वविद्यालय में से एक है।

डेफोडिल इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी की ओर से चेयरमैन डॉ सबूर खान, चेयरमैन एवं प्रो सैयद अख्तर होसेन, प्रोफेसर एवं डीन फैकल्टी ऑफ साइंस एवं टेक्नॉलजी तथा सैफुल इस्लाम ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

# सड़क दुर्घटनाओं में कमी के लिए किया जागरूक

**कानपुर।** सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत पूर्वी जोन (प्रथम) टीआई राजकिशोर यादव ने रामादेवी चौराहा पर ऑटो, टेंपो चालकों को यातायात नियमों व संकेतों के प्रति जागरूक किया। टीएसआई अजेन्द्र बहादुर ने बड़ा चौराहा पर ऑटो, टेंपो चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। टीएसआई महेन्द्र कुमार ने टाटमिल चौराहा पर ऑटो, टेंपो, बाइक चालकों को यातायात नियमों के संकेतों के प्रति जागरूक किया। टीएसआई पश्चिम जोन दीपक तिवारी व सेक्टर प्रभारी हीरालाल ने भौती बाईपास व मंधना चौराहा पर ऑटो व टेंपो चालकों को जागरूक किया। टीएसआई अशोक यादव ने भाटिया तिराहा पर ऑटो व टेंपो चालकों के प्रति जागरूक किया गया। टीएसआई कलामुद्दीन शाह ने रानीघाट चौराहा पर जागरुकता अभियान चलाया।

# अधूरा कोर्स-गलत खुराक से एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस

कार्यालय संवादाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पनकी स्थित नारायणा मेडिकल कॉलेज में बाल रोग अकादमी ने रैशनल एंटीबायोटिक सप्ताह पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान एमबीबीएस छात्र-छात्राओं के बीच वाद-विवाद, समूह चर्चा और एंटीबायोटिक्स के तर्क संगत उपयोग पर विचार प्रस्तुत किए। नर्सिंग स्टाफ के बीच स्लोगन प्रतियोगिता हुई, जिसमें एंटीबायोटिक के उचित उपयोग व दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाने पर विशेष जोर दिया गया।

मुख्य वक्ता डॉ.राहुल चतुर्वेदी ने कहा कि सभी स्वास्थ्य कर्मियों और आम जनता को एंटीबायोटिक्स का उपयोग केवल डॉक्टर की सलाह पर ही करना चाहिए। बिना आवश्यकता के बच्चों को एंटीबायोटिक देना उनकी प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर कर सकता है, जिससे बच्चे बार-बार बीमार पड़ सकते हैं। डॉ. श्वेता गुप्ता ने कहा कि एंटीबायोटिक्स का दुरुपयोग तभी रोका जा सकता है जब इसे सही बीमारी के लिए, सही खुराक में और पूरे कोर्स के साथ दिया जाए। अधूरा कोर्स या गलत खुराक देने से एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस की समस्या उत्पन्न होती है, जिससे एंटीबायोटिक्स बैक्टीरिया को नष्ट करने की क्षमता खो देती हैं, और बीमारी गंभीर रूप ले लेती है। डॉ.प्रशांत ने कहा कि एंटीबायोटिक का गलत उपयोग आज की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। लोगों को जागरूक करके ही इस समस्या का समाधान किया जा सकता है, ताकि भविष्य में एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस जैसी गंभीर समस्याओं से बचा जा सके। इस दौरान डॉ.मोहसिन, डॉ.आंशिका समेत 70 लोगों ने प्रतिभाग किया।




रैशनल एंटीबायोटिक सप्ताह के दौरान मौजूद डॉक्टर व छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

- नारायण मेडिकल कॉलेज में मनाया गया रैशनल एंटीबायोटिक सप्ताह

**समस्या** | एबीसी लाइन चार्जिंग, केबिल डालने समेत कई कार्य होने से लिया जा रहा शटडाउन

# सुबह की गई बिजली शाम को आई, जनता परेशान


ट्रांसफार्मर में बिजली मरम्मत का कार्य करते केस्को कर्मी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भविष्य में बिजली की समस्या न हो सके, इसलिए वर्तमान समय में लोगों को बिजली किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। आलम ये है कि सुबह की गई बिजली शाम को आ रही है। पांच से छह घंटे तक बिजली नहीं रहने की वजह से प्रतिदिन लाख लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

शहर में गुरुवार को तुलसी हॉस्पिटल, किरन दीप हॉस्पिटल व आसपास का क्षेत्र, दबौली, गोपाला, रतन लाल नगर, मोती नगर, परदेवनपुरवा, केडीए बाजार, केडीए कॉलोनी व गंगा विहार, इफ्तखाराबाद, हीरामन का पुरवा, अशफाकउल्ला पार्क, रिजवी रोड, रामचंदी अखाड़ा, बांसमंडी, हड्डी गोदाम, बाबाघाट, सिविल लाइंस, कृष्णा कम्पाउंड व आसपास के क्षेत्र, न्यू व ओल्ड गुजैनी समेत 80 क्षेत्रों में पूरे दिन बिजली की समस्या बनी रही। इन क्षेत्रों में सुबह के 10 बजे के बाद गई बिजली शाम को चार बजे के बाद आई। वहीं, 11केवी का इंसुलेटर क्षतिग्रस्त होने से सिद्धनाथ घाट फीडर की बिजली दोपहर दो बजे के बाद से लेकर शाम साढ़े पांच बजे तक गुल रही। केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत रंगीला ने बताया कि एबीसी चार्जिंग, एलटी व एबी केबिल डालने, 11केवी रिकंडक्टरिंग, पोल लगाने, जर्जर लाइन व पोल हटाने, एबी केबिल डालने, बाइफरकेशन, नया ट्रांसफार्मर चार्ज करने, पॉवर ट्रांसफार्मर के ब्रेकर व सीआरपी पैनल में अनुरक्षण कार्य, कंडक्टर लगाने व आदि कार्य की वजह से शटडाउन लिया गया था। इसके अलावा मोना नगर, संजय नगर, तीन खंबा मेन रोड, आशियना, ताड़ बगिया, लाल टंकी व कैलाश नगर में पेड़ छंटाई का कार्य किया गया था, जिसकी वजह से सुबह 10 बजे से शाम छह तक शटडाउन था। कार्य पूरा होने के बाद आपूर्ति बहाल की गई।

### बिजली चोरी करते पकड़े गए दो लोग

केसा प्रथम प्रवर्तन दल के प्रभारी उप निरीक्षक हरिहर सिंह के मुताबिक टीम ने बिजली चोरी रोकने के अभियान के तहत ग्वालटोली व भन्नापुरवा क्षेत्र में चेकिंग की। टीम ने ग्वालटोली निवासी गणेश प्रसाद के परिसर को चेक किया तो यहां दो किलोवाट भार का घरेलू मीटर स्थापित था, पास के एलटी लाइन से डायरेक्ट कटिया केबल जोड़कर परिसर की वायरिंग में डालकर अवैध रूप से पांच किलोवाट भार का घरेलू विधा में विद्युत का उपभोग करते मिले। वहीं, भन्नापुरवा के दीनानाथ को भी केस्को टीम ने इसी तरह बिजली चोरी करते हुए पकड़ा।

# सिनेमाघरों के मल्टीप्लेक्स में बदलने के आसार कम

विशेष संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में बंद पड़े सिनेमाघरों में प्रदेश सरकार का हालिया फैसला जान फूंक सकेगा, इसकी संभावना कम है। सरकारी तंत्र को लगता है कि सिनेमाघरों को मल्टीप्लेक्स निर्माण के लिए प्रोत्साहित करने की योजना से पिक्चर अभी बाकी है का संदेश प्रसारित होगा। लेकिन बंद पड़ी टाकीजों के संचालन की योजना को मंजूरी के बाद भी शहर के टाकीज मालिकों में कोई उत्साह नजर नहीं आया।

शहर में टाकीजों में फिल्म देखने का एक समय बड़ा क्रेज था। नयी फिल्म लगते ही भीड़ उमड़ती थी। पुलिस की मदद से इसे नियंत्रित किया जाता था। बंद पड़ी टाकीजों व सिंगल स्क्रीन वाली टाकीजों को तोड़कर कामर्शियल काम्प्लेक्स और मल्टीप्लेक्स बनाने को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार पांच साल की नीति लेकर आई है। निर्माणकर्ता को एसजीएसटी में सौ से लेकर 50 फीसदी तक अनुदान के रूप छूट दी जाएगी। एकल स्क्रीन टाकीजों के पुननिर्माण मॉडल या रीमॉडल बनाने को बढ़ावा मिलेगा। इस संबंध में कानपुर सिने एक्जीबिटर्स एसोसिएशन के महामंत्री यशपाल शर्मा ने बताया कि टाकीजों की रौनक लौटने की उम्मीद नहीं के बराबर है। वह देवकी टाकीज के मालिक हैं। उनका कहना है कि कैबिनेट का यह फैसला कानपुर में बंद पड़ी टाकीजों में जान फूंकने वाला नहीं दिखता। पहले भी राहत देने की कोशिशें हुई थीं, लेकिन बात नहीं बनी। हालांकि कुछ टाकीजें चल रही हैं, पर पहले जैसी बात नहीं दिखती। उन्हें नहीं लगता है कि योगी सरकार का यह फैसला बहुत प्रभावी साबित होगा।


फजलगंज में बंद पड़ी संगम टाकीज। अमृत विचार

- कानपुर सिने एक्जीबिटर्स एसोसिएशन प्रदेश सरकार की घोषणा से उत्साहित नहीं

# जगतजननी दुर्गा की पूजा कर मांगी मुरादें

## नवरात्रि के पहले मंदिरों व घरों में हुई माता शैलपुत्री की पूजा, दिनभर गूंजते रहे जयकारे, बांटा गया प्रसाद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शारदीय नवरात्रि के पहले दिन शहर के मंदिरों भक्तों की भीड़ उमड़ी। घरों में भी कलश स्थापना कर माता के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की विधिविधान से पूजा-अर्चना हुई। मंदिरों में दिनभर भक्तों की लंबी-लंबी लाइनें लगी रहीं। माता के जयकारो और शाम को भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय रहा।

तपेश्वरी देवी, बारा देवी, उजियारी देवी, आशा देवी मंदिर, गोविंदनगर दुर्गा मंदिर, किदवईनगर मां जगतजननी व जंगली देवी मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ रही। माता के जयकारे लगाते हुए भक्त लाइनों में लग गए। तपेश्वरी और बारादेवी मंदिर में भक्तों ने मां शैलपुत्री का पूजन-अर्चन किया। इन दोनों मंदिरों के बाहर मेला लगने के कारण पूजन के बाद भक्तों ने जमकर खरीदारी की। वहीं दामोदरनगर वैष्णो देवी मंदिर में महिला व पुरुष की लंबी लाइन लगी रही। उजियारी देवी मंदिर के बाहर सड़क तक लाइन लगी रही। गोविंदनगर दुर्गा मंदिर, किदवईनगर मां जगतजननी व जंगली देवी मंदिर में भी भक्तों ने पूजन अर्चन किया।


तपेश्वरी देवी माता का सजा दरबार। अमृत विचार


मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़। अमृत विचार

### भक्तों को बांटा प्रसाद

- तपेश्वरी, बारा देवी और वैष्णो देवी मंदिर के बाहर पहले दिन भक्तों ने स्टाल लगाकर हलुआ का प्रसाद भी बांटा। वहीं मंदिर से माता के दर्शन करके निकलने वाले भक्तों ने भी नारियल, फल और प्रसाद वितरित किया।

### सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम

- मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। मंदिर कमेटी के साथ पर्याप्त फोर्स तैनात की गई है। तपेश्वरी व बारा देवी मंदिर के बाहर दुकानदारों को सड़क पर अतिक्रमण न करने की भी हिदायत दी गई है।

## कन्या पूजन कर भंडारा शुरू

**अमृत विचार।** किदवईनगर विधानसभा में नौ देवी, नौ दिन, नौ भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत गुरुवार को यशोदा नगर स्थित पथराई देवी मंदिर में कन्या पूजन कर भंडारे की शुरुआत विधायक महेश त्रिवेदी ने की। सांसद रमेश अवस्थी के साथ विधायक महेश त्रिवेदी ने विधि विधान से पथराई देवी मंदिर में पूजन किया। इसके साथ ही माता रानी को हलुवा चना का भोग लगाया।

सैकड़ों श्रद्धालुओं को भंडारे का प्रसाद बांटा गया। कार्यक्रम में आशा त्रिवेदी, महिला आयोग की सदस्य अनिता गुप्ता, दर्शन मिश्र, पंडित बृजेश द्विवेदी, सत्यम शुक्ल, अभिनव शुक्ल, नीरज गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# केदारनाथ मंदिर और महलों जैसे बनाए जा रहे दुर्गा पूजा के पंडाल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नवरात्र की षष्ठी तिथि पर दुर्गा पूजा पंडालों में माता की प्रतिमा स्थापित होंगी। इसकी तैयारियां जोरों पर चल रही है। विभिन्न स्वरूपों केदारनाथ, महल, दरबार के रूप में माता के पंडालों को तैयार किया जा रहा है। रंग-बिरंगे कपड़ों से सजावट व झूमरों से पंडालों में रोशनी होगी।

श्रीश्री सार्वजिनक दुर्गा पूजा कमेटी इस बार अपना 105वां दुर्गा महोत्सव मना रहा है। डीएवी लॉन में माता का पंडाल तैयार हो रहा है। कमेटी के नवीन शाह व पंडाल तैयार कर रहे धर्मेंद्र गुप्ता ने बताया कि इस बार पंडाल को केदारनाथ मंदिर का स्वरूप दिया गया है। 60 बाई 60 फिट चौड़ा व 30 फिट ऊंचा पंडाल है। सजावट में रंग-बिरंगे कपड़ों का इस्तेमाल किया जा रहा है। पंडाल में झालरों के साथ झूमर का प्रयोग रोशन के लिए किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 12 फिट की माता की प्रतिमा पंडाल में रखी जाएगी। वहीं हीरा पन्ना गेस्ट हाउस में महल रूप में पंडाल तैयार हो रहा है। बंगाल के कारीगर पंडाल को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। पंडाल में सजावट के लिए रंग-बिरंगे कपड़े व थर्माकोल का इस्तेमाल किया जा रहा है।


एबी विद्यालय में बन रहा पंडाल। अमृत विचार

### कंधे पर आएंगी और जाएंगी माता

- **कानपुर।** एबी विद्यालय परिसर मालरोड में श्रीश्री बारवाड़ी दुर्गा पूजा कमेटी इस बार अपना 160वां दुर्गा महोत्सव मना रहा है। कमेटी के अविक घोष ने बताया कि हमारी दुर्गा पूजा पारंपरिक और सबसे पुरानी है। खासियत यह है कि माता कंधे पर सवार होकर आती हैं और कंधे पर ही सवार होकर जाती हैं। विद्यालय परिसर में दरबार में रूप में माता का पंडाल तैयार हो रहा है। इस बार 11 फिट की मूर्ति बंगाल से आए कारीगरों ने तैयार की है। पूजा विशेष होती है। मूर्ति स्थापना के बाद प्रतिदिन आरती, भजन आदि धार्मिक कार्यक्रम होंगे। मूर्ति विसर्जन यात्रा 12 अक्टूबर को निकलेगी।


शोभायात्रा की आरती करतीं महिलाएं। अमृत विचार


शोभायात्रा में शामिल झांकी। अमृत विचार

# धूमधाम से निकली महाराज अग्रसेन की शोभायात्रा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अग्रकीर्ति का गुणगान करते हुए निकले युवा, यात्रा का हुआ स्वागत

**अमृत विचार।** महाराजा अग्रसेन की जयंती पर गुरुवार को श्री महाराजा अग्रसेन जयंती समिति ने शोभायात्रा निकाली। अग्रसेन चौक फूलबाग में महाआरती के बाद शोभायात्रा निकली। सफेद घोड़ों पर सवार अग्रध्वज पताका लिए युवक अग्रकीर्ति का गुणगान करते निकले।

शोभायात्रा में महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा के साथ महालक्ष्मी, हनुमान, बांके बिहारी, श्री श्याम, दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती और शिव परिवार के भक्तों ने दर्शन किए। शोभायात्रा में सुरेंद्र मोहन अग्रवाल, विधायक अमिताभ बाजपेई, एमएलसी सलिल विश्नोई, व्यापारी व सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे। शोभायात्रा का कई स्थानों पर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष बुलंदशहर दीप्ती मित्तल ने अग्र समाज की एकता व अखंडता के लिए एकजुट होकर रहने का संकल्प दिलाया। समाज के वरिष्ठजनों डॉ. कमल मुसद्दी, डॉ. लता कादम्बरी को साहित्यिक क्षेत्र में व डॉ. पीजे बंसल, डॉ. प्रमोद अग्रवाल, डॉ. रीता मित्तल को चिकित्सा क्षेत्र की सेवाओं के लिए अग्रकुल गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। शोभायात्रा में सजे बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया। सभा की अध्यक्षता गुर प्रसाद अग्रवाल, संचालन गौरव अग्रवाल जैन, अतिथियों का स्वागत महामंत्री मनीष दर्पण ने किया। शोभायात्रा संयोजक रामसेवक अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, महेश कुमार अग्रवाल, अशोक कुमार अग्रवाल, प्रवीन अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, ज्ञानेन्द्र विश्नोई आदि रहे। शोभायात्रा में अग्रसेन महिला समिति की महिलाएं कृष्णा अग्रवाल, वीना अग्रवाल, रचना अग्रवाल, राज गोयल, मनीषा अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, अनीता गर्ग, आदि रहीं।

# धारा 84 की अवेहलना करने पर हरेंद्र मसीह पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 50 हजार का इनामिया है फरार हरेंद्र, प्रभारी निरीक्षक ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार।** सिविल लाइंस स्थित मैरी एंड मैरीमैन कंपाउंड 1000 करोड़ की जमीन कब्जाने के प्रयास के मामले में जेल में बंद प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अवनीश दीक्षित का साथी फरार 50 हजार के इनामी हरेंद्र मसीह के खिलाफ कोतवाली थाने में एक और रिपोर्ट दर्ज की गई है। हरेंद्र ने गैर जमानती वारंट जारी होने और कुर्की की कार्रवाई (थारा 84) का नोटिस जारी होने के बाद भी खुद को कानून के हवाले नहीं किया है। इसलिए धारा 84 की अवेहलना में धारा 209 के तहत विवेचक कोतवाली प्रभारी संतोष शुक्ला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

जमीन कब्जाने के प्रयास के मामले में लेखपाल विपिन ने झांसी के नवाबाद थानाक्षेत्र के झोकनबाम अस्पताल निवासी हरेंद्र मसीह और अवनीश दीक्षित समेत 13 नामजद व 20-25 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वहीं, सैमुअल गुरुदेव सिंह ने भी इन्हीं आरोपियों के खिलाफ डकैती व अन्य धाराओं में कोतवाली में ही रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

घटना के बाद से हरेंद्र मसीह समेत 9 आरोपियो पर 50-50 फरार का ईनाम रखा गया था। कोतवाली प्रभारी संतोष शुक्ला ने बताया सभी फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं अब तक फरार हरेंद्र मसीह की लगातार तलाश की जा रही है। इंस्पेक्टर के अनुसार कोर्ट से उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट के साथ ही कुर्की की कार्रवाई केलिए हरेंद्र के झांसी स्थित घर घर मुनादी के साथ ही नोटिस चस्पा किया जा चुका है। उनके अनुसार अगर वह जल्द नहीं हाजिर होता है तो अब कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप


ज्वाला माता मंदिर में हवन किया गया। अमृत विचार

### विश्व शांति के लिए किया हवन-पूजन

**कानपुर।** इस्राइल व ईरान को युद्ध से रोकने और विश्व में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मुस्लिम बहुल क्षेत्र प्लाट नंबर 5 चमनगंज में स्थित श्री मां ज्वाला माता मंदिर में गुरुवार को हवन-पूजन किया गया। श्री ज्वाला माता मंदिर में क्षेत्रीय लोगों ने अरदास लगाई कि शांति कायम रहे। इस मौके पर राजेश श्रीवास्तव, सुजीत राठौर, विकास वर्मा आदि मौजूद रहे।


समाज सेवियों का किया गया सम्मान। अमृत विचार

### समाजसेवियों को पटका पहनाकर किया सम्मानित

**कानपुर।** श्री गोपालेश्वर धाम रामलीला समिति की ओर से गुरुवार को समाज सेवियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। महंत श्रीराम कृपालदास ने समाजसेवियों ददन मिश्रा, राजकुमार अग्रवाल, डॉक्टर रामेश्वर प्रजापति, विजेंद्र अग्निहोत्री, राहुल सविता, सुभाषिनी चतुर्वेदी, उषा देवी, अनूप मल्होत्रा को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन जयप्रकाश साहू ने किया।

### पति के सामने प्रेमी के साथ महिला फरार

**कल्याणपुर।** बच्चे को लेकर पति के साथ हरियाणा जाने को घर से निकली महिला कल्याणपुर निवासी रिश्तेदारों की मदद से प्रेमी के साथ फरार हो गई। चार दिन बाद प्रेमी से शादी पंजीकरण के दस्तावेज महिला ने अपने पति के मोबाइल पर भेज दिए। मूल रूप से बिल्हौर निवासी एक युवक हरियाणा के गुरुग्राम स्थित प्राइवेट फर्म में काम करता है। युवक के मुताबिक गत एक अप्रैल को वह अपनी पत्नी वह पांच वर्षीय बेटे को लेकर गुरुग्राम जाने के लिए घर से निकाला था। तभी गूबा गार्डन निवासी उनकी चचेरी मौसी रूबी अपने पति अनिल व भाई संदीप के साथ उन्हें मिल गई। तीनों उनकी पत्नी को दूर ले जाकर बात करने लगे और बोलेरो में चारों लोग बैठकर फरार हो गए। चार दिन बाद पत्नी ने उनके मोबाइल पर शादी पंजीकरण के दस्तावेज भेज दिए। परेशान करने पर जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने पुलिस से शिकायत की लेकिन सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद कोर्ट की शरण ली। इस संबंध में कल्याणपुर थाना प्रभारी ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।


अंध विद्यालय के बच्चों ने मैच खेला। अमृत विचार

### दृष्टिबाधित छात्रों ने लगाए चौके-छक्के

**कानपुर।** नेहरू नगर स्थित अंध विद्यालय मैदान पर गुरुवार को विद्यालय की जूनियर व सीनियर टीमों के बीच 10-10 ओवर का मैच खेला गया। टीम अनुराग गुप्ता और आलोक अग्रवाल के बीच मैच हुआ। टीम अनुराग ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का निर्णय लिया। अनुराग टीम ने निर्धारित 10 ओवर में तीन विकेट खोकर 178 रन बनाए। 179 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आलोक अग्रवाल टीम ने चार विकेट खोकर 111 रन बनाएं। अनुराग की टीम ने 67 रन से जीत हासिल की। आयोजक मंडल ने विजेता व उपविजेता टीमों को आर्थिक रूप से पुरस्कृत किया। आयोजक मंडल ने मैच समाप्ति के समय स्वल्पाहार का प्रबंध किया गया। रात्रि भोजन का भी प्रबंध किया गया। सर्दियों से बचाव के लिए 77 बच्चों को ब्लेजर दिए गए। आयोजक मंडल के सदस्यों ने दीपावली के समय हॉस्टल के बाहर पेंटिंग का आश्वासन दिया। दृष्टिबाधित छात्रों, शिक्षक व प्रधानाचार्य ने आयोजक मंडल का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर अनुराग गुप्ता, आलोक अग्रवाल, शिवम अग्रवाल, कनिषका अग्रवाल, प्रधानाचार्य इंद्रजीत सिंह, राम प्रकाश सिंह भदोरिया, शिक्षक सुनील कुमार, अर्पित ओमर, अखिलेश पांडे, सूरज सिंहा, श्याम सुंदर सिंह आदि रहे।


गुरु नारायण खत्री स्कूल में गांधी जयंती मनाई गई। अमृत विचार

### गांधी जयंती के अवसर पर हुए कार्यक्रम

**कानपुर।** महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर श्री गुरु नारायण खत्री सरस्वती शिशु मंदिर जू.हाईस्कूल में कार्यक्रम हुए। बच्चों व शिक्षकों ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। जिसमें शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को उनके बलिदान के बारे में बताया। स्कूल में कई प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। स्कूल की प्रधानाचार्य सुधा सिंह ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

# ताड़का और सुबाहु का श्रीराम ने किया वध

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- परेड रामलीला में ताड़का वध और पुष्प वाटिका की लीला का मंचन

**अमृत विचार।** राक्षसों के आतंक से परेशान महर्षि विश्वामित्र ने अयोध्या पहुंच कर अवध नरेश दशरथ से श्रीराम और लक्ष्मण को मांग लिया। महाराज उन्हें मना नहीं कर सके। जब महर्षि दोनों भाइयों को लेकर चले तो रास्ते में ही राक्षसी ताड़का ने उनकी राह रोकी तो प्रभु ने उसका वध कर दिया। उधर गुरु विश्वामित्र के लिए जनकपुर की वाटिका में पुष्प लेने पहुंचे प्रभु राम को देख सिया जी के पग ठहर गए। प्रभु राम सिया और सिया राम को अपलक निहारतीं रहीं। इस लीला का मंचन श्रीराम लीला सोसायटी परेड के तत्वावधान में परेड रामलीला के दूसरे दिन किया गया।


राम-लखन को अपने साथ ले जाते ऋषि विश्वामित्र। अमृत विचार

राजा दशरथ के पास महर्षि विश्वामित्र पहुंचे और कहा कि राजन राम और लक्ष्मण को उन्हें दें ताकि उनके यज्ञ की रक्षा हो सके। महाराज दशरथ पहले तो दुखी हुए पर मुनि के क्रोध को देखते हुए तत्काल दोनों भाइयों को उनके साथ भेज दिया। रास्ते में ही प्रभु ने ताड़का वध किया। चले जात मुनि दीन्हि देखाई। सुनि ताड़का क्रोध करि धाई। एकहि बान प्रान हरि लीन्हा। दीन जानि तेहि निज पद दीन्हा।

जब महर्षि विश्वामित्र ने यज्ञ शुरू किया तो राक्षस राज मारीच और सुबाहु ने धावा बोल दिया। प्रभु राम ने सुबाहु का वध कर दिया पर मारीच वहां से भाग गया। उधर, पुत्री सीता के स्वयंवर की तैयारी में जुटे महाराज जनक ने महर्षि के पास दूत भेजकर राम और लक्ष्मण को साथ लाने का निमंत्रण दिया। दोनों भाई जनकपुरी पहुंचे। लक्ष्मण जी ने जनकपुर देखने की इच्छा जताई। महर्षि के आदेश पर जब राम जी उन्हें लेकर चले तो मिथिला की युवतियां उनकी सुंदरता का बखान करने को विवश हो गईं।

**दुर्दशा** स्मार्ट सिटी के प्रचार को मुंह चिढ़ा रहे प्रमुख मार्गों पर खतरनाक गड्ढे, गड्ढों-बजरी की चपेट में आकर पलट रहे ई-रिक्शा, गिर रहे दो पहिया सवार

# सड़कें खस्ताहाल, आवागमन दुश्वार और सो रहे जिम्मेदार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** स्मार्ट सिटी के तमगे को जगह-जगह खस्ताहाल सड़कें मुंह चिढ़ा रही हैं। बरसात के बाद शहर में कोई ऐसी सड़क नहीं है, जिस पर गड्ढे न हों। कई प्रमुख सड़कों पर तो लोगों का आवागमन दुश्वार है। ऊबड़-खाबड़ सड़कों पर आए दिन ई-रिक्शा पलट रहे हैं, तो दो पहिया वाहन सवार गिरकर चोटहिल हो रहे हैं। सड़कों की बदहाली के कारण यातायात की रफ्तार दम तोड़ चुकी है और जाम लगना आम बात है। लेकिन जनप्रतिनिधियों और जिम्मेदार अधिकारी समस्या देखकर भी अनजान बने हैं। त्योहारों का मौसम शुरू होने के बाद भी सड़कों के दुर्दशाग्रस्त होने से लोगों में गुस्सा बढ़ता जा रहा है।


जीटी रोड पर जगह- जगह गड्ढे हो गए हैं।


पांडु नगर मार्ग की बदहाली। अमृत विचार

शहर में ज्यादातर सड़कें बीते दिनों हुई बारिश से बदहाल हो चुकी हैं। जगह-जगह गड्ढे हो चुके हैं, इन गड्ढों से निकल कर सड़क पर फैली गिट्टी व बजरी वाहन सवारों के लिए खतरनाक हो चुकी है। कई क्षेत्रों में तो सड़कों का कुछ दूर तक नामो निशान तक खत्म तक हो चुका है। पनचक्की चौराहे से झाड़ी बाबा पड़ाव जाने वाली रोड पर कदम-कदम पर गड्ढे हैं। बर्रा बाईपास से लेकर जरौली जाने वाला मार्ग बुरी तरह क्षतिग्रस्त है। सड़क पर गिट्टियां बिखरी पड़ी हैं। इस मार्ग पर छोटे से लेकर भारी वाहनों का आवागमन अधिक होता है, जिससे लोगों को अक्सर जाम का दंश झेलना पड़ता है। माडल रोड में शुमार माल रोड से प्रतिदिन बड़े-बड़े अधिकारी गुजरते हैं, लेकिन यहां बड़े-बड़े गड्ढों पर किसी का ध्यान नहीं जाता है। माल रोड का आलम यह है कि हर सौ मीटर पर गड्ढे हादसों को दावत दे रहे हैं। दोपहिया वाहन सवार रोज चोटहिल होते रहते हैं। आसपास के लोगों के मुताबिक रात के समय इस मार्ग पर अक्सर हादसे होते हैं।

### शास्त्री नगर से नीरक्षीर चौराहा तक मार्ग ध्वस्त

शास्त्री नगर बाजार से लेकर नीरक्षीर चौराहा वाली सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हैं। पूरी सड़क पर कंकरीट व बजरी फैली है। पांडू नगर बीमा अस्पताल के सामने गड्ढों में सड़क समा चुकी है। इसके साथ ही यहां पर जलभराव भी है। खस्ताहाल मार्ग से क्षेत्रीय लोगों के साथ ही काकादेव आने वाले छात्र-छात्राएं भी परेशान हैं। कई बार ई-रिक्शा और स्कूटी सवार अनियंत्रित होकर पलट चुके हैं। गड्ढे भरने के निर्देश दिए हैं, मुख्य अभियंता ने आश्वासन दिया है महापौर प्रमिला पांडेय ने बताया कि मुख्य अभियंता को निर्देश दिए हैं कि शासन के निर्देशानुसार तय समय सीमा में सड़कों के गड्ढे भरे जाएं। मुख्य अभियंता ने अधिकतर सड़कों को दुरस्त करने का आश्वासन दिया है, अगर ऐसा नहीं होता है तो कार्रवाई की जाएगी।

# गैंगरेप केस में पुलिस के हाथ खाली

## वारदात के 36 घंटे गुजरने के बाद भी किसी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी साढ़ थाने की पुलिस

संवाददाता, घाटमपुर

**दबिशें तेज**

- **परिवार वालों को हिरासत में लेकर पुलिस कर रही पूछताछ**
- **सामूहिक दुराचार के बाद सभी पांच आरोपी घरों से फरार**

**अमृत विचारः** साढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव में युवती के साथ सामूहिक दुराचार के मामले में पुलिस के हाथ अभी तक खाली हैं। 36 घंटे गुजर जाने के बाद भी पुलिस एक भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। आरोपियों तक पहुंचने के लिए पुलिस परिवार वालों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इस सनसनीखेज वारदात के बाद सभी आरोपी घरों से फरार हैं।

साढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार की रात एक युवती को गांव के ही दो युवकों ने अगवा कर लिया था और फिर तीन अन्य दोस्तों के साथ मिलकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया था। सामूहिक दुष्कर्म के बाद युवती बदहवाश हालत में गांव के ही एक व्यक्ति के खंडहरनुमा मकान में बदहवास मिली थी। इसके बाद उसे भीतरगांव सीएचसी ले जाया गया था, जहां युवती को होश आने के बाद गैंगरेप का सनसनीखेज मामला सामने आया था।

सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आते ही पुलिस के साथ परिवार वालों के होश उड़ गए। इस मामले में आरोपियों के खिलाफ सामूहिक दुराचार की एफआईआर दर्ज करने के बाद से पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश कर रही है, मगर वारदात के बाद घरों से फरार आरोपियों तक पुलिस के हाथ नहीं पहुंचे हैं। पुलिस अभी तक एक भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। आरोपियों तक पहुंचने के लिए पुलिस ने उनके परिवार वालों को हिरासत में ले लिया है, जिनसे थाने में पूछताछ की जा रही है।

साढ़ थानाध्यक्ष केपी सिंह का कहना है कि गैंगरेप के आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधिकारियों ने पुलिस की पांच टीमें गठित की हैं। पुलिस की टीमें सभी संभावित ठिकानों पर दबिशें दे रही हैं। परिवार वालों से पूछताछ की जा रही है। संभावना है कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। आरोपियों तक पहुंचने के लिए पुलिस ने अपने मुखबिरों का भी जाल पैलाया है।

### गैंगरेप पीड़िता का दोबारा कराया गया चेकअप

गैंगरेप पीड़िता युवती को बुधवार को महिला हेड कांस्टेबल के साथ मेडिकल चेकअप के लिए अस्पताल भेजा गया था, लेकिन स्पष्ट रिपोर्ट नहीं आने पर गुरुवार को दोबारा मेडिकल परीक्षण कराया गया। फिलहाल पीड़िता महिला हेड कांस्टेबल की निगरानी में है। थाना प्रभारी केपी सिंह का कहना है कि मामला गैंगरेप का है, इस लिहाज से मेडिकल परीक्षण में खास सावधानी बरती जा रही है। गुरुवार फिर मेडिकल चेकअप कराया गया है। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद वारदात की विवेचना में आसानी होगी।

### आरोपियों को सख्त सजा चाहते हैं इलाके के लोग

गैंगरेप के मामले का खुलासा करने के लिए पुलिस हर संभव प्रयास में जुटी है। वहीं इस घटना के बाद क्षेत्र में लड़कियों को लेकर लोगों में चिंता भी दिख रही है। घर से लड़कियों के बाहर निकलने के बाद अभिभावक चिंता में डूब जा रहे हैं। लोगों को इस बात की चिंता सता रही है कि आखिर बेटियों की सुरक्षा कैसे की जाए। दरअसल, इस सामूहिक दुराचार के मामले में पीड़िता के पिता का कहना है कि बेटी छत पर लेटी थी, तभी उसे अगवा कर गैंगरेप किया गया। इससे लोगों में भय है। लोगों का कहना है कि आरोपियों को सख्त सजा मिलना चाहिए।

## किशोरी को भगाने में युवक और ग्राम प्रधान पर रिपोर्ट

**बिल्हौर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में एक युवक के किशोरी को बहला-फुसलाकर घर से ले जाने के मामले में गांव के प्रधान के खिलाफ भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बताते हैं कि 16 वर्षीय किशोरी को घर से बहला-फुसलाकर एक युवक ले जा रहा था, तभी पारिवारिकजनों ने युवक को पकड़ लिया, लेकिन मौके पर पहुंचे गांव के प्रधान ने युवक को उनसे छुड़ा कर भगा दिया। इसके बाद परिजनों ने आरोपी युवक और ग्राम प्रधान के विरुद्ध बिल्हौर कोतवाली में तहरीर देकर एफआईआर दर्ज कराई है। थाना प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पूरे मामले की गहराई से जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# बिल्हौर एसीपी ने फोर्स के साथ किया मार्च

संवाददाता, बिल्हौर

**चौकसी**

- **बिल्हौर और ककवन के रास्तों पर बाइक से निकला फोर्स**
- **दोनों थानों के फोर्स ने एक साथ कराया सुरक्षा का एहसास**

**अमृत विचारः** सर्कल के ककवन और बिल्हौर कस्बे में एसीपी सुमित रामटेक के नेतृत्व में थाना प्रभारियों ने पूरे दलबल ने बाइक से पेट्रोलिंग करते हुए लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया।

इन दिनों में बिल्हौर और ककवन में चोरी की घटनाएं बढ़ती चली जा रही हैं, जिन पर अंकुश लगाने के लिए अब स्वयं एसीपी ने कमान संभाल ली है। आईपीएस सुमित रामटेक ने बताया कि ग्रामीण इलाकों में सर्दी के मौसम में घटनाएं बढ़ जाती हैं। शातिर सर्दी का फायदा उठाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं, इसीलिए पहले से ही पुलिस प्रशासन के सभी जिम्मेदार अधिकारियों को आवश्यक अभी से जरूरी कदम उठाने के दिशा निर्देश दिए गए हैं। गुरुवार को बिल्हौर की गलियों में फोर्स के साथ बाइक से पेट्रोलिंग की गई। इसी तरह ककवन में गली-गली पुलिस फोर्स की ओर से पेट्रोलिंग की गई, जिसमें ककवन के फोर्स के साथ बिल्हौर थाने का फोर्स भी शामिल रहा। पुलिस फोर्स ने मार्च के साथ व्यापारियों को सुरक्षा का एहसास कराया। इस मौके पर बिल्हौर थाना प्रभारी अशोक कुमार, ककवन थाना प्रभारी अवनीश कुमार सिंह शामिल रहे।

# दुकान का ताला तोड़कर चोरी

संवाददाता, बिल्हौर

**बिल्हौर की घटना**

- **नगर पालिका चौराहे के पास परचून की दुकान में हुई वारदात**
- **सामान के साथ नकदी भी समेट ले गए शातिर चोर**

**अमृत विचारः** कस्बे के जीटी रोड पर नगर पालिका चौराहे के निकट एक मार्केट में बुधवार देर रात चोरों ने परचून की दुकान का ताला तोड़कर हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों का सुराग लगाने की कोशिश कर रही है।

दुकानदार गोविंद अवस्थी के मुताबिक जब गुरुवार सुबह दुकान खोलने पहुंचे, तब ताला टूटा देखकर उन्हें पूरे मामले की जानकारी हुई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। बताते हैं कि दुकान के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की मदद से पुलिस चोरों का सुराग लगाने की कोशिश में जुट गई है। बताते हैं कि सीसीटीवी कैमरे के फुटेज में कुछ संदिग्ध दिखे हैं, जिसके सहारे पुलिस चोरों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। थाना प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि दुकानदार गोविंद अवस्थी के अनुसार परचून की दुकान से लगभग 40 से 50 हजार रुपये का सामान चोरी हुआ है, जिसमें कुछ नकदी भी शामिल है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।



परचून की दुकान में छानबीन करती पुलिस। अमृत विचार

## ट्यूबवेल के पंखे चोरी, तहरीर दी

**शिवराजपुर।** बुधवार देर रात चोरों ने गुरेनी गांव के खेत पर लगे ट्यूबवेल के पंखे चोरी कर ले गए। किसानों ने इसकी तहरीर थाने में दी। पुलिस ने जांच-पड़ताल की। फिलहाल चोरों का कोई भी सुराग नहीं लग सका है।

क्षेत्र के गुरेनी गांव में खेतों की सिंचाई वाले ट्यूबवेल के पंखे बुधवार देर रात चोर चुरा ले गए। किसान सुरेंद्र, रामकुमार, सुनील, राम सजीवन, नंगूलाल ने बताया कि खेतों की सिंचाई के लिए उन्होंने ट्यूबवेल के पंखे लगाए थे। बुधवार देर रात चोरों ने सभी के पंख खोल ले गए। किसानों ने इसकी तहरीर थाने मे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। पुलिस ने बताया कि जांच के बाद संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# जमीन कब्जाने के लिए चले ईंट-पत्थर

संवाददाता, शिवराजपुर

**सिर फूटे**

- **दो पक्षों के बीच झगड़े में दो लोगों के सिर फटे**
- **शिवराजपुर क्षेत्र के सेना नेवादा गांव की घटना**

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के सेना नेवादा गांव में गुरुवार शाम जमीन पर कब्जे को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्ष झगड़े पर उतारू हो गए और ईट-पत्थर के साथ लाठी-डंडे चलने लगे। धारदार हथियार भी निकल आए। दोनों पक्षों के बीच संघर्ष में दो लोगों के सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। दोनों पक्षों ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

सेना नेवादा गांव के करुणा शंकर पुत्र दुलारे लाल ने थाने में दी गई तहरीर में बताया है कि गांव के ही शिवनारायण तिवारी, अमन तिवारी, मोहन तिवारी, वेद नारायण तिवारी, केशव तिवारी आदि एक राय होकर जमीन पर कब्जा कर रहे थे। उसने कब्जा कर रहे लोगों को रोका तो ये लोग झगड़े पर उतारू हो गए और ईंट-पत्थर फेंकने लगे, जिससे मोहल्ले में भगदड़ सी मच गई।

देखते ही देखते लोग लाठी-डंडे लेकर आ गए और मारपीट शुरू कर दी। दोनों पक्षों के लोग एक-दूसरे पर टूट पड़े। संघर्ष में पूजा तिवारी और करुणा शंकर के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो गया। इसके बाद दोनों पक्षों ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों पक्षों की तरफ से तहरीर आई है, घटना की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



सेना नेवादा गांव में एक-दूसरे पर ईंट-पत्थर चलाते लोग। अमृत विचार

## एक पौधा मां के नाम...



ककवन कस्बे में क्षेत्रीय दुर्गा पूजा समिति के लोगों ने एक वृक्ष मां के नाम अभियान को आगे बढ़ाते हुए थाना परिसर में थाना प्रभारी अवनीश कुमार सिंह व निरीक्षक अबरार के साथ पौधरोपण किया। इस मौके पर अर्पण अग्निहोत्री, गोलू शुक्ला, श्याम जी, मोनू कुशवाहा, गोलू कमल आदि मौजूद रहे। • अमृत विचार

# जूट के बैग बनाएंगी समूह की महिलाएं

संवाददाता, बिल्हौर

- राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत दिया गया प्रशिक्षण
- प्रशिक्षण में 3 दर्जन महिलाओं ने सीखा बैग बनाने का हुनर
- प्रदर्शनी में स्टाल लगाकर बेचे जाएंगे जूट के बैग

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय आजीविका मिशन से जुड़ी महिलाओं को अब जूट के बैग बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। गुरुवार को ककवन ब्लॉक मुख्यालय पर खंड विकास अधिकारी शिवनरेश राजपूत ने एक कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए लगभग तीन दर्जन महिलाओं को जूट के बैग बनाने का प्रशिक्षण दिलाया।

इसके तहत ग्रामीण क्षेत्र में राष्ट्रीय अजीविका मिशन के जरिए स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को जूट से बैग बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से प्लास्टिक के कैरी बैग का बहिष्कार करने की अपील के बाद समूह की महिलाओं को जूट के माध्यम से बैग बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।



गुरुवार को ककवन ब्लाक मुख्यालय पर महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया। अमृत विचार

एनआरएलएम की डीसी सुधा शुक्ला ने बताया कि महिलाओं की ओर से बनाए गए बैगों को प्रदर्शनी में स्टॉल लगाकर बिक्री किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इच्छुक महिलाएं ब्लॉक मुख्यालय पर बीएमएम से मिलकर प्रशिक्षण शिविर में भाग ले सकती हैं। प्रशिक्षण शिविर के दौरान प्रमुख रूप से अनुराधा राजपूत, शुभम मिश्रा, सीताराम के साथ ट्रेनर गोल्डी व और महिलाएं मौजूद रहीं। महिलाओं में उत्साह दिखा।

## घर-घर भगवती का पूजन गूंजते रहे भजन-कीर्तन

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचारः** शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन मंदिरों में भक्तों की भीड़ रही। घरों में भी मां भगवती के पूजन के साथ कीर्तन-भजन गूंजते रहे।

मां शैलपुत्री के पूजन के लिए घर-घर कलश स्थापना की गई। क्षेत्र के प्रमुख मंदिरों में विशेष रूप से पूजा-अर्चना का कार्यक्रम आयोजित हुआ। बिल्हौर के सिंह वाहिनी दुर्गा मंदिर में सुबह से ही महिलाओं समेत पुरुषों की लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं। लोग मैया के दर्शन के लिए मंदिर के दरबार में माथा टेकने आए। इसी तरह ककवन के प्राचीन सिद्धपीठ दुर्गा मंदिर में भी भक्तों का तांता लगा रहा। पूरे कस्बे के लोग एक साथ मंदिर में दर्शन को गए। नवरात्र में प्रातः और सायं कालीन आरती का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ो की तादाद में महिलाएं, पुरुष शामिल हुए। इसी तरह अरौल, रहीमपुर, विषधन, उत्तरीपूरा समेत छोटे बड़े कस्बे में दुर्गा देवी स्वरूप प्रतिमा की स्थापना कराई गई है।



ककवन में स्थापित देवी का भव्य स्वरूप।

**भक्ति की बयार** — नवरात्र के पहले दिन कलश स्थापना के साथ मातारानी की आराधना शुरू, पूजन के लिए लगी रही कतार

# कूष्मांडा देवी मंदिर में दर्शन को उमड़ी भक्तों की भीड़

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचारः** तहसील क्षेत्र के विभिन्न देवी मंदिरों में नवरात्र के पहले दिन माता के शैलपुत्री स्वरूप के दर्शन के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। हाथों में पूजा की थाल लिए महिलाएं जय माता दी के जयकारे लगाते हुए मंदिर पहुंचीं, जहां दर्शन कर पूजा-अर्चना की। यहां मंदिर परिसर की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल तैनात किया गया है।

कस्बे के कूष्मांडा देवी मंदिर की दूर-दूर तक ख्याति है। यहां दूर-दराज से भक्त पहुंचते हैं। मंदिर में सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल भी तैनात रहा। बीच-बीच में अधिकारियों ने भी मंदिर पहुंचकर सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। नवरात्र के प्रथम दिन मां शैलपुत्री के दर्शन करने के लिए देवी मंदिरों में भक्तों की सुबह से ही कतार लगी रही। भक्तों ने बताया कि मां की महिमा अपार है। सच्चे मन से दर्शन करने से भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है।

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार मां शैलपुत्री हिमालय की पुत्री हैं। इनका जन्म शैल अर्थात पत्थर से हुआ था।जिस कारण इन्हें शैलपुत्री नाम दिया गया। मां अपनी भक्तों की प्रार्थना सुनने बैल पर सवार होकर आती है। एक हाथ में कमल का पुष्प और दूसरे में त्रिशूल धारण करती है। भक्तों का मानना है कि नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा करने के लिए भक्त ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान ध्यान कर माता की चौकी स्थापित करें। उसमें गंगाजल का छिड़काव करें। चौकी पर लाल रंग का वस्त्र बिछाएं। उस पर माता के सभी स्वरूपों को स्थापित करें। इसके बाद मां शैलपुत्री की वंदना करते हुए व्रत का संकल्प लें। सफेद रंग का पुष्प अर्पित करें। इसके बाद अक्षत और सिंदूर मां को अर्पित करें। मां शैलपुत्री को सफेद रंग का वस्त्र चढ़ाएं। गाय के घी से बने मिष्ठान का भोग लगाएं। घी का दीपक जलाएं और मां की आरती उतारें।

घाटमपुर एसीपी रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि नवरात्र में सुरक्षा के दृष्टिगत मंदिरों में पुलिस के साथ पीएसी बल भी तैनात किया गया है। साथ ही कुछ पुलिसकर्मियों को सादी वर्दी में भी लगाया गया है।




घाटमपुर के सिद्धपीठ मां कूष्मांडा मंदिर में नवरात्र के पहले दिन भक्तों की दिन भर कतार लगी रही। अमृत विचार



पतारा में स्थापित मां का दरबार।

### पतारा क्षेत्र में नवरात्र महोत्सव की धूम शुरू

**पतारा।** ब्लॉक क्षेत्र के गांवों में नवरात्र पर्व के शुरू होते ही देवी माता के पंडालों में भक्तजनों का उत्साह देखते ही बन रहा है। विकास खंड क्षेत्र के लगभग सभी गांवों में मां भगवती के दरबार सजाए गए हैं, जहां नवरात्र के पहले दिन कलश स्थापना के साथ ही भगवती के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री के रूप में पूजन के साथ आराधना की गई। माता के दरबार में सायंकालीन आरती के समय भक्तों की खासी भीड़ जुटी। सुबह से शाम तक कीर्तन-भजन की गूंज के साथ वातावरण में भक्ति रस की फुहार से भक्त प्रफुल्लित नजर आए। गांवों में नवयुवक कमेटियों की ओर से नवरात्र महोत्सव का आयोजन किया गया है, जहां आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। तमाम श्रद्धालु भक्ति गीतों पर थिरकते रहे। लाउडस्पीकर पर गूंजते देवी गीतों से महिलाएं भक्ति भाव में लीन रहीं। क्षेत्र के आशा मैया तिलसडा, काली माता नंदना में प्रधान शिप्रा त्रिपाठी, बीडीसी सदस्य अफतार मंसूरी, बरातीलाल, सोनू पुजारी, गौतम बाबू आदि लोग उपस्थित रहे। तरगांव गढ़ी में नवयुवकों ने मूर्ति की स्थापना की है।

# शास्त्रों में बताई विधि से ही पूजन करना चाहिएः करौली शंकर

संवाददाता, बिधनू

- **मुक्ति धाम में देवी सात्विका राधा रमण ने सुनाई शिव महिमा कथा**
- **करौली शंकर महादेव ने पितृ मुक्ति से होने वाले लाभ बताए**

**अमृत विचार।** श्री करौली शंकर महादेव पूर्वज मुक्ति धाम में शिव महिमा कथा का आयोजन किया गया। करौली शंकर महादेव ने श्रद्धालुओं को पूर्वजों की मुक्ति से होने वाले लाभ से अवगत कराया। इस अवसर पर दूसरे राष्ट्रों से आए श्रद्धालुओं ने भी हवन में आहुति दी। करौली शंकर ने कहा कि शास्त्रों में बताई गई विधि से ही ईश्वर का पूजन करना चाहिए। श्राद्ध, तर्पण, पिंडदान आदि कर्मकांड करने से ही पूर्वजों को मुक्ति मिलती है।



पितृपक्ष मावस्या पर करौली शंकर महादेव धाम में हुई शिव महिमा कथा। अमृत विचार

उन्होंने कहा कि हमारे गलत पूजा-पाठ के कारण पूर्वजों की मुक्ति नहीं हो पाती है। पुराने जमाने में लोग तंत्र-मंत्र, झाड़-फूंक, जादू-टोना आदि जैसे कार्यों में रहते थे। इस वजह से वे गलत विधि से पूजा-पाठ करने लगे। शास्त्रोक्त देवी-देवताओं को छोड़कर ग्राम देवी-देवता बनाकर पूजा करने का कोई औचित्य नहीं है। जिन देवी देवताओं का उल्लेख शास्त्रों में नहीं है उनका पूजन नहीं करना चाहिए। जब हम शास्त्रों का उल्लंघन करते हैं तो नकारात्मक शक्तिओं से जुड़ जाते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भगवत गीता में कहा गया है कि देवताओं की पूजा करने वाला देवताओं, पितृों की पूजा करने वाला पितृों व भूत-प्रेत की पूजा करने वाला प्रेत योनि को प्राप्त होता है। इसी कारण पूर्वज मरने के बाद प्रेत योनि को प्राप्त हुए और आगे जन्म न ले पाने के कारण आगे की पीढ़ियां पितृ दोष की शिकार होने लगी। जिसके कारण दुख और कष्ट उठाना पड़ा। वंशजों में तमाम असाध्य रोग हुए। जब तक पितृ मुक्त नहीं होंगे तब तक मनुष्य सुखी नहीं हो सकता। जब तक शिव और शक्ति की कृपा एक साथ प्राप्त न हो मुक्ति असंभव है। महाराज ने कहा कि यदि आंख बंद करने पर पितृ दिखाई दे रहे हैं, इसका मतलब मुक्ति नहीं हुई। न देख पाने का मतलब पितृ सदा के लिए मुक्त हैं। अमावस्या पर लोगों ने देवी सात्विका राधा रमण से शिव महिमा कथा का अमृतपान किया। शंकर सेना के प्रदेश अध्यक्ष सुबोध चोपड़ा, कर्नाटक के प्रदेश अध्यक्ष अरुण अग्रवाल व शंकर सेना के अन्य सदस्य शामिल हुए।

# घट स्थापना के साथ मां शैलपुत्री की आराधना

## नवरात्र के पहले दिन देवी मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, देर शाम तक गूंजते रहे भजन-कीर्तन, आरती के बाद बांटा प्रसाद

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** शारदीय नवरात्र के पहले दिन मंदिरों और घरों में कलश स्थापना कर मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप माता शैलपुत्री की विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की गई। मंदिरों में पूरे दिन भक्तों की भीड़ रही और देर शाम तक भजन-कीर्तनों का दौर चलता रहा।

शारदीय नवरात्र गुरुवार से शुरू हो गए। अकबरपुर के कालिका देवी मंदिर, ऐतिहासिक शुक्ल तालाब मंदिर, रूरा के पाथामाई मंदिर, जैनपुर के कालीमाता मंदिर सहित प्रमुख देवी मंदिरों में सुबह मां दुर्गा का दूध, दही, घी से स्नान कराया गया। इसके बाद माता को नए वस्त्र धारण कराकर उनका सोलह श्रृंगार किया गया। घर व मंदिरों में कलश स्थापना कर मां शैलपुत्री का विधिपूर्वक पूजन-अर्चन किया गया। अकबरपुर क्षेत्र के पतारी निवासी आचार्य प्रियंक दीक्षित हैं कि माता दुर्गा का प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री है। मां का यह रूप दसों दिशाओं में अपने भक्तों की रक्षा करता है और


मां मुक्तेश्वरी। अमृत विचार

मां श्रद्धालुओं के सभी मनोरथ पूरा करती हैं।

उधर, नवरात्र को देखते हुए मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम रहे। वहीं शिवली क्षेत्र स्थित अथैया देवी मंदिर, मानसिला मंदिर, पंथा माता, क्षमा माता मंदिर जागेश्वर, मैथा के सुम्बहा देवी, ज्योति की बगला माता, बैरी की सचुला माता, केशरीनिवादा की गगनी देवी मंदिरों में शाम तक माता के जयकारे गूंजते रहे। उधर, राजपुर के शीतला माता मंदिर में पहले दिन भक्तों ने पूजा-अर्चना कर मन्नत मांगी। शाम के समय घरों में महिलाओं ने पूजन किया और भजन कीर्तन का दौर चलता रहा।


मां मुक्तेश्वरी मंदिर क बाहर लगी दुकानों में खरीदारी करतीं महिलाएं।


मुक्ता देवी मंदिर की पार्किंग में सफाई कराते ईओ संजय पटेल।

# सच्चे भक्तों की मुराद पूरी करतीं मां मुक्तेश्वरी

संवाददाता, मूसानगर

- नवरात्र के पहले दिन दर्शन के लिए भक्तों की लगी रही भीड़

**अमृत विचार।** भोगनीपुर क्षेत्र के मूसानगर कस्बे के निकट त्रेता युग का इतिहास समेटे मां मुक्तेश्वरी देवी मंदिर भक्तों की आस्था व आराधना का केंद्र है। मान्यता है कि यहां मत्था टेकने व दर्शन पूजन से भक्तों की मुराद पूरी होती है।

गुरुवार को शारदीय नवरात्र के पहले दिन मूसानगर यमुना तट पर स्थित पौराणिक सिद्धपीठ माता मुक्तेश्वरी मंदिर में सुबह से भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी। दूरदराज से दर्शन पूजन करने के लिए आए श्रद्धालुओं ने माता के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री के रूप का दर्शन किया। मंदिर परिसर घंटों की ध्वनि और माता के जयकारों से गूंजता रहा। नवरात्र में मां मुक्तेश्वरी की प्रतिमा का भव्य श्रृंगार के साथ विशेष पूजन का आयोजन किया जाता है।

वहीं मंदिर परिसर में लगी दुकानों में खासी भीड़ रही। श्री माता मुक्तेश्वरी जीर्णोद्धार सेवा समिति के अध्यक्ष महेंद्र तिवारी ने बताया कि मंदिर में सभी व्यवस्थाएं चाकचौबंद ली गई है। मंदिर व्यवस्था में समिति के उपाध्यक्ष बउवा शुक्ला, कोषाध्यक्ष गया राम निषाद, मेला प्रभारी हुब्बलाल पाल, अवधेश अवस्थी, महेश शुक्ला, नितिन द्विवेदी, रमेश मिस्त्री, योगेंद्र तिवारी आदि लोग जुटे रहे। यहां दुकानों में खरीदारी भी की गई।

### मां काली मंदिर में भव्य सजावट

**मूसानगर।** मां मुक्तेश्वरी मंदिर में शारदीय नवरात्र की व्यवस्थाओं का नगर पंचायत ईओ संजय कुमार पटेल ने जायजा लिया। उन्होंने जेसीबी लगाकर पार्किंग स्थल की सफाई कराई। वहीं पौराणिक देवयानी सरोवर छोटी गया सरोवर तट पर स्थित काली देवी मंदिर में भव्य सजावट व माता के श्रृंगार को अंतिम रूप दिया गया। मुख्य बाजार में नवयुवक जागरण कमेटी द्वारा मां शेरावाली की प्रतिमा प्रथम दिन स्थापित की गई।

## सार-संक्षेप

### मैथा में नायब तहसीलदार बने अमित कुमार

**शिवली।** तहसील मैथा में नए नायब तहसीलदार की तैनाती कर दी गई है। गत दिनों पूर्व नायब तहसीलदार रामलखन सिंह के अवकाश प्राप्त करने से यह पद खाली चल रहा था। अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार ने गुरुवार को बताया कि तहसील डेरापुर में तैनात नायब तहसीलदार अनिरुद्ध कुमार को इसी पद पर तहसील मैथा भेजा गया है। साथ ही तत्काल तैनाती लेने के निर्देश भी दिए गए है।

### कार और पांच बकरियों के साथ दो शातिर गिरफ्तार

**पुखरायां।** बरौर पुलिस ने दो शातिरों को चोरी की पांच बकरियां व 43 हजार रुपये के साथ पकड़ा है। एक कार भी बरामद की गई है। थाना प्रभारी कालीचरण कुशवाहा ने बताया कि कृपालपुर चौराहे पर दो व्यक्तियों द्वारा कार से बकरियां ले जाने की सूचना मिली। पुलिस की गाड़ी देखकर कार सवारों ने भागने की कोशिश की, लेकिन उन्हें पकड़ लिया गया। उनके पास 50 हजार कीमत की पांच बकरियां व 42,900 रुपये बरामद हुए। पकड़े गए अभियुक्तों में राहुल हाल मुकाम श्यामजीपुरम आईआईटी सोसाइटी थाना कल्याणपुर मूल निवास ठठिया थाना जिला कन्नौज, अर्जुन वाल्मीकि हाल मुकाम धर्म पेट्रोल पीसीएल अस्पताल के पीछे इंदिरा नगर थाना कल्याणपुर मूल निवास मंडी भटौली थाना नवाबगंज हैं। आरोपियों ने बताया कि 23 सितंबर को थनवापुर में गजनेर क्षेत्र के सुरेना के छोटेलाल पाल की बकरी चोरी की थी।


महिला का स्वास्थ्य परीक्षण करातीं संस्था की राष्ट्रीय सचिव दीक्षा यादव।

### नि:शुल्क शिविर में जरूरतमंदों की जांची गई सेहत

**सिकंदरा।** गांधी जयंती के चलते एक उम्मीद जन सेवा कल्याण समिति के द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान आसपास से आए बड़ी संख्या में लोगों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर परामर्श दिया गया। बिरहाना चौराहे के समीप आयोजित नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर में क्षेत्र से आए लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराई और दवाइयां ली। एक उम्मीद जन सेवा कल्याण समिति की राष्ट्रीय सचिव दीक्षा यादव ने कहा कि वह क्षेत्र में विकास के लिए हर संभव जरूरी कार्य करती रहेंगी। ताकि जरूरतमंदों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि आगे भी इसी तरह के निशुल्क कैंप लगाकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श व दवा दी जाएगी। शिविर में रामू यादव, श्यामू यादव, फैसल अंसारी, राशिद खान, सत्यम यादव समेत समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे।



शिविर में व्यापारियों को पंजीकरण प्रमाण पत्र देते खाद्य अधिकारी। अमृत विचार

### शिवली में खाद्य विभाग ने लगाया शिविर

**शिवली।** कस्बा शिवली में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा गुरुवार को शिविर का आयोजन किया गया। नगर व्यापार मंडल कार्यालय पर शिविर का उद्घाटन करते हुए मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार पांडेय ने व्यापारियों को जागरुक भी किया। उन्होंने व्यापारियों को शुद्ध एवं ताजा खाद्य पदार्थ बेचने और खाद्य पदार्थों से बचने के निर्देश दिए। कहा कि प्रतिष्ठानों में साफ सफाई रखने के साथ ही डस्टबिन रखें। खाद्य अधिकारी डॉ. रामतेज ने व्यापारियों से बिना पंजीकरण के खाद्य पदार्थ न बेचने की अपील की। खाद्य व्यापारियों के पंजीकरण के बाद प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। यहां व्यापार मंडल अध्यक्ष रमाकांत अग्निहोत्री, व्यापारी मौजूद रहे।

### बच्चों के साथ सोई महिला को सांप ने डसा, मौत

**मंगलपुर।** मंगलपुर थाना क्षेत्र के अनंतपुर धौकल गांव निवासी विनोद नाथ की पत्नी पूजा देवी (27) बुधवार देर शाम अपने बेटा-बेटी के साथ चारपाई पर सो रही थी। रात में सांप ने पूजा के हाथ में डस लिया। परिजन कई जगह झाड़-फूंक कराते रहे, लेकिन आराम न मिलने पर उसे सैफई अस्पताल ले गए। जहां उपचार के दौरान महिला की बुधवार रात मौत हो गई। सैफई में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। गुरुवार को शव घर आने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंचे लेखपाल शिवम शुक्ला ने उच्चाधिकारियों को सूचना दी और दैवीय आपदा से मुआवजा दिलाने की बात कही।

## एक नजर

### महिला की संदिग्ध हालत में मौत, पुलिस ने छानबीन की

**सिकंदरा।** संदिग्ध हालात में महिला की मौत हो गई। सिकंदरा थाना क्षेत्र के दोहरापुर गांव में संजय बाबू की पत्नी सीमा (35) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। ग्रामीणों के बीच फांसी व जहरीला पदार्थ खाने से मौत की चर्चा रही। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की है। थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

### मैथा के नए उप निबंधक बने आनंद श्रीवास्तव

**शिवली।** मैथा तहसील के रजिस्ट्री कार्यालय में नए उप निबंधक को तैनाती कर दी गई है। मैथा तहसील में तैनात सब रजिस्टार रामचंद्र को मौदहा हमीरपुर भेजा गया है, जबकि उन्नाव से आए आनंद कुमार श्रीवास्तव को मैथा में तैनाती दी गई है।

# पेड़ में इंसुलेटर बांध खींच दी लाइन

संवाददाता, मंगलपुर

**अमृत विचार।** विद्युत विभाग की कामचलाऊ व्यवस्था हादसों को दावत दे रही है। जौरवा गांव में विभाग की तरफ से पेड़ में तार के सहारे इंसुलेटर लगा दिया गया है। जिससे आए दिन चिंगारी निकलती है और अनहोनी का अंदेशा बना रहता है।

मंगलपुर विद्युत उपकेंद्र क्षेत्र के जौरवा गांव में सड़क के पास सोनू की परचून के दुकान से चंद कदम दूर एक पेड़ में विद्युत विभाग ने जुगाड़ तलाश ली और उसमे इंसुलेटर लगाकर 11 हजार वोल्टेज की लाइन खींच दी। जबकि विद्युत विभाग की तरफ से समय-समय पर पेड़ों के पास से निकले तारों के बचाव के लिए टहनियां की छंटाई कराई जाती है। ताकि तारों का संपर्क न हो सके और हादसे को रोका जा सके, लेकिन विभागीय अधिकारी ही नियम विरुद्ध कार्य करें तो कौन कहे। इंसुलेटर लगाने के बाद आए दिन चिंगारी उठती है। जिससे लोगों में हादसे का भय बना रहता है। लोगों का कहना है कि बारिश के दौरान पेड़ में करंट उतरने का अंदेशा रहता है। जिससे कोई भी हादसे का शिकार हो सकता है। इसके बावजूद अधिकारी अंजान बने हुए हैं। इस बावत विद्युत जेई सुभाष चंद्र ने बताया कि मौके पर जाकर जांच पड़ताल करेंगे। साथ ही उच्चाधिकारियों को अवगत कराकर विभागीय तौर से समस्या का निराकरण किया जाएगा।


जौरवा गांव में पेड़ पर इंसुलेटर बांधकर खींची गई 11 हजार की विद्युत लाइन।

- चिंगारी निकलने से लोगों में हादसे का भय, जिम्मेदार बेखबर

# गैंगस्टर एक्ट में 5 लोगों को 4 साल कारावास

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- कानपुर नगर के चौबेपुर क्षेत्र में पांच साल पहले का मामला
- अदालत ने सभी अभियुक्तों पर अर्थदंड भी लगाया

**अमृत विचार।** चौबेपुर थाना क्षेत्र में करीब पांच साल पुराने गैंगस्टर के मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने पांच आरोपियों को दोषसिद्ध करते हुए प्रत्येक को चार-चार साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही सभी पर अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा नहीं करने पर छह-छह महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

विशेष लोक अभियोजक अमर सिंह भदौरिया ने बताया कि वर्ष 2019 में कानपुर नगर की चौबेपुर पुलिस ने शिवराजपुर क्षेत्र के गांव इश्वरीपुरवा निवासी राहुल राठौर, कृष्ण किशोर पांडेय उर्फ राजा, शिवकिशोर पांडेय उर्फ मिंटू, सुमित जोशी व चौबेपुर क्षेत्र के खुजकीपुर गांव निवासी बड़े बऊवा उर्फ श्याम कुमार सविता के खिलाफ थाने में दर्ज हत्या व शस्त्र अधिनियम के अपराधिक मामलों के आधार पर गैंगस्टर की कार्रवाई की थी। इस मामले की सुनवाई गैंगस्टर कोर्ट में



चल रही थी।

गुरुवार को अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सभी पांचों आरोपियों को दोषी करार दिया और प्रत्येक अभियुक्त को चार-चार वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने प्रत्येक अभियुक्त पर बीस-बीस हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर प्रत्येक को छह-छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

# सिकंदरा में रामलीला की धूम शुरू

**सिकंदरा।** रामलीला महोत्सव का गणेश पूजन के साथ शुभारंभ हो गया। थाना प्रभारी महेश कुमार ने फीता काटकर रामलीला महोत्सव सिकंदरा का शुभारंभ किया।

मुख्य अतिथि अध्यक्ष नीरज मिश्रा ने कमेटी के साथ स्वागत किया। थाना प्रभारी ने कहा कि भगवान राम महज जन-जन की भावना नहीं है। बल्कि भगवान राम तो जीवन जीने का तरीका हैं। फिर चाहे वह रिश्ते निभाना हो या धर्म के मार्ग पर चलना हो। वहीं रात में शिव पार्वती संवाद, नारद मोह, रावण दिग्विजय, राम जन्म आदि लीलाओं का मंचन किया गया। इस मौके पर रामलीला समिति के संरक्षक पंडित श्रीराम शुक्ल, ब्रजनंदन त्रिपाठी, विपिन मिश्र, व्यापारी नेता अजय बाजपेई, कन्हैया गुप्ता, अचलेश मिश्र, प्रदीप त्रिवेदी, उमाशंकर शुक्ल, रामासरे सविता, सुनील पांडेय, अभय तिवारी, नंदे गुप्ता, सूरज तिवारी, विशाल भाटिया सभासद, रोहित बजरंगी, राजेश पांडेय, राम जी शुक्ल आदि लोग मौजूद रहे।


रामलीला की शुरुआत करते थाना प्रभारी महेश कुमार। अमृत विचार

# स्कूल गया दसवीं का छात्र लापता

**मंगलपुर।** छात्र के लापता होने पर परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी है। मंगलपुर थाना क्षेत्र के जैतापुर गांव के रहने वाले अशोक कुमार का पुत्र अभिनव (14) कस्बे के एक निजी विद्यालय में कक्षा दसवीं का छात्र है। परिवार वालों के मुताबिक वह रोज की तरह बुधवार को सुबह साइकिल से विद्यालय गया था, लेकिन देर शाम तक घर वापस नहीं आया। परिजनों के काफी खोजबीन पर भी उसकी कहीं पता नहीं चला। जिसपर मां अन्नो ने गुरुवार को पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। पुलिस तलाश कर रही है।

**हिदायत** जिलाधिकारी आलोक सिंह ने त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक में जरूरी निर्देश दिए

# सड़कों पर स्थापित नहीं होंगे पंडाल : एसपी

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** सड़क पर पंडालों की स्थापना नहीं की जाएगी। मुख्य सड़क से हटकर पार्क या किसी अन्य सुरक्षित स्थान पर जहां परंपरागत रूप से मूर्ति की स्थापना होती रही है। वहीं पंडाल स्थापित किए जाएं और सीसीटीवी कैमरे लगाते हुए फायर एनओसी ली जाए। यह निर्देश डीएम ने जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में दिए।

गुरुवार को नवरात्र, दशहरा, दीपावली, भाई दूज, छठ पूजा आदि त्योहारों को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक डीएम आलोक सिंह की अध्यक्षता में बैठक मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में संपन्न हुई। डीएम ने कहा कि पंडालों में आयोजक अपने वालंटियर लगाएं और उन्हें पहचान पत्र जारी करें। साथ ही उनकी सूची स्थानीय एसएचओ को भी उपलब्ध कराई जाए।

डीएम ने कहा कि नदियों में मूर्ति विसर्जन नहीं किया जाएगा। विसर्जन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए और गोताखोर भी तैनात रखे जाएं। उन्होंने आयोजकों से कहा कि प्रतिमा विसर्जन के लिए जो स्थान चिंहित किए गए हैं। उन्हीं स्थानों पर विसर्जन संपन्न कराएं। शोभा यात्रा में डीजे निर्धारित मानक के अनुरूप ही बजाएं और धार्मिक आयोजनों के दौरान अश्लील नृत्य, गाने न बजाएं। यात्रा पूर्व निर्धारित रूटों पर ही निकाली जाए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति ने कहा कि मूर्तियों के विसर्जन के समय ट्रैक्टर ट्राली आदि पर श्रद्धालु व बच्चे अनावश्यक रूप से नहीं रहेंगे। उन्होंने थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि सभी डीजे संचालकों को नोटिस जारी की जाए कि मानक के अनुरूप ही डीजे बजाए जाएंगे। विजयदशमी पर होने वाले रावण दहन में बनाए जाने वाले पुतलों में विस्फोटक सामग्री पर नजर रखें। बाद में सभी धार्मिक आयोजकों से उनकी समस्याओं के बावत जानकारी लेकर निस्तारण के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक राजेश पांडेय, डिप्टी सीएमओ डॉ. आदित्य सचान, सभी एसडीएम, सीओ डीपीआरओ विकास पटेल समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।


गुरुवार को शांति समिति की बैठक करते जिलाधिकारी आलोक सिंह और पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति।

### त्योहारों को लेकर जनपद में धारा 163 लागू

**कानपुर देहात।** त्योहरों को लेकर जनपद में धारा 163 लागू की गई है। एडीएम प्रशासन अमित कुमार ने बताया कि सुरक्षा संहिता की धारा-163 में विहित अधिकारों का प्रयोग करते हुए लोक व्यवस्था बनाए रखने के लिए निषेधाज्ञाएं पारित की गई हैं। जिसके क्रम में कोई भी सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने का प्रयास नहीं करेगा। ड्यूटी पर तैनात शासकीय कर्मचारियों, अधिकारियों व अधिकृत के अलावा कोई भी आग्नेयास्त्र, विस्फोटक पदार्थ, लाठी-बल्लम, माला अथवा तेज धार वाले हथियार लेकर सार्वजनिक रूप से नहीं चलेगा। उन्होंने बताया कि यह आदेश 7 नवंबर तक प्रभावी रहेगा।


## कार्यालय, ग्राम पंचायत बिवाईन, वि.ख. अकबरपुर, कानपुर देहात

पत्रांक: मेमो/ग्रा.पं./नि.आ.सू./2024–25 दिनांक: 30/09/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

जनपद के विकासखंड अकबरपुर की ग्राम पंचायत बिवाईन में कार्य योजना के अनुसार वर्तमान वित्तीय वर्ष में 15वें वित्त/पंचम वित्त (राज्यवित्त) आयोग, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, (SBM, SLWM) द्वारा स्वीकृत धनराशि से सी.सी. रोड, नाली निर्माण, खाद गड्ढा, सामुदायिक सोक पिट, संस्थागत खाद गड्ढा, सामुदायिक नाडेप, कंपोस्ट पिट, प्लास्टिक बैंक सामुदायिक कचरा पात्र, ई रिक्शा, कचरा वाहन, साईकिल रिक्शा, सामुदायिक/ संस्थागत इंसिनरेटर स्वच्छता किट, एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र, व्यक्तिगत/सामुदायिक सोक पिट, सिल्ट कैचर, फिल्टर चौंबर, भूमिगत नाली निर्माण/मरम्मत, चटिया मरम्मत, व्यक्तिगत/सामुदायिक बर्मी कंपोस्ट पिट, डस्टबिन, हैंडपंप रिबोर, वॉल पेंटिंग, इंटरलॉकिंग रोड निर्माण, खेल मैदान निर्माण, विद्यालय कायाकल्प, बाउंड्रीवॉल निर्माण, पंचायत भवन कायाकल्प, अंत्येष्टि स्थल निर्माण, एवम् अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराए जाने हैं। उक्त कार्यो के प्रयोगार्थ कार्यस्थल पर पंहुचाकर निर्माण संबंधित सामग्री व आवश्यक वस्तुओं इत्यादि आपूर्ति कार्य के साथ मय मजदूरी इत्यादि हेतु आपूर्ति/ गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य हेतु स्थानीय, आयकर विभाग में पंजीकृत जीएसटी धारक निर्माण सामग्री आपूर्तिकर्ता/ फर्मो/ ईंट विक्रेताओं/सप्लायरो से प्रकाशन तिथि से 12.10.2024 को अपराहन 12.00 बजे तक सीलबंद निविदाएं/ टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। जो उसी दिन अपरान्ह 2:00 बजे ग्राम पंचायत समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोले जायेंगे। निविदा प्रपत्र, दिनांक 04.10.2024 से 11.10.2024 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रात: 10:00 बजे से अपरान्ह 2:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा प्रपत्र शुल्क स्टेशनरी सहित निविदा दर रू. 200 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं। आधे अधूरे प्रपत्रों, अपूर्ण भरी निविदाओं तथा सशर्त निविदाएं अस्वीकार होगी। अधोहस्ताक्षरी को किसी भी निविदा/टेंडर को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार है।

**सामग्री की आपूर्ति निम्नवत होगी–**

| क्र0सं0 | सामग्री का नाम | मात्र |
|---|---|---|
| 1. | ईट प्रथम, द्वितीय श्रेणी, सीधा खंजर | प्रति हजार |
| 2. | सीमेंट | प्रति बैग |
| 3. | मोरंग/बालू/डस्ट | प्रति घन मीटर |
| 4. | ईट गिट्टी/रोड़ी (20–40 MM) | प्रति घन मीटर |
| 5. | पत्थर गिट्टी (20–53 MM) | प्रति घन मीटर |
| 6. | इंटरलॉकिंग ब्रिक्स (80 MM) | प्रति नग |
| 7. | सरिया एवम् लोहा/टिन शेड/खिड़की दरवाजा आदि | प्रति क्विंटल/प्रति नग |
| 8. | टाईल्स एवम् पत्थर आदि | प्रति वर्ग मीटर |
| 9. | पेंटिंग सामग्री | प्रति कि.ग्रा. |
| 10. | चित्रांकन एवम् लेखांकन | प्रति वर्ग फिट |
| 11. | इलेक्ट्रिफिकेशन, हार्डवेयर, वाटर लाइन व अन्य | – |

सिया दुलारी
प्रधान

ब्रम्हराज
ग्राम विकास अधिकारी

(ग्राम पंचायत बिवाईन, वि.ख. अकबरपुर, कानपुर देहात)

## एक नजर

### भट्ठा मजदूर की अचानक बिगड़ी हालत, मौत

**बांगरमऊ उन्नाव ।** कोतवाली क्षेत्र स्थित एक ईंट भट्ठे पर मजदूर की अचानक तबियत बिगड़ गई। साथी मजदूर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सक ने मजदूर को मृत घोषित कर दिया। छत्तीसगढ़ प्रांत के जिला जांजगीर चांपा थाना व कस्बा विलासपुर निवासी भारत (30) पुत्र सोना राम क्षेत्र के एक ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता था। गुरुवार दोपहर अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। साथी मजदूर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। इलाज के बाद वह स्वस्थ होकर भट्ठे पर चला गया। गुरुवार शाम चार बजे अचानक वह फिर से बीमार हो गया। यह देख उसका भाई राकेश आनन-फानन उसे सरकारी अस्पताल लाया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### दहेज हत्या की आरोपी सास भेजी गई जेल

**उन्नाव।** बेहटा मुजावर थाना पुलिस ने दहेज हत्या में फरार चल रही सास को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाक्षेत्र के मटुकरी गांव निवासी रामकिशन ने बेटी संध्या की मौत पर उसके पति व ससुरालियों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने व बेटी की हत्या करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीएम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने पति रोहित व उसके पिता सरजू प्रसाद को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मुखबिर की सूचना पर गुरुवार को केस में वांछित सास सुनीता देवी को भटौली मोड़ के पास से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### अलग-अलग सड़क हादसों में 5 घायल, 3 रेफर

**बांगरमऊ उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग मार्गों पर हुए हादसों में एक महिला सहित 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से घायलों में तीन को जिला अस्पताल रेफर किया गया। हरदोई जिला के थाना कछोना अंतर्गत गांव तेरवा निवासी सौरभ कुमार (20) पुत्र महावीर व योगेंद्र कुमार (20) पुत्र रामनरेश बाइक से रिस्तेदारी में आए थे। घर लौटते समय बीती बुधवार देररात उन्नाव-हरदोई मार्ग पर लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे अंडर पास के पास तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। इसमें बाइक सवार दोनों युवक गंभीर घायल हो गए। इसके अलावा अन्य मार्गों पर हुए हादसों में फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के गांव राजेपुर निवासी प्रदीप (21) पुत्र बुद्धीलाल, कोतवाली क्षेत्र के कलवारी गांव निवासी आदित्य पाल (50) पुत्र प्रताप सिंह व गंज बरौंकी निवासी सोनी (34) पत्नी अरविंद घायल हुए हैं। सरकारी अस्पताल के चिकित्सक ने हालत नाज़ुक देख प्रदीप, सौरभ व योगेन्द्र को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# निराली है तीन देवियों की महिमा, भक्तों की पूरी करती हैं मनोकामना

संवाददाता नवाबगंज,उन्नाव

**अमृत विचार।** नवरात्र में नवाबगंज क्षेत्र की 3 देवियां में मां दुर्गा, मां कुशहरी व मां जालिपा देवी के दर्शन की महिमा ही निराली है। हजारों भक्त नवरात्र में तीनों देवियों की पूजा व दर्शन कर आशीर्वाद लेते हैं। वहीं दर्शन कर भक्तों को मनवांछित फल मिलता है। सुबह से ही तीनों देवियों के दरबार में घंटे-घड़ियाल, शंख व मंजीरों की आवाज के साथ सारा वातावरण भक्तिमय हो जाता है।

**परशुराम ने की थी मां दुर्गा की स्थापना :** जानकार बताते हैं कि मां दुर्गा की स्थापना परशुराम ने की थी। जिसकी स्थापना कस्बे से चार किमी की दूर स्थित भितरेपार गांव के पास बनी एक झील के उस पार हुई थी। जहां पर एक ऊंचे टीले पर जमदग्नि ऋषि का आश्रम है। जानकार बताते हैं कि यहीं पर परशुराम का जन्म हुआ था। एक बार ऋषि जमदग्नि अपनी कुटिया में पूजापाठ कर रहे थे। ऋषिवर के पास कामधेनु नाम की गाय थी। एक बार राजा सहस्त्रबाहु वहां से जा रहे थे। रास्ते में ऋषि जमदग्नि की कुटिया पड़ी। जहां राजा ने अपनी सेना के साथ रुककर ऋषिवर से आशीर्वाद लिया।

ऋषिवर ने अपनी कामधेनु गाय के अमृत समान दूध से ही सारी सेना का पेट भर दिया। राजा ने ऋषि से गाय ले जाने की बात कही। जिस पर ऋषि ने गाय देने से मना कर दिया। इसी बीच परशुराम तपस्या के लिये निकल पड़े। कुटिया पर ऋषिवर अकेले रहते थे। तभी राजा सहस्त्रबाहु कुटिया पर आये और ऋषिवर से कामधेनु गाय मांगी। बदले में एक लाख गाय स्वर्ण जड़ित देने की बात कही। लेकिन ऋषिवर तैयार नहीं हुए। जिस पर उन्होंने बलपूर्वक गाय को कब्जे में ले लिया और जमदग्नि ऋषि का वध कर दिया। उधर परशुराम जब तपस्या कर कुटिया वापस आये तो उन्हें अपने पिता की मृत्यु का समाचार मिला। जिससे उनके क्रोध की सीमा नहीं रही। वह कुटिया से वापस आकर नगर में मां दुर्गा की स्थापना कर पूजापाठ किया।

माता ने प्रसन्न होकर विजय का आशीर्वाद दिया। जिसके बाद उन्होंने राजा सहस्त्रबाहु का वध कर और माता रूपी गाय अपने साथ कुटिया ले आये। तभी से अष्ट भुजाओं वाली विजयदात्री माता दुर्गा को विजय की देवी कहा जाने लगा।


नवाबगंज कस्बा स्थित मंदिर में विराजमान मां दुर्गा। अमृत विचार


नवाबगंज क्षेत्र के कुशुम्भी गांव स्थित माता कुशहरी। अमृत विचार

### कुश ने की थी मां कुशहरी की स्थापना

- नगर से तीन किलोमीटर दूर कुशम्भी गांव स्थित मां कुशहरी देवी का मंदिर है। इस मंदिर के स्थापना को लेकर पौराणिक मान्यता है कि सीता माता को लाने के लिए जब लव-कुश परियर जा रहे थे तो यहीं विश्राम के लिए रुके थे। जहां पास में एक कुआं था। जब उनके सैनिक कुएं से पानी निकालने लगे तो एक दिव्य शक्ति ने आभास कराया कि कुएं में कुछ है। जिस पर जब कुश ने कुए में देखा तो उन्हें वहां माता की मूर्ति मिली। जिसे कुश ने उसे वहीं एक टीले पर स्थापित कर पूजा की और अपने कुछ सैनिकों को वहीं एक गांव बसाने का आदेश दिया। पूरे देश में यही एक कुशहरी देवी का मंदिर है।

### अद्भुत है माता जालिपा देवी की महिमा

- जालिपा माता की महिमा भी निराली है। त्रिकोण में बसी मां जालिपा देवी की भी पूजन प्रथा एक जैसी है। वहां भी नवरात्र में कन्याभोज व भंडारे का आयोजन भक्तों द्वारा किया जाता है। इन तीनों मंदिरों की पौराणिक मान्यता होने की वजह से यहां दोनों नवरात्र में भक्तों की अपार भीड़ होती है। मंदिरों में आकर लोग मुंडन व उपनयन संस्कार भी कराते है। भक्तों में आस्था है कि माता कुशहरी देवी भक्तों में उनके रोगो का समूल नाश करती हैं ।

# मां शैलपुत्री की पूजा को उमड़े श्रद्धालु

## नवरात्र के प्रथम दिन जिले भर के मंदिरों में लगी रही भक्तों की कतार, सुबह से लेकर देर रात तक गूंजते रहे मां के जयकारे

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** शारदीय नवरात्र के पहले दिन देवी मंदिरों में आस्था का जन सैलाब उमड़ा। मातारानी के दर्शनों के लिए देवी मदिरों में भक्तों की कतारें लगी रहीं। लाइन में लगे श्रद्धालु मां जगदम्बे के जयकारे लगाते रहे। भोरपहर खुले देवी मंदिरों के पट रात तक खुले रहे।

शारदीय नवरात्र के पहले दिन गुरुवार को भक्तों ने मातारानी के शैलपुत्री स्वरूप की पूजा-अर्चना की। शहर के प्रमुख दुर्गा मंदिर, कल्याणी देवी, पूर्णादेवी धाम व ग्रामीण अंचलों में स्थित देवी मंदिरों के पट पूजन के बाद भोरपहर ही खोल दिए गए थे। भक्त भी सुबह से ही मंदिर पहुंचने लगे थे। दोपहर में भीड़ और बढ़ गई। जिससे भक्तों को मां के दर्शन के लिए लंबी लाइन लगानी पड़ी।

पुरवा संवाददाता के अनुसार, नवरात्र के प्रथम दिन दुर्गा मन्दिरों में भक्तों ने पूजा अर्चना की। साथ ही घरों में कलश पूजन स्थापना हुई। इस अवसर पर मन्दिरों की सजावट भी कराई गयी। नगर के आनंदेश्वरी देवी, शीतलगंज व पश्चिम टोला व दुर्गापुर की दुर्गा देवी जोतपुर की फूलमती देवी मां गोवर्धनजी देवी व तुलजा देवी सहित देवी मन्दिरों में भक्तों ने मां दुर्गा का पूजन किया। भक्तों में सोनम, मोनम, रजनी, शशि, सुनीता, शिखा, आरती, मधू, रेखा, अंजली, नेहा, पारुल ने बताया कि नवरात्र में मातारानी की उपासना की जाती है। जिससे मन व चित्त शान्त रहता है।

बांगरमऊ संवाददाता के अनुसार, नवरात्र पर्व में गुरुवार को प्रथम दिवस नगर के मोहल्ला शुक्लाना स्थिति मां राजराजेश्वरी देवी, नगर के पश्चिम पवित्र कल्याणी नदी के किनारे स्थित शीतला माता मंदिर, फुलवरिया बाजार स्थित मां भुवनेश्वरी देवी, चौधराना स्थिति संकटा देवी, मोहल्ला न्यू कटरा स्थिति दुर्गा देवी, चौघड़ा में फूलमती देवी, नानामऊ रोड स्थित मां संदोही देवी, लखनऊ मार्ग रेलवे क्रासिंग के निकट बाला देवी व मोहल्ला खत्रियाना स्थिति संतोषी माता मंदिर सहित सभी देवी मंदिरों में कलश स्थापना के बाद पूजन अर्चन किया गया। नगर के मोहल्ला न्यू कटरा स्थित माता दुर्गा मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ किया जा रहा है।


मातारानी को भोग लगाते मंदिर के पुजारी। अमृत विचार

### चार से शुरू होगा 9 कुण्डीय महायज्ञ

**परियर।** बाबा बलखंडेश्वर महादेव मंदिर परिसर में गायत्री तपोवन हरिद्वार के विद्वान संतो द्वारा नौ कुण्डीय श्रीमहामृत्युंजय गायत्री महायज्ञ व प्रज्ञा पुराण 4 से 8 अक्तूबर तक आयोजन होगा। समस्त संस्कार निशुल्क कराए जाएंगे। पुंशवन, नामकरण, अन्नप्राशन, विद्यारंभन चूड़ा कर्म, यज्ञोपवीत, दीक्षा विवाह संस्कार नि :शुल्क होंगे।


दुर्गा मंदिर में लगी भक्तों की लाइन। अमृत विचार

## देवी मंन्दिरों में उमड़ी भक्तों की भारी भीड़, किया पूजा-अर्चन

**शुक्लागंज उन्नाव ।** शारदीय नवरात्र के पहले दिन गुरुवार को प्राचीन दुर्गा मंदिर में दर्शन करने के लिये भोर पहर से ही दर्शानार्थियों की भारी भीड़ रही। सुबह से लेकर देर रात लोग माता के दर्शन करते रहे। वहीं लोगों ने शुभ मुहुर्त पर घरों में कलश की स्थापना की।

आदि शक्ति मां दुर्गा के नौ रूपों के पूजन का विधि विधान नवरात्र के रूप में किया जाता है। दिन में तीन बार अपना स्वरूप बदलेनी वाली बालूघाट गायत्री मन्दिर माँ तथा कन्चननगर स्थित कन्चना देवी मन्दिर में देर रात तके भक्तों की भीड़ लगी रही। महेश मार्ग बाला जी मन्दिर पर दुर्गा जी व कात्यानी महा मन्दिर, गान्धी नगर कूष्मान्डा मन्दिर, पोनीरोड झन्डे चौराहा झडेंश्वर मन्दिर पर दुर्गा मन्दिर, डाकतार कालोनी सोमा गौरी, काली मन्दिरों में भी भक्त उमड़े।


चांदी के मठ में बिराजी मां दुर्गा।

## सार-संक्षेप


मरौंदा सुचित गांव में नीलामी करवातीं ग्राम प्रधान व ग्रामीण। अमृत विचार

### बिना अफसरों की मौजूदगी के करवा दी मछली आखेट की नीलामी

**परियर।** सदर तहसील क्षेत्र के मरौंदा सूचित गांव की प्रधान रामपति व उनके सहयोगी अमर कांत और प्रेमपाल के खिलाफ मरौंदा सूचित निवासी ओमप्रकाश, प्रभाकर, शिव सविता, रामआसरे, ज्ञान प्रकाश, गणेश, मनोज, बबलू, उमाकांत, राजन व केशनु आदि ने एसडीएम को दिये प्रार्थनापत्र में कहा कि बीते वर्ष 14 लाख 87 हजार की मछली आखेट की नीलामी की जांच कराई जाए। इसे लेकर एसडीएम ने आश्वासन दिया कि अभी नीलामी नहीं होगी। इससे पहले 14 लाख 87 हजार का ब्योरा मांगा जाएगा। इसके बावजूद बिना किसी एजेंडे के अधिकारियों व कर्मचारियों की गैर मौजूदगी में मरौंदा सूचित में बिना परमीशन के 2 लाख 95 हजार की मछली आखेट की बोली बोल कर नीलामी कर दी गई। इस संबंध में एसडीएम क्षितिज द्विवेदी ने बताया कि मामले की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।


नगर पंचायत कार्यालय में कार्यभार ग्रहण करतीं एसडीएम सदर प्रज्ञा पांडे।

### एसडीएम सदर ने संभाला नगर पंचायत औरास के ईओ का जिम्मा

**औरास।** आदर्श नगर पंचायत औरास कार्यालय में बतौर अधिशासी अधिकारी विपिन कुमार तैनात थे। जिनके सेवानिवृत्त होने के बाद से यह स्थान रिक्त था। इसका संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी गौरांग राठी ने एसडीएम सदर प्रज्ञा पांडे को कार्यालय औरास में अतिरिक्त प्रभार देकर भेजा। गुरुवार को कार्यालय पहुंचकर नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश कुमार की मौजूदगी में उन्होंने कार्यभार संभाला। अब क्षेत्र में रुके हुए कार्यों को गति मिलेगी और विकास कार्य भी सुचारू रूप से हो सकेंगे। इस दौरान लिपिक रमेश श्रीवास्तव, जय सिंह कंप्यूटर ऑपरेटर, राम प्रकाश अवस्थी सभासद प्रतिनिधि, ललित कनौजिया सभासद, संदीप कनौजिया, राकेश सिंह व विनोद सिंह आदि मौजूद रहे।


शिक्षकों के साथ मौजूद सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी।

### 5 सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थियों में लवी ने पाया पहला स्थान

**फतेहपुर चौरासी।** क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट विद्यालय के कक्षा 6 से 8 तक के हर विद्यालय से तीन श्रेष्ठ शिक्षार्थियों की परीक्षा गुरुवार को आरएसएस आइडियल पब्लिक इंटर कॉलेज उतमानपुर में हुई हुई। जिसमें 132 बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रथम चरण में मौखिक परीक्षा हुई। जिसमें 25 टॉप शिक्षार्थियों का चयन हुआ। फिर उन 25 की मौखिक परीक्षा लेकर 5 सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थियों का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। जिसमें प्रथम स्थान पर कक्षा आठ की छात्रा लवी कम्पोजिट विद्यालय काजीपुर कच्छ, द्वितीय स्थान पर कक्षा आठ के छात्र सूरज कंपोजिट विद्यालय काजीपुर कच्छ व तृतीय स्थान पर कक्षा आठ के छात्र अंश कंपोजिट विद्यालय काज़ीपुर कच्छ रहे।

# अधिवक्ता ने रेप पीड़िता की मां पर लगाए धमकी देने के आरोप

**माखी दुष्कर्म कांड**

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** बहुचर्चित माखी दुष्कर्म कांड एक बार फिर चर्चा में है। इस बार पीड़िता की मां व उसके साथ आए युवक पर महिला अधिवक्ता ने रुपये मांगने व न देने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। घटना को लेकर एक वीडियो भी वायरल है। हालांकि अमृत विचार ऐसे वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

बहुचर्चित माखी दुष्कर्म कांड में पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को मिली उम्रकैद के बाद भी अक्सर चर्चा में रहता है। इस बार महिला अधिवक्ता रश्मि सिंह सेंगर ने एएसपी से शिकायत कर पीड़िता की मां पर गंभीर आरोप लगाए हैं। अधिवक्ता ने बताया कि उसने पीड़िता के चाचा के पक्ष में दो साल पूर्व वकालतनामा लगाया था। जिनके केस लड़ने के लिए पेशगी के तौर पर उन्हें 10 हजार रुपये दिए गये थे। जबकि एक लाख रुपये फीस देने की बात तय हुई थी। लेकिन किन्हीं कारणों से रश्मि ने केस छोड़ दिया। बताया कि एक अक्टूबर को पीड़िता की मां एक युवक के साथ उसके चेंबर आई और केस के लिए दिए गए 10 हजार रुपये वापस मांगे। न देने पर उसे जान से मारने की धमकी दी है। अधिवक्ता ने एएसपी से शिकायतीपत्र दिया है।

# दोसर वैश्य सम्मेलन में सम्मानित हुए छात्र-छात्राएं

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** श्री दोसर वैश्य सेवा समिति के तत्वावधान में नगर के उन्नाव मार्ग स्थित एक अतिथि गृह में गांधी जयंती व दोसर वैश्य सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें स्वजातीय मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित किये गए इसमें समिति द्वारा नगर निवासी फूलचंद्र गुप्ता को सर्वोच्च सम्मान वैश्य रत्न से सम्मानित किया गया।

सदर विधायक पंकज गुप्ता व समारोह के अध्यक्ष अखिल भारतीय दोसर वैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील गुप्ता द्वारा मां सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन, भारत माता व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर समारोह का उद्घाटन किया गया। नगर पालिका परिषद के चेयरमैन रामजी गुप्ता ने मुख्य अतिथि सदर विधायक पंकज गुप्ता, विशिष्ट अतिथि विधायक श्रीकांत कटियार, भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार, व्यापारी नेता विनोद गुप्ता व सुनील गुप्ता को चांदी का मुकुट पहनाकर व प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। बाद में स्वजातीय मेधावी छात्र-छात्राओं में अक्षरा, श्रद्धा, माही, राधा, हर्ष, तरुण, दिव्यांशी व वैष्णवी समेत 80 से अधिक मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल, मोमेंटो व प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान दोसर वैश्य सेवा समिति के संरक्षक समाजसेवी फूलचन्द्र गुप्ता को सर्वोच्च सम्मान वैश्य रत्न से अलंकृत किया गया। इसी क्रम में समिति के उपाध्यक्ष शिव स्वरूप गुप्त मुन्नी को सर्वश्रेष्ठ कार्यकर्ता सम्मान प्रदान किया गया। समारोह को सदर विधायक पंकज गुप्ता, विधायक श्रीकांत कटियार, विनोद गुप्ता आदि मौजूद रहे।


समारोह में मौजूद गुप्ता बंधु। अमृत विचार



समारोह को संबोधित करते सदर विधायक पंकज गुप्ता। अमृत विचार

**रामलीला** देर रात तक मौजूद रहे दर्शक, रामलीला मंचन के दौरान लगते रहे जय-जय श्रीराम के जयकारे

# राम और लक्ष्मण ने मिलकर किया ताड़का का संहार

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गोपीनाथपुरम में श्री सार्वजनिक रामलीला के दौरान दूसरे दिन मुनि याचना, ताड़का वध, नगर भ्रमण, पुष्प वाटिका आदि का मनोरम मंचन किया गया। लक्ष्मण ने जब ताड़का का वध किया तो उपस्थित दर्शकों ने तालियां बजाकर जय श्री राम के जयकारें लगाए। वहीं राक्षसों ने देवाताओं, ऋषि मुनियों को त्रस्त कर दिया था तब गुरू विश्वमित्र ने राजा दशरथ से राजकुमारों के संहार के लिए आयोध्या गए। वहीं ऋषि आश्रम में गणेश पूजन के साथ रामलीला शुरू हुई।

गोपीनाथपुरम में गुरुवार को रामलीला के दौरान ताड़का सुकेतु यक्ष की पुत्री थी, जो एक शाप के प्रभाव से राक्षसी बन गई थी। उसका विवाह सुंद नाम के दैत्य से हुआ था। ताड़का के दो पुत्र थे, उनके नाम थे सुबाहु और मारीच। ताड़का का परिवार अयोध्या के नजदीक एक जंगल में रहता था। ताड़का का परिवार पूरी तरह से राक्षसी प्रवृत्तियों में लिप्त रहता था। वह देवी-देवताओं के लिए यज्ञ करने वाले ऋषि-मुनियों को तंग किया करते थे। सभी ऋषि मुनि ताड़का और उसके दोनों पुत्रों से परेशान थे। जब उन्होंने यह बात ऋषि विश्वामित्र को बताई तो विश्वामित्रअपने दो शिष्यों राम और लक्ष्मण को लेकर यज्ञ भूमि पहुंचे। अयोध्या के दोनों राजकुमारों ने ताड़का के परिवार का अंत कर दिया। लेकिन मारीच बच निकला और लंका जा पहुंचा। जिसके बाद जब ये बात सुंद को पता चली तो वो अगस्त्य ऋषि को मारने पहुंचा। तब ऋषि ने सुंद को भस्म कर दिया। जब उसने अपने पति की मृत्यु के लिए अगस्त्य ऋषि से बदला लेना चाहा। ऐसी विषम परिस्थितियों में जब अगस्त्य ऋषि ने विश्वामित्र की सहायता मांगी तब विश्वामित्र के शिष्यों राम और लक्ष्मण ने मिलकर ताड़का का संहार किया था। वहीं ऋषि आश्रम समिति की ओर से स्वामी नारदानंद दशहरा महोत्सव एवं श्री राम लीला मंचन का गणेश पूजन, मुकुट पूजन, नारद मोह, रावण दिग्विजय के साथ शुरू हुई।


रामलीला मंचन के दौरान मौजूद कलाकार व अन्य लोग। अमृत विचार

### विधायक और एसपी ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुरू कराई शुक्लागंज की रामलीला

- **शुक्लागंज।** नगर के ऋषि आश्रम में आयोजित रामलीला का सदर विधायक पंकज गुप्ता और एसपी दीपक भूकर ने दी प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। इसके बाद मुकुट पूजन के साथ रामलीला की शुरुआत की गई।

# एसपी ने 1 इंस्पेक्टर और 9 दरोगाओं के बदले कार्यक्षेत्र

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** एसपी दीपक भूकर ने कार्रवाई होने व अन्य कारणों से खाली पड़े कोतवाली व चौकियों में इंस्पेक्टर व दरोगाओं को तैनाती की है।

बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के पंचूपुरवा में ट्रांसपोर्टर के यहां हुई लूटपाट में लापरवाही मिलने पर एसपी ने एसएचओ राजकुमार को निलंबित कर दिया था। तभी से खाली पड़े इस पद पर अपराध एवं विवेचना शाखा में तैनात इंस्पेक्टर राजेश पाठक को वहां तैनाती दी है। वहीं आसीवन में छेड़छाड़ से आहत किशोरी के आत्महत्या करने पर आरोपी पर प्रभावी कार्रवाई न करने के दोषी रसूलाबाद चौकी इंचार्ज महेंद्र सिंह को निलंबित किया था। इसके बाद लाइन से दरोगा अरविंद पांडेय को रसूलाबाद चौकी का इंचार्ज बनाया है। 30 सितंबर को राजेंद्र सिंह के रिटायरमेंट होने से रिक्त पड़ी सदर चौकी का प्रभारी दीपक सिंह पटेल को बनाया है। वे अभी लाइन में थे। इसी तरह एसपी ने पुलिस लाइन से दरोगा मो. रफीक को दही थाना की दरोगा खेड़ा चौकी व रविंद्र मालवीय को अजगैन कोतवाली की राजाबाग की चौकी का इंचार्ज बनाया है। वहीं, अनुपम सिंह भदौरिया को सफीपुर कोतवाली, शमीम खान को माखी थाना, मोहनलाल को बांगरमऊ कोतवाली व रामेश्वर सिंह को मौरावां थाना भेजा है। वहीं, लाइन से दरोगा अनिल सिंह को एएचटीयू थाने भेजा है।

### चोरों ने घर से पार किये लाखों के जेवरात और नकदी

**नवाबगंज उन्नाव।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में चोरों ने घर में घुसकर सोने-चांदी के लाखों के जेवर व नकदी पार कर दी। कोतवाली क्षेत्र के गांव गंगाबक्स खेड़ा के मजरा बिचपरी निवासी पवन के घर को बुधवार रात चोरों ने निशाना बनाया। चोर छत के दरवाजे से दाखिल हुए और कमरे में रखी अलमारी व बक्से से सोने व चांदी के जेवरात सहित 3500 नकद पार कर ले गए। सुबह जब जागे तब चोरी की जानकारी हुई और पुलिस को सूचना दी।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे दस्तावेजों में मेरा नाम सलीम (SALIM) दर्ज है। पहले मेरा नाम सलीम (SALIM) था। अब मैंने अपना नाम सलीम (SALIM) से बदलकर सलीम अहमद (SALEEM AHMAD) रख लिया है। अब भविष्य में मुझे सलीम अहमद (SALEEM AHMAD) के नाम से जाना व पहचाना जाए। **सलीम अहमद पुत्र छुटकू उर्फ मो. इस्तियाक निवासी ग्राम व पोस्ट बड़ौरा थाना अचलगंज तहसील व जिला उन्नाव।**

## एक नजर

### एसपी ने किया बैराज चौकी का औचक निरीक्षण

**शुक्लागंज।** गुरुवार रात एसपी दीपक भूकर ने गंगाघाट कोतवाली अंतर्गत बैराज चौकी का औचक निरीक्षण किया। जिससे पुलिस कर्मियों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मातहतों को रात्रि गश्त बढ़ाने और संदिग्ध वाहनों की चेकिंग करने के निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि रात को सतर्कता बरतते हुए अधिक से अधिक गश्त की जाए। इस दौरान एसपी ने पुलिस कर्मियों के साथ पैदल गश्त भी की। जिससे क्षेत्रीय लोगों को सुरक्षा का अहसास हो सके।

### हत्या का वांछित गिरफ्तार

**शुक्लागंज।** कोतवाली गंगाघाट पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने एससी/एसटी एक्ट और हत्या के प्रयास में वांछित अभियुक्त कल्लू उर्फ नरेश, निवासी आजाद नगर, को गुरुवार शाम गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के तहत आरोपी के खिलाफ पहले से दर्ज मामलों की जानकारी ली गई। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसे न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया शुरू की।

# घरेलू कलह ने ले ली 2 लोगों की जान

## मौरावां थाना क्षेत्र के केदारखेड़ा और नवाबगंज के झखरी में हुईं घटनाएं

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** अलग-अलग थानाक्षेत्रों के गांवों में पारिवारिक कलह के बाद 2 युवकों ने फंदे से लटककर जान दे दी। सूचना पर पहुंची संबंधित क्षेत्रों की पुलिस ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल करने के बाद शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द किया। इससे गांवों में मातम पसर गया।

**उन्नाव।** मौरावां थानाक्षेत्र के केदारखेड़ा गांव निवासी सुरेश कश्यप (45) पुत्र छोटेलाल नाविक था। वह गांव में पत्नी के साथ अकेले रहता था। शराब का लती होने से उसकी पत्नी से रोज कहासुनी होती थी। चर्चा है कि बुधवार रात भी शराब पीकर आने पर उसकी पत्नी से कहासुनी हुई थी। गुरुवार सुबह करीब साढ़े 5 बजे पत्नी रामरानी सोकर उठी तो पति का शव पंखे के हुक में रस्सी से लटका देख उसकी चीख निकल गई। जानकारी पर गांव में ही दूसरे घर में रहने वाले पिता व मां रामकली पहुंची और बेटे का शव देख बेहाल हो गई। दिवंगत सुरेश के तीन बेटे मनीष, ब्रजेश व सुमित भी गैर प्रांतों में मजदूरी करते हैं। एसओ चंद्रकांत सिंह ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंची है और घटनास्थल का मौका मुआयना किया है।

**नवाबगंज।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के कस्बा नवाबगंज के झखरी मोहल्ला निवासी मिथिलेश (35) पुत्र छेदीलाल बुधवार को अपने कमरे में छत में लगे कुंडे में रस्सी का फंदा बनाकर लटक गया। किसी काम से कमरे में पहुंचे परिजनों तो उसे लटका देखा तो उनके होश उड़ गए। पड़ोसियों की मदद से फंदा काटकर उसे सीएचसी पहुंचाया गया, जहां पर डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इस पर परिजन शव लेकर घर लौट आए। डॉक्टर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव मोर्चरी भेजा और गुरुवार को पोस्टमार्टम कराया। बहन सीमा ने बताया कि देरशाम भाई और भाभी में कहासुनी हुई थी, जिसके बाद भाई ने आत्महत्या कर ली है।

### करंट की चपेट में आए गुब्बारा विक्रेता की थम गई सांस

**बिछिया उन्नाव।** गजौली गांव में आयोजित दंगल के दौरान लगने वाले मेले में करंट की चपेट में आकर गुब्बारा विक्रेता की मौत हो गई। साथी दुकानदारों से मौत की खबर मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। अचलगंज थानांतर्गत कस्बा क्षेत्र निवासी सजीवन लाल (33) पुत्र रजोल विश्वकर्मा मेले व हाट में गुब्बारा व खिलौने की दुकान लगाकर परिवार की जीविका चलाता था। बीते बुधवार दही थानांतर्गत गजौली गांव में परंपरागत दंगल का आयोजन था। दंगल के साथ वहां मेला भी लगता है। संजीव भी वहां दुकान लगाए था। देरशाम अंधेरा होने पर वह प्रकाश की व्यवस्था के लिए विद्युत तार लगा रहा था तभी तार कटे होने से वह उसमें दौड़ रहे करंट की चपेट में आ गया। उसके अचेत होकर गिरने पर साथी दुकानदारों व आयोजन कमेटी में हड़कंप मच गया। मेले में मौजूद पुलिस उसे जब तक अस्पताल ले जाती इससे पहले ही उसकी मौत हो गई। शिनाख्त होने पर परिजनों से संपर्क कर उन्हें इसकी जानकारी देते हुए शव कब्जे में लेकर मोर्चरी भेजा। उसकी मौत पर मां तारा, पत्नी रेशमा, बेटी पंखुड़ी, बेटा जयवीर व छोटा भाई श्यामलाल रो-रोकर बेहाल हैं। एसओ संजीव कुशवाहा ने बताया कि पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।



संजीवन लाल।

# जलस्तर घटने के बाद संक्रामक बीमारियों का बढ़ गया खतरा

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगा का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर जाने के कारण चंपापुरवा के निचले इलाकों में बाढ़ का पानी भर गया था, जिससे स्थानीय निवासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जलस्तर में गिरावट के बावजूद, इलाके में तीन महीनों से बाढ़ का पानी भरा हुआ है, जिससे गंदगी का अंबार लग गया है। इस स्थिति के कारण संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका बढ़ गई है।

गंगा नदी के तटवर्ती क्षेत्रों जैसे गोताखोर, शाही नगर, मोहम्मद नगर, कर्बला, हुसैन नगर, सैय्यद कम्पाउंड, चंपा पुरवा, तेजी पुरवा और मनसुख खेड़ा में बाढ़ के पानी ने जीवन को प्रभावित कर दिया है। स्थानीय लोगों को अपने घरों में कैद होना पड़ा है। गंदे पानी से भरे इन इलाकों में आवागमन कठिन हो गया है और मच्छरों की संख्या में भी वृद्धि हो रही है, जिससे स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। सैकड़ों घरों में रहने वाले लोग गंदगी और बदबू के बीच जीवन व्यतीत कर रहे हैं। इस स्थिति के चलते, क्षेत्रीय निवासी संक्रामक बीमारियों के प्रति अत्यधिक चिंतित हैं। वहीं पालिका की ओर से एक बार चूने का छिड़काव और साफ सफाई की गई है, लेकिन उसके बाद कोई नहीं पहुंचा। जिससे संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है।



चंपापुरवा के निचले इलाके में रुका बाढ़ का पानी। अमृत विचार

● चंपापुरवा के निचले इलाकों में भर गया था बाढ़ का पानी अब आ रही बदबू

# अस्पताल में डॉक्टरों की अनुपस्थिति की शिकायत पर पहुंचे एसीएमओ


संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

● एसीएमओ ने अस्पताल में की 50 मरीजों की ओपीडी

● अनुपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों पर होगी कार्रवाई

**अमृत विचार।** राजधानी मार्ग स्थित शुक्लागंज न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में गुरुवार अस्पताल में कोई भी डॉक्टर ओपीडी के लिये उपस्थित नहीं हुआ। मरीजों की लंबी कतारें देख, मरीजों ने सीएमओ से फोन पर शिकायत की, जिसके बाद एसीएमओ डॉ. आर के गौतम को तत्काल अस्पताल भेजा गया। जहां उन्हें दो स्वास्थ्य कर्मी अनुपस्थित मिलीं,जिसकी रिपोर्ट सीएमओ को दी है।

गुरुवार सुबह दस बजे तक पीएचसी में कोई डॉक्टर नहीं पहुंचा। जिस पर अस्पताल में मरीजों की लंबी लाइन लगी रही। इस दौरान किसी मरीज ने सीएमओ को फोन पर डॉक्टर के गैर हाजिर होने की शिकायत की। कुछ देर बाद डॉ. शिप्रा झा पहुंची। जहां उन्होंने ओपीडी शुरू की। इसी बीच जब एसीएमओ अस्पताल पहुंचे, तो उन्होंने सभी स्टाफ की उपस्थिति की जांच की। इस दौरान, डॉ. रश्मि वर्मा और स्वास्थ्य कर्मी पल्लवी दिवाकर अनुपस्थित पाए गए। मरीजों की भीड़ को देखते हुए, एसीएमओ ने स्वयं 50 मरीजों की जांच की और उन्हें आवश्यक दवाएं प्रदान की। डॉ. गौतम ने बताया कि अनुपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उनकी रिपोर्ट सीएमओ को भेजी जाएगी । वहीं, डॉ. रश्मि वर्मा ने बताया कि उनके परिवार में एक सदस्य की मृत्यु हो गई थी, जिसके कारण वह अस्पताल नहीं आ सकीं।



पीएचसी में जांच करते एसीएमओ डॉ आर के गौतम।

# गंगा नगर शिशु मंदिर में स्वदेशी सप्ताह का हुआ समापन

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगा नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में गुरुवार को स्वदेशी सप्ताह के समापन पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत असिस्टेंट प्रोफेसर रामबाबू पाल, उत्तम कुमार मिश्रा और प्रबंधक राकेश कुमार द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन से हुई।

प्रधानाचार्य डॉ. अनुपम सिंह के मार्गदर्शन में बच्चों ने स्वदेशी अपनाओ, देश बचाओ का संदेश देते हुए एकांकी प्रस्तुत किया। इसके बाद बच्चों ने स्वदेशी पर गीत गाए, जिसे दर्शकों ने सराहा। प्रोफेसर ने बच्चों से स्वदेशी पर चर्चा की, वहीं कविता पढ़ी। प्रबंधक राकेश ने उत्कृष्ट प्रस्तुतियों के लिए बच्चों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया। उन्होंने सभी को स्वदेशी पालन की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में विद्यालय के आचार्य, कर्मचारी और अभिभावक भी उपस्थित रहे।



स्वदेश सप्ताह के दौरान कार्यक्रम प्रस्तुत करते शिशु मंदिर के छात्र।

# सुखलाल खेड़ा कांड में कोबरा गैंग का सदस्य गिरफ्तार

**शुक्लागंज उन्नाव।** एसपी के निर्देश पर चलाये गये अभियान के गुरुवार सुबह गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने सुखलाल खेड़ा गांव में हुई फायरिंग और मारपीट के मामले में 34 लोगों के खिलाफ बलवा का मुकदमा दर्ज किया था। गुरुवार सुबह पुलिस ने बलवा के आरोपी व कोबरा गैंग के सदस्य को गिरफ्तार किया।

9 जुलाई को सुखलाल खेड़ा गांव में जमीन पर कब्जेदारी को लेकर दो पक्षों में हवाई फायरिंग हुई थी और लाठी डंडे भी चले थे। जिस पर पुलिस ने 14 नामजद समेत 34 के खिलाफ पुलिस ने बलवा का मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस आरोपियों की बराबर गिरफ्तारी करती चली आ रही है। गुरुवार सुबह भी पुलिस ने बलवा के आरोपी सुखलाल खेड़ा निवासी दीपू निषाद को सरैयां निर्माणाधीन आरओबी के नीचे से गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित कोबरा गैंग का सदस्य है।

# पुलिसबल के साथ एसपी ने कार्यक्रम स्थल देखा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** गुरुवार को एसपी ने फोर्स के साथ मिश्रित इलाकों का भ्रमण करने के साथ आयोजन स्थलों का निरीक्षण किया और वहां तैनात पुलिस कर्मियों को सुरक्षा को देखते सतर्क रहने के निर्देश दिये।

एसपी दीपक भूकर ने गुरुवार को फोर्स के साथ शहर में नवरात्र पर आयोजित दुर्गा पूजा पंडालों व रामलीला मंचन के स्थानों का निरीक्षण किया। त्योहारों को लेकर सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की चूक न हो इसके लिए एसपी खुद सड़क पर उतरे और अधीनस्थों से जानकारी ली और रामलीला मैदान की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में भ्रमण करने के साथ शहर के भीड़भाड़ वाले इलाकों का निरीक्षण किया। इस दौरान एएसपी उत्तरी अखिलेश सिंह भी रहे। एसपी ने बताया कि पूरे जिले में त्योहारों को लेकर सतर्कता के साथ सतत निगरानी रखी जा रही है।



रामलीला मैदान गेट पर मातहतों को निर्देश देते एसपी दीपक भूकर।

### एंटी रोमियो स्क्वायड भी हुआ अलर्ट

**उन्नाव।** आगामी त्योहारों को देखते हुए एंटी रोमियो स्क्वायड व महिला बीट अधिकारी भी अलर्ट मोड पर हैं। 'मिशन शक्ति' अभियान के तहत गुरुवार को जिले के सभी थानों पर गश्त व चेंकिंग कर महिलाओं और बालिकाओं को आत्मरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव व सोशल मीडिया के प्रयोग में सावधानी के संबंध में जागरूक किया। इस दौरान भीड़भाड़ वाले क्षेत्र पर एंटी रोमियो स्क्वायड की कड़ी नजर रही।

# चोरों की दहशत से रात भर जागने को मजबूर ग्रामीण

**औरास।** थानाक्षेत्र के विभिन्न गावों में चोर आने के अफवाहों के चलते के लोग दहशत में हैं। इसके चलते वे रातभर अपने घरों में बारी-बारी से जग रहे हैं। उनका कहना है कि आएदिन किसी न किसी गांव में चोरों के आने की सूचना मिलती है। इसके बाद वह अफवाह में बदल जाती है। इसे देखते हुए लोग सड़कों पर एकजुट होकर पहरा दे रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि रात में पीआरवी व हल्का पुलिस द्वारा बराबर गस्त भी की जा रही है। एसओ अश्वनी कुमार मिश्र ने बताया कि थानाक्षेत्र के विभिन्न गावों में ग्रामीणों के साथ बैठक कर उन्हें सुरक्षा का एहसास दिलाते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये जा रहे हैं। कुछ लोगों का मानना है कि कुछ अराजकतत्व रात में इधर-उधर घूमते हैं। जिन्हें लोग दहशत के चलते चोर समझ बैठते हैं और शोर मचा देते हैं।

### पूर्व बार अध्यक्ष अधिवक्ताओं के साथ करेंगे चंद्रिका माता के दर्शन

**उन्नाव।** बार एसोसिएशन के चुनाव में इस साल पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र अवस्थी भी दावा ठोकेंगे। अपने चेंबर में आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने बताया वे अपने सहयोगी अधिवक्ताओं के साथ शुक्रवार को बक्सर स्थित मां चंद्रिका देवी मंदिर में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लेंगे। दावा किया कि इस दौरान उनके साथ 500 अधिवक्ता रहेंगे। बताया कि दर्शन के बाद वह आधिकारिक रूप से बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने की घोषणा करेंगे।

# एबीसी केबल डालने में सैकड़ों घरों की बिजली घंटों गुल

**शुक्लागंज उन्नाव।** गुरुवार को एलटी तार बदलने के लिए सुभाष नगर मोहल्ले में सुबह 11 बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक लगभग छह घंटे तक बिजली बंद रही। इस दौरान एबीसी केबल डालने का काम किया गया, जिससे 400 से अधिक घरों की बिजली सप्लाई बाधित हुई। कार्यदायी संस्था ने जेई आशुतोष तिवारी की देखरेख में एलटी लाइन उतारकर एबीसी केबल का कार्य पूरा किया। बिजली की अनुपलब्धता से सैकड़ों लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। घरों में लगे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बिना उपयोग के शोपीस बन गए, और पानी की टंकियां खाली होने से लोगों को पानी की कमी का सामना करना पड़ा।

# वाद-विवाद स्पर्धा में विद्यार्थियों ने रखे तर्क

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** शहर स्थित महात्मा गांधी पुस्तकालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व पीएम लाल बहादुर शास्त्री की जयंती विगत वर्षों की तरह हर्षोल्लास के साथ मनाई। सबसे पहले ध्वजारोहण व राष्ट्रगान कर दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रृद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम में पहले 20 विद्यालयों ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में सहभागिता की। प्रतियोगिता के विषय 'निजीकरण राष्ट्र के विकास में सहायक है' में प्रथम स्थान पर जेएन शाह इंटर कॉलेज के छात्र अविकल्प मिश्रा रहे। द्वितीय स्थान पर सेंट लॉरेंस इंटर कॉलेज की छात्रा वर्णिका शुक्ला रही। वहीं, तृतीय स्थान पर केंद्रीय विद्यालय के छात्रा ओजस्वी यादव रही। निर्णायक मंडल में शैलेंद्र त्रिवेदी, डा. शशि रंजना अग्निहोत्री व डा. केके मिश्रा रहे। संचालन डॉ. रामनरेश ने किया। मुख्य अथिति जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह व प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अरविंद श्रीवास्तव व विशिष्ट अतिथि के नगर पालिकाध्यक्ष श्वेता मिश्रा रही। वहीं गौसिया खान, वेणु रंजन भदौरिया, शशांक शेखर सिंह, धन्वंतरि देव गुप्ता रहे।



छात्र को सम्मानित करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह व मौजूद अन्य लोग।

● महात्मा गांधी व शास्त्री जी को किया याद

## सार-संक्षेप



शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते लोग।

**उन्नाव।** पूर्व सैनिक बोर्ड कल्याण में शहीद सैनिकों की स्मृति में श्रद्धा सुमन- एवं शहीद सैनिक श्राद्ध कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में पूर्व सैनिक संयुक्त संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ए .के . दीक्षित, जिलाध्यक्ष सतीश बाजपेई, पूर्व कर्नल दयाशंकर दुबे, रिटायर्ड मेजर, एनसीसी कैडेट, सैनिक, अधिवक्ता एवं पत्रकार साथी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक अंकित शुक्ल ने सभी के साथ सैनिकों को जल अर्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में ग्रीन एंड क्लीन मुहिम को उन्नाव से लेकर प्रदेश तक में एक विशाल आंदोलन के रूप में स्थापित करने के लिए दरोगा अनूप मिश्र व शिक्षक प्रदीप वर्मा को देश को प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग से बचाने के लिए एक सैनिक की भांति देश सेवा का कार्य करने के लिए सैनिक गौरव सम्मान प्रदान किया गया। प्रदीप वर्मा ने कहा कि हम शहीदों की स्मृति में उन्नाव के सभी शहीद स्थल पर अपनी पूरी टीम के साथ जाकर उनकी स्मृतियों में जल्द ही पौधरोपण कर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।



कवि सम्मेलन की बैठक करते संस्था के पदाधिकारी।

### 'आचमन' के स्थापना दिवस पर होगा कवि सम्मेलन

**उन्नाव।** जिले की प्रमुख साहित्यिक-सांस्कृतिक संस्था 'आचमन' का वार्षिक कवि सम्मेलन 19 अक्टूबर दिन शनिवार को शाम को छह बजे से सिविल लाइन्स में होगा। यह जानकारी संस्था के प्रमुख आरपी वर्मा 'सरस' व उमानिवास बाजपेई ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में एक पठनीय, संग्रहणीय पत्रिका एवं जिले के वरिष्ठ रचनाकार अवधेश कुमार श्रीवास्तव की काव्य कृति का विमोचन भी होगा। विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों को सम्मानित किया जायेगा। संस्था के 25 वें स्थापना 'रजत जयन्ती' वर्ष में आयोजित कविसम्मेलन में देश के नामचीन कवि पधारेंगे। जिसमें दिल्ली से पद्मश्री डा . सुनील जोगी, भोपाल से डा . अनुसपन, मथुरा से मनवीर मधुर, मुम्बई से चन्दन राय, बनारस से डा . अनिल चौबे, बाराबंकी से रामकिशोर तिवारी आदि राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कवियों को आमंत्रित किया गया है। इस दौरान संस्था के संरक्षक प्रो . मनोज श्रीवास्तव, डा . मुकेश सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष रामसकल सिंह, मोहनी शंकर पांडेय, डा . कृष्ण कुमार मिश्र, कैलाशनाथ द्विवेदी, अवधेश कुमार श्रीवास्तव, जीपी वर्मा, शैलेंद्र त्रिपाठी, डीके मिश्र, प्रेमकुमार सिंह, अधिवक्ता ओ .पी . तिवारी, राकेश द्विवेदी, संजय सिंह, सभासद अतुल वर्मा, पंकज लोधी, विनय त्रिपाठी व अनुराग वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

उठाई आवाज — पुरानी पेंशन बहाली को लेकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा

# नो यूपीएस, नो एनपीएस ओनली ओपीएस के लगाए नारे

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** संयुक्त संघर्ष संचालन समिति (एस-4) ने गुरुवार को सिंचाई भवन में बैठक कर एनपीएस व यूपीएस के विरोध में हुंकार भरी। गांधी जयंती के अवसर पर सरकार के सामने पुरानी पेंशन बहाली, शिक्षामित्रों और अनुदेशकों के नियमतीकरण, कोरोना काल के दौरान शिक्षकों-कर्मचारियों के रोके गए भत्तों की बहाली सहित 13 सूत्रीय मांगे लेकर सिंचाई भवन से गांधी प्रतिमा तक कैंडल मार्च निकाला।

एस-4 के जिलाध्यक्ष प्रदीप वर्मा व जिला संयोजक संजीव संखवार के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा गया। जिसमें जिले के शिक्षक, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों व कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान वे पुरानी पेंशन बहाल करो, नो यूपीएस नो एनपीएस ओनली ओपीएस के नारे लगाते हुए एस-4 के बैनर के साथ सिंचाई भवन से जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। ज्ञापन देने वालों में जिला सह संयोजक के रूप में योगेश सिंह, सुधाकर तिवारी, सचिन मिश्र, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष भरत चित्रांशी, अटेवा के जिला मंत्री राज करन, पुरवा अध्यक्ष सुरेंद्र साहू, कोषाध्यक्ष अमित तिवारी, अमित नागी, दीपा तिवारी, शिवानी गुप्ता, उमेश मौर्य, एसपी सिंह, रमेश चंद्र मिश्र, कमर आफताब, सौरभ वैश्य, ब्रजेश मिश्र व अनुदीप सहित अन्य लोग मैजूद रहे।




महात्मा गांधी लॉन से कैंडल मार्च निकालते शिक्षक संगठन के पदाधिकारी।

● शिक्षामित्र व शिक्षक संगठन के पदाधिकारी बोले, उनकी मांगें हर हाल में माने सरकार

# अवैध अतिक्रमण व सफाई को लेकर महिलाओं ने दिया ज्ञापन

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गुरुवार को हरि हर गौ एवं जन सेवा संस्थान की महिला सदस्यों ने नगर पालिका परिषद गंगाघाट ईओ से संबोधित ज्ञापन एसबीएम प्रभारी अनूप शुक्ला को सौंपा। जिसमें इंद्रा नगर के रविदास पार्क के पास वार्ड पांच और वार्ड तीन में अवैध अतिक्रमण की शिकायत की गई है ।

ज्ञापन देने वाली महिलाओं ने बताया कि नाले के आसपास निवास कर रहे लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है, जिससे गली में चलना मुश्किल हो गया है। चौड़ी गली अब बेहद संकरी हो गई है, जिससे दोपहिया वाहनों का निकलना भी कठिन हो गया है। इसके अलावा, नाले के किनारे एक खाली प्लॉट में अत्यधिक कूड़ा जमा हो गया है, जिससे बदबू और मच्छर पैदा हो रहे हैं। महिलाओं ने कहा कि अतिक्रमण हटाया जाये और प्लॉट की सफाई के लिए उचित कार्रवाई की जाए । इस अवसर पर मनीष कश्यप, प्रीत के साथ सुधा बाजपेयी, रामपति, छाया तिवारी, मुन्नी देवी, शारदा देवी, अंजू, कांती, कोमल, अंजली आदि सदस्य मौजूद रहे। जिस पर एसबीएम प्रभारी ने साफ सफाई और अतिक्रमण हटवाने को लेकर आश्वासन दिया है।



ईओ से संबोधित ज्ञापन सौंपते हरि हर गो एवं जन सेवा संस्थान के पदाधिकारी।

यद्यत्संदृश्यते लोके सर्वं तत्कर्मसम्भवम्।
सर्वां कर्मांनुसारेण जन्तुर्भोगान्भुनक्ति वै ॥

लोगों के बीच जो सुख या दु:ख देखा जाता है कर्म से पैदा होता है। सभी प्राणी अपने पिछले कर्मों के अनुसार आनंद लेते हैं या पीड़ित होते हैं।

## संपादकीय

# ऐतिहासिक फैसला

सैकड़ों वर्षों से चली आ रही जातीय भेदभाव की परिपाटी समाज से पूरी तरह हटाई नहीं जा सकी है। जेल में कैदियों के साथ जातीय आधार पर भेदभाव किया जाना ज्यादा गंभीर इसलिए है, क्योंकि जेल शासन व्यवस्था का एक हिस्सा है, जो देश के संविधान और कायदे-कानूनों से संचालित है। सर्वोच्च न्यायालय ने गुरुवार को एक जनहित याचिका पर ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए कुछ राज्यों की जेल नियमावली के भेदभावपूर्ण प्रावधानों को खारिज कर दिया तथा जाति आधारित भेदभाव, काम के बंटवारे और कैदियों को उनकी जाति के अनुसार अलग वार्डों में रखने के चलन की निंदा की। हालांकि यह बुराई समाज से ही जेल में पहुंच रही है, परंतु इसे रोकने का दायित्व तंत्र का है। याचिका में उदाहरणों के साथ बताया गया कि देश की कई जेलों में खाना बनाने जैसे काम कथित ऊंची जाति के कैदियों को सौंपा जाता है, जबकि झाड़ू लगाने और शौचालयों की सफाई करने जैसे कार्य कुछ खास निचली जातियों के कैदियों को दिए जाते हैं। देश के बहुत से राज्यों में जेल मैनुअल जाति के आधार पर इस तरह के कार्य विभाजन की इजाजत देते हैं। हालांकि 2003 का मॉडल जेल मैनुअल कहता है कि कार्य विभाजन सुरक्षा, अनुशासन और संस्थानिक कार्यक्रमों के आधार पर ही होना चाहिए।

भारत में जेल प्रणाली पर भेदभावपूर्ण प्रथाओं को कायम रखने का आरोप है, जिसमें जाति पदानुक्रम के आधार पर श्रम का विभाजन और बैरकों का जाति आधारित अलगाव शामिल है। न्यायालय ने जेल मैनुअल नियमों की आलोचना करते हुए इसे एक तरह से मौलिक समानता के विपरीत कहा। जातिगत भेदभाव को रोकने के लिए भारतीय संविधान में अनुच्छेद 15, 16 और 29 में प्रावधान है। भारत के संविधान में अनुच्छेद 15 में कहा गया है कि राज्य किसी भी नागरिक के खिलाफ केवल धर्म, नस्ल, जाति, लिंग, जन्म स्थान या इनमें से किसी के आधार पर भेदभाव नहीं करेगा। संविधान में यह अनिवार्य किया गया है कि कैदियों के साथ मानवीय व्यवहार किया जाना चाहिए और जेल प्रणाली को कैदियों की मानसिक और शारीरिक स्थिति के बारे में पता होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट का महत्वपूर्ण फैसला सही है। राज्य व केंद्र शासित प्रदेशों को जेल नियमावली में बदलाव के निर्देश से साबित है कि भारतीय जेलों में जातिगत भेदभाव जारी नहीं रहने दिया जाएगा। उम्मीद की जाए कि राज्यों के जेल मैनुअल को अपडेट करते समय सभी आवश्यक कदम उठाते हुए इस तरह के चलन पर जल्द से जल्द रोक लगाई जाएगी।

# श्रद्धा भाव का नाम है, किसी कर्मकांड का नहीं



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

रीतियां परिस्थितियों के अनुसार बदलती रही हैं, बदल रही हैं और बदलती रहेंगी। रही बात अंधविश्वास की तो उसके विवेचन के लिए लोकजीवन से जुड़ना ही होगा। कभी आदिवासियों के जीवन में जाकर देखें कि पूर्वजों के प्रति कृतज्ञ भाव से उनके बीच कितने प्रकार के कर्मकांड किए जाते हैं?



अनेक कालेज हैं, अस्पताल हैं, धर्मशाला हैं, लोगों ने अपने पूर्वजों के प्रति कृतज्ञभाव और श्रद्धाभाव से बनवाई थीं। यह भी श्राद्ध का ही एक रूप है। श्राद्ध अर्थात श्रद्धया देयं। अपने पूर्वजों के प्रति कृतज्ञ भाव से आप समाज के लिए जो कुछ श्रद्धा भाव से कर सकें, करें, वह श्राद्ध ही है। व्यर्थ का वितंडा किसलिए? पिता का श्राद्ध क्यों किया? चाचा का क्यों नहीं किया? अकल मत छांटिए। यह व्यक्तिगत श्रद्धा है। आप पूछने वाले कौन हैं? जो श्रद्धा का विषय है, उसे श्रद्धाभाव से ही समझा जा सकता है। श्रद्धा नहीं है तो श्राद्ध मत करिए। श्रद्धा भाव का नाम है, किसी कर्मकांड का नाम नहीं है। जल की अंजलि से भी, जिसे तर्पण कहते हैं, श्राद्ध हो जाता है। मूल तो भाव है, श्रद्धा।

कुछ लोग क्रांति के लिए चल पड़े हैं, उनकी क्रांति का स्वरूप क्या है? लोगों का उनकी क्रांति से कोई नाता है या नहीं? वह क्रांति लोकजीवन से जुड़ी है या किताबी है और कुल्लड़ में तूफान वाली है? उनकी प्राथमिकता क्या है? वह किसके विरुद्ध है, व्यवस्था में क्या परिवर्तन करना है, कैसे करना है? उसका अग्रणी कौन है, उसके प्रति लोगों का भरोसा भी है या नहीं है? क्या वे अकेले ही बहुत हैं या लोक को साथ लेकर चलना होगा? क्या वह क्रांति बहस-बहस खेलने से हो जाएगी?

इन प्रश्नों पर कोई गंभीर विमर्श नहीं पढ़ा। कभी कुछ लोग ईश्वर की अवधारणा को लेकर कुछ कह देते हैं तो कभी श्राद्ध को लेकर ही क्रांति कर रहे हैं। सोशल साइट पर पच्ची-पचास टिप्पणी पढ़ चुका हूं। किंतु बहस-बहस खेलने में ही जिनकी रुचि है, उनसे क्या कहा जा सकता है? पंडित बनारसी दास चतुर्वेदी जिन दिनों राज्यसभा के सदस्य थे, उन दिनों उन्होंने शहीदों का श्राद्ध मिशन चलाया था। क्रांतिकारियों पर केवल जीवनी ही नहीं लिखीं, उनके परिवारियों की खोज खबर ली और उनकी मदद की। इससे श्राद्ध शब्द में नया अर्थ भर गया। मूल शब्द श्रद्धा है और वह किसी तर्क का मोहताज नहीं है। राजघाट पर बापू की समाधि पर अखंडदीप क्या उनके प्रति श्राद्ध नहीं है? राजघाट पर क्यों जाते हो? उस जमाने में लेनिन की समाधि पर भी कई तरह से श्रद्धा व्यक्त की जाती थी? उसे आप जो चाहें सो कहें, परंतु वह श्राद्ध ही तो है। श्रद्धांजलि क्या है?

अनेक कालेज हैं, अस्पताल हैं, धर्मशाला हैं, लोगों ने अपने पूर्वजों के प्रति कृतज्ञभाव और श्रद्धाभाव से बनवाई थीं। यह भी श्राद्ध का ही एक रूप है। श्राद्ध अर्थात श्रद्धया देयं। अपने पूर्वजों के प्रति कृतज्ञ भाव से आप समाज के लिए जो कुछ श्रद्धा भाव से कर सकें, करें, वह श्राद्ध ही है। व्यर्थ का वितंडा किसलिए? पिता का श्राद्ध क्यों किया? चाचा का क्यों नहीं किया? अकल मत छांटिए। यह व्यक्तिगत श्रद्धा है। आप पूछने वाले कौन हैं? जो श्रद्धा का विषय है, उसे श्रद्धाभाव से ही समझा जा सकता है। श्रद्धा नहीं है तो श्राद्ध मत करिए। श्रद्धा भाव का नाम है, किसी कर्मकांड का नाम नहीं है। जल की अंजलि से भी, जिसे तर्पण कहते हैं, श्राद्ध हो जाता है। मूल तो भाव है, श्रद्धा। सनातन धर्म ने ऐसा कोई कानून नहीं बनाया है कि श्रद्धा नहीं है, तो भी कर्मकांड करना ही होगा। सनातन धर्म कोई एक पंथ नहीं है, हजारों सांस्कृतिक धाराओं का समाहार है। श्राद्ध नहीं करते, वे भी वहां मौजूद हैं।

रीतियां परिस्थितियों के अनुसार बदलती रही हैं, बदल रही हैं और बदलती रहेंगी। रही बात अंधविश्वास की तो उसके विवेचन के लिए लोकजीवन से जुड़ना ही होगा। कभी आदिवासियों के जीवन में जाकर देखें कि पूर्वजों के प्रति कृतज्ञ भाव से उनके बीच कितने प्रकार के कर्मकांड किए जाते हैं? उनको ये कर्मकांड सिखाने के लिए कौन गया था? सर्वे करना होगा, प्यार प्रीत से विमर्श करना होगा। अपने को लोगों से अधिक बुद्धिमान मानकर बहस करने से तो आपका अहंकार ही सिद्ध होगा। क्या आप अपने को बहुत प्रगतिशील, बुद्धिमान और इन लोगों को बुद्धिहीन मान बैठे हैं? ऐसी भावना आपको लोकजीवन से और अधिक दूर ले जाएगी और आप कुछ नहीं कर सकेंगे। बहसें? बहसें कितनी निरर्थक हैं, यह हम विभिन्न चैनलों पर देख ही रहे हैं। आदिम मानसः उस समय मेरी अवस्था लगभग आठ साल की रही होगी कि एक सबेरे जगकर नीचे आया तो घर में शोक व्याप्त हो गया था। मेरी प्यारी-प्यारी दादी! मर गईं। कल तक जो दादी जमना किनारे कथा सुनने गई थी तो मुझे भी अपने साथ ले गई थी। कल तक उसे मेरी इतनी चिंता थी और आज वह मुझसे बोल भी नहीं रही थी। इतनी जोर -जोर से दादी-दादी चिल्ला रहा था। रात्रि पर्यंत घर-परिवार, पड़ोस के स्त्री-पुरुषों से दादी की बातें सुनता रहा या फिर गुम-सुम बैठा रहा, उदास रहा। रात को बुआ से पूछा कि दादी अब मुझे प्यार नहीं करेगी न! बुआ ने कहा कि अब वह स्वर्ग में बैठ करके तेरे लिए आशीर्वाद देती रहेगी। मैंने पूछा कि वह स्वर्ग कहां है और वह किस जगह बैठी है? तब बुआ ने आसमान के किसी सितारे की ओर उंगली की। मैं उन सितारों में अपनी दादी को निहारने लगा।

मुझे धुंधली सी याद है कि मैं जब भी रात को अकेले में होता, घंटों तक दादी वाले सितारे की खोज करता रहता। परलोक से यह मेरा पहला परिचय था। सबेरे पंड्याजी आते और वे दादी के स्मरण के साथ मंत्र पढ़ते और पिताजी तिल व जौ के साथ दादी के लिए तर्पण करते। बहुत बाद में जब मानवशास्त्र पढ़ा तो पाया कि मृतकों का पंथ (कल्ट ऑफ डैड) समस्त संसार के सांस्कृतिक समूहों में विश्वासप्रणाली और कर्मकांड के रूप में निरंतर विकसित होता रहा है। समस्त संसार में मृत पूर्वजों की स्मृति से जुड़ी कोई न कोई परंपरा है। मिस्र के पिरामिड कल्ट ऑफ डैड के जीते जागते उदाहरण हैं। ऐसे उदाहरण संसार में भिन्न-भिन्न रूपों में मौजूद हैं, हर बार केवल हिंदू धर्म और ब्राह्मण को ही टारगेट करना विवेक सम्मत नहीं होगा। कोई किसी को बाध्य नहीं कर सकता। और आप? आपने सत्ता की सेवा के अलावा क्या-क्या किया है? बतलाइए तो सही। आपने कोई सर्वे किया है? समाज के लिए सचमुच कुछ करना चाहते हैं तो लोकजीवन के साथ तदाकार होना पड़ेगा। अहंकार से नहीं, श्रद्धा के साथ। बात वर्ग की नहीं, समष्टि विवेक की है, समष्टि हित की है, समष्टि विमर्श की है।

सबसे पहले मनुष्य को जानना है। मनुष्य के मन को समझना है, आदिम मानस कहीं गया नहीं है। वैज्ञानिकता- वैज्ञानिकता का कोलाहल है, क्या मनुष्य-मनुष्य का शोषण नहीं कर रहा? नारी पर प्रति दिन अत्याचार की खबरें आती हैं, आप क्या कर रहे हैं? जब तक युद्ध हो रहे हैं, जब तक मनुष्य ही मनुष्य पर अत्याचार कर रहा है, तब तक ये बहसें कितनी व्यर्थ और आडंबरी हैं? समाज के लिए इन तथाकथितों ने सचमुच कुछ त्याग और समर्पण किया होता तो यह परिदृश्य क्यों दिखता? पार्टी? पार्टी तो सत्ता के लिए ही है। पार्टी के लिए तो वे भी प्राण देने और लेने को तैयार हैं।

## प्रसंगवश

# युद्ध भी करती रही है नारी

शारदीय नवरात्र चल रहे हैं और शक्ति की मूर्तिमती दुर्गा मां की सर्वत्र आराधना हो रही है। वे युद्ध की देवी हैं। उनका आविर्भाव ही दैत्यों के दमनार्थ हुवा, वह भी तब जब सभी देवता इसमें असमर्थ हो गए। उनका एक नाम ही 'कलही' है। कवियों ने उन्हें 'योधनावृतकपर्दिनी' कहा, क्योंकि संग्राम करते समय वे अपने प्रलंब केशों का जूड़ा बांध लेती हैं। वे युद्ध काल में तमोभाव और उग्रता लाने के लिए मधुपान भी कर लेती हैं। इन मां के अलावा भी भारतीय नारी युद्ध में भाग लेती रही है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

ऋग्वेद में 'विष्कला' नामक नारी का उल्लेख है, जो युद्ध में घायल हुई। उसका एक पैर खंडित हो गया, तब वह लोहे का दूसरा पैर लगवाकर आई और फिर से युद्ध में सहभागिता की। अथर्ववेद में प्रसव हेतु जाती महिला को 'विष्कले!' कहकर संबोधित किया गया, यानी यह शब्द स्त्री का पर्यायवाची बन गया। रामायण काल में कैकेयी अपने पति राजा दशरथ के साथ देवासुर संग्राम में गई थीं। वहां दशरथ के रथ का धुरा टूट गया, तो तत्काल वीरांगना ने धुरे की जगह अपना हाथ लगा दिया और दशरथ कुशलतापूर्वक युद्ध करते रहे। युद्ध के अंत में जब उन्हें कैकेयी के इस शौर्य का पता चला, तो उन्होंने रानी को दो वरदान मांगने को कहा, जिसका इतिहास प्रसिद्ध ही है। पूर्व काल में यहां नारियों की सैन्य टुकड़ियां भी होती थीं। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त ने अपने 'सिद्धराज' खंडकाव्य में 'वामाव्यूह' का जिक्र किया है।

बारहवीं शताब्दी के शुरू में सिद्धराज जयसिंह गुजरात के राजा थे और वर्तमान पाटन उनकी राजधानी थी। राष्ट्रकवि के अनुसार घोड़ों पर सवार, दीर्घ खड्ग हाथ में लिए, अनेक महिला सेनानियों का पथ संचालन होता था। मेवाड़ की महाराणी कर्मवती ने बहादुरशाह की सेना से युद्ध किया था और वीरांगनागति को प्राप्त हुई थीं। वे वीर शिरोमणि राणा सांगा की पत्नी थीं। झांसी की महारानी लक्ष्मीबाई को कौन नहीं जानता, जिन्होंने पीठ पर शिशु पुत्र को बांधकर, अंग्रेजों की सेना से युद्ध किया था और अंततः मृत्यु का आलिंगन किया। कभी युद्ध न हारे विप्र शिरोमणि बाजीराव पेशवा की पत्नी मस्तानी उनके साथ युद्ध में रहती थीं।

# कोयला बिजली बंद करने वाला पहला जी-7 देश



प्रकाश श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

ब्रिटेन ने यह कदम अचानक ही उठा लिया हो, ऐसा नहीं है। 2015 में ब्रिटेन ने घोषणा की थी कि वह अगले दशक में अपने पर्यावरण लक्ष्यों तक पहुंच की दिशा में व्यापक कदम उठाएगा।

कोयला-बिजली संयंत्रों के इतिहास की तह में जाएं तो सामने आता है कि दुनिया का सबसे पहला कोयला आधारित बिजली संयंत्र मध्य लंदन में 1882 में स्थापित किया गया था। इसका डिजाइन थॉमस एडिसन ने बिजली के बल्व की खोज के तीन साल बाद तैयार किया था। इस संयंत्र के अब कोई भी अवशेष बाकी नहीं हैं, लेकिन यादों में यह जीवित है।

रैटक्लिफ ऑन सोर संयंत्र 1963 में बनना शुरू हुआ और 1967 में यह शुरू हुआ। 60 साल के अपने इतिहास में जीवाश्म-ईंधन संयंत्र की उम्र के विपरीत दोगुनी सेवाएं दी। 1980 के दशक में ब्रिटेन का 70 प्रतिशत से अधिक बिजली उत्पादन कोयले से होता था, पर यह अनुपात घटकर 2013 में 38 फीसद, 2018 में 5 और पिछले वर्ष एक फीसदी पर आ गया। भारत में बिजली उत्पादन के लिए कोयले का उपयोग विकसित देशों की तुलना में कई दशकों बाद शुरू हुआ। भारत का पहला प्रमुख थर्मल पावर प्लांट हैदराबाद में 1920 में स्थापित किया गया था। हुसैन सागर झील के किनारे पर इसका निर्माण हैदराबाद के 7 वें निजाम, मीर उस्मान अली खान ने कराया था। विशेषज्ञों का अनुमान है कि कोयला अगले कुछ दशकों तक भारत की ऊर्जा आपूर्ति का एक हिस्सा बना रहेगा।

भारत, चीन के बाद बिजली उत्पादन के लिए दुनिया में कोयले का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता देश है। भारत में कोयला आधारित बिजली उत्पादन की हिस्सेदारी 2019-20 में 71 प्रतिशत थी, जो 2023-24 में बढ़कर 75 प्रतिशत हो गई। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के अनुसार 2023 में यूरोप और अमेरिका में कोयले की खपत में कमी आई जबकि भारत में इसमें 8 और चीन में 5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। हालांकि यूनाइटेड किंगडम ने बिजली उत्पादन के लिए जीवाश्म ईंधन पर अपनी निर्भरता पूरी तरह खत्म कर दी है। नॉटिंघमशायर स्थित कोयला आधारित बिजली उत्पादन संयंत्र रैटक्लिफ-ऑन-सोर बंद हो रहा है। यह ब्रिटेन का आखिरी संयंत्र था, जहां कोयले से बिजली का उत्पादन किया जा रहा था। ब्रिटेन के इस कदम से देश में कोयले से बिजली उत्पादन का 142 साल का एक युग खत्म हो गया।

ब्रिटेन ने 1882 में लंदन के होलबोर्न वियाडक्ट में दुनिया का पहला कोयला आधारित बिजली संयंत्र स्थापित किया था, तब से लेकर अभी तक यूनाइटेड किंगडम के कोयला-बिजली संयंत्रों में लगभग 4.6 बिलियन टन कोयले की खपत हो चुकी है और लगभग 10.4 बिलियन टन कार्बन डाईऑक्साउड (सीओ 2) का उत्सर्जन हो चुका है। कहने की जरूरत नहीं कि यूनाइटेड किंगडम का चरणबद्ध तरीके से कोयला-बिजली संयत्रों को बंद करना न केवल 2030 तक बिजली क्षेत्र को डीकार्बोनाइज करने और 2050 तक देश को शुद्ध शून्य उत्सर्जन तक पहुंचाने के लक्ष्य के लिए प्रतीकात्मक उद्देश्य है। यह एक ऐसा कदम भी है, जहां पवन और सौर जैसी नवीकरणीय ऊर्जा में तेजी से वृद्धि की जरूरत होगी। इलेक्ट्रिसिटी ऑपरेटर नेशनल ग्रिड के अनुसार वर्ष 2023 में देश के बिजली उत्पादन में नेचुरल गैस की एक-तिहाई, पवन ऊर्जा की एक चौथाई और न्यूक्लियर पावर की 13 फीसद हिस्सेदारी थी। कुछ भी हो, यूके ने कोयला आधारित बिजली संयंत्र को बंद कर जी-7 देशों में मील का पत्थर तो बन ही गया है। साथ ही दुनिया के लिए दरवाजे भी खोले हैं कि वे शून्य कार्बन उत्सर्जन की दिशा में आगे आ सकते हैं।

ब्रिटेन ने यह कदम अचानक ही उठा लिया हो, ऐसा नहीं है। 2015 में ब्रिटेन ने घोषणा की थी कि वह अगले दशक में अपने पर्यावरण लक्ष्यों तक पहुंच की दिशा में व्यापक कदम उठाएगा। यूके की पूर्व राजनयिक और पावरिंग पास्ट कोल एलायंस सिक्रेटिएट की मुखिया जूलिया स्कोप्स्की कहती हैं- 'ब्रिटेन ने साबित कर दिया है कि अभूतपूर्व गति से कोयला आधारित बिजली संयंत्रों को चरणबद्ध तरीके से खत्म करना संभव है।' ब्रिटेन के बाद जी-7 के देशों में इटली अगले साल तक फ्रांस 2027 में कनाडा 2030 में और जर्मनी 2038 में कोयला बिजली संयंत्रों को खत्म करने की योजना बना रहा है। जापान और संयुक्त राज्य अमेरिका ने की कोई वर्ष तय नहीं किया है।

ग्रीनपीस यूके के डायरेक्टर डौग पार्र कहते हैं कि 'ब्रिटेन ने एक उदाहरण पेश कर दिया है, बाकी दुनिया को जिसका अनुसरण करना चाहिए। तेल और गैस का इस्तेमाल चरणबद्ध तरीके से खत्म करने के लिए आगे बड़ी लड़ाई लड़नी है ताकि जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल से हटने का वादा पूरा किया जा सके।' अब आधिकारिक रूप से लगभग 150 साल का ब्रिटिश कोल पावर का इतिहास किताबों में दर्ज हो गया।

## सोशल फोरम

# बदलाव का रास्ता

ये स्थितियां शासक वर्गों के हित में होती है, इसलिए वे इन्हें खूब बढ़ावा देते हैं। इन हालात को बदलने के लिए भगत सिंह के शब्दों में कहें तो इंसानियत की रूह में हरकत पैदा करने के लिए क्रांति की सोच को फिर से ताजी करने की जरूरत होती है।

परिवर्तन तो प्रकृति और समाज का नियम है। चीजें लगातार बदलती रहती हैं। बदलाव की क्रमिक प्रक्रिया लगातार जारी रहती है और बीच-बीच में क्रांतिकारी परिवर्तन की गुणात्मक छलांगें लगती रहती हैं। कुल मिलाकर बदलाव का रास्ता सर्पिल होता है, पर उसमें जगह-जगह तमाम चढ़ाव-उतार और मोड़-घुमाव होते हैं।

कई-कई बार इतिहास का रथ किसी कठिन चढ़ाई से पीछे की ओर लुढ़ककर दलदली खाई में धंस जाता है। फिर जब तक वह फिर से आगे गतिमान नहीं होता, ऐसा लगता है मानों गति रुक गई हो, मानो फिर से नई ऊंचाइयां नापना असंभव हो गया हो। ऐसे उलटाव और ठहराव के दिनों में लोग बदलाव के बारे में शंकालु हो जाते हैं और भरोसा खो देते हैं। फिर वे यथास्थिति के साथ समझौता करके जीने की कोशिशें करने लगते हैं।



कविता कृष्णापल्लवी
स्वतंत्र पत्रकार

गति के नियमों से उनका भरोसा उठ जाता है। वे विज्ञान और तर्कणा की ओर पीठ करके खड़े हो जाते हैं। जैसे ही वे ऐसा करते हैं, उनका मुंह रूढ़ियों और अंधविश्वास की ओर हो जाता है। लोग जब भविष्य की ओर पीठ करके खड़े होते हैं तो उनका मुंह अतीत की ओर हो जाता है। जब क्रांति की लहर पर प्रतिक्रांति की लहर हावी होती है तो पूरे समाज में स्वाभाविक तौर पर अतीतोन्मुखता, अतीतजीविता, धार्मिक रूढ़ियों और अंधविश्वासों का बोलबाला हो जाता है। ये स्थितियां शासक वर्गों के हित में होती है, इसलिए वे इन्हें खूब बढ़ावा देते हैं। इन हालात को बदलने के लिए भगतसिंह के शब्दों में कहें तो इंसानियत की रूह में हरकत पैदा करने के लिए क्रांति की सोच को फिर से ताजी करने की जरूरत होती है।

**-फेसबुक वॉल से**

# नवरात्रि का अर्थ

प्राचीन काल से ही हिन्दू धर्म तीन मुख्य संप्रदायों में बंटा रहा है- विष्णु का उपासक वैष्णव, शिव का उपासक शैव और शक्ति का उपासक शाक्त संप्रदाय। दुनिया के दूसरे तमाम धर्मों की तरह वैष्णव और शैव संप्रदाय सृष्टि की सर्वोच्च शक्ति पुरुष को मानते हैं।

देवी को ईश्वर के रूप में पूजने वाला शाक्त संप्रदाय दुनिया का संभवतः एकमात्र धार्मिक संप्रदाय है। शाक्त परंपरा के अनुसार शक्ति पूजा के नौ-दिवसीय उत्सव नवरात्रि का कल प्रारंभ हो चुका है। लोगों का विश्वास है कि इन नौ दिनों की कठिन उपासना से प्रसन्न होकर देवी उनका कल्याण करने उतरती हैं। सच तो यह है कि किसी आसमान में कोई देवी नहीं रहती। वह हर स्त्री के भीतर ही अवस्थित है उस सृजनात्मक और पालक शक्ति के रूप में जिसे प्रकृति ने सिर्फ और सिर्फ स्त्रियों को सौंपा है। उस अथाह प्यार, ममता और करुणा के रूप में जो कभी मां के रूप में व्यक्त होता है, कभी बहन, कभी बेटी, कभी मित्र, कभी प्रिया और कभी पत्नी के रूप में। दुर्गा पूजा, गौरी पूजा और काली पूजा स्त्री-शक्ति के तीन विभिन्न आयामों के सम्मान के प्रतीकात्मक आयोजन हैं। काली स्त्री का आदिम, अनगढ़ और अनियंत्रित स्वरुप है, जिस पर काबू करना पुरुष अहंकार के बस की बात नहीं। गौरी या पार्वती स्त्री का सामाजिक तौर पर नियंत्रित, गृहस्थ, ममतालु रूप है, जो सृष्टि का जनन और पालन करती है। दुर्गा स्त्री के आदिम और गृहस्थ रूपों के बीच की स्थिति है, जो परिस्थितियों के अनुरूप सौम्य भी है, करुणामयी भी और संहारक भी।



ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

नवरात्रि की सार्थकता तब है जब स्त्रियां अपने ही भीतर मौजूद काली, गौरी और दुर्गा को पहचानने, जगाए और आवश्यकता के अनुरूप उनका उपयोग करना सीखें। पुरुषों पर देवी तब ही प्रसन्न होगी जब वे स्त्रियों को अपने से कमतर और उपभोग की वस्तु समझने की मानसिकता छोड़कर उनका सम्मान करना सीख लेंगे।

# मुंबई का बच्चा और इतना हो हल्ला



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

इस बवाल को समझना इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि शायद इससे हमें अपने आसपास हो रहे बलात्कार और यौन हिंसा के बारे में कोई सुराग मिल सकता है।

मशहूर होने की चाहत में एक झल्ली लड़की जरूरत से कुछ कम कपड़ों में घूमने निकलती है। नादान मीडिया उसके झांसे में आकर जरूरत से ज्यादा हल्ला करता है। समाज और राजनीति के नेता बेवजह इस हल्की बहस में कूद पड़ते हैं, फिर भूख, बेरोजगारी, ट्रैफिक जाम और बदहाल सड़कों की चिंता छोड़ सारा शहर इस नैतिक पतन के शोक में डूब जाता है। किसी लड़की के ब्लाउज की गहराई एक दो इंच कम ज्यादा होने पर जो शहर ऐसे बावला हो जाए तो उसे मुंबई का बच्चा कहना ठीक नहीं। ऐसा अफगानिस्तान ईरान में होता है।

मुंबई में हर सड़क पर इतने (कम) कपड़ों में महिलाएं दिखती हैं और उन्हें कोई नहीं देखता, लेकिन मेरे शहर इंदौर की सारी नैतिकता एक लड़की के ब्लाउज के सहारे खड़ी थी, जो उसके नीचे खिसकने से भरभरा कर गिर पड़ी। व्हाट्सएप दुनिया के नागरिकों ने उसके वीडियो के साथ अपने शोक संदेश नत्थी किए और उसे वायरल कर अपने नैतिक होने की जिम्मेदारी निभाई, वे थोड़ी देर के लिए उन मादक और उत्तेजक तस्वीरों के खजाने को भूल गए, जो उनके उसी मोबाइल में था। सोचना चाहिए हमें स्त्री देह के खुले या बंधे रहने की इतनी चिंता क्यों और कब से होने लगी है? कौन क्या पहनेगा कितना पहनेगा ये तय करने वाले हम कौन हैं? महानगर होने का अरमान रखने वाले शहर को अपने रहवासियों को इतनी आजादी तो देनी ही चाहिए कि वे क्या पहनें? जो लोग संस्कृति की दुहाई दे रहे हैं, उन्हें कालिदास की नायिकाओं की वेशभूषा के बारे में पढ़ना चाहिए न हो तो मृच्छकटिकम नाटक पर बनी फिल्म 'उत्सव' ही देख लें। इस बवाल पर बात करना इसलिए जरूरी है, क्योंकि इस बहस का आखिरी सिरा उसी गंदी सोच तक पहुंचेगा, जहां कोई नेता बलात्कार के लिए लड़कियों के कम कपड़ों को जिम्मेदार ठहराने की हिमाकत करेगा।

इस बवाल को समझना इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि शायद इससे हमें अपने आसपास हो रहे बलात्कार और यौन हिंसा के बारे में कोई सुराग मिल सकता है। लड़की के कपड़ों पर बवाल करना और फिर मौका मिलते ही किसी अधेड़ द्वारा अपनी पोती बराबर उम्र की बच्ची के साथ बलात्कार करना दरअसल एक ही समस्या के दो पहलू हैं। शायद स्त्री-पुरुष संबंध उलझ गए हैं, यौनिकता के बारे में हम असहज हो गए हैं, कुंठित हो गए हैं। यह पतन पिछले 30-40 सालों में ज्यादा हुआ है। स्त्री-पुरुष के बीच संवाद खत्म होने की हद तक औपचारिक हो गया है। शायद हम अपनी बच्चियों महिलाओं को बचाने के प्रयास में इतना दूर चले गए हैं कि लड़कियां अब लड़कों के लिए किसी दूसरे ग्रह की निवासी हैं। यह अपरिचय, यह उत्सुकता, ये दमित इच्छाएं कभी किसी लड़के से लड़कियों के बाथरूम में कैमरे लगवाती हैं, कोई अपनी सहपाठी को कोल्ड ड्रिंक में नशा पिलाकर जबरदस्ती कर रहा है, कोई बस की कतार में खड़ी स्त्री को छूने की कोशिश कर रहा है और सबसे ज्यादा कोई एक सेवाभावी डॉक्टरनी का बलात्कार कर कत्ल कर रहा है।

नैतिकता के मायने समय और स्थान के साथ बदलते हैं। गांव में आज भी औरतें नदी-तालाब पर कपड़े बदल लेती हैं, कोई कुछ नहीं देखता। हमारे समय की नैतिकता क्या है वह हमारा समाज तय करेगा, लेकिन जब मीडिया और राजनीति नैतिकता की परिभाषा कपड़ों से तय करेंगे, तो इसकी रक्षा के लिए वे किसी मासूम लड़की की नादानी पर इतना बवाल करेंगे कि वह आत्महत्या की बात करने लगे। कोई शहर सिर्फ उसकी सड़क, शॉपिंग माल या खानपान के लिए ही नहीं जाना जाता, उसके रहवासियों की सोच शहर का असल आईना है, जिसमें मेरे शहर की शक्ल फिलहाल सुंदर तो नहीं ही दिख रही है।

# ऑनलाइन गेम्स के खतरे

ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री भारत में तेजी से अपने पैर चुकी है। ऐप डाउनलोड के मामले में भारत सबसे बड़ा मोबाइल गेमिंग बाजार है। देश में 45 करोड़ से ज्यादा गेमर्स हैं। 2025 तक इनकी संख्या 50 करोड़ पहुंचने की उम्मीद है। इसके स्याह पहलू भी हैं। ऑनलाइन गेमिंग की वजह से कई लोग कर्जे में डूब गए हैं। यूपी निवासी पुलिसकर्मी सूर्य प्रकाश अपना 10-15 लाख का कर्ज उतारने के लिए साथियों से 500-500 रुपये मांग रहे हैं। ऐसे कई और उदाहरण होंगे, जो इस लत के दुष्प्रभावों को बताते हैं, लेकिन इसके अलावा साइबर क्रिमिनल ऑनलाइन गेमिंग के जरिए लोगों की पहचान और क्रेडिट व डेबिट कार्ड की डिटेल चुराने के अलावा साइबर बुलिंग और ब्लैकमेलिंग तक कर सकते हैं। ऑनलाइन गेम्स को डाउनलोड करने के बाद अकाउंट खोलने के लिए यूजर की निजी जानकारी मांगी जाती है, जिसका दुरुपयोग किया जा सकता है। इसमें नाम व मोबाइल नंबर तक शामिल होता है। आज के समय मोबाइल से सभी अकाउंट, यहां तक कि आधार भी जुड़ा होता है। इस जानकारी के जरिए ठग आपके नाम पर अकाउंट खोलने, उसे बेचने या आपके मौजूदा बैंक अकाउंट्स तक पहुंचने के लिए कर सकते हैं।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

दक्षिण कोरिया में एक हजार से ज्यादा गेमर्स की पहचान 'लाइनेज' नामक एक काल्पनिक गेम के जरिए खतरे में पड़ गई थी। बहुत से गेम्स में प्वाइंट या सिक्के आदि और स्टेज पार करने के लिए क्रेडिट कार्ड की जानकारी देने को कहा जाता है। कुछ ऐप क्रेडिट कार्ड की जानकारी का दुरुपयोग भी कर सकते हैं। इसके लिए कुछ ठग ऑनलाइन पैसे भी ट्रांसफर करा लेते हैं। अभिभावकों को अपने बच्चों पर निगरानी रखने की जरूरत है। बच्चों के हाथ में क्रेडिट और डेबिट कार्ड न पड़ने दें। सरकार को भी इन ऑनलाइन गेम्स पर ध्यान देने की जरूरत है।

# 16 आरोपियों की गिरफ्तारी फिरभी धरना जारी

**उखरा कांड**

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- थानाध्यक्ष को हटाने और घटना के समय पर मौजूद अधिकारियों पर कार्रवाई पर अड़े लेखपाल


पुलिस गिरफ्तार में आरोपी।

**अमृत विचार।** थाना नबावगंज के ग्राम उखरा में 30 सितंबर को अधिकारियों के सामने लेखपाल रुद्र प्रताप सिंह और सौरभ पांडे को ग्रामीणों ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। लेखपाल संघ जिला अध्यक्ष अजीत कुमार द्विवेदी के थाने पहुंचने पर ढाई दर्जन से अधिक आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की। आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर लेखपाल सदर तहसील परिसर में धरने पर बैठ गए। पुलिस ने 16 आरोपियों को इस मामले में गिरफ्तारी भी कर लिया लेकिन बावजूद इसके लेखपालों ने धरना प्रदर्शन बंद नहीं किया।

अब लेखपालों का कहना है कि थाना प्रभारी नबावगंज को हटाया जाए। गुरुवार को एडीएम मौके पर पहुंचे तो लेखपालों ने उन्हें मांगों का ज्ञापन सौंपा। थाना नवाबगंज पुलिस ने 30 सितंबर को ही लेखपालों से मारपीट करने के आरोप में कई लोगों को हिरासत में लिया था। कई लोगों के रिश्तेदारों को पकड़ा गया था। लेकिन किसी का चालान नहीं किया गया था। अब 16 आरोपियों की गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया। इसके बाद भी लेखपालों ने धरना समाप्त नहीं किया। अपर जिलाधिकारी सुभाषचंद्र प्रजापति लेखपालों से वार्ता करने गए तो लेखपालों ने जिलाधिकारी को सम्बोधित 4 बिंदुओं के मांग पत्र को सौंप दिया। मांगे पूरी न होने तक धरना खत्म नहीं करने को कहा।

**लेखपालों की ये हैं मांगें**

दिए ज्ञापन में मांग की गई है कि थाना नवाबगंज के थाना अध्यक्ष को निलंबित कर तत्काल हटाया जाए, जिन उच्च अधिकारियों की मौजूदगी में उनकी लापरवाही और अदूरदर्शिता से लेखपाल कर्मियों पर जानलेवा हमला हुआ उन पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। प्राथमिकी में अंकित और वीडियो फुटेज में दिखाई दे रहे सभी आरोपियों पर कठोर विधिक एवं दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित हो। इच्छुक लेखपालों को बिना लंबी प्रक्रिया से गुजरे जिलाधिकारी शस्त्र लाइसेंस उपलब्ध कराएं, जिससे वह विषम परिस्थितियों में स्वयं की रक्षा कर सकें। तीनों तहसीलों में उच्च अधिकारियों द्वारा निर्दोष लेखपालों पर की गई कार्रवाई को समाप्त किया जाए।

**पुलिस ने इन्हें किया गिरफ्तार**

भारी दबाव के बीच थाना नवाबगंज पुलिस ने गुरुवार को राजीव उर्फ राजेश यादव पुत्र कश्मीर सिंह, राहुल उर्फ आयुष पुत्र राजेश उर्फ राजीव कुमार, संजेश यादव उर्फ संजू पुत्र रामप्रकाश, हाकिम सिंह पुत्र ब्रजपाल, रजनेश उर्फ रतनेश पुत्र द्रगपाल, नन्हे उर्फ अनुज पुत्र रामौतार, राम रहीश पुत्र मसाल सिंह, केशवराम पुत्र वेदराम, ब्रह्मकिशोर पुत्र फूल सिंह, आशीष कुमार पुत्र जगदीश सिंह, अंकुल पुत्र प्रेमसिंह, सुबोध पुत्र आशीष एवं चार महिला आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने सभी को 14 दिन की रिमांड पर जिला जेल भेज दिया।

## फंदे से लटकी मिली महिला

**छिबरामऊ।** छत पर पड़ी टीन के बने कमरे में एक महिला का शव फंदे पर लटकता देख परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने हत्या के आरोप लगाये। मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने घटना से जुड़े सुबूत जुटाये।

शहर के मोहल्ला इंदिरा नगर निवासी दीपक शर्मा मूकबधिर है। वह परिवार के साथ मकान की दूसरी मंजिल पर पड़ी टीन के बने कमरे में रहता है। गुरुवार को पत्नी पायल शर्मा का शव फंदे से लटका मिला। सूचना पर मायके से पायल के पिता मुन्नालाल शर्मा निवासी सबलपुर भी परिवार के साथ बेटी की ससुराल पहुंच गये। यहां बेटी को की मौत पर संदेह व्यक्त करते हुए पुलिस को सूचना दे दी।

# पुलिस को फिर चकमा दे नीलू अदालत में हाजिर

## 6 दिन पहले जमानत पर छूटने के बाद हो गया था फरार

**दुष्कर्म प्रकरण**

- जमानतगीरों के जमानत वापस लेने पर किया समर्पण
- 27 सितंबर को रिहाई वाले दिन लगाया गया था गैंगस्टर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** एक बार फिर से पुलिस हाथ मलती रह गई, जब किशोरी से दुष्कर्म प्रकरण का सह आरोपी और अब गैंगस्टर में वांछित नीलू यादव पॉक्सो कोर्ट में हाजिर हो गया। जमानतगीरों के जमानत वापस लेने पर उसे यह कदम उठाना पड़ा। खास बात यह है कि पुलिस की टीमें लगातार सरगर्मी से उसकी तलाश कर रही थीं, लेकिन उसके हाथ खाली ही रहे। न्यायालय से उसे फिर जिला जेल भेज दिया गया।

11 अगस्त की रात चौधरी चंदन सिंह महाविद्यालय में कमेटी के अध्यक्ष एवं सपा के पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव को किशोरी से दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। इस प्रकरण में भाई को बचाने के लिए पूर्व ब्लाक प्रमुख नीलू यादव साक्ष्यों को विलोपित करते हुए जांच को प्रभावित करने की पुष्टि की थी। इस बात का खुलासा तब हुआ, जब पीड़िता की बुआ को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उसने ही बताया था कि नीलू की ओर से रुपयों का प्रलोभन दिए जाने से उसने बयान बदले और किशोरी को मेडिकल कराने से रोकने का प्रयास किया था।

यहां तक कि पुलिस की छानबीन में भी यह पाया गया था कि चार लाख रुपये बुआ के करीबी के खाते में ट्रांसफर किए गए। इसके बाद ही पुलिस ने नीलू को भी केस में सह आरोपी बनाया था। तब भी पुलिस गिरफ्तारी के लिए खाक छानती रही और 25 हजार का इनाम तक घोषित कर दिया। इसके बाद नाटकीय अंदाज में वह कोर्ट पहुंचा था। यहां समर्पण करते हुए पुलिस की कार्यप्रणाली को खुली चुनौती दे दी।

इसके बाद बुआ के साथ ही नीलू की भी रिमांड पुलिस ने ली थी और दोनों का आमना-सामना कराने के बाद जेल भेज दिया था। इस मामले में नीलू को जमानत मिल गई थी, लेकिन एक अन्य मामले में वांछित होने से रिहाई टल गई। दूसरे मामले में भी जमानत मिलने के बाद 27 सितंबर को जेल से उसे रिहा कर दिया गया। इसी दिन पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की, लेकिन इसकी जानकारी देर से पहुंचने से नीलू फरार हो गया था।

**नीलू की तलाश में जुटी थीं पुलिस की 5 टीमें**

- पुलिस की पांच टीमें नीलू की खोज में जुटीं थीं, लेकिन वह हाथ नहीं आ रहा था। गुरुवार की सुबह आठ बजे के करीब वह नाटकीय अंदाज में सीधे पॉक्सो कोर्ट पहुंच गया। खास बात यह है कि कचहरी गेट और न्यायालय परिसर में पुलिस तैनात थी, लेकिन पुलिस को नीलू यादव के अदालत में पहुंचने की भनक तक नहीं लगी। बताया गया कि पॉक्सो एक्ट के मामले में जमानतगीरों के जमानत वापस लेने के बाद नीलू को अदालत में हाजिर होना पड़ा। उसे गिरफ्तारी का भय था। न्यायालय से उसे जेल भेज दिया गया।

## पुलिस ने 6 क्विंटल अवैध विस्फोटक किया बरामद, 2 गिरफ्तार

**उरई।** नवरात्र दशहरा और दीपावली पर्व को लेकर पुलिस पूरी तरह सक्रिय नजर आ रही है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर एक घर से 6 क्विंटल अवैध विस्फोटक सामग्री बरामद कर दो को गिरफ्तार किया है। एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार ने नवरात्रि दशहरा व दीपावली पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के लिए पूर्ण रूप से कमर कस ली है। इतना ही नहीं बल्कि उन्होंने कोतवाली प्रभारी सहित थानाध्यक्षों को अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणकर अराजकतत्वों पर नकेल कसने के निर्देश दिए। जालौन कोतवाली पुलिस नगर में चेकिंग अभियान चलाने में लगी हुई थी। इस दौरान मुखबिर द्वारा नगर क्षेत्र के मोहल्ला नारोभास्कर निवासी धीरु उर्फ धीरेंद्र साहू पुत्र राम प्रकाश साहू के यहां बिना लाइसेंस के अवैध तरीके से विस्फोटक सामग्री लाए जाने की खबर मिली। खबर मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र पटेल ने वरिष्ठ निरीक्षक सुरेश कुमार सहित पुलिस टीम के साथ मुखबिर के बताए ठिकाने पर दबिश डाल दी। जहां पर मकान की घेराबंदी करते हुए घर से विस्फोटक सामग्री बरामद की। इस दौरान धीरू उर्फ धीरेंद्र साहू भी पुलिस के हाथ लगा। मगर अंधेरे का फायदा उठाते हुए वह पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया।


गैस सिलेंडर से ढहा मकान। अमृत विचार

# सिलेंडर में धमाका ढह गया कच्चा घर

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

- घर और गृहस्थी का सामान जलने से विधवा के पास सिर छिपाने की जगह नहीं

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के रिठारी गांव में खाना बनाते समय गैस सिलेंडर में आग लगने से विस्फोट हो गया। इससे कच्चा मकान ढह गया। घर में लगी आग से गेहूं व अन्य गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। घटना के बाद एकत्र ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया।

थानाक्षेत्र के रिठारी गांव निवासी आरती पत्नी स्व.सोतेराम उर्फ उदय नारायण बाल्मीकि को 19 मई 2018 को उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर मिला था। आरती ने चार दिन पूर्व गैस एजेंसी से सिलेंडर भरवाया था। आरती ने बताया कि गैस एजेंसी से सिलेंडर चेक कर दिया गया था। वह गुरुवार सुबह करीब 8 बजे खाना बना रही थी। जैसे ही चूल्हे पर चावल पकाने के लिए बर्तन रख तभी सिलेंडर में आग लग गई। आग बुझा पाती की लपटें तेज हो गईं। किसी तरह वह चार बच्चों को लेकर घर के बाहर भागी। करीब 15 मिनट बाद सिलेंडर में विस्फोट हो गया और कच्चा मकान पूरी तरह से ढह गया। इस वजह से घर में लगी आग से 15 क्विंटल गेहूं व गृहस्थी सहित अन्य सामान जलकर खाक हो गया। सिलेंडर के विस्फोट से पड़ोसी घासीराम का भी मकान भी आग की चपेट में आ गया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम व स्थानीय पुलिस ग्रामीणों की मदद से आग बुझाने में काबू पा सकी।

# आउट सोर्सिंग भर्ती भविष्य से खिलवाड़ : शिवपाल

संवाददाता बसरेहर, इटावा

- समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव ने कहा

**अमृत विचार।** आउट सोर्सिंग भर्ती युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ साबित हो रही है। यह तो अग्नि वीर से भी ज्यादा खतरनाक है। इसमें व्यापक पैमाने पर भ्रष्टाचार के साथ शोषण भी किया जा रहा है। इसका प्रबल विरोध किया जाएगा।

सपा राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव गुरुवार को जन सहयोगी बालिका इंटर कॉलेज का औचक निरीक्षण करने पहुंचे थे। प्रधानाचार्य डा वंदना मिश्र ने बताया कि आउट सोर्सिंग भर्ती के तहत दो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भेजे गए हैं, इनमें एक बिहार का युवा एमएससी है। इनको वेतन के नाम पर महज आठ दस हजार रुपये दिए जाएंगे। इसके अलावा प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष व पूर्व ब्लाक प्रमुख डा अजंट सिंह यादव ने भी जानकारी दी। उन्होंने इसका प्रबल विरोध करने का ऐलान करने की बात कही। बताते चलें कि सपा राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव बसरेहर में जन सहयोगी बालिका इंटर कॉलेज तथा मनभावती इंटर कॉलेज के प्रबंधक भी हैं। इस दौरान श्री रामलीला समिति बसरेहर के संयोजक हेम कुमार शर्मा, अध्यक्ष अनिल यादव, प्रबंधक अवनीश यादव आदि मौजूद थे।

## मंदिर की सीढ़ियों से गिरी महिला, मौत

**उरई।** शहर में स्थित हनुमानगढ़ी मंदिर से सुबह पूजाकर लौट रही महिला सीढ़ियों से गिरकर घायल हो गई। लोगों ने महिला को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, वहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

शहर के मुहल्ला रामनगर निवासी सौरभ निरंजन की पत्नी प्रियंका 35 वर्ष नवरात्र पर हनुमान गढ़ी मंदिर गई थी। जब वह मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद वापस लौट रही थी। तभी पैर फिसलने से वह सीढ़ियों से गिर गई। कुछ देर में वहां से कुछ अन्य श्रद्धालु गुजरे और उन्होंने महिला को सीढ़ियों पर पड़ा देखा तो उन्होंने पुजारी को सूचना दी। पुजारी ने मामले की खबर परिजनों को दी। खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और वह मौके पर पहुंच गए।

# किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल का कारावास, जुर्माना भी

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** किशोरी का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायाधीश ने आरोपी को दोषी पाते हुए बीस साल की सजा सुनाई और चालीस हजार रुपये अर्थदंड लगाया। अर्थदंड न देने पर अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा।

शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी पिता ने पुलिस को 18 जून 2020 को तहरीर देकर बताया था कि उसकी नाबालिक पुत्री को मुहल्ले के ही रहने वाले जितेंद्र कुमार अपहरण कर ले गया है। पुलिस ने अपहरण सहित पॉक्सो एक्ट के रिपोर्ट दर्जकर जांच पड़ताल कर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। दोनों पक्षों की बहस के बाद विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट मोहम्मद कमर ने जितेंद्र कुमार को दोषी पाते हुए 20 साल की सजा सुनाई और 40 हजार रुपये जुर्माना लगाया।

**लूट के मामले में 2 दोषियों को 7-7 साल की सजा**

**उरई।** गार्ड की बंदूक लूटकर मारपीट करने के मामले में दो आरोपियों पर दोष सिद्ध होने पर न्यायाधीश ने दोषी पाते हुए सात-सात साल की सजा सुनाई और पांच-पांच हजार रुपये का अर्थदंड लगाया। साथ ही अर्थदंड न देने पर अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।कालपी कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तरीबुल्ला निवासी बाबू लाल निषाद ने कदौरा थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि 27 जनवरी 2016 को बालू खदान पर उसने अपने दो गनर लगाए थे। उनके साथ अज्ञात लोगों द्वारा मारपीट कर उनकी बंदूक लूटकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस के जांच पड़ताल में रामायण उर्फ भाई जी और राहुल निवासी भेड़ी डांडा थाना जाजलपुर जिला हमीरपुर का नाम प्रकाश में आया तो पुलिस ने उनको 27 अप्रैल 2016 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस ने दोनो लोगो के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी थी। गुरुवार को सुनवाई पूरी हुई जिसमें दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस गवाहों के बयान और सबूतों के आधार पर स्पेशल जज डकैती कोर्ट डॉ. अवनीश कुमार ने दोनो को दोषी पाया।

**90 दिन अभियान** मिशन शक्ति फेज-5 में गुरसहायगंज से कन्नौज के बीच रेलवे ट्रैक की पुलिस करेगी कड़ी निगरानी

# अब फोन के टेक्स्ट मैसेज पर भी संज्ञान लेगी यूपी-112

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज


मिशन शक्ति फेज 5 की बैठक में मौजूद अधिकारी और कर्मचारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मिशन शक्ति फेज-5 के 90 दिवसीय अभियान के अन्तर्गत वार्ड, ग्राम पंचायत स्तर पर सप्ताह में एक दिन आयोजन किया जाएगा। इसमें बीट पुलिस, लेखपाल, सचिव, रोजगार सेवक, एएनएम, आशाबहू आदि की ड्यूटी लगाई जाएगी। यूपी 112 पर अगर कोई व्यक्ति काल व टैक्स्ट मैसेज या व्हाट्सएप के माध्यम से मैसेज करता है तो भी उसकी सुरक्षा की जाएगी।

यह निर्देश जिलाधिकारी शुभ्रांत शुक्ल ने कलक्ट्रेट के गांधी सभागार में बैठक करते हुए दिए। उन्होंने कहा कि महिला कल्याण की बहुत सी योजनायें चल रही है, जिससे महिलाओं को लाभान्वित किया जाये। ऐसी महिलायें जिन्होंनें शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, बहादुरी आदि में अच्छा कार्य किया है, उन्हें सम्मानित भी किया जाए। एसपी अमित कुमार आनन्द ने कहा कि आपरेशन त्रिनेत्र के तहत जनपद में 8010 सीसीटीवी कैमरे लगवाये गये थे। जो कैमरे मरम्मत योग्य हैं, उनकी मरम्मत करवाकर संचालित करवाएं। रेलवे ट्रैक गुरसहायगंज से कन्नौज के मध्य बसे गांवों में टीम बनाकर सक्रिय किया जाएगा, जिससे ट्रैक पर होने वाले गतिविधियों पर निगरानी रखी जा सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विका अधिकारी, समस्त उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी आदि संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

**11 अक्टूबर तक होंगे कार्यक्रम:** डीएम ने बताया कि दिनांक 11 अक्टूबर तक विभिन्न तिथियों में अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे। इसमें चार अक्टूबर को राजकीय विद्यालयों में टॉक शो विद आयडलस्, पांच को एक दिन की जिलाधिकारी बालिकाओं व महिलाओं द्वारा सांकेतिक भूमिका निर्वाह, छह को कन्या जन्मोत्सव, सात को बाल विवाह रोक संबंधी कार्यक्रम, आठ अक्टूबर को बाल संवाद, नौ को घरेलू हिंसा के प्रति जागरूकता, 10 को अनंता मेगा ईवेन्ट, 11 अक्टूबर को अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया जायेगा।

**21 से चलेगा आपरेशन मुक्ति**

- 21 अक्टूबर से 31 तक आपरेशन मुक्ति अभियान चलाया जायेगा तथा दिनांक 10 से 14 नवम्बर 2024 तक बाल कार्निवाल, वीरांगना दिवस, हैण्डबुक का विमोचन, स्वावलंबन कैंप, कार्यस्थल पर महिलाओं के लैगिंक उत्पीड़न, हक की बात जिलाधिकारी के साथ, महिला एवं बाल सभा, विधिक जागरूकता कार्यक्रम, सपोर्ट पर्सन आदि जागरूकता के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### अजगर ने 4 खरगोशों का किया शिकार, वन विभाग ने पकड़ा


अजगर को पकड़ती वन विभाग की टीम।

**कालपी।** नगर के महमूदपुरा स्थित यमुना नदी के पीला घाट समीप बने नागाजी के हनुमान मंदिर में एक अजगर मंदिर के पीछे बने कमरे में पले चार खरगोशों को अपना निवाला बना लिया। ये खरगोश मंदिर के पुजारी जमुनादास द्वारा पाले गए थे। बाद में पहुंची वनविभाग की टीम ने उसे पकड़कर जंगल में छोड़ दिया। मंगलवार को अजगर अचानक उस कमरे में घुस गया जहां खरगोश पले थे। देखते ही देखते अजगर ने चारों खरगोशों को निगल लिया। जब घरवालों की नजर अजगर पर पड़ी, तो वे भयभीत हो गए और तुरंत अन्य लोगों को सूचित किया। खबर फैलते ही आसपास के लोग बड़ी संख्या में वहां जमा हो गए। स्थानीय निवासियों ने इस घटना को काफी डरावना और अप्रत्याशित बताया, क्योंकि यह इलाका घनी आबादी वाला है और ऐसी घटनाएं बहुत दुर्लभ हैं। घटना की सूचना वन विभाग को दी गई, जिसके बाद उनकी टीम तुरंत मौके पर पहुंची और अजगर को पकड़ा।

### पानी की हौदी में मिला शव

**कन्नौज।** शहर के सरायशाह मोहम्मद में बंद इत्र कारखाने में पानी की हौदी में एक युवक का शव मिला है। शव हौदी में कैसे पहुंचा इस पुलिस जांच कर रहा है। मौत का कारण स्पष्ट न होने से डीएनए सुरक्षित किया गया है। शहर के जलालपुर पनवारी जाने वाले रोड पर सरायशाह मोहम्मद इलाके में अयूब अलम का नलकूप व इत्र कारखाना के लिये बाउंड्री कराई थी। पानी के लिए हौदी बनी है। अयूब 45 दिन बाद बुधवार को खेत की पैमाइश के पहुंचे। उन्होंने कारखाना खोलकर देखा तो अंदर बदबू लगी। हौदी में एक शव पड़ा था। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम के साथ साक्ष्य जुटाए। डाक्टरों ने पोस्टमार्टम के दौरान पाया कि करीब एक हफ्ते पहले की मौत है। मांस खराब हो चुका था। इससे चोटों के निशान भी नहीं मिल रहे थे। इससे मृतक की मौत का करण स्पष्ट नहीं किया जा सका।

### अनियंत्रित डंपर दुर्गा पूजा पंडाल में घुसा

**कुरारा (हमीरपुर)।** कस्बे में कालपी- हमीरपुर फोरलेन पर डाक घर के पास डंपर चालक को झपकी आ गई। इससे सड़क किनारे सजे देवी पंडाल में लगे बांस- बल्ली तोड़कर, जनरेटर को क्षतिग्रस्त करते हुए डंपर नाले में जा घुसा। पुलिस ने चालक को हिरासत में ले लिया। कस्बे में डाक घर के पास बुधवार की रात करीब एक बजे कालपी- हमीरपुर फोरलेन में कदौरा की तरफ से मौरंग से लोड डंपर हमीरपुर की तरफ जा रहा था। चालक को झपकी आने पर ट्रक अनियंत्रित हो गया। जब तक चालक उसे संभाल पाता हाईवे किनारे सजे देवी पंडाल के बाहर लगी बेरीकेडिंग को तोड़ते हुए ट्रक डीजल पंप की दुकान का जनरेटर तोड़ते हुए नाले में जा घुसा। ट्रक की चपेट में आने से देवी पंडाल में काफी नुकसान हुआ है। पंडाल में गुरुवार को मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जानी थी पर लेकिन इस कार्य में भी व्यवधान उत्पन्न हुआ। डीजल पंप दुकनदार ने बताया कि करीब दो लाख कीमत का जनरेटर क्षतिग्रस्त हो गया है।

### शव की तलाश में 25 किमी तक पुलिस ने खंगाली गंगा नदी

**फतेहपुर।** हत्या के बाद गंगा नदी में फेंके शव की एसडीआरएफ के साथ स्थानीय पुलिस ने करीब 25 किलोमीटर तक खोजबीन की। शव नहीं मिलने पर एसडीआरएफ टीम रुकी रहीं। गुरुवार को भी सर्च अभियान चलाया गया। गाजीपुर थाने के एक गांव की किशोरी 23 सितंबर को लापता हुई थी। उसके प्रेमी दिलीप कुमार पासवान ने साथियों राज उर्फ अनुकल्प, मोनू कुमार मोदनवाल के साथ 25 सितंबर की रात गला दबाकर हत्या कर दी थी। हत्या के बाद कार में शव रखकर असनी गंगा नदी में फेंक आए थे। पुलिस तीनों आरोपियों को जेल भेजने के बाद शव की तलाश में जुटी है। लखनऊ से एसडीआरएफ की टीम आई। रायबरेली सीमा की ओर 25 किलोमीटर दूर तक शव की तलाश की गई। माना जा रहा है कि शव नदी की गहराई में बैठ गया है। थानाध्यक्ष विनोद मिश्रा ने बताया कि टीम रोकी गई है। शव की तलाश की जाएगी।

### कच्चे मकान की छत गिरने से युवक की मौत

**अजीतमल, औरैया।** कोतवाली क्षेत्र के गांव पूठा में कच्चे मकान की छत गिरने से एक व्यक्ति की छत के नीचे दबकर मौत हो गई। अजीतमल तहसील क्षेत्र के पूठा गांव निवासी प्रबल प्रताप 44 वर्ष अपनी छोटी सी टेंट की दुकान चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। आमदनी कम होने के चलते वो अभी अपने परिवार के साथ पुश्तैनी बने कच्चे मकान में रहने को मजबूर था। रोज की तरह बुधवार रात भी वो अपने घर पर सो रहा था। तभी रात लगभग 3 बजे मकान की छत भर भराकर उसके ऊपर गिर गई,जिससे प्रबल मलबे के नीचे दब गया। छत के गिरने की आवाज से परिजनों की आंख खुली उन्होंने प्रबल को निकालने के लिए मिट्टी हटाई लेकिन तब तक प्रबल की मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी होते ही तहसीलदार जीतेश वर्मा और लेखपाल शशांक मौके पर पहुंचे। वहीं तहसीलदार ने बताया कि मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता दी जाएगी।

### इलाज के दौरान महिला की मौत

**औरैया।** बेला कस्बा स्थित अभिनव लाइफ लाइन अस्पताल में इलाज के दौरान एक महिला की मौत हो गई। महिला की मौत से गुस्साए परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया। फर्रुखाबाद के जहानगंज थाना की महमदपुर निवासी उर्मिला (42) पत्नी शिशुपाल को पेट में समस्या होने पर जिले के बेला स्थित अस्पताल में 19 सितंबर को परिजनों ने भर्ती कराया था। महिला का बच्चेदानी का ऑपरेशन हुआ था। ऑपरेशन के बाद परिवार के लोग 29 सितंबर को वापस घर ले गए थे। बीते 1 अक्टूबर को महिला की हालत बिगड़ने पर परिजनों ने फिर से उसे अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां पर इलाज के दौरान बुधवार को उसकी मौत हो गई। महिला के परिजनों ने डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया। लोगों ने बेला पुलिस को मामले की सूचना दी। सीओ बिधूना भारत पासवान ने बताया कि परिजनों ने अस्पताल प्रशासन के खिलाफ कोई भी कार्रवाई करने से मना किया है। पिछले सप्ताह बेला पहुंचे डिप्टी सीएमओ मनोज कुमार ने इसी अस्पताल का निरीक्षण किया था।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से 1 की मौत दूसरा गंभीर

**उरई।** एट थाना क्षेत्र में हाईवे पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बिरासनी मोड़ पर बाइक में टक्कर मार दी। इससे बाइक पर सवार दो लोगों में एक की मौत हो गई, जबकि दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। एट के मोहल्ला कजयाना निवासी मंगल 35 वर्ष पुत्र शारदा बाबू गोस्वामी अपने साथी खन्ना 55 वर्ष पुत्र मुन्ना शेखपुरा वाले के साथ बाइक से किसी काम को लेकर पिरोना की ओर जा रहे थे। इसी दौरान कानपुर की ओर से तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बिरासनी मोड़ स्थित प्रधान ढाबा के पास बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार दोनों लोग गिरकर घायल हो गए और उनकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद वहां अफरातफरी मच गई और मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। जहां पर जांच पड़ताल के बाद मंगल को मृत्य घोषित कर दिया। जबकि उसके साथी का उपचार चल रहा है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

### वंदे भारत से टकराया गोवंश, रुकी ट्रेन

**भरथना।** अयोध्या से चलकर नई दिल्ली की ओर जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस से रेलवे फाटक के समीप सांड टकरा गया। इससे ट्रेन भरथना रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 3 पर रुकी रही। गुरुवार देर शाम वंदे भारत एक्सप्रेस जैसे ही भरथना रेलवे स्टेशन के रेलवे फाटक से संख्या 20 बी के समीप पहुंची तभी ट्रेन की इंजन से एक सांड टकरा गया और ट्रेन कुछ दूरी पर जाकर भरथना रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर तीन पर रुक गई। इधर ट्रेन के अंदर मौजूद टेक्नीशियन स्टाफ द्वारा ट्रेन का पूरा बारीकी से परीक्षण करने के उपरांत ट्रेन में आई कमी को दुरुस्त किया जा रहा है। रेलवे सूत्रों ने बताया कि ट्रेन से सांड टकरा जाने के कारण ट्रेन के इंजन में कुछ तकनीकी के साथ प्रेशर पाइप लीक हो गया है।

### सड़क हादसे में सहायक अध्यापक की मौत

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** कायमगंज अचरा मार्ग पर सड़क हादसे में सहायक अध्यापक की मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। गुरुवार की सुबह कायमगंज अचरा मार्ग पर पाइप लदे ट्रैक्टर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर घायल हो गया। मौके से ट्रैक्टर चलाक फरार हो गया। आसपास के लोगों ने सूचना डॉयल 112 को दी। मौके पर पहुंची पुलिस उसे गंभीर हालत में सीएचसी लेकर आई। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ट्रैक्टर को अचरा चौकी पर ले आई। इधर पुलिस ने मृतक की शिनाख्त के लिए उसकी व बाइक की फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की। थोड़ी ही देर में मृतक की पहचान जनपद मैनपुरी के थाना भोगांव के मोहल्ला मोहम्मद शहीद निवासी शाहरुख के रूप में हुई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि मृतक जनपद बंदायू के कटरा शहादतपुर के प्राथमिक विद्यायल मोहम्मदपुर में सहायक अध्यापक के पद तैनात था। सुबह वह उसावा बदायूं बीआरसी पर ट्रेनिंग के लिए घर से निकला था। मृतक नगर के मोहल्ला झील में अपने एक साथी के साथ किराए के मकान पर रहता था।

# जो जहां मिला, हत्यारों ने उसे वहीं मार दी गोली

## मंडलायुक्त, जिलाधिकारी, एसपी, एएसपी, बीएसए घटनास्थल पर पहुंचे, क्षेत्र में भारी पुलिस बल किया गया तैनात

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार :** शिवरतनगंज थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम अहोरवा भवानी कस्बे के मुख्य चौराहे पर किराये के मकान में रह रहे शिक्षक सुनील कुमार, उनकी पत्नी व मासूम दो बच्चों को गोलियों से भून दिया गया। गोलियों की तड़तड़ाहट से क्षेत्र में दहशत का माहौल पैदा हो गया है। क्षेत्र में उक्त घटना से स्थानीय नागरिकों में रोष उत्पन्न हो गया है। वह लोग घटना के शीघ्र खुलासे की मांग कर रहे हैं। पुलिस अधिकारियों ने उन्हें घटना का जल्द खुलासे का आश्वासन दिया है। क्षेत्र में तनाव की स्थिति के मद्देनजर अधिकारियों ने भारी संख्या में पीएसी एवं पुलिस बल तैनात कर दिया है। आसपास के इलाकों में सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

उधर दूसरी तरफ देर रात्रि वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके पर डेरा डाले थे। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार अधिकारियों से घटना का अपडेट लेते रहे। हत्या की सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंची। फोरेंसिक, सर्विलांस और डॉग स्क्वायड टीमें सबूत खंगाल रही हैं। एसपी अनूप सिंह व एएसपी हरेंद्र प्रताप भी देर रात मौके पर जांच पड़ताल में जुटे रहे। अयोध्या के मंडलायुक्त गौरव दयाल, अमेठी जिलाधिकारी निशा अनंत व बीएसए संजय तिवारी भी घटना स्थल पर पहुंचे।

जानकारी के अनुसार, शिक्षक सुनील कुमार (35) रायबरेली जिले में जगतपुर थाना क्षेत्र के सुदामापुर गांव के रहने वाले थे। गांव में पिता राम गोपाल रहते हैं। सुनील अहोरवा भवानी चौराहे पर मुन्ना अवस्थी के यहां तीन महीने से किराए पर रहे थे। परिवार में पत्नी पूनम भारती(32) और दो बच्चियां- सृष्टि (6) और समीक्षा (2) थीं। स्थानीय लोगों के अनुसार गुरुवार शाम करीब 7 बजे असलहों से लैस आधा दर्जन से अधिक लोग सुनील के घर पहुंचे। जब तक सुनील कुछ समझ पाते, तब तक उक्त लोगों ने शिक्षक सुनील पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। इसी बीच गोलियों की आवाज सुनकर उनकी पत्नी व बच्चे बचाने दौड़े तो निर्दयी बदमाशों ने उन तीनों को भी गोलियां से भूज डाला, जिससे मौके पर चारों लोगों की मौत हो गई। बदमाश घटना का अंजाम देकर मौके से भागने में सफल रहे। बताया यह भी जा रहा कि सुनील की पत्नी पूनम भारती ने 18 अगस्त को रायबरेली के नगर कोतवाली में अश्लील हरकत, मारपीट एवं धमकी आदि का मुकदमा पंजीकृत कराया था। मामले में चंदन वर्मा आरोपी है। पुलिस ने चार्जशीट लगा रखी है। हालांकि पुलिस ने मखूदमपुर चौकी बुलाकर दोनों पक्षों में समझौता करा दिया था।

10 दिसंबर, 2020 को सुनील की बेसिक शिक्षा विभाग में सरकारी नौकरी लगी थी। 12 मार्च 2021 को उन्हें अमेठी जिला मुख्यालय से 62 किमी दूर सिंहपुर ब्लॉक के पनहौना प्राथमिक विद्यालय (पीएमश्री विद्यालय) में जॉइनिंग मिली थी।



घटनास्थल पर मौजूद भारी पुलिस बल व अधिकारी। अमृत विचार



मृतक सुनीन अपनी छोटी बेटी के साथ।

- रायबरेली के जगतपुर थाना क्षेत्र के सुदामापुर गांव के रहने वाले थे शिक्षक सुनील

### योगी कानून व्यवस्था का झूठा राग अलापते हैं : सपा

घटना को लेकर सपा की मीडिया सेल ने एक्स पर लिखा- सरेशाम घर में घुसकर एक शिक्षक, उसकी पत्नी और दो मासूम बच्चों की हत्या अंधाधुंध फायरिंग करके कर दी गई। सीएम योगी जो दूसरे प्रदेशों में जाकर सरेआम मंच से यूपी की कानून व्यवस्था का झूठा राग अलापते हैं, वो शर्म करें। यूपी में लगातार जनता जघन्य अपराधों से भयाक्रांत है।

### पिता बोले : पुलिस की नौकरी छोड़ शिक्षक बना था बेटा



रामगोपाल।

मृतक सुनील कुमार के पिता रामगोपाल ने बताया कि वह मजदूरी करते हैं। बोले- पहले लड़का ईंट-भट्टे पर ईंट पाथने का काम करता था। मनरेगा में काम किया। साथ मे पढ़ाई भी की। पढ़ाई करके वह यूपीपी में सिपाही बना व एक वर्ष तक नौकरी की। रामगोपाल ने बताया कि रायबरेली से उसके लड़का अमेठी अप डाउन करके नौकरी करता था। यहां पर वह लोग भी आए थे जिन्होंने इस घटना को अंजाम दिया है। यह वही लोग थे जो उसे रास्ते में उसके लड़के को परेशान किया करते थे। इसकी शिकायत उनके लड़के ने रायबरेली में भी की थी। इसके बाद उन लोगों के खिलाफ मामला भी दर्ज हुआ था। उसके बाद उनके लड़के ने अमेठी में जहां वह पढ़ाता था, वहां कमरा किराये पर लेकर रहने लगा।

> शिक्षक का परिवार किराये पर रहता था। शिक्षक, उनकी पत्नी व उनकी 2 पुत्रियों के हत्यारों का सुराग लगाने के लिए टीम लगा दी गई है। जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।
>
> -अनूप कुमार सिंह, एसपी अमेठी

> अगस्त माह में छेड़खानी के दर्ज मामले में रायबरेली पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दिया था। मुकदमा में वांछित व्यक्ति ही दोषी है या नहीं जांच के बाद ही क्लीयर हो सकेगा।
>
> -यशवीर सिंह, एसपी रायबरेली

### व्यापारी के घर से पुराने किराएदार ने उड़ाए थे 16 लाख के जेवर

**पीलीभीत :** रेडीमेड कपड़े व्यापारी के घर से 16 लाख रुपये चोरी होने की घटना का गुरुवार को पुलिस ने खुलासा कर दिया। इस घटना को व्यापारी के पुराने किराएदार ने अंजाम दिया था। गुरुवार को एएसपी विक्रम दहिया ने पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता में बताया कि 29 सितंबर को कॉलोनी के निवासी सुनगढ़ी क्षेत्र की बल्लभ नगर कॉलोनी निवासी रेडीमेड कपड़ा व्यापारी अक्षित गुप्ता अपनी मां सीमा गुप्ता के साथ बिहार के गया गए थे। उनकी पत्नी कोमल घर में अकेली थीं। सुबह को जागने पर उन्होंने देखा कि अलमारी में रखे 16 लाख के जेवर गायब हैं। छानबीन के दौरान व्यापारी के घर के आसपास लगे कैमरों के फुटेज चेक किए गए। एएसपी ने बताया कि व्यापारी के घर चोरी करने वाला कानपुर देहात के थाना रूरा क्षेत्र के ग्राम अन्दाया का रहने वाला पंकज सिंह निकला।

**कार्यालय ग्राम पंचायत रिवई विकासखंड चरखारी, महोबा**

पत्रांक : मेमो/निविदा सूचना 2024–25 दिनांक : 03.10.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

पंचम राज्य वित्त/15 वॉ वित्त योजना 2024–25 के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य कराए जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 04–10–24 सें 10–10–24 तक सीलबंद निविदायें आमंत्रित की जाएंगी व उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष सीलबंद निविदायें खोली जाएंगी। निविदा शुल्क 100 रू0 है।

| क्र. सं. | योजना अंतर्गत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | धरोहर राशि | सामग्री आपूर्ति | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचम राज्य वित्त/ 15 वॉ वित्त | देवीदीन पाल के मकान से नाना भाई के मकान तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य | 04.74 लाख | 2% | सीमेंट, बालू, ईटा, गिट्टी, रेड मोरम आदि | 3 माह |
| 2 | पंचम राज्य वित्त/ 15 वॉ वित्त | ईश्वरदास के मकान सें वलवीर के मकान तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य | 05.35 लाख | 2% | सीमेंट,बालू, गिट्टी, ईटा, रेड मोरम आदि | 3 माह |

निविदा की शर्ते–

1– निविदा प्रपत्र के साथ 100 रु.के स्टाम्प पेपर, रसीदी टिकिट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा ।

2– निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा तथा शासकीय टेक्स नियमानुसार काटा जाएगा ।

3– ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता को विक्रीकर विभागों के साथ साथ किसी राज्यकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिए ।

4–निविदादाता धरोहर राशि के एवज में एन एस सी/एफ डी आर संलग्न करना होगा ।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत – रिवई
विकासखंड चरखारी, महोबा

ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत – रिवई
विकासखंड चरखारी, महोबा

# प्रधानाध्यापक और सहायक अध्यापक किये गये निलंबित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- छात्राओं से शौचालय साफ कराने का मामला

**अमृत विचार :** दमखोदा ब्लॉक के गरगईया प्राथमिक विद्यालय में छात्राओं से शौचालय साफ कराने के मामले में प्रधानाध्यापक हैदर अली और सहायक अध्यापक जगदीश को निलंबित कर दिया गया। वायरल वीडियो की जांच और छात्राओं से पूछताछ के बाद बीएसए ने कार्रवाई की।

दमखोदा के खंड शिक्षा अधिकारी ने गुरुवार को स्थलीय निरीक्षण कर जांच की। जांच में उन्होंने वीडियो को सात-आठ महीने पुराना बताया है। जांच में पाया कि विद्यालय के प्रधानाध्यापक हैदर अली, सहायक अध्यापक जगदीश, राजवीर और शिक्षामित्र लाखन सिंह के बीच विवाद की वजह से वीडियो वायरल किया गया। वीडियो में कोई शिक्षक नहीं नजर आ रहा है। वीडियो में दिख रही एक छात्रा ने सहायक अध्यापक जगदीश के कहने पर शौचालय साफ करने की बात कही। वहीं अध्यापक का कहना है कि छात्राएं प्रधानाध्यापक ने बहकावे में उनका नाम ले रही हैं। इस पर अन्य विद्यार्थियों से भी पूछताछ की गई तो उन्होंने कहा कि उनसे शौचालय साफ नहीं कराया जाता है। प्रधानाध्यापक ने बताया यह वीडियो उनकी अनुपस्थिति में बनाया गया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय सिंह ने प्रधानाध्यापक हैदर अली और सहायक अध्यापक जगदीश को शैक्षिक गतिविधियों में रुचि न लेने और आपसी विवाद की वजह से विद्यालय में राजनीति के कारण वीडियो वायरल होने से पर स्कूल की छवि धूमिल करने के आरोप में दोषी पाकर लंबित कर दिया है।

## नाबालिग को स्कूटी देने पर अभिभावक का 25 हजार का चालान

**अल्मोड़ाः** नाबालिग को स्कूटी चलाने के लिए देने पर पुलिस ने अभिभावक का 25 हजार रुपये को चालान काटा है।

गुरुवार को अल्मोड़ा थानाध्यक्ष जगदीश देऊपा के नेतृत्व में पुलिस ने नगर में यातायात चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान एसआई संतोष तिवारी ने नगर के टैक्सी स्टैंड के पास तेज रफ्तार से आ रही स्कूटी को रोका। स्कूटी 16 साल का एक किशोर चला रहा था। इस पर पुलिस ने स्कूटी सीज करते हुए उसके अभिभावक को मौके पर बुलाया और उनका 25 हजार रुपये का चालान काट दिया। पुलिस ने कहा कि नाबालिग बाइक और कार समेत अन्य गाड़ियां चलाते हुए नजर आ जाते हैं। इससे सड़क हादसों में बढ़ोतरी होती है। कहा कि पकड़े जाने पर संबंधित अभिभावकों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

# 13.51 करोड़ गबन प्रकरण का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

संवाददाता, रुद्रपुर

- फर्जी चेक लगाकर निकाली थी करोड़ों की राशि

**अमृत विचारः** एलएसओ और एनएच के संयुक्त खाते से फर्जी चेक लगाकर निकाली करोड़ों की धनराशि प्रकरण में पुलिस ने फरार चल रहे मास्टरमाइंड को पंजाब से गिरफ्तार कर लिया है और उसके कब्जे से सरकारी गबन प्रकरण के दस्तावेज भी बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

दो सितंबर को समीक्षा बैठक के दौरान एलएलओ कौस्तुभ मिश्रा ने एनएच के काला व एसएलओ के संयुक्त खाते से 13.51करोड़ की मुआवजा राशि के गबन का मामला पकड़ा था। इसमें आरोपियों ने फर्जी चेक,फर्जी हस्ताक्षर व दस्तावेज लगाकर करोड़ों की धनराशि को कई खातों में ट्रांसफर किया था। प्रारंभिक पड़ताल में ही पुलिस की विशेष टीम ने इंडसइंड बैंक के शाखा प्रबंधक देवेंद्र कुमार और सहायक शाखा प्रबंधक प्रियम सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। प्रकरण में पांच अन्य व्यक्तियों की भी भूमिका सामने आई थी। तीन अभियुक्तों के एनबीडब्लू जारी होने के बाद मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने फरार चल रहे ललित कुमार, महेंदू उर्फ लाली, उर्फ शिव दास पाटिल निवासी बलवंत इन्कलेव बिलासपुर रामपुर यूपी को पंजाब के जीरकपुर से गिरफ्तार कर लिया है। उधर, एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि करोड़ों गबन का मास्टरमाइंड ललित ही है। पुलिस ने आरोपी को पुलिस कस्टडी रिमांड पर लेने के बाद न्यायालय में आवेदन कर दिया है। कस्टडी मिलने के बाद आरोपी से गहनता के साथ पूछताछ की जाएगी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत डामर विकास खण्ड कुरारा (हमीरपुर)**

पत्रांक : मेमो/मनरेगा/विज्ञप्ति/2024–25 दिनांक : 03.10.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा योजना के निम्नलिखित निर्माण कार्य कराये जाने हेतु पंजीकृत फर्मो से सामग्री आपूर्ति हेतु निविदायें दिनांक 10.10. 2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत डामर विकास खण्ड कुरारा में आमत्रित की जाती है। जो दिनाक 04.10.2024 से दिनांक 10.10. 2024 तक बेची जाएगी तथा दिनांक 10.10.2024 को 2 बजे तक सील्ड बाक्स में डाली जाएगी, तथा दिनांक 10.10.2024 को ही समय 3 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य देकर कार्यालय दिवस में दिनाक 04.10.2024 से दिनांक 10.10.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत, डामर से प्राप्त की जा सकती है। धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र, डाक घर पासबुक, एफ0डी0आर0, सी0डी0आर के रूप में जो ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पद नाम पर बंधक हो निविदा के साथ संलग्न करना आवश्यक है। निविदा के साथ रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर युक्त 100.00 रु0 मूल्य का स्टाम्प पेपर संलग्न करना अनिवार्य है। बिना कारण बताए किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। कार्यालय दिवस में कार्य का समस्त विवरण देखा जा सकता है।

| क्रमांक | योजना का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | धरोहर राशि 2 प्रतिशत | निविदा का मूल्य +टी.टी. | कार्य पूर्ण होने की अवधि | ग्राम पंचायत का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | मनरेगा | भूसा घर निर्माण कार्य गौशाला के पास | 558944.00 | 11179.00 | 200+50 | 4 माह | डामर कुरारा हमीरपुर |

**अन्य शर्ते :–** 1. सर्शत निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। 2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य नही की जाएंगी। 3. सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घट बढ़ सकती है। 4. ठेकेदार निविदा डालने के पूर्व कार्य स्थल को निरीक्षण कर लें। 5. सामग्री की आपूर्ति निर्धारित अवधि में पूर्ण न करने पर अनुबन्ध की शर्तो के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। 6. नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी एवं अन्य देयकर ठेकेदार द्वारा वहन किया जाएगा। 7. रायल्टी से सम्बन्धित प्रपत्र एम0एम0–11 अन्तिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति मे नियमानुसार रायल्टी की कटौती बिल से कर ली जाएगी। 8. निविदाता को प्रत्येक निविदा प्रपत्र के साथ समस्त सूचनाएं निर्धारित प्रपत्र (टी.4, टी.5, टी.6) को निविदा के साथ डालना अनिवार्य होगा। 9. किसी भी निविदादाता को जिसका आपराधिक रिकार्ड हो निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अनुमति नहीं दी जा सकती है। यदि ऐसा पाया जाता है जो निविदा अस्वीकार की जाएगी। 10. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि से 90 दिवस होगी। एक बार प्रस्तुत की गई निविदा वापिस नहीं ली जा सकती है।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत डामर
विकास खण्ड कुरारा (हमीरपुर)

ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत डामर
विकास खण्ड कुरारा (हमीरपुर)

# लंबित आवेदनों को समय से करें निस्तारित

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में फॉर्म-छह, सात व आठ के संबंध में जानकारी ली।

कहा कि किसी भी दशा में आवेदन लंबित नहीं रहने चाहिए। नए मतदाताओं को बताया जाए कि उनका वोटर आईडी कार्ड कितने दिन में प्राप्त हो जाएगा। बीएलओ से घर-घर सत्यापन के दौरान कुल 1892288 मतदाताओं में से 13173 मतदाता मृतक, 4145 डबल और 13255 मतदाता शिफ्टेड पाए गए। बीकापुर, अयोध्या और रूदौली का प्रतिशत कम होने पर प्रगति बढ़ाने का निर्देश दिया। जिले में फार्म छह के कुल-390 में 383 फॉर्म सात दिन से अधिक, छह 15 दिन से अधिक, एक 45 दिन से अनिस्तारित मिला।

उन्होंने सात दिन से ऊपर के सभी फॉर्मों का निस्तारण नियमानुसार करने के लिए कहा। उन्होंने अर्हता तिथि एक जनवरी 2025 के आधार पर पर होने वाले नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में अर्ह 18 से 19 आयु वर्ग के मतदाताओं को मतदाता सूची में सामिल किए जाने के लिए कॉलेजों में अभियान चलाने और हेल्प डेस्क की स्थापना किए जाने का निर्देश दिया।

### प्रदेश में विधानसभा उपचुनाव की तैयारी पूरी : सीईओ

**अयोध्या :** विधानसभा मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण और विधानसभा उपचुनाव की तैयारी का जायजा लेने प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा गुरुवार को अयोध्या पहुंचे। जिले के अधिकारियों के साथ मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की तैयारी की समीक्षा की। अब तक के कार्यों के बारे में जानकारी ली। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि कहा कि विधानसभा उपचुनाव की तैयारी पूरी कर ली गई है। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की चेकिंग का काम भी पूरा हो गया है। रिटर्निंग अफसरों ट्रेनिंग करा दी गई है। मतदान केंद्र तैयार है। भारत निर्वाचन आयोग से तिथि की घोषणा का इंतजार है। कहा कि प्रदेश में रिक्त विधानसभा सीटों पर सात दिसंबर तक उपचुनाव हो जाएंगे। उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची का संक्षिप्त पुनरीक्षण 29 अक्टूबर से शुरू होगा।

## न्याय के लिए लड़ने वालों को प्रताड़ित कर रही सरकार : अखिलेश

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार के इशारे पर पुलिस प्रशासन निर्दोष लोगों को झूठे मामलों में फंसाती है। हाथरस में दलित बेटी के जबरन दाह संस्कार या बीएचयू में गैंगरेप का मामला हो, इस सरकार में न्याय नहीं मिला। सरकार ने आरोपियों को संरक्षण दिया जबकि पीड़िता के पक्ष में न्याय के लिए आवाज उठाने वालों पर कार्रवाई हो रही है।

सपा प्रमुख ने गुरुवार को जारी बयान मे कहा कि वाराणसी आईआईटी, बीएचयू गैंगरेप का विरोध करने वाले 13 छात्र-छात्राओं का भाजपा सरकार निलम्बन कर रही है।

**कार्यालय जिला पंचायत, चित्रकूट (उ0प्र0)**

पत्रांक 1043/निर्माण ई–निविदा सूचना/जि0पं0चि0/2024–25 दिनांक 03 अक्टूबर, 2024

**अल्पकालिक ई–निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु समस्त जिला पंचायतों में पंजीकृत/नवीनीकृत ठेकेदारों एवं राज्य सरकार के सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि केन्द्रीय वित्त आयोग, राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत शासकीय अनुदान धनराशि से जिला पंचायत, चित्रकूट द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यो हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र–ई टेण्डरिंग पोर्टल **http//etender.up.nic.in** तथा **panchayatiraj .up.nic.in** पोर्टल के लिंक **ctzp.uppr.gov.in** पर उपलब्ध है, जो ऑनलाइन **http//etender.up.nic.in** पर दिनांक 04–10–2024 को अपरान्ह 01:00 बजे से दिनांक 11–10–2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे तक उपलब्ध रहेंगें एवं आनलाइन **http//etender.up.nic.in** पर ही **upload/download/submit** की जा सकेगी। आमंत्रित निविदायें दिनांक 11–10–2024 को अपरान्ह 12:30 बजे अपर मुख्य अधिकारी कार्यालय कक्ष निविदा समिति के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा फार्म शुल्क **uploaded** निविदा सूची के कालम–6 में अंकित धनराशि जिला पंचायत, चित्रकूट के **आर्यावर्त बैंक शाखा, कर्वी, जनपद–चित्रकूट में खुले जिला निधि खाता संख्या– 610910100014847 आई0एफ0एस0सी0कोड BKID0ARYAGB में जमा कर**, जमा रसीद की स्कैन प्रति निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। **uploaded** निविदा सूची के कालम–5 में अंकित धरोहर धनराशि उपरोक्तानुसार खाता संख्या– **610910100014847** आई0एफ0एस0सी0कोड **BKID0ARYAGB में जमा कर**, जमा रसीद की स्कैन प्रति निविदा के साथ साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा अथवा नियत धरोहर धनराशि का पृथक–2 एफ.डी.आर./एन.एस.सी./के.वी. पी. जो 'अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, चित्रकूट' के पदनाम बन्धक होगी, भी मान्य होगी, जिसकी स्कैन प्रतियां ई–निविदा फार्म के साथ संलग्न की जायेंगीं तथा मूल प्रतियां निविदा दिनांक 11–10–2024 **को अपरान्ह 12:30 बजे** तक कार्यालय, जिला पंचायत, चित्रकूट को उपलब्ध करानी होगी। निविदा मूल्य एवं नियत धरोहर धनराशि के बिना डाली गयी ई–निविदा पर गठित समिति द्वारा विचार नहीं किया जायेगा। यह सूचना सरकारी वेवसाइट **www.chitrakoot. up.nic.in** पर उपलब्ध रहेंगीं। प्रत्येक निविदादाता द्वारा 100/– रूपये के स्टाम्प पेपर पर नोटरी शपथ पत्र, निर्धारित प्रारूप पर एवं मान्य चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र आनलाइन स्कैन करते हुए निविदा के साथ लगाया जायेगा। न्यूनतम निविदादाता को सक्षम अधिकारी की स्वीकृति के उपरान्त उ0प्र0क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत, निर्माण कार्य नियमावली, 1984 के अनुसार वांछित जमानत धनराशि जमा करके अनुबन्ध–पत्र लिखना होगा। कार्यो का सम्पादन उ0प्र0क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत, निर्माण कार्य नियमावली, 1984 के अनुसार किया जायेगा। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार, मा0अध्यक्ष, जिला पंचायत, चित्रकूट में निहित होगा। जी.एस.टी. व सेस के सम्बन्ध में समय–समय पर जारी शासनादेश उपरोक्त निविदाओं पर प्रभावी रहेंगें। अन्य विभागों में पजीकृत ठेकेदारों के लिए उक्त निर्माण कार्यो की ई–निविदा में भाग लेने के लिए पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा उसी श्रेणी की निविदा में प्रतिभाग किया जायेगा, जिस श्रेणी के लिए वह अपने मूल विभाग में पंजीकृत है तथा उनकी निविदा न्यूनतम होने पर जिला पंचायत, चित्रकूट की नियत शर्तो के अन्तर्गत आवश्यक अभिलेख / निर्धारित शुल्क जमा करने के उपरान्त जिला पंचायत, चित्रकूट में ठेकेदारी पंजीकरण कराने के पश्चात नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही सम्पादित की जायेगी। समस्त कार्यो को सूची में अंकित नियत समय में पूर्ण करना अनिवार्य होगा। निविदा कार्यो की सूची एवं निविदा की शर्ते एवं अन्य विस्तृत जानकारी उपरोक्त अंकित बेबसाइट पर देखी व पढ़ी जा सकती है या किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

(राकेश कुमार)
प्र0 अभियन्ता
जिला पंचायत, चित्रकूट (उ0प्र0)

(सुधीर कुमार)
अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, चित्रकूट (उ0प्र0)

(अशोक कमार)
अध्यक्ष
जिला पंचायत, चित्रकूट (उ0प्र0)

श्रीराम मंदिर | चार माह में पूरा होगा शिखर का निर्माण : नृपेंद्र मिश्र

# 161 फीट ऊंचे राममंदिर के शिखर का निर्माण शुरू

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** शारदीय नवरात्र के पहले दिन गुरुवार को लंबी प्रतीक्षा के बाद अभिजीत मुहूर्त में राममंदिर के शिखर निर्माण का कार्य पूजन-अर्चन के बाद शुरू कर दिया गया। मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि मंदिर के 161 फीट ऊंचाई तक का शिखर आने वाले चार माह में पूर्ण होगा।

उन्होंने बताया इसके साथ ही मंदिर के अन्य निर्माण कार्य को भी पूरा करने के लिए अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है। परिसर में सप्त ऋषियों के मंदिर का निर्माण संतोषजनक है। चार माह में पूर्णता की ओर होगा। ट्रस्ट महासचिव चंपतराय ने बताया कि शिखर में लगने वाले पत्थर का पहले पूजन किया गया। कहा कि बहुत ही बारीकी से मंदिर के पूर्णता काल अवधि का गणित निकाला गया है। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही बैठक में वर्ष में अनायास आने वाली प्राकृतिक आपदाओं पर भी चर्चा हुई है। बीते दिनों तीन दिन लगातार हुई वर्षा के कारण भी मंदिर निर्माण का कार्य बाधित रहा है। उन्होंने बताया कि तैयारी दिसंबर की है लेकिन 30 से 35 दिन का रोलिंग टाइम को भी माना गया है।

इससे पूर्व मंदिर निर्माण समिति की गुरुवार को हुई बैठक में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र, आर्किटेक्ट आशीष सोनपुरा के साथ एलएन्डटी, टाटा कंसल्टेंसी के अधिकारी भी मौजूद रहे।



शिलालेख का पूजन करते ट्रस्टी व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

### दिसम्बर 2025 तक पूरा होगा सप्तर्षियों के मंदिर

ट्रस्ट महासचिव ने बताया कि परकोटे के सप्तर्षियों के मंदिर का कार्य निरंतर चल रहा है। इसलिए दिसंबर 2025 तक सभी मंदिरों के पूर्णता की पूर्ण संभावना है।

### नर्मदा से आए 5 शिवलिंग में से 3 का चयन

ट्रस्ट महासचिव संपत राय ने बताया कि शेषावतार मंदिर के नीव का कार्य भी प्रारंभ हो गया है। कहा कि परकोटा में शिव मंदिर बनने वाले हैं। उसके एक मंदिर में शिवलिंग की स्थापना होगी। परकोटा के इशान् कोण उत्तरी पूर्वी कोने पर शिव मंदिर बनेगा। इसके लिए नर्मदा से पांच शिवलिंग मंगाए गए थे। उसमे से तीन का चयन किया गया है। जो शास्त्रीय पद्धति के अनुसार तीन में से एक शिवलिंग का चयन किया जाएगा।

## एक नजर

### नवरात्र व दशहरा पर दी जाए निर्बाध बिजली आपूर्ति

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल ने कहा कि नवरात्र व दशहरा पर लोगों को हर हाल में चौबीस घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराई जाए। त्योहारों को देखते हुए अधिकारी बिजली आपूर्ति को लेकर सजगता बरतें। स्थानीय खराबी कम से कम समय में ठीक की जाए।

### बस्ती के अधीक्षण अभियंता को कारण बताओ नोटिस

**अमृत विचार, लखनऊ :** वितरण निगमों के प्रबंध निदेशकों के साथ समीक्षा बैठक में उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल ने कार्यों में लापरवाही पर बस्ती के अधीक्षण अभियंता के खिलाफ कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कहा कि विभागीय क्रय समिति की बैठक व अन्य आवश्यक कार्य अगर शीघ्र नहीं पूरे हुए तो अगली समीक्षा बैठक में निलम्बित किया जा सकता है। समीक्षा बैठक में जल निगम के प्रबंध निदेशक राज शेखर, कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार आदि अधिकारी शामिल रहे।

### सुधीर कुमार अग्रवाल बने हापुड़ के अधीक्षण अभियंता

**अमृत विचार, लखनऊ :** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम में अनियमितता पर निलंबित किए गए हापुड़ के निलंबित अधीक्षण अभियंता अविनाश कुमार के स्थान पर सुधीर कुमार अग्रवाल को अधीक्षण अभियंता बनाया गया है। अभियंता राजेंद्र बहादुर के सेवानिवृत्त होने के बाद प्रशांत कुमार को अधीक्षण अभियंता वितरण मंडल मेरठ के पद पर तैनात किया गया है।

### लखनऊ -बरेली समेत 5 मंडलों में जल्द होगा ट्रेड शो

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो की सफलता से उत्साहित राज्य सरकार अब मंडल स्तर पर भी ट्रेड शो आयोजित करने में जुट गई है। जल्द ही इसकी शुरूआत 5 मंडल मुख्यालय लखनऊ, बरेली, वाराणसी, आगरा और नोएडा से की जाएगी। लोकभवन में एमएसएमई विभाग के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान और प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार से अनुरोध किया गया है कि हर मंडल मुख्यालय में एग्जिबिशन सेंटर बने, ताकि आर्टिजन को अपने प्रोडक्ट्स दिखाने का मौका मिले। वियतनाम बुद्धिस्ट सर्किट में टूरिज्म और टेक्सटाइल समेत अन्य सेक्टर में जुड़ने को उत्सुक है।

# मनरेगा में नहीं काम, गिरा रोजगार का ग्राफ

## बाढ़ और बारिश का असर, अगस्त में 16.4 लाख व सितंबर में 9.25 लाख परिवारों ने मांगा काम

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में बाढ़ और बारिश का असर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के कामों पर पड़ा है। प्रभावित गांवों में कच्चा-पक्का काम न होने की वजह से जॉबकार्ड परिवारों ने काम की मांग भी कम की है। इससे सितंबर से मनरेगा के रोजगार का ग्राफ गिरा है और दिवाली नजदीक आते ही श्रमिक शहरों की तरफ भागने लगे हैं।

मनरेगा लक्ष्य नहीं बल्कि मांग आधारित योजना है। यानी श्रमिकों द्वारा जितनी मांग उतना काम मिलता है। विभागीय आंकड़ों पर गौर करें तो जून में 28,38,347 परिवारों ने काम मांगा था। जबकि जुलाई में 22,24,193, अगस्त में 16,48,098 व सबसे कम सितंबर में 9,25,975 परिवारों ने काम की मांग की है। इनमें वर्तमान में 9,62,037 श्रमिक काम कर रहे हैं। जबकि श्रमिक त्योहार पर बाहर न जाकर गांव में अधिक काम की मांग करते हैं। लेकिन, इस बार हालात खराब हैं। दूसरी वजह यह भी है कि मनरेगा में एक दिन की मजदूरी 237 रुपये है। वह भी समय पर खातों में नहीं आती। जबकि बाहर इससे अधिक और नकद मिलते हैं। इस वजह से श्रमिक परिवार बाहर को रुख करने लगे हैं।

**66.57 लाख में 58.48 लाख ने किया काम**

प्रदेश में इस वर्ष 1 अप्रैल से 3 अक्टूबर तक कुल 66,57,916 श्रमिकों ने काम मांगा है और 58,48,759 श्रमिकों ने काम किया है। शेष ने काम नहीं किया। जुलाई में पौधरोपण का मनरेगा के तहत अधिक कार्य हुआ। इस वजह से काम की मांग अधिक रही। जो अभियान के बाद कम होती गई। बाढ़ और बारिश के कारण फसलों की कटाई व बोवाई में भी देरी है। इस वजह से फसल संबंधित कार्य भी न के बराबर है।

**ये होते कार्य**

आवास निर्माण, जल संरक्षण, बागवानी, गोशाला निर्माण, पौधरोपण, लघु सिंचाई, तालाब, सड़क व चकबंध कार्य

> बाढ़ और बारिश के कारण कुछ क्षेत्रों में कार्य प्रभावित हैं। इस वजह से काम की मांग कम है। लेकिन, त्योहार को देखते हुए इस माह तेजी से मांग बढ़ेगी और श्रमिकों को काम उपलब्ध कराया जाएगा।
> –हरेंद्र सिंह, संयुक्त आयुक्त, ग्राम्य विकास

# 6,411 पीड़िताओं को आर्थिक मदद का इंतजार

राजीव शुक्ला, लखनऊ

- सबसे अधिक मामले लखनऊ, प्रतापगढ़, हरदोई और सीतापुर में लंबित
- अनुसूचित जाति-जनजाति की पीड़िताओं को समाज कल्याण विभाग देता है मदद

**अमृत विचार :** अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत अनुसूचित जाति और जनजाति की 6, 411 पीड़ित महिलाओं को पुनर्वास के लिए आर्थिक मदद का इंतजार है। इनमें सबसे अधिक पात्र लखनऊ, प्रतापगढ़, हरदोई और सीतापुर के हैं।

अपर पुलिस महानिदेशक, विशेष जांच विजय सिंह मीना ने सभी जिलाधिकारियों को पत्र लिखकर पीड़ित महिलाओं को लाभ दिलाने को कहा है। पत्र की प्रतिलिपि प्रमुख सचिव समाज कल्याण को भी भेजी गई है। मालूम रहे कि समाज कल्याण विभाग की ओर से अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत पुनर्वास के लिए पीड़िता या उसके आश्रित को 85 हजार रुपये से लेकर 8.25 लाख रुपये तक आर्थिक मदद दी जाती है।

**8.25** लाख रुपये तक की दी जाती है मदद

| जिला | पात्र | जिला | पात्र |
|---|---|---|---|
| लखनऊ | 332 | बहराइच | 163 |
| प्रतापगढ़ | 253 | अलीगढ़ | 162 |
| हरदोई | 217 | खीरी | 161 |
| सीतापुर | 203 | उन्नाव | 144 |
| रायबरेली | 198 | शाहजहांपुर | 125 |
| कुशीनीगर | 175 | बरेली | 124 |
| गोंडा | 171 | | |

> 30 करोड़ रुपये का बजट मिला था। 110 करोड़ की जरूरत है। शासन से बजट मांगा जा रहा है। बजट मिलते ही भुगतान किया जाएगा।
> –कुमार प्रशांत, निदेशक समाज कल्याण

# अतिगंभीर नवजातों के लिए सिर्फ दो अस्पतालों में ही वेंटीलेटर सुविधा

## केजीएमयू और लोहिया को छोड़कर कहीं भी इलाज की सुविधा नहीं

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी के दो बड़े चिकत्सा संस्थानों में रोजाना अतिगंभीर (जो स्वतः सांस न ले पाते हों) स्थिति में दो दर्जन ऐसे नवजात शिशु आते हैं, जिनका इलाज अन्य किसी भी सरकारी अस्पताल में उपलब्ध नहीं है। खासकर किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) और डॉ.राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में आने वाले ऐसे बच्चों को बैरंग लौटा दिया जाता है। कारण बताया जाता है कि बेड खाली होने की प्रतीक्षा करें।

यह प्रतीक्षा इस कदर कभी-कभी इतनी लंबी होती है कि ज्यादातर गरीब परिवार के नौनिहाल अभिवावकों के हाथों में ही दम तोड़ देते हैं। यह स्थिति लखनऊ की ही नहीं, वरन प्रदेश के सभी जिलों में है, कुछ मेडिकल कॉलेजों में एनआईसीयू संचालित हो रहे हैं, किस्मत वाले शिशुओं को ही बेड उपलब्ध होता है।

दरअसल, पूरे राज्य में बेहतर चिकित्सा सेवाएं देना का दावा करने वाले स्वास्थ्य विभाग के पास नवजात शिशुओं के अति गंभीर होने पर इलाज के लिए निओनेटल इंटेंसिव केयर यूनिट (एनआईसीयू) नहीं हैं। जिसकी वजह से प्रतिदिन तमाम नवजात शिशु होते हैं जो समुचित इलाज के अभाव में काल के गाल में समा जाते हैं। ऐसे दम तोड़ रहे बच्चों का आंकड़ा शासन व स्वास्थ्य विभाग के पास उपलब्ध नहीं है।

राजधानी के वीरांगना अवंतीबाई महिला चिकित्सालय में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ.सलमान का कहना है सरकारी अस्पतालों के स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट (एसएनसीयू) में अब विकल्प के रूप में सी पैप (कॉन्टिन्यू पॉजिटिव एयर प्रेशर) की उपलब्धता करायी जा रही है, मगर, अतिगंभीर बच्चों को मेडिकल कॉलेज भेजा जाता है। एनआईसीयू में अत्याधुनिक चिकित्सकीय उपकरण और प्रशिक्षित स्टाफ होते हैं जो शिशुओं की 24 घंटे विशेष निगरानी रखते हैं।

**ऐसे बच्चों को पड़ती है एनआईसीयू की आवश्यकता**

जिन बच्चों का जन्म प्रीमैच्योर होता है, इसके अलावा जन्म के तुरंत बाद रोया न हो, पेट में गंदा पानी पहुंच जाने से गंभीर संक्रमण, कम वजन के बच्चे, जन्मजात हृदय रोग, फेफड़ों में संक्रमण या जो जन्म के समय बीमार होते हैं और स्वत: श्वांस नहीं ले पाते है। उनके लिए एनआईसीयू किसी वरदान से कम नहीं है।

> राज्य के सरकारी अस्पतालों में करीब 100 एसएनसीयू स्थापित हैं, जिले की मांग के अनुरूप 10 बेड से लेकर 30 बेड तक की सुविधा उपलब्ध है। राजधानी में छह बड़े सरकारी अस्पतालों में एसएनसीयू हैं। वेंटीलेटर के विकल्प में सरकारी अस्पतालों की एसएनसीयू में सी पैप मशीन उपलब्ध कराई गई हैं। अस्पताल पहुंचने वाले हर बच्चे को पर्याप्त इलाज उपलब्ध है।
> – डॉ. सूर्यांश ओझा, निदेशक एनएचएम

> डॉ. राम मनोहर लोहिया संस्थान में मात्र छह बेड की एनआईसीयू है और 12 बेड एसएनसीयू के हैं। एनआईसीयू के बेड कम है इसलिए खाली होने पर ही भर्ती किया जा सकता है। सामान्यत: रोजाना 20 से 25 बच्चे आते हैं, इनमें से कुल चार–पांच बच्चे भर्ती होते हैं।।
> –डॉ. दीप्ती अग्रवाल, आरएमएल

> क्वीन मैरी में नियोनेटल यूनिट (एनएनयू) में चार वेंटीलेटर हैं, यहां पर क्वीन मैरी में ही जन्मे बच्चे भर्ती किए जाते हैं, इसके अलावा ट्रामा सेंटर में 52 बेडेड एनआईसीयू में रोजाना बेड खाली होने की स्थिति में मुश्किल से तीन–चार बच्चे ही भर्ती हो पाते हैं।
> –डॉ. डॉ. माला कुमार, केजीएमयू

# आजमगढ़ के शुभम और फिरोजाबाद की इकरा खान को पहला स्थान

- उप्र. प्राविधिक शिक्षा परिषद परीक्षाओं के परिणाम घोषित

**अमृत विचार, लखनऊः** उप्र. प्राविधिक शिक्षा परिषद द्वारा जून 2024 में आयोजित सम-सेमेस्टर, वार्षिक और विशेष बैक पेपर परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। सेमेस्टर परीक्षा में आजमगढ़ के छात्र शुभम ने 86.13 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया वहीं, वार्षिक परीक्षा में सागर कॉलेज ऑफ फार्मेसी, फिरोजाबाद की छात्रा इकरा खान ने 82.96 फीसदी अंकों के साथ पहला स्थान हासिल किया।

सचिव अजीत कुमार मिश्रा ने बताया कि सेमेस्टर परीक्षा में एम्बीशन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, वाराणसी के आकाश कुमार मौर्या ने 85.74 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि इसी संस्थान के अजय कुमार ने 84.95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान पाया। वहीं, वार्षिक परीक्षा में राजकीय महिला पॉलिटेक्निक, प्रयागराज की अंजली यादव ने प्रतिशत अंक लेकर दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस एंड रिसर्च, उन्नाव की मरियम फातिमा ने 82.26 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। परिषद द्वारा मेरिट सूची में शीर्ष 10 स्थानों पर आने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल और नकद पुरस्कार से सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों के प्रयोग में शामिल 284 छात्रों के परिणाम रोक दिए गए हैं।

# अब पांच पदों पर नियुक्ति कर सकेंगे महाधिवक्ता

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

- सरकार ने किया उप्र. महाधिवक्ता और विधि अधिकारी अधिष्ठान सेवा नियमावली में संशोधन

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश महाधिवक्ता और विधि अधिकारी अधिष्ठान सेवा नियमावली, 2009 को संशोधित कर दिया है। इसमें प्रमुख सचिव (न्याय) को दिए गए नियुक्ति प्राधिकारी के सभी अधिकार रद कर दिए गए हैं। अब सहायक समीक्षा अधिकारी से लेकर कंप्यूटर आपरेटर तक के 5 पदों की नियुक्ति का अधिकार राज्य के महाधिवक्ता के पास होगा। इस पांचवे संशोधन को राज्यपाल ने मंजूरी दे दी है।

प्रमुख सचिव (न्याय) विनोद सिंह रावत ने गुरुवार को जारी अधिसूचना में स्पष्ट किया है कि नई नियमावली के परिशिष्ट नियम 3 (ख), 4(2) और 25 (2) में बदलाव के बाद कुल 222 पदों पर नियुक्ति प्राधिकारी राज्यपाल होंगे। इसमें ज्येष्ठ मुकदमा अधीक्षक से लेकर मुकदमा अधीक्षक, प्रबंधन अधिकारी, अनुभाग अधिकारी, समीक्षा अधिकारी, प्रधान निजी सचिव, विशेष कार्याधिकारी, निजी सचिव की सभी श्रेणी, अपर निजी सचिव, अनुभाग अधिकारी (लेखा-नकद), समीक्षा अधिकारी और पुस्तकालयाध्यक्ष शामिल हैं।

महाधिवक्ता को जिन पदों पर नियुक्ति प्राधिकारी का अधिकार मिला है, उसमें सहायक समीक्षा अधिकारी के 101 पद, कंप्यूटर सहायक के 103 पद, सहायक समीक्षा अधिकारी (लेखा) के 17 पद, उप पुस्तकालयाध्यक्ष के 1 पद, अनुसंधान सहायक के 2 पद, सूचीकार के 2 पद, कंम्प्यूटर आपरेटर श्रेणी ख के 6 पद, कंम्प्यूटर आपरेटर श्रेणी क के 18 पद, कंम्प्यूटर सहायक आपरेटर 1 पद, कंम्प्यूटर सहायक (उत्तरांचल) 1 पद और डाटा बेस एडमिनिस्ट्रेटर 2 पद शामिल हैं।

महाधिवक्ता के पास पहले से मौजूद फोटोस्टेट आपरेटर के 3, जमादार के 1, दफतरी के 9, अनुसेवक के 180, माली के 1, चौकीदार के 3, इलेक्ट्रीशियन के 1, स्वीपर के 5, बंडल उठाने वाला 4 और फर्राश के 2 पद यथावत रहेंगे।

# प्रधानमंत्री कल जारी करेंगे किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- इस बार अनुदान पर मिलने वाले यंत्रों पर अंकित होगा किसान का नाम और सरकार का लोगो

**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त जारी करेंगे। इस बार अनुदान पर मिलने वाले यंत्रों पर उप्र. सरकार का लोगो और संबंधित किसान का नाम अंकित होगा।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमतीनगर के मार्स ऑडिटोरियम में गुरुवार को राज्य स्तरीय रबी उत्पादकता गोष्ठी-2024 में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने यह जानकारी देते हुए किसानों से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और रासायनिक उर्वरकों का कम से कम उपयोग करने का अनुरोध किया। फसल बीमा कंपनियों को भी निर्देश दिए गए कि वे क्रॉप कटिंग के तुरंत बाद फसल की क्षति पूर्ति सुनिश्चित करें। उद्यान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने भी किसानों से अपील की कि वे र अन्य किसानों के साथ अपनी तकनीकी ज्ञान साझा करें और उन्हें नवीनतम तकनीक अपनाने को प्रेरित करें। कृषि उत्पादन आयुक्त मोनिका एस गर्ग ने किसानों तक नवीनतम तकनीकी जानकारी सही तरीके से पहुंचाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि राज्य में 7634 कृषि सखियों को प्रशिक्षित किया गया है, जो कृषि, उद्यान, रेशम एवं भू-गर्भ जल विभागों के साथ समन्वय कर किसानों तक योजनाओं को पहुंचाने में मदद कर रही हैं।



कृषि गोष्ठी को संबोधित करते कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही। अमृत विचार

गोष्ठी में कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख के अलावा मंडलायुक्त लखनऊ, बीज विकास निगम, उद्यान विभाग, पशुपालन विभाग सहित कई विभागों के प्रमुख अधिकारी भी इस गोष्ठी में शामिल हुए। इस अवसर पर हुई लखनऊ मंडल की गोष्ठी में लखनऊ, सीतापुर, रायबरेली, उन्नाव और हरदोई के मुख्य विकास अधिकारियों ने अपने-अपने जिलों की रबी-2024 के लिए बनाई गई रणनीति पर चर्चा की। कार्यक्रम में लगभग 600 किसानों ने प्रतिभाग किया।

# अवनीश अवस्थी ने दायर किया अमिताभ ठाकुर व उनकी पत्नी के विरुद्ध वाद

**विधि संवाददाता, लखनऊ :** प्रदेश सरकार के सलाहकार पूर्व आईएएस अधिकारी अवनीश अवस्थी ने सिविल जज सीनियर डिवीजन सुनील कुमार की कोर्ट में पूर्व आईपीएस व आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर तथा उनकी नूतन ठाकुर के विरुद्ध अलग-अलग सिविल वाद दाखिल किया है।

दोनों मुकदमों में कहा गया है कि अमिताभ व नूतन कई दिनों से वादी को बिना किसी आधार के एक प्रकरण से फर्जी तरीके से जोड़कर सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार कर रहे हैं तथा समाज में बदनाम करने का प्रयास कर रहे है।

न्यायालय से मांग की गई है कि इस प्रकार से चल रही समस्त भ्रामक खबरों पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा दोनों को भविष्य में इस प्रकार की कोई भी टिप्पणी करने से रोके जाने की मांग भी की गयी है।

हालांकि न्यायालय ने कोई भी अंतरिम आदेश देने से पूर्व ठाकुर दम्पति को नोटिस जारी किये जाने का निर्देश दिया है। न्यायालय ने मामले में अंतरिम प्रार्थना पत्र पर सुनवाई के लिए 21 अक्टूबर की तारीख नियत की है।


## वर्ग पहेली-211

**बाएं से दाएं**

2. 1. छोटी मूसल 2. हल्दी की जाति का एक पौधा 3. एक औषधीय पौधा।
5. 1. ध्यान से देखना 2. निरीक्षण करना 3. चाव से निहारना।
6. 1. किसी कष्ट या आह के कारण गले से खांसने जैसी कराहने की ध्वनि निकलना 2. भारी वस्तु उठाने पर या कुश्ती में गले से निकलने वाली ध्वनि 3. बहुत कठिन परिश्रम करने
8. 1. (ज्योतिष) एक प्रकार का योग 2. पुस्तक या ग्रंथ का खंड या विभाग 3. मुख का एक विशेष रोग।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. छोटा 2. कनिष्ठ।
3. किसी के द्वारा किसी वस्तु को सुसज्जित कराना, सुसज्जित करवाना।
4. गरजने जैसा शब्द होना, गड़गड़ाना।
5. 1. निर्मल या स्वच्छ होना 2. मैल आदि हटने से रंग–रूप का खिलना 3. पहले से बेहतर स्थिति में होना, परिमार्जित होना।
7. आठ टांगों और दो पंजों का एक जलीय कीड़ा, कर्क, (क्रैब)।



### वर्ग पहेली -210 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 स | जू | री | | 2 रो | |
| | | | 3 ए | ष | णी |
| | 4 सं | | | म | |
| 5 जी | व | नो | 6 पा | य | |
| | र | | व | | 7 चौ |
| | ण | | दा | | को |
| | | 8 बि | न | वा | ना |

## सुडोकू -124

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 6 | | | | 9 |
| | 7 | | 5 | | 9 | 1 | | |
| | 2 | | 4 | 8 | | | | |
| 5 | 9 | | | | 2 | | 1 | |
| 6 | | 1 | | | | 3 | | 7 |
| | 8 | | 6 | | | | 9 | 4 |
| | | | | 1 | 5 | | 6 | |
| | | 5 | 2 | | 4 | | 8 | |
| 7 | | | | 9 | | | | 3 |

### सुडोकू - 123 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 8 | 6 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 6 | 4 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 2 | 4 | 7 | 3 | 9 | 8 | 5 | 6 | 1 |
| 8 | 5 | 4 | 9 | 2 | 6 | 1 | 3 | 7 |
| 6 | 3 | 2 | 5 | 7 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 1 | 7 | 9 | 4 | 8 | 3 | 6 | 2 | 5 |
| 7 | 2 | 3 | 8 | 5 | 9 | 4 | 1 | 6 |
| 5 | 6 | 8 | 1 | 3 | 4 | 2 | 7 | 9 |
| 4 | 9 | 1 | 7 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 4 अक्टूबर शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वितीया 5 अक्टूबर 05.30 तक तत्पश्चात तृतीया।

**मेष** — आज आपका मन कुछ विचलित हो सकता है। सामाजिक रिश्तों को बेहतर बनाने का प्रयास करें। मांसपेशियों के खिंचाव की समस्या हो सकती है। दस्त और उल्टी की समस्या हो तो सीधे अपने चिकित्सक से संपर्क करें।

**वृष** — आज रचनात्मक कार्यों में आप रुचि लेंगे। मित्रों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। अपनी प्रतिभा पर पूर्ण भरोसा रखें। रुका हुआ धन आपको प्राप्त हो सकता है। आप काफी रोमांटिक मूड में रहेंगे। वैवाहिक जीवन बेहद सुखद रहेगा।

**मिथुन** — आज राजनीति में आप काफी रुचि लेंगे। कर्ज बिल्कुल न लें वरना आपको परेशानी हो सकती है। नजदीकी लोग आपसे नाराज रहेंगे। सभी कार्यों को तय समय में पूरा कर लेंगे। कुछ नया जानने व खोजने की इच्छा मन में रहेगी।

**कर्क** — आज अपनी छवि को लेकर कुछ चिंतित रहेंगे। अपना पूरा फोकस अपने लक्ष्य पर बनाए रखें। कार्यक्षेत्र में अनुभवी न बुजुर्ग सहकर्मियों का सहयोग मिल सकता है। धन की कमी के कारण आपके काम प्रभावित हो सकते हैं।

**सिंह** — आज दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। ऑनलाइन शॉपिंग से आपको काफी अच्छी छूट और ऑफर का लाभ मिल सकता है। जीवनसाथी के साथ यात्रा की योजना बना सकते हैं। पुरानी चोट का दर्द उभर सकता है। नए व्यापार में आ रही परेशानी दूर होगी।

**कन्या** — आज उच्चाधिकारी आपके प्रति अच्छा व्यवहार रखेंगे। परिवार की जिम्मेदारियों को लेकर तनाव में हो सकते हैं। आपकी सेहत अच्छी रहेगी। आपकी योजना के अनुरूप कार्य नहीं होंगे। वाहन के मेंटीनेंस में धन खर्च हो सकता है।

**तुला** — आज व्यवसाय में बेहतरीन अवसर मिलने की संभावना बन रही है। इससे आप में एक नया उत्साह और जोश देखने को मिलेगा। बौद्धिक चर्चाओं में आप सम्मिलित हो सकते हैं। आर्थिक स्थिति अच्छी रहने वाली है।

**वृश्चिक** — आज लंबी दूरी की यात्रा न करें। दूसरों की भावनाओं को आप काफी महत्व देंगे, लेकिन लोग आपको उतना भाव नहीं देंगे, जिससे आपको अपमान महसूस हो सकता है। सुबह सिरदर्द की समस्या हो सकती है।


**धनु** — आज महत्वपूर्ण वस्तुओं व सेवाओं की खरीदारी के समय मोलभाव अवश्य कर लें। शाम के समय आपका स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। व्यापार में कुछ बड़ी डील हो सकती है।

**मकर** — आज जीवन में कुछ सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास कर सकते हैं। ऑफिस का काम आपको घर पर भी करना पड़ सकता है। इसके अलावा दिन काफी अच्छा रहने वाला है। दांपत्य संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**कुंभ** — आज फाइनेंस से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। कानूनी मामलों को लेकर सावधान रहें। दोपहर के बाद सभी काम बनते नजर आएंगे। बौद्धिक विषयों में रुचि लेंगे। अपने शौक के अनुसार करियर बनाने का विचार आ सकता है।

**मीन** — आज अपने गुप्त रहस्य किसी को न बताएं। अधीनस्थ कर्मचारियों पर निगरानी बनाए रखें। धन के लेन-देन में सावधानी रखें। मन में महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर शंका रहेगी। गलत आदतों के कारण आलोचना का शिकार हो सकते हैं।

## आज का पंचांग




दिशाशूल–पश्चिम। ऋतु–शरद। चन्द्रबल–मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर। ताराबल–भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र–चित्रा 18.38 तक तत्पश्चात स्वाती।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
- सपूत — सुबह : 11.40
- वीरगति — रात : 07.01

**&pictures**
- नाच लकी नाच — सुबह : 11.12
- द रियल तेवर — रात : 07.30

**SONY PIX**
- इट — सुबह : 10.00
- लव अगैन — रात : 09.00

**ZEE CINEMA**
- महाबली — सुबह : 10.29
- सूर्यवंशी — रात : 08.00

**ZEE ACTION**
- नागमती — सुबह : 10.31
- गुमनाम — रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात :08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

आधी रात को एक लड़के ने अपनी गर्लफ्रेंड के घर का दरवाजा खटखटाया।
ममता– कौन है?
लड़का– मैं हूं?
ममता– मैं कौन?
लड़का अरे बेवकूफ, तू ममता और कौन।

बॉयफ्रेंड– क्या तुम जानती हो कि संगीत में इतनी शक्ति होती है कि पानी गरम हो सकता है।
गर्लफ्रेंड– हां जरूर, क्यों नहीं जब तुम्हारा गाना सुनकर मेरा न खौल सकता है, तो पानी क्यों नहीं!

## कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.) गेहूंदड़ा 2750-2775 आर.आर.21. 2750-2900 गेहूंफारम 2950-3000 जौ 2300 -2400 ज्वार 2000 -4000 बाजरा 2250-2300 मकाई 2400 -2500 दलहन (प्रति क्वि.) चना 7100 -7200 अरहर 8500 -9000 मसूर 5500 -5600 मटर 3600 -3700 उड़दहरा 11500 -12000 उड़दकाला 7500 -8500 मूंग 7500 -8000 दाल (प्रति क्वि.) अरहरफूल 15400-15500 अरहरस्पेशल 12200-12300 चनादाल 8850-9000 मटरदाल 4450-4550 मसूरमलका 7100-7125 मसूरदाल 7300-7325 उड़ददाल 9000- 13500 उड़द धोवा 10000- 12500 मूंगदाल 8500 -9700 मूंग धोवा 9500-11000 चावल (प्रति क्वि.) अरवा 2800-4000 बासमती न01. 10500-11000 सेला 3000 -4000 बासमती न02. 7000-8000 आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.) आटा 1600-1700 मैदा 1670-1720 सूजी 1700-1750 चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) शाहपसंद 1570-1590 तिलहन (प्रति क्वि.) लाही 5900-6000 अलसी 4500 -4600 अण्डी 4600 -4700 तिल्ली 11000- 11500 मूंगफली दानाशिवपुरी 9200- 11200 बटाली 8500 -11300 सेहुआं 4000 - 4500 तेल (प्रित क्वि.) सरसोंकोल्हू 14800-14900 अलसी 12400-12500 अण्डी 13800-14000 रिफाइण्ड (प्रति टिन) सोयाबीन 1980-1989 खली (प्रति क्वि.) सरसों 2600-2625 अलसी 4800-4900 अण्डी 1400-1450 वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) बावर्ची 1980-1984 मयूर 1980-1984 गुड़ (प्रति क्वि.) मंगलौरलडडू 4800-5200 देशीभेली 4600-4700 शक्करदाना (प्रति क्वि.) एम.30. 4200-4240 घीदेशी (प्रति क्वि.) खुर्जा 60000-60100 औरय्या 51300-51400 माधौगढ़ 53300-53400

## सर्राफा

कानपुर

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 93300 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 100000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 105000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 77600 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 57850-58050 |

# नए नियम, प. एशिया में तनाव से दोनों सूचकांक दो प्रतिशत टूटे

### चीन में बाजार का मूल्यांकन आकर्षक होने से विदेशी निवेशकों रुख बदला

मुंबई, एजेंसी

एफएंडओ में सेबी के नए नियमों और पश्चिम एशिया में बढ़ रहे तनाव के बीच गुरुवार को हुई बिकवाली से शेयर बाजार 2.10 और निफ्टी 2.12% टूट गया।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) खंड के लिए सेबी के नए नियमों ने भी बाजार में सौदों की संख्या कम होने से जुड़ी चिंता बढ़ाने का काम किया है। साथ ही चीन में बाजार का मूल्यांकन आकर्षक होने से विदेशी निवेशकों ने पूंजी का रुख उधर मोड़ दिया है, जिससे भारतीय शेयरों पर दबाव बढ़ गया है।



आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 5,579.35 करोड़ मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की थी। व्यापक बाजार में बीएसई का मिडकैप 2.27% जबकि स्मालकैप 1.84% की गिरावट में रहा। क्षेत्रवार सूचकांकों में रियल्टी खंड में 4.49% की गिरावट रही। पूंजीगत उत्पाद खंड 3.18% और वाहन खंड 2.94% के नुकसान में रहे। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के उप प्रमुख (खुदरा शोध) देवर्ष वकील ने कहा कि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों और एफआईआई के भारत से निकलकर चीन का रुख करने की आशंकाएं हावी रहीं। चीन की तुलना में घरेलू बाजारों के अधिक मूल्यांकन से इसे बल मिला।

### निवेशकों को लगी लाखों करोड़ की चपत

**नई दिल्ली।** चौतरफा बिकवाली से निवेशकों के 9.78 लाख करोड़ रुपये डूब गए। बीएसई की सभी कंपनियों का बाजार मूल्यांकन बड़ी गिरावट के बीच 4.65 लाख करोड़ पर आ गया। इस गिरावट से निवेशकों की संपत्ति एक ही दिन में 9,78,778.57 लाख करोड़ घटकर 4,65,07,685.08 करोड़ रुपये (5.54 लाख करोड़ डॉलर) रह गई।

# कॉल ऑप्शन : निवेश का लचीला उपकरण

कॉल ऑप्शन एक डेरिवेटिव अनुबंध है, जो निवेशक को भविष्य में किसी निश्चित तारीख तक या उससे पहले एक निश्चित मूल्य पर एसेट (जैसे स्टॉक) खरीदने का अधिकार प्रदान करता है। यह निवेशकों को बढ़ते बाजार से लाभ कमाने का अवसर प्रदान करता है, बिना उस एसेट को तुरंत खरीदने की जरूरत के। कॉल ऑप्शन में जोखिम और लाभ दोनों ही होते हैं। जहां सही समय पर खरीदी गई कॉल ऑप्शन भारी मुनाफा दे सकती है, वहीं गलत पूर्वानुमान से प्रीमियम की पूरी राशि गंवाई जा सकती है। निवेशकों को इसके लिए ऑप्शन चेन, ग्रीक्स, और वोलैटिलिटी जैसे कारकों पर नजर रखना जरूरी है। आइये इस पर नजर डालें...

### मुख्य बिंदु

- **बायर का अधिकार :** कॉल ऑप्शन खरीदने वाले को यह अधिकार होता है कि वह भविष्य में किसी एसेट को निर्धारित मूल्य पर खरीदेगा।
- **प्रीमियम :** कॉल ऑप्शन खरीदने के लिए प्रीमियम का भुगतान करना होता है, जो कि कॉन्ट्रैक्ट की लागत होती है।
- **स्टाइक प्राइस :** यह वह मूल्य होता है जिस पर एसेट को खरीदा जा सकता है।
- **एक्सपायरी डेट :** वह अंतिम तारीख जब तक ऑप्शन होल्डर को यह अधिकार होता है।
- **इन-द-मनी (आईटीएम) :** जब एसेट का मार्केट मूल्य स्ट्राइक प्राइस से ऊपर होता है।
- **आउट-ऑफ-द-मनी (ओटीएम) :** जब एसेट का मार्केट मूल्य स्ट्राइक प्राइस से कम होता है।
- **एसेट का प्रकार :** यह स्टॉक, इंडेक्स, या किसी अन्य सिक्योरिटी से संबंधित हो सकता है।

कॉल ऑप्शन का उपयोग निवेशक लाभ कमाने, हेजिंग या किसी अन्य स्ट्रैटेजी के हिस्से के रूप में करते हैं।



### जोखिम

- **प्रीमियम :** अगर ऑप्शन एक्सपायर हो गया और आप एक्सरसाइज़ नहीं करते, तो पूरा प्रीमियम खो जाएगा।
- **वोलैटिलिटी :** अगर स्टॉक की कीमत कम बढ़ती है या स्थिर है, तो प्रीमियम गिरता है। इसका गिरना ऑप्शन की वैल्यू कम करता है।
- **टाइम डिके :** एक्सपायरी डेट पास आते-आते ऑप्शन का मूल्य घटता है, जिसे थीटा कहते हैं। समय के साथ कॉल की कीमत कम होती है, अगर स्टॉक की कीमत में उछाल नहीं आता।
- **अनुमान का गलत होना :** अगर आपने कॉल ऑप्शन खरीदा और स्टॉक की कीमत उम्मीद के मुताबिक नहीं बढ़ी, तो आपको नुकसान हो सकता है।

कॉल में संभावनाएं ज्यादा होती हैं, लेकिन इसमें जोखिम भी अधिक है। इसलिए इससे जुड़े रिस्क को समझना आवश्यक होता है।

### विश्लेषण

- **प्राइस मूवमेंट :** स्टॉक की वर्तमान कीमत और स्ट्राइक प्राइस में अंतर देखें। अगर स्टॉक की कीमत स्ट्राइक प्राइस से ऊपर जाने की संभावना है, तो कॉल ऑप्शन की वैल्यू बढ़ेगी।
- **टाइम टू एक्सपायरी :** एक्सपायरी जितनी नज़दीक आती है, ऑप्शन की कीमत में बदलाव आता है। यदि स्टॉक की कीमत बढ़ती है, तो ऑप्शन की वैल्यू बढ़ती है, लेकिन कीमतें नहीं बढ़ीं, तो ऑप्शन बेमूल्य हो सकता है।
- **इम्प्लाइड वोलैटिलिटी :** ये दर्शाता है कि भविष्य में कीमतें कितनी तेज या धीमी हो सकती है। अगर वोलैटिलिटी बढ़ती है, तो ऑप्शन की कीमत भी बढ़ती है।
- **ऑप्शन चेन :** यह सभी ऑप्शंस को दिखाता है, जिनमें स्ट्राइक प्राइस, प्रीमियम, एक्सपायरी डेट, और वोलैटिलिटी की जानकारी होती है।
- **ऑप्शन ग्रीक्स :** ग्रीक्स वो संकेतक होते हैं जो ऑप्शन की कीमत में बदलाव का अनुमान लगाने में मदद करते हैं।

# देश के शीर्ष आठ शहरों में घरों की बिक्री पांच प्रतिशत बढ़ी

- रियल एस्टेट सलाहकार नाइट फ्रैंक इंडिया ने जारी की इंडिया रियल एस्टेट रिपोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में मकानों तथा कार्यालय स्थलों की ऊंची मांग के दम पर आठ प्रमुख शहरों में जुलाई-सितंबर में घरों की बिक्री सालाना आधार पर 5 और कार्यालय स्थल की कुल मांग 18% बढ़ी है। रियल एस्टेट सलाहकार नाइट फ्रैंक इंडिया ने गुरुवार को तीसरी तिमाही के लिए रिपोर्ट इंडिया रियल एस्टेट जारी की।

आंकड़ों के अनुसार, जुलाई-सितंबर में आठ शहरों में मकानों की बिक्री 5% बढ़कर 87,108 इकाई हो गई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 82,612 इकाई थी। कार्यालय स्थल की मांग 1.61 करोड़ वर्ग फुट से 18% बढ़कर 1.9 करोड़ वर्ग फुट हो गई। यह वैश्विक क्षमता केंद्र स्थापित करने की इच्छुक बहुराष्ट्रीय कंपनियों की उच्च मांग से प्रेरित रही। नाइट फ्रैंक इंडिया की रिपोर्ट एनारॉक और प्रॉपइक्विटी द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के विपरीत है।

# युवाओं को काबिल बनाने के लिए 800 करोड़

नई दिल्ली, एजेंसी

### प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना

- एक करोड़ युवाओं को 500 शीर्ष कंपनियों में मिलेगा प्रशिक्षण
- चयनित युवाओं को 5,000 रुपये मासिक मिलेगी वित्तीय सहायता
- चालू वित्त वर्ष में 1.25 लाख इंटर्नशिप के अवसर देने की योजना

सरकार ने युवाओं को रोजगार के काबिल बनाने के लिए गुरुवार को पायलट आधार पर प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना शुरू की। इसके तहत चयनित युवाओं को 5,000 रुपये मासिक वित्तीय सहायता मिलेगी और उन्हें इंटर्नशिप के लिए जॉवइन करने को लेकर एकबारगी 6,000 रुपये की सहायता दी जाएगी। सूत्रों के अनुसार चालू वित्त वर्ष में 1.25 लाख इंटर्नशिप के अवसर उपलब्ध कराने की योजना है। इस पर 800 करोड़ रुपये का खर्च आने का अनुमान है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट भाषण में कहा था कि सरकार इंटर्नशिप के लिए व्यापक योजना शुरू करेगी। इसके तहत पांच साल में एक करोड़ युवाओं को 500 शीर्ष कंपनियों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्हें कारोबारी माहौल, विभिन्न क्षेत्रों में 12 महीने कामकाज के गुर सीखने का मौका और रोजगार के अवसर मिलेंगे। सूत्रों ने कहा कि योजना को ऑनलाइन पोर्टल डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट पीएमइंटर्नशिप डॉट एमसीए डॉट गॉव डॉट इन के जरिये लागू किया जाएगा। पोर्टल का विकास कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय ने किया है।

इंटर्नशिप के लिए चयनित युवाओं को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत बीमा कवर दिया जाएगा। प्रीमियम का भुगतान सरकार करेगी। कंपनियां उम्मीदवार को अतिरिक्त दुर्घटना बीमा दे सकती हैं। सूत्रों ने कहा कि पायलट परियोजना दिसंबर के पहले सप्ताह में पूरी होने की उम्मीद है, जिसके बाद इसे लागू किया जाएगा। केंद्र सरकार की नौकरियों में आरक्षण का नियम इस योजना में भी लागू होगा।

# कैप्टिव, वाणिज्यिक ब्लॉक से कोयला उत्पादन 32% बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

- कोयला मंत्रालय ने कहा- दोनों ब्लॉक से उत्पादन व आपूर्ति में हुई उल्लेखनीय वृद्धि

कैप्टिव तथा वाणिज्यिक दोनों कोयला ब्लॉक से कोयला उत्पादन 2024-25 की अप्रैल-सितंबर अवधि में 32% बढ़कर 7.972 करोड़ टन (एमटी) हो गया। 2023-24 की पहली छमाही में कैप्टिव तथा वाणिज्यिक दोनों कोयला ब्लॉक से कोयला उत्पादन 6.052 करोड़ टन था।

कोयला आपूर्ति सालाना आधार पर 34% की वृद्धि हुई, जो 2023-24 की पहली छमाही में 6.537 करोड़ टन से बढ़कर 2024-25 की पहली छमाही में 8.786 करोड़ टन हो गई। कोयला मंत्रालय ने कहा कि 2024-25 की पहली छमाही यानी एक अप्रैल 2024 से 30 सितंबर 2024 के दौरान कैप्टिव तथा वाणिज्यिक दोनों कोयला ब्लॉक से कोयला उत्पादन व आपूर्ति में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज हुई। कोयला उत्पादन सितंबर 2023 के 1.040 करोड़ टन से 32% बढ़कर पिछले महीने 1.374 करोड़ टन हो गया।

## राष्ट्रीय

### एक नजर

#### महादेव एप : छत्तीसगढ़ के कारोबारी को जमानत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने महादेव सट्टेबाजी एप से जुड़े धन शोधन मामले में पिछले साल अगस्त में ईडी द्वारा गिरफ्तार छत्तीसगढ़ के कारोबारी सुनील दम्मानी को गुरुवार को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के उस आदेश को रद कर दिया, जिसमें दम्मानी को जमानत देने से इनकार किया गया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि दम्मानी 23 अगस्त, 2023 से हिरासत में हैं।

#### राजद के प्रदेश महासचिव को अपराधियों ने मारी गोली

**मुंगेर।** बिहार में मुंगेर जिले के कासिमबाजार थाना क्षेत्र में अपराधियों ने गुरुवार सुबह राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रदेश महासचिव पंकज यादव को गोली मारकर घायल कर दिया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर) राजेश कुमार ने बताया कि पंकज यादव सुबह हवाईअड्डा परिसर में मार्निंग वाक कर रहे थे। दो बाइक पर सवार अपराधियों ने उन्हें गोली मारकर घायल कर दिया। घायल राजद नेता को निजी अस्पताल में भर्ती है।

#### लड्डू : कोर्ट की निगरानी में जांच पर आज सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट तिरुपति में लड्डू बनाने में पशु चर्बी के इस्तेमाल के मामले में अदालत की निगरानी में जांच के अनुरोध वाली याचिका समेत अन्य पर शुक्रवार को सुनवाई करेगा। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत से अनुरोध किया कि शुक्रवार को सुबह 10.30 बजे मामले को लिया जा सकता है। पहले इस सुनवाई गुरुवार को अपराह्न 3.30 बजे होनी थी। मेहता ने न्यायमूर्ति बीआर गवई की पीठ से कहा कि अगर आप अनुमति दें तो क्या मैं कल सुबह 10.30 बजे जवाब दे सकता हूं? पीठ ने इसे स्वीकार कर लिया और कहा कि वह शुक्रवार को सुनवाई होगी।

# कांग्रेस यानी दलाल-दामाद का सिंडिकेट : मोदी

### प्रधानमंत्री ने कहा - हरियाणावासी देशभक्त, भारत को मजबूती देने वाली पार्टी को चुनेंगे

नई दिल्ली, एजेंसी



- बोले- कांग्रेस का मतलब भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद की गारंटी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को हरियाणा के लोगों को देशभक्त और कांग्रेस को विभाजनकारी करार देते हुए कहा कि आज दुनिया भारत की ओर उम्मीद से देख रही है, लिहाजा वे राज्य में ऐसी सरकार चुनें जो भारत को मजबूती देने की दिशा में प्रयास करे। मतदान के लिए प्रचार थमने से पहले मोदी ने मतदाताओं से एक बार फिर भाजपा की सरकार बनाने की अपील करते हुए दावा किया कि कांग्रेस का मतलब भ्रष्टाचार, जातिवाद, सांप्रदायिकता और भाई-भतीजावाद की गारंटी है। कांग्रेस यानी दलाल और दामाद का सिंडिकेट...।

प्रधानमंत्री ने एक्स पर सिलसिलेवार किए पोस्ट में कहा कि 10 वर्षों में भाजपा ने लोगों के जीवन को समृद्ध बनाने के लिए काम किया है। हमने सभी वर्गों के कल्याण को प्राथमिकता दी है। किसान हों, युवा हों, महिलाएं हों, गांव और शहरों का विकास हो, हमने कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ी। हम हरियाणा को कांग्रेस के घोटालों और दंगों वाले दौर से बाहर निकालकर लाए हैं।

मोदी ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने लोगों का जो उत्साह देखा है, उससे उन्हें पक्का विश्वास है कि हरियाणा के लोग भाजपा को फिर आशीर्वाद देने वाले हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा के देशभक्त लोग, कांग्रेस की विभाजनकारी और नकारात्मक राजनीति को स्वीकार नहीं करेंगे। गांधी और हुड्डा परिवार की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस का मतलब भ्रष्टाचार, जातिवाद, सांप्रदायिकता और भाई-भतीजावाद की गारंटी' है। बापू-बेटे की राजनीति का मूल उद्देश्य सिर्फ स्वार्थ है। कांग्रेस यानी दलाल और दामाद का सिंडिकेट। उन्होंने दावा किया कि हिमाचल से कर्नाटक तक कांग्रेस की सरकारें विफल साबित हुई हैं और साथ ही आरोप लगाया कि कांग्रेस की नीतियां लोगों को तबाह करती हैं।

### हरियाणा विस चुनाव का प्रचार थमा, शनिवार को मतदान

**चंडीगढ़।** हरियाणा में पांच अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार गुरुवार शाम समाप्त हो गया। भाजपा तीसरी बार सत्ता में आने को तो कांग्रेस को एक दशक के बाद सत्ता में वापसी की उम्मीद। चुनाव में दो करोड़ से अधिक मतदाता पात्र हैं, जिनमें 8,821 की उम्र 100 साल से अधिक है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने बताया कि 90 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मतदान पांच अक्टूबर को सुबह सात से शाम छह बजे तक होगा। कुल 20,629 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।


# पीएमकेयर्स फंड से बाढ़ पीडितों की मदद करे सरकार : खरगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गुरुवार को कहा कि बाढ़ से बिहार के कई इलाकों में तबाही मची है और लाखों लोग बेघर हो गए हैं इसलिए मोदी सरकार को बाढ़ पीडितों की पीएमकेयर्स फंड से मदद करनी चाहिए। खरगे ने एक्स पर कहा कि बिहार के 17 ज़िलों में 15 लाख़ लोग बाढ़ग्रस्त हैं और कई लोगों की मृत्यु पीड़ादायक है। पुल टूटे हैं और उत्तरी बिहार में आपदा से नागरिकों के घर उजड़े हैं। केंद्र और राज्य सरकार से हमारी मांग है कि राहत और बचाव कार्यों में तेज़ी लाई जाए, ताकि पीड़ितों को त्वरित मदद मिल सके।



# देश में मोहब्बत-नफरत के बीच लड़ाई : राहुल गांधी

नूंह/महेंद्रगढ़(हरियाणा), एजेंसी



- कांग्रेस नेता ने नूंह की चुनावी सभा में भाजपा सरकार पर किए तीखे हमले

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को हरियाणा की भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकने का आह्वान किया और कहा कि राज्य में कांग्रेस का तूफान आ रहा है तथा मोहब्बत की सरकार बनने जा रही है। गांधी ने नूंह में सभा में भाजपा पर तीखे हमले किए और कहा कि आज मोहब्बत और नफरत के बीच लड़ाई है। पिछले साल नूंह में विश्व हिंदू परिषद के जुलूस पर भीड़ के हमला करने के बाद हिंसा भड़क गई थी जिसमें दो होम गार्ड और एक मौलवी सहित छह लोगों की मौत हो गई थी।

राहुल गांधी ने चुनाव प्रचार के आखिरी दिन आरोप लगाया कि कि कांग्रेस प्यार फैलाती है जबकि भाजपा नफरत। राहुल ने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण चीज भाईचारा है। भाजपा और आरएसएस के लोग जहां जाते हैं, नफरत फैलाते हैं। वे जिस भी राज्य में जाते हैं, कहीं भाषा तो कहीं धर्म और कहीं वे जाति के बारे में बात करते हैं। गांधी का कहना था कि नफरत को खत्म करना होगा। भारत नफरत का नहीं मोहब्बत का देश है। उन्होंने कहा कि भारत मोहब्बत की दुकान का देश है, नफरत का बाजार का नहीं है। हम देश में इस नफरत को जीतने नहीं देंगे।

# सीएक्यूएम ने पराली जलाने से रोकने का नहीं किया प्रयास

नई दिल्ली, एजेंसी



- सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को एक सप्ताह में हलफनामा देने का निर्देश दिया

सुप्रीम कोर्ट ने पराली जलाने से रोकने में विफल वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को गुरुवार को फटकार लगाई और कहा कि उसने ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए उसके निर्देश लागू करने का प्रयास नहीं किया है। कोर्ट ने केंद्र और सीएक्यूएम को इस मामले में एक सप्ताह में हलफनामा देने का निर्देश दिया और मामले की सुनवाई 16 अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दी।

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि सीएक्यूएम ने पराली जलाने के खिलाफ एक भी मुकदमा शुरू नहीं किया है। इस मुद्दे पर 29 अगस्त को बैठक हुई थी। न्यायालय ने कहा कि बैठक में 11 में से पांच सदस्य ही मौजूद थे, जहां उसके निर्देशों पर चर्चा तक नहीं हुई।

# बृज बिहारी प्रसाद हत्याकांड के दो दोषियों को उम्रकैद

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बिहार के पूर्व मंत्री बृज बिहारी प्रसाद की 1998 में हुई हत्या में पूर्व विधायक मुन्ना शुक्ला समेत दो लोगों को गुरुवार को उम्रकैद की सजा सुनाई। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, संजय कुमार और आर महादेवन की पीठ ने सभी को बरी करने के पटना हाईकोर्ट के फैसले को रद किया और मंटू तिवारी व पूर्व विधायक शुक्ला को 15 दिन में आत्मसमर्पण करने को कहा।

शीर्ष अदालत ने पूर्व सांसद सूरजभान सिंह समेत छह अन्य आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए बरी करने के हाईकोर्ट के आदेश को बरकरार रखा। पीठ ने कहा कि तिवारी और विजय शुक्ला उर्फ मुन्ना के खिलाफ हत्या और हत्या का प्रयास के आरोप साबित हुए हैं। हाईकोर्ट ने 2014 को कहा था कि गौर करने के बाद सूरजभान सिंह उर्फ सूरज सिंह, मुकेश सिंह, लल्लन सिंह, मंटू तिवारी, कैप्टन सुनील सिंह, राम निरंजन चौधरी, शशि राय, मुन्ना शुक्ला और राजन तिवारी संदेह का लाभ पाने के हकदार हैं।

# जग्गी वासुदेव के ईशा फाउंडेशन के खिलाफ कार्रवाई पर रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

- कोर्ट ने पुलिस को दिए निर्देश, फाउंडेशन पर दो साध्वियों को बंधक बनाने का आरोप

सुप्रीम कोर्ट ने योग गुरु जग्गी वासुदेव की ओर से कोयंबटूर में संचालित ईशा फाउंडेशन आश्रम के खिलाफ दो महिलाओं को बंधक बनाकर रखने के मामले में तमिलनाडु पुलिस की कार्रवाई पर गुरुवार को रोक लगा दी।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पार्दीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने ईशा फाउंडेशन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी द्वारा मौखिक उल्लेख पर आदेश पारित किया, जिसमें इस मामले में हाईकोर्ट के निर्देश और मौखिक टिप्पणियों पर आपत्ति जताई गई। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने 39 और 42 साल की दो साध्वियों से बात की और पाया कि वे अपनी मर्जी से और बिना दबाव के वहां रह रही हैं। शीर्ष अदालत में एक व्यक्ति ने याचिका दायर करके आश्रम पर आरोप लगाया कि उसकी दो बेटियों को वहां बंधक बनाकर रखा गया है। इसके विपरीत पीठ ने बताया कि महिलाओं ने यह भी कहा कि वे आश्रम से बाहर जाने को स्वतंत्र हैं और उनके माता-पिता भी उनसे मिलने आते हैं। दोनों महिलाओं में से एक ने कहा कि उसने हाल ही में हैदराबाद में 10 किमी की मैराथन में भी भाग लिया था।

### बदलापुर मामला

# आरोपी की मौत की जांच रिपोर्ट 18 नवंबर तक दें

**मुंबई।** बंबई हाईकोर्ट ने गुरुवार को मजिस्ट्रेट को बदलापुर स्कूल यौन उत्पीड़न मामले के आरोपी अक्षय शिंदे की हिरासत में मौत की जांच रिपोर्ट 18 नवंबर तक देने को कहा है। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति पृथ्वीराज चव्हाण की खंडपीठ ने यह निर्देश दिया।

पीठ ने आदेश दिया कि मामले से संबंधित सभी साक्ष्य जुटाएं, संरक्षित करें और फोरेंसिक विशेषज्ञों से उनकी जांच कराएं। पुलिस जांच में फोरेंसिक साक्ष्य शामिल करे, जिसमें आरोपी पुलिस की गोलीबारी में मारा गया था।

# पूर्व क्रिकेटर अजहरुद्दीन को ईडी ने वित्तिय अनियमितता में किया तलब

हैदराबाद, एजेंसी



- धनशोधन की जांच के लिए नहीं हुए पेश एजेंसी से मांगा और समय

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एवं कांग्रेस नेता मोहम्मद अजहरुद्दीन हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन (एचसीए) में वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन की जांच के क्रम में गुरुवार को ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए। 61 वर्षीय पूर्व क्रिकेटर ने एजेंसी से और समय मांगा। अजहरुद्दीन को 8 अक्टूबर को पेश होने के लिए नया समन जारी हुआ है। ईडी ने इस संबंध में पिछले साल नवंबर में एचसीए के पूर्व पदाधिकारियों के परिसरों पर छापे मारे थे, जिनमें पूर्व उपाध्यक्ष एवं क्रिकेटर शिवलाल यादव, कांग्रेस विधायक एवं एचसीए के पूर्व अध्यक्ष गद्दाम विनोद, पूर्व सचिव अरशद अयूब के अलावा एसएस कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के कार्यालय और एमडी सत्यनारायण के आवास शामिल थे।

# कर्नाटक के मंत्री बोले- जिन्ना नहीं, सावरकर थे कट्टरपंथी

- दावा- वे मांस खाते थे और गो वध के खिलाफ नहीं थे

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने दावा किया है कि विनायक दामोदर सावरकर मांस खाते थे और वह गो वध के खिलाफ नहीं थे। बुधवार को राव ने कहा कि सावरकर ब्राह्मण थे और वह मांस खाते थे। वह गो वध के खिलाफ नहीं थे। मंत्री ने दावा किया कि कुछ लोग कहते हैं कि वह बीफ भी खाते थे। एक ब्राह्मण के रूप में वह मांसाहार का खुलेआम समर्थन करते थे। राव ने कहा कि महात्मा गांधी शाकाहारी थे और हिंदुत्व के प्रति उनकी दृढ़ आस्था थी। कहा कि एक अन्य ध्रुव मोहम्मद अली जिन्ना थे। वह शराब पीते थे। कहा जाता है कि वह सूअर का मांस भी खाते थे, लेकिन जिन्ना कट्टरपंथी नहीं थे, बल्कि सावरकर कट्टरपंथी थे।

# चुनाव से दो दिन पहले भाजपा नेता तंवर कांग्रेस में शामिल

चंडीगढ़, एजेंसी

- महेंद्रगढ़ जिले में आयोजित राहुल गांधी की रैली में हुए शामिल

भाजपा को छोड़कर उसके वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद अशोक तंवर हरियाणा में विधानसभा चुनाव से दो दिन पहले गुरुवार को महेंद्रगढ़ जिले में राहुल गांधी की रैली में कांग्रेस में शामिल हो गए। जैसे ही गांधी भाषण समाप्त कर रहे थे, मंच से घोषणा की गई जिसमें दर्शकों से कुछ मिनट प्रतीक्षा करने को कहा गया। इसके तुरंत बाद तंवर मंच पर आए और घोषणा की गई कि आज उनकी घर वापसी हो गई है। तंवर इस वर्ष की शुरुआत में भाजपा में शामिल हुए थे। तंवर ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा के साथ मतभेदों के बाद 2019 में पार्टी छोड़ दी थी। चुनाव प्रचार शाम छह बजे समाप्त होने से कुछ घंटे पहले वह पार्टी में शामिल हुए। तंवर को राहुल गांधी का करीबी माना जाता था। दलित समुदाय के नेता तंवर की कांग्रेस में वापसी से पार्टी को मजबूती मिलने की संभावना है।

# छात्र परिषद ने बोस को दिखाए काले झंडे

**कोलकाता।** प. बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस को गुरुवार को कलकत्ता विवि के बाहर टीएमसी की छात्र शाखा ने काले झंडे दिखाए। बोस विवि में पुरस्कार समारोह में शामिल होने गए थे। छात्र परिषद ने कहा कि वे पुरस्कार समारोह आयोजित करने के कथित अनियमित तरीके का विरोध कर रहे थे। छात्रों ने बोस के खिलाफ भी नारे लगाए। राजभवन के अधिकारी ने बताया कि राज्यपाल को कॉलेज परिसर में विवि के प्रमाण पत्र और पदक वितरण समारोह की अध्यक्षता करनी थी।

# मुझे न्यायपालिका पर भरोसा सच्चाई जीतेगी : सिद्धारमैया

### एमयूडीए मामला



**मैसुरु।** मैसुरू शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) घोटाला में जांच का सामना कर रहे कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने गुरुवार को कहा कि उन्हें विश्वास है कि सच्चाई की जीत होगी। उन्होंने विपक्ष की ओर से मुख्यमंत्री पद से हटाए जाने की मांग को फिर खारिज कर दिया। चामुंडी पहाड़ियों पर स्थित चामुंडेश्वरी मंदिर में दस दिवसीय दशहरा के उद्घाटन समारोह में उन्होंने कहा कि सत्यमेव जयते। भाजपा और जद (एस) द्वारा उनके इस्तीफे की मांग पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जब तक उनके पास लोगों और चामुंडेश्वरी देवी का आशीर्वाद है, तब तक कोई भी कुछ नहीं कर सकता।

## खेल डायरी

### टी-20 फ्रेंचाइजी के लिए सीएसए अनुबंध से हटे तबरेज

जोहानिसबर्ग। बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर तबरेज शम्सी ने गुरुवार को क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) के केंद्रीय अनुबंध पूल से हटने का फैसला किया ताकि वह दुनिया भर की टी-20 लीग में अधिक सक्रिय रूप से हिस्सा ले सकें। हालांकि शम्सी अब भी दक्षिण अफ्रीका के लिए सफेद गेंद के प्रारूपों में बड़े द्विपक्षीय या आईसीसी टूर्नामेंट में खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे। शम्सी ने सीएसए द्वारा जारी एक बयान में कहा मैंने अपने केंद्रीय अनुबंध से हटने का फैसला किया है ताकि घरेलू सत्र के दौरान और अधिक लचीलापन आ सके और मैं सभी उपलब्ध मौकों का फायदा उठा सकूं तथा अपने परिवार की सर्वश्रेष्ठ तरीके से देखभाल कर सकूं। शम्सी ने हालांकि दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और भविष्य में विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा होने की उम्मीद जताई।

### वंशिक के नाम दो स्वर्ण सहित चार पदक

मुंबई। वंशिक ने विश्व पिकलबॉल चैंपियनशिप में पुरुष एकल का स्वर्ण पदक हासिल किया जिससे भारत का बाली चरण में अभियान दो स्वर्ण और इतने ही रजत पदक के साथ समाप्त हुआ। खास बात है कि भारत के इन चारों पदक में वंशिक का योगदान रहा। उन्होंने पुरुष एकल में स्वर्ण पदक जीतने के बाद ईशा लखानी के साथ मिलकर 35 से अधिक उम्र के युगल वर्ग में शीर्ष स्थान हासिल किया। वंशिक ने इसके साथ ही तेजस के साथ पुरुष युगल और वृषाली के साथ मिश्रित युगल में रजत पदक जीत कर अपने अभियान को यादगार बनाया। स्वर्ण पदक विजेता ईशा और वंशिक ने कहा, ऐसे प्रतिष्ठित आयोजन में स्वर्ण पदक जीतना सपने के सच होने जैसा है।

### कृष्णव चोपड़ा संयुक्त 12वें स्थान पर

गोटेम्बा (जापान)। भारत के पूर्व क्रिकेटर निखिल चोपड़ा के बेटे कृष्णव चोपड़ा ने यहां एशिया पैसिफिक एमेच्योर चैंपियनशिप (एएसी) के शुरूआती दौर में दो अंडर 68 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 12वें स्थान पर बने हुए हैं। वह शीर्ष पर चल रहे इंडोनेशिया के रैंडी बिनटांग (65) से तीन शॉट पीछे हैं। अन्य भारतीयों में वेदांत सिरोही (69) संयुक्त 16वें स्थान पर बने हुए हैं जबकि कार्तिक सिंह 71 के कार्ड से संयुक्त 31वें स्थान पर हैं। वहीं पदार्पण कर रहे रक्षित दहिया ने 75 का कार्ड बनाया जिससे वह संयुक्त 69वें स्थान पर बने हुए हैं। अमेरिका में लोंग आइलैंड पर कॉलेज गोल्फ खेलने वाले 19 वर्षीय चोपड़ा ने चार बर्डी लगाई जबकि दो बोगी कर बैठे।

### महिला लीग भारतीय हॉकी के लिए गेम चेंजर : सविता

नई दिल्ली। पूर्व कप्तान सविता पूनिया ने हॉकी इंडिया लीग में महिलाओं के लिये अलग स्पर्धा शुरू करने के हॉकी इंडिया के फैसले की प्रशंसा करते हुए इसे देश में खेल के लिए गेम चेंजर बताया। टूर्नामेंट के इतिहास में पहली बार हॉकी इंडिया लीग में पुरूषों के साथ महिला टीमें भी भाग लेंगी। दिसंबर के आखिरी सप्ताह से फरवरी 2025 तक चलने वाली एफआईएच से मान्यता प्राप्त इस लीग में पुरूष वर्ग में आठ और महिला वर्ग में छह टीमें भाग लेंगी। सविता ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा महिलाओं के लिए एक अलग लीग गेम चेंजर होगी और भारतीय हॉकी के लिये बड़ा कदम होगा। युवा खिलाड़ियों के लिए यह मंच उन्हें उच्च स्तर पर खेलने का मौका देगा और बतौर खिलाड़ी निखारने में भी मदद करेगा।

### खुशी ने 50 मीटर राइफल 3पी निशानेबाजी में जीता कांस्य

लीमा। खुशी ने आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में कांस्य पदक हासिल किया। पेरू की राजधानी लीमा में बुधवार को हुए स्पर्धा में खुशी ने 447 .3 अंक के साथ कांस्य पदक हासिल किया। इसके साथ ही चैंपियनशिप में 10 स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य सहित भारत के पदकों की संख्या 15 हो गई है। भारत पदक तालिका में शीर्ष पर है। खुशी ने क्वालिफिकेशन राउंड में 585-29x स्कोर के साथ सातवें स्थान पर रहकर फाइनल में जगह बनाई। साथी भारतीय निशानेबाज अनुष्का थोकुर, 585-26x के साथ 11वें, साक्षी पाडेकर, 581-28x के साथ 24वें, मेल्विना असफल रहीं।

# पाउला बाडोसा ने झांग को हराया

## चीन ओपन : यूलिया को हराकर गॉफ सेमीफाइनल में पहुंचीं


कोको गॉफ >>

बीजिंग, एजेंसी

- अंतिम चार में स्पेन की 19वीं रैंकिंग वाली खिलाड़ी पाउला बाडोसा से भिड़ेंगी गॉफ
- शंघाई मास्टर्स में बेरेटिनी ने ऑस्ट्रेलियाई क्रिस्टोफर ओकॉनेल को हराया


<< पाउला बाडोसा

स्पेन की 19वीं रैंकिंग वाली खिलाड़ी पाउला बाडोसा ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए गुरुवार को यहां चल रहे चीन ओपन टेनिस टूर्नामेंट में स्थानीय दावेदार झांग शुआई को 6-1, 7-6 (4) से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। बाडोसा ने मई से अब तक अपने 35 में से 28 मुकाबले जीते हैं और वह पिछले पांच टूर्नामेंट में से तीन के सेमीफाइनल में पहुंची हैं। उन्होंने अमेरिकी ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी जगह बनाई थी।

45 वर्षीय झांग ने इस प्रतियोगिता में 24 मैचों में हार के बाद वाइल्ड कार्ड धारक के रूप में प्रवेश किया था हालांकि उन्होंने इस सप्ताह अपने चार मैचों में एक भी सेट नहीं गंवाया। झांग के खिलाफ शुरुआती सेट को आसानी से जीतने वाली बाडोसा ने दूसरा सेट में 1-3 से पिछड़ने के बाद वापसी की और क्वार्टरफाइनल के टाईब्रेक में प्रतिद्वंद्वी को शिकस्त दे दी। वहीं, छठी रैंकिंग की खिलाड़ी कोको गॉफ ने यूक्रेन की क्वालिफायर खिलाड़ी यूलिया स्टारोडुबत्सेवा के खिलाफ पहले सेट में पिछड़ने के बाद दमदार वापसी करते हुए सेमीफाइनल में जगह पक्की की। गॉफ अंतिम चार में स्पेन की 19वीं रैंकिंग वाली खिलाड़ी पाउला बाडोसा से भिड़ेंगी।

दूसरी ओर शंघाई मास्टर्स टूर्नामेंट में इटली के माटेओ बेरेटिनी ने पहले दौर में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी क्रिस्टोफर ओकॉनेल को दो घंटे और 13 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में 7-6, (9) 7-6 (6) से पराजित किया। पूर्व विंबलडन फाइनलिस्ट बेरेटिनी का सामना अगले दौर में 14वें स्थान पर काबिज होल्गर रूने से होगा। पहले दौर के अन्य मुकाबलों में मार्कोस गिरोन, डेविड गोफिन, जैम मुनार, झोउ यी, जैकब मेनसिक और मिओमिर केकमैनोविच ने जीत दर्ज की।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत को शीर्ष प्रदर्शन की उम्मीद

दुबई, एजेंसी

**महिला टी-20 विश्व कप**

- भारतीय महिला टीम का पहला मुकाबला आज

भारत शुक्रवार को यहां महिला टी-20 विश्व कप के ग्रुप ए के अपने शुरुआती मैच में न्यूजीलैंड से भिड़ेगा तो सीनियर स्टार खिलाड़ियों से अच्छे प्रदर्शन की दरकार होगी क्योंकि टीम अतीत में बेहद करीब पहुंचकर चूकने की यादों से उबरने के लिए सकारात्मक शुरुआत के लक्ष्य के साथ उतरेगी।

संभवतः अपना आखिरी टी-20 विश्व कप खेल रही कप्तान हरमनप्रीत कौर कई बार खिताब के करीब पहुंचकर चूकने और निराशाजनक क्षणों की गवाह रही हैं जिसमें टी-20 विश्व कप 2020 में मेलबर्न में फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार भी शामिल है। अतीत की तरह यह भारतीय टीम भी प्रतिभा से भरपूर है और संभवतः केवल ऑस्ट्रेलिया के पास ही इतनी अच्छी टीम है। लेकिन मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के पास छह टी-20 विश्व कप खिताब हैं जबकि भारत को पहले खिताब का इंतजार है।

### पाकिस्तान ने श्रीलंका को 31 रन से हराया

शारजाह। पाकिस्तान ने महिला टी20 विश्व कप के अपने पहले मैच में गुरुवार को यहां श्रीलंका को 31 रन से हराया। पाकिस्तान की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 116 रन पर आउट हो गई लेकिन इसके स्पिनरों ने श्रीलंका की टीम के लिए यह स्कोर भी पहाड़ जैसा बना दिया जिसकी टीम नौ विकेट पर 85 रन ही बना पाई।

### आईसीसी ने शुरू किया एआई उपकरण

दुबई। आईसीसी ने महिला टी-20 विश्व कप में क्रिकेट समुदाय, खिलाड़ियों और प्रशंसकों को विषाक्त सामग्री से बचाने, एक सुरक्षित और समावेशी ऑनलाइन वातावरण बनाने के लिये एक सोशल मीडिया मॉडरेशन कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) उपकरण युक्त कंप्यूटर सॉफ्टवेयर की शुरुआत की है।

# विश्व कप क्वालीफायर के लिए अर्जेंटीना में मेस्सी की वापसी

ब्यूनस आयर्स। स्टार फुटबॉल खिलाड़ी लियोनल मेस्सी की वेनेजुएला और बोलीविया के खिलाफ होने वाले दक्षिण अमेरिकी विश्व कप क्वालीफाइंग मैचों के लिए अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम में वापसी हुई है।



37 वर्षीय मेस्सी टखने की चोट के कारण हाल ही में हुए मुकाबलों से बाहर रहे थे। अर्जेंटीना के कोच लियोनल स्कालोनी ने 10 अक्टूबर को वेनेजुएला और उसके पांच दिन बाद ब्यूनस आयर्स में बोलीविया से होने वाले मैचों के लिए बुधवार को टीम की घोषणा की। कोलंबिया के खिलाफ कोपा अमेरिका फाइनल में चोटिल होने के बाद मेस्सी पिछले दो दौर के मुकाबले नहीं खेल पाए थे। अर्जेंटीना 18 अंकों के साथ दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग में सबसे आगे है। उसके बाद कोलंबिया के 16 और उरुग्वे के 15 अंक हैं। यहां से शीर्ष छह टीमें 2026 फीफा विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी।

# चैंपियंस लीग में लिली से हारा रीयाल मैड्रिड

मैड्रिड, एजेंसी

काइलियान एमबापे स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में उतरे लेकिन गत चैंपियन रियाल मैड्रिड को बुधवार को यहां चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में लिली के खिलाफ 0-1 की हार से नहीं बचा पाए। पैर की मांसपेशियों में मामूली चोट के बाद एमबापे को स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में उतारा।

लिली के लिए मैच का एकमात्र गोल कनाडा स्ट्राइकर जोनाथन डेविड ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में पेनल्टी पर दागा। वीडियो समीक्षा में पाया गया कि मिडफील्डर एडवर्डो कैमाविंगा का हाथ गेंद पर लगा था जिसके बाद लिली को पेनल्टी मिली। पिछले सप्ताहांत हैट्रिक बनाने वाले डेविड ने इसके बाद गोलकीपर एंड्री लुनिन को छकाते हुए गोल किया। एमबापे रीयाल मैड्रिड के लिए 57वें मिनट में मैदान पर आए लेकिन टीम को हार से नहीं बचा पाए।


एस्टन विला और बायर्न म्यूनिख के बीच मैच के बाद जश्न मनाते एस्टन विला के जॉन ड्यूरन, बाएं और लुकास डिग्ने। ● एजेंसी

लीवरपूल ने मिडफील्डर एलेक्सिस मैक एलिस्टर और दिग्गज फारवर्ड मोहम्मद सालाह के गोल से बोलोग्ना को 2-0 से हराया। इस बीच स्थानापन्न खिलाड़ी जॉन डुरान ने अंतिम लम्हों में गोल करके एस्टन विला को बायर्न म्यूनिख पर 1-0 से जीत दिलाई। यूवेंटस ने लेपजिग को 3-2 से हराया जबकि बेनेफिका ने एटलेटिको मैड्रिड को 4-0 से रौंदा। इटली की टीम अटलांटा ने यूक्रेन के शाख्तर पर 3-0 से जीत दर्ज की जबकि नीदरलैंड के क्लब फेयेनोर्ड ने गिरोना पर 3-2 से जीत हासिल की।

### इंटर मिलान ने एमएलएस सपोर्टर्स शील्ड जीती, मेस्सी की 46वीं ट्रॉफी

कोलंबस (ओहियो)। इंटर मिलान ने बुधवार को यहां गत चैंपियन कोलंबस क्रू को 3-2 से हराकर मेजर लीग सॉकर सपोर्टर्स शील्ड जीत ली। लियोनल मेस्सी ने पहले हाफ के अंतिम लम्हों में दो गोल दागे जबकि गोलकीपर ड्रेक कैलेंडर ने 84वें मिनट में पेनल्टी किक रोककर टीम की जीत सुनिश्चित की। नियमित सत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली टीम को सपोर्टर्स शील्ड दी जाती है। मेस्सी की यह 46वीं ट्रॉफी है जो उन्होंने अपने क्लब या देश के लिए जीती है। उन्होंने पुरुष फुटबॉल के इतिहास के सबसे सफल खिलाड़ी के रिकॉर्ड को और बेहतर किया। इंटर मियामी के लीग सत्र में 20 जीत, चार हार और आठ ड्रॉ से 68 अंक रहे। अपने अंतिम दो मैच जीतकर इंटर मियामी कुल अंकों को 74 तक पहुंचा सकती है जो नया रिकॉर्ड होगा।

# गैरी कर्स्टन के कारण बाबर ने छोड़ी कप्तानी

- कर्स्टन ने रिपोर्ट में कहा- कप्तान के तौर पर बाबर के दबाव झेलने की क्षमता से नहीं बहुत प्रभावित

कराची, एजेंसी

पाकिस्तान के अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम ने सीमित ओवरों के मुख्य कोच गैरी कर्स्टन द्वारा पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को सौंपी गई रिपोर्ट को लेकर इसके दोनों प्रारूपों में राष्ट्रीय टीम की कप्तानी छोड़ दी। बोर्ड के अंदरूनी सूत्रों के मुताबिक यह स्पष्ट था कि जुलाई में टी-20 विश्व कप के बाद बाबर का कप्तानी को लेकर मोहभंग हो गया था।

अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेले गए इस विश्व कप में पाकिस्तान का प्रदर्शन बेहद खराब रहा था। टीम के एक करीबी सूत्र ने कहा कर्स्टन और यहां तक कि सहायक कोच अजहर महमूद की टिप्पणियों और सिफारिशों से बाबर खुश नहीं थे और उन्हें लगा कि टीम के निराशाजनक प्रदर्शन के लिए केवल उन्हें दोषी ठहराया गया है। कर्स्टन की रिपोर्ट के कुछ हिस्सों के सार्वजनिक होने के बाद बाबर ने क्रिकेट बोर्ड को संकेत दिया था कि उन्हें कप्तान बने रहने में कोई दिलचस्पी नहीं है। अंदरूनी सूत्र ने कहा कि बाबर ने बोर्ड अधिकारियों के इस बात को लेकर निराशा जताई कि पीसीबी (पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड) ने उनके पिछले प्रदर्शन और परिणामों पर विचार नहीं किया। बोर्ड ने उन पर जरूरी विश्वास और भरोसा भी नहीं दिखाया। सूत्रों के मुताबिक कर्स्टन ने बोर्ड को अपनी रिपोर्ट में ड्रेसिंग रूम के माहौल के साथ-साथ इंग्लैंड और टी-20 कप विश्व कप में कुछ खिलाड़ियों के व्यवहार और असहयोग पर भी चर्चा की थी।

कर्स्टन कप्तान के तौर पर बाबर के दबाव झेलने की क्षमता से बहुत प्रभावित नहीं है। उनके मुताबिक पिछले साल से मानसिक तनाव और आलोचना के बाद एक विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में टीम में उनकी भूमिका अधिक महत्वपूर्ण है। पीसीबी सफेद गेंद प्रारूप में कप्तान के नाम की घोषणा करने की जल्दी में नहीं है। उसने चयनकर्ता असद शफीक और चयन समिति के कुछ सदस्यों से गहन विचार विमर्श करने के बाद नाम की सिफारिश को कहा है।

### पतन के लिए मुदस्सर ने पीसीबी को ठहराया दोषी

नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व सलामी बल्लेबाज मुदस्सर नजर ने सीनियर खिलाड़ियों बाबर आजम और शाहीन शाह अफरीदी के बीच बढते तनाव के लिए पीसीबी को दोषी ठहराते हुए कहा कि बोर्ड को कप्तान का साथ देना चाहिए। बाबर ने पाकिस्तान की कप्तानी से बुधवार को दूसरी बार इस्तीफा दे दिया। इससे पहले उन्होंने 2023 वनडे विश्व कप में खराब प्रदर्शन के बाद कप्तानी छोड़ी थी जब शाहीन को सीमित ओवरों के प्रारूप में कप्तान बनाया गया था। पीसीबी ने इस साल मार्च मे फिर बाबर को सीमित ओवरों का कप्तान बनाया। मुदस्सर ने यूएई में क्रिकेट प्रेडिक्टा कांक्लेव से इतर पीटीआई से कहा यह सब हमारा किया धरा है (बाबर और शाहीन के बीच मतभेद)। हमें कप्तान को लंबा कार्यकाल देना चाहिए और अगर किसी और को कप्तान बनाया गया है तो उसे भी समय दिया जाना चाहिए।

# इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज दौरे के लिए घोषित की टीम

लंदन। इंग्लैंड ने जोस बटलर की अगुवाई में वेस्टइंडीज के दौरे के लिए अपनी सीमित ओवरों के लिए 14 सदस्यीय टीम घोषणा की है। बटलर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज से बाहर रहे थे। इंग्लैंड ने टी-20 सीरीज में बराबरी की थी और एकदिवसीय सीरीज में मामूली अंतर से हार का सामना करना पड़ा था।

बटलर की अनुपस्थिति में फिल साल्ट और हैरी ब्रुक ने क्रमशः टी-20 और एकदिवसीय टीमों की अगुआई की थी। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार वेस्टइंडीज दौरे के लिए इंग्लैड की टीम में लेग स्पिनर जाफर चौहान, जॉन टर्नर और डैन मूसली अनकैप्ड खिलाड़ी हैं। इंग्लैंड 31 अक्टूबर से वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन एकदिवसीय और पांच टी-20 मैच खेलेगा। वेस्टइंडीज दौरे के लिए घोषित की गई इंग्लैंड की सीमित ओवरों की टीम में जोस बटलर (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, जैकब बेथेल, जाफर चौहान, सैम करन, विल जैक्स, लियाम लिविंगस्टोन, साकिब महमूद, डैन मूसली, जेमी ओवरटन, आदिल राशिद, फिल साल्ट, रीस टॉपली और जॉन टर्नर शामिल है।

# दक्षिण अफ्रीका ने पहले वनडे में आयरलैंड को 139 रन से हराया

अबु धाबी, एजेंसी

- रेयान रिकेल्टन ने खेली 91 रनों की शानदार पारी, आयरलैंड के एडेयर ने 10 ओवर में 50 रन देकर चटकाए चार विकेट

मार्क एडेयर ने आयरलैंड के लिए चार विकेट चटकाए लेकिन इसके बावजूद टीम को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 139 रन से हार का समना करना पड़ा।

दक्षिण अफ्रीका ने सलामी बल्लेबाज रेयान रिकेल्टन (91 रन, 102 गेंद, तीन छक्के, सात चौके) और ट्रिस्टन स्टब्स (79) के अर्धशतक से नौ विकेट पर 271 रन का स्कोर खड़ा किया। रिकेल्टन और स्टब्स ने चौथे विकेट के लिए 152 रन की साझेदारी की और दक्षिण अफ्रीका को शुरुआती झटकों से उबारा। इसके बाद लिजाड विलियम्स (32 रन पर चार विकेट) ने आयरलैंड के शीर्ष क्रम को ध्वस्त किया और आठ ओवर के शुरुआती स्पैल में तीन विकेट चटकाए। आयरलैंड ने शुरुआती 15 ओवर में ही पांच विकेट गंवा दिए। विलियम्स के करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के अलावा लुंगी एनगिडी और ब्योर्न फोर्टुइन ने भी दो-दो विकेट हासिल किए जिससे आयरलैंड की टीम 31.5 ओवर में 132 रन पर आउट हो गई। आयरलैंड के लिए जॉर्ज डॉकरेल 32 गेंद में 21 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। इससे पहले एडेयर ने 10 ओवर में 50 रन देकर चार विकेट चटकाए। रविवार को भी इस तेज गेंदबाज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 31 रन देकर चार विकेट चटकाए थे जिससे आयरलैंड ने टी-20 शृंखला के दूसरे मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ इस प्रारूप में अपनी पहली जीत हासिल की। टी-20 मैचों की तरह वनडे शृंखला भी अबु धाबी में हो रही है।

## बॉलीवुड हलचल



### प्रियंका ने नई तस्वीरों में दिखाया ग्लैमरस लुक

लंदन। बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री एवं पूर्व विश्व सुंदरी प्रियंका चोपड़ा ने इंस्टाग्राम पर अपनी शानदार ग्लैमरस तस्वीरें साझा की है। प्रियंका अपने फैशन स्टाइल से प्रशंसकों को प्रभावित करने का कोई मौका नहीं छोड़ती हैं। प्रियंका ने हाल ही में एक कार्यक्रम से अपना ग्लैमर दिखाते हुए शानदार तस्वीरें साझा की हैं, जिससे प्रशंसक उनकी सुंदरता पर फिदा हो गए हैं। कुछ लोग तो उनके पति निक जोनास को एक भाग्यशाली व्यक्ति भी कह रहे हैं। प्रियंका ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने आकर्षक लुक को दिखाते हुए तस्वीरों की एक शृंखला पोस्ट की। एक तस्वीर में प्रियंका शीशे में देखती नजर आ रही हैं, जबकि दूसरी तस्वीर में वह हल्के भूरे रंग के पैंटसूट के साथ शानदार सफेद टॉप और पैंट में नजर आ रही हैं। आखिरी दो तस्वीरों में प्रियंका फिटेड ब्लैक, फुल-स्लीव टॉप में पोज देती नजर आ रही हैं तस्वीरों के साथ प्रियंका ने एक मजेदार कैप्शन जोड़ा, जब ग्लैम इतना अच्छा हो।

### 200 करोड़ के क्लब में शामिल हुई देवरा-पार्ट 1

मुंबई। मैन ऑफ मासेस जूनियर एनटीआर की फिल्म देवरा-पार्ट 1 ने भारतीय बाजार में 208 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है। निर्देशक कोराटाला शिवा की एक्शन थ्रिलर फिल्म देवरा-पार्ट 1, 27 सितंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज की गई। इस फिल्म में जूनियर एनटीआर, जाह्नवी कपूर और सैफ अली खान ने मुख्य भूमिका निभायी। इस फिल्म में जूनियर एनटीआर डबल रोल में हैं। फिल्म देवरा-पार्ट 1 ने छह दिनों में भारतीय बाजार में 200 करोड़ रुपये का आंकड़ा छू लिया है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म देवरा पार्ट 1 ने छह दिनों में 208 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है।

### आईएमडीबी की शीर्ष 250 भारतीय फिल्मों की सूची में 12वीं फेल नंबर वन पर

मुंबई। इंटरनेट मूवी डेटाबेस (आईएमडीबी) ने शीर्ष 250 भारतीय फिल्मों की सूची जारी की है, जिसमें विधु विनोद चोपड़ा निर्मित-निर्देशित फिल्म 12वीं फेल नंबर वन पर है। आईएमबीडी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शीर्ष 250 भारतीय फिल्मों की सूची जारी की है।इस लिस्ट में आईएमडीबी ने वर्ष 1913 से लेकर वर्ष 2024 तक की फिल्मों के नाम शामिल किए हैं। सूचीबद्ध फिल्मों के लिए 80 लाख से अधिक लोगों ने वोट डाले।इस सूची में पहले स्थान पर फिल्म 12वीं फेल है। 12वीं फेल इसी नाम से आई हिंदी उपन्यास का फिल्मी रूपांतरण है। इस किताब को अनुराग पाठक ने लिखा है। यह फिल्म आईपीएस अधिकारी मनोज कुमार शर्मा और आईआरएस अधिकारी श्रद्धा जोशी के जीवन पर आधारित है। इस फिल्म में विक्रांत मैसी ने मुख्य किरदार निभाया है। इसके अलावा उनके साथ मेधा शंकर, भी महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। 12वीं फेल को कई पुरस्कार समारोह में पुरस्कार मिले हैं। आईएमडीबी की टॉप 10 की सूची में 12वीं फेल, गोल माल, नायकन, द वर्ल्ड ऑफ अप्पू, अंबे शिवम, पेरीयेरुम पेरुमल, 3 इडियट्स, महाराजा, मणिचित्राथाझु, और होम शामिल है। सूची में सर्वाधिक सात फिल्में फिल्मकार मणिरत्नम की है,छह फिल्मों के साथ अनुराग कश्यप दूसरे स्थान पर हैं।

# उषा ने की सीईओ की नियुक्ति

नई दिल्ली, एजेंसी



- आईओए अध्यक्ष ने कोषाध्यक्ष पर भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर बैठक बुलाई

विवादों में घिरी भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रघुराम अय्यर की नियुक्ति, कोषाध्यक्ष सहदेव यादव के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायतों और कार्यकारी परिषद (ईसी) के कुछ सदस्यों की पद पर बने रहने की अयोग्यता जैसे विवादास्पद मुद्दों के समाधान के लिए 25 अक्टूबर को संस्था की विशेष आम बैठक (एसजीएम) बुलाई है।

इन सभी मुद्दों पर उषा का ईसी के अधिकांश सदस्यों के साथ टकराव रहा है। अय्यर की नियुक्ति इसमें सबसे चर्चित मुद्दा है क्योंकि उनके वेतन पैकेज और इस पद के लिए उपयुक्तता को लेकर ईसी सदस्यों ने उनका पुरजोर विरोध किया है। इस पूर्व महान धाविका ने आईओए के पदाधिकारियों और अन्य हितधारकों को भेजे ईमेल में लिखा ये सभी मुद्दे असाधारण और तात्कालिक हैं। इसे सुलझाने और प्रभावी निर्णय लेने के लिए सदन की भागीदारी की आवश्यकता है। मैं इस संबंध में 25 अक्टूबर 2024 को सुबह 11 बजे आईओए भवन आईओए की एक विशेष आम बैठक बुला रही हूं। आईओए संविधान की अनुच्छेद 8.3 के मुताबिक इस बैठक का आयोजन हाइब्रिड प्रारूप में होगा। जो पदाधिकारी इस बैठक के लिए शारीरिक तौर पर मौजूद नहीं हो सकेंगे वे वेबक्स की मदद से इससे जुड़ सकते हैं। इसका ऑनलाइन लिंक आईओए की वेबसाइट पर उपलब्ध होगा।

इस बैठक का आह्वान तब किया गया है जब 26 सितंबर को उषा का कार्यकारी परिषद के साथ एक बार फिर सीईओ को लेकर टकराव हुआ था। ईसी के अधिकांश सदस्यों ने सीईओ के रूप में अय्यर की नियुक्ति पर अपना विरोध दोहराया था। सीईओ की नियुक्ति को अभी ईसी की मंजूरी नहीं मिली है। एसजीएम के एजेंडे के अनुसार, उनकी नियुक्ति पर मतदान किया जाएगा कि क्या उनका चयन 'संविधान के अनुच्छेद 15.3.1 के अनुसार नामांकन समिति द्वारा अंतिम रूप दिया गया है' या आईओए ईसी के पास इस प्रक्रिया को अस्वीकार करने की शक्ति है। उषा ने चेतावनी दी है कि संघ के सुचारू संचालन के लिए सीईओ महत्वपूर्ण हैं। ईसी के कुछ सदस्यों द्वारा इस नियुक्ति को स्वीकार करने में देरी और इनकार से हमारे शासन और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर असर पड़ रहा है। इससे भारत में ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों 2036 की मेजबानी के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दृष्टिकोण में बड़ी बाधा पैदा होने की संभावना है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## ताइवान में तूफान



ताइवान में तूफान क्रैथॉन आने की आशंका के बीच तेज हवाएं चलने और मूसलाधार बारिश के कारण दो लोगों की मौत हो गई और 100 से अधिक लोग घायल हो गए। तूफान के प्रभाव के कारण निचले और पर्वतीय इलाकों में रहने वाले हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। तूफान के आसमान पर छाई घटाएं।

# गांधी मानते थे कि अहिंसा मानवता की सबसे बड़ी ताकत : गुतारेस

- संरा प्रमुख ने कहा- आज दुनिया हिंसा का सामना कर रही है और संघर्ष बढ़ रहे

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र (संरा) महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने महात्मा गांधी के अहिंसा, शांति और समानता के संदेश को रेखांकित किया और हिंसा का सामना कर रही दुनिया और यूक्रेन से लेकर पश्चिम तक जारी संघर्षों पर गहरी चिंता व्यक्त की। दो अक्टूबर को गांधी जंयती के उपलक्ष्य में अपने संदेश में गुतारेस ने कहा अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस पर, हम महात्मा गांधी की जयंती मनाते हैं और उन मूल्यों को दोहराते हैं जिनके लिए उन्होंने अपना जीवन समर्पित किया : समानता, सम्मान, शांति और न्याय। गुतारेस ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा आज दुनिया हिंसा का सामना कर रही है और दुनिया भर में संघर्ष बढ़ रहे हैं। यूक्रेन से लेकर सूडान, पश्चिम एशिया तथा और भी जगहों पर युद्ध के कारण विनाश हो रहा है। असमानता और जलवायु के प्रति असंवेदनहीनता शांति की नींव को कमजोर कर रही है। ऑनलाइन माध्यम से फैलाई गई नफरत का असर सड़कों पर हिंसा के रूप में दिख रहा है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने इस बात पर जोर दिया कि गांधी मानते थे कि अहिंसा मानवता के लिए सबसे बड़ी ताकत है, जो किसी भी हथियार से अधिक शक्तिशाली है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आह्वान किया कि वे मिलकर उस महान दृष्टिकोण का समर्थन करने के लिए संस्थाओं का निर्माण करें।

## अमेरिका के सिएटल सेंटर में गांधी की प्रतिमा का अनावरण

**वाशिंगटन।** अमेरिका के सिएटल सेंटर में महान भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी महात्मा गांधी की जयंती पर उनकी आवक्ष प्रतिमा का अनावरण किया गया। सिएटल के मेयर ब्रूस हैरेल, सांसद एडम स्मिथ और भारतीय मूल की सांसद प्रमिला जयपाल की उपस्थिति में बुधवार को आवक्ष प्रतिमा का अनावरण किया गया। सिएटल में स्थापित गांधी की यह पहली आवक्ष प्रतिमा है। प्रतिमा को लोकप्रिय 'स्पेस नीडल' के नीचे तथा चिहुली गार्डन एवं ग्लास म्यूजियम के समीप स्थापित किया गया है। प्रतिमा के अनावरण समारोह का नेतृत्व सिएटल में भारत के महावाणिज्यदूत प्रकाश गुप्ता ने किया। समारोह में उत्तर पश्चिम प्रशांत में 'यूएस फर्स्ट कोर' के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल जेवियर ब्रूनसन और 'मार्टिन लूथर किंग गांधी इनिशिएटिव' के अध्यक्ष एडी राई भी शामिल हुए थे।



अमेरिका में गांधी जी की प्रतिमा को अनावरण करते सदस्य।

## एक नजर

### ब्रिटेन ने चागोस द्वीपसमूह की संप्रभुता मॉरीशस को सौंपने पर सहमति जताई

**लंदन।** ब्रिटेन ने लंबे समय से विवादित चागोस द्वीप समूह की संप्रभुता मॉरीशस को सौंपने पर बृहस्पतिवार को सहमति व्यक्त की। यह समझौता डिएगो गार्सिया में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण ब्रिटेन-अमेरिका सैन्य अड्डे के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए किया गया है। चागोस, हिंद महासागर में 60 से अधिक द्वीपों का एक द्वीपसमूह है। ब्रिटेन सरकार ने एक बयान में कहा कि इस समझौते को अमेरिका सहित अंतरराष्ट्रीय साझेदारों का पुरजोर समर्थन प्राप्त है।

### रूसी वायु रक्षा ने 113 यूक्रेनी ड्रोनों को किया नष्ट

**मॉस्को।** रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने बेलगोरोड, वोरोनिश, कुर्स्क और ब्रांस्क क्षेत्रों में रात भर में 113 यूक्रेनी ड्रोनों को नष्ट कर दिया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा ''पिछली रात के दौरान, रूसी क्षेत्र में लक्ष्यों के खिलाफ ड्रोन का उपयोग करके आतंकवादी हमले को अंजाम देने के कीव शासन के प्रयास को रोका गया था। वायु रक्षा प्रणालियों ने 113 यूक्रेनी मानव रहित हवाई वाहनों को रोका और नष्ट कर दिया, बेलगोरोड क्षेत्र में 73 ड्रोन, वोरोनिश क्षेत्र के क्षेत्र में 25 ड्रोन, कुर्स्क क्षेत्र के क्षेत्र में 14 ड्रोन और ब्रांस्क क्षेत्र में एक ड्रोन नष्ट किये गये।

### कांगो में नौका पलटने से 50 लोगों की मौत

**गोमा (कांगो)।** मध्य अफ्रीकी देश कांगो के पूर्वी हिस्से में किवु झील में बृहस्पतिवार को सैकड़ों यात्रियों को ले जा रही एक नौका के पलट जाने से कम से कम 50 लोगों की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने यह जानकारी दी। यह अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है कि नौका पर कितने लोग सवार थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उन्होंने बचाव सेवाओं को पानी से कम से कम 50 शव निकालते देखा।

### नाटो के महासचिव यूक्रेन यात्रा पर पहुंचे

**कीव।** उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के नए महासचिव मार्क रूट ने पदभार ग्रहण करने के बाद अपनी पहली आधिकारिक यात्रा के तहत गुरुवार को यूक्रेन का दौरा किया और देश के लिए निरंतर समर्थन का संकल्प जताया। रूट ने कीव में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात की। नाटो प्रमुख के दौरे के बीच कीव में हवाई हमले के सायरन दो बार बजे। नाटो के नए प्रमुख ने फरवरी 2022 से रूस के बड़े पैमाने पर आक्रमण का मुकाबला कर रहे यूक्रेन के लिए पश्चिमी देशों का समर्थन बढ़ाने में मदद करने का संकल्प जताया।

### ग्वाटेमाला सीमा पर गोलीबारी में छह प्रवासियों की मौत

**मैक्सिको सिटी।** मैक्सिको के ग्वाटेमाला की सीमा के समीप एक ट्रक पर सैनिकों की गोलीबारी में छह प्रवासियों की मौत हो गई। रक्षा विभाग ने बुधवार को यह जानकारी दी। विभाग के एक बयान के अनुसार, सैनिकों ने दावा किया कि जब सोमवार देर रात ट्रक और दो अन्य वाहन दक्षिणी राज्य चियापास में हुइक्सटला शहर के समीप उनके तैनाती स्थल के पास पहुंचे तो उन्होंने गोलियों की आवाज सुनी। ट्रक मिस्र, नेपाल, क्यूबा, भारत, पाकिस्तान और एक अन्य देश से प्रवासियों को ले जा रहा था।

# इजराइली हिंसा रोकने के लिए दागे थे रॉकेट

## संयुक्त राष्ट्र की आपात बैठक में ईरान ने रखा अपना पक्ष, इजराइल बोला- अमानवीय कृत्य किया

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के दौर पर ध्यान देने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने बुधवार को एक आपातकालीन बैठक की। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत ने कहा कि उनके देश ने मंगलवार को इजराइल पर लगभग 200 मिसाइल दागी थीं, ताकि इजराइल की हिंसा को रोका जा सके, जबकि उनके इजराइली समकक्ष ने इस हमले को आक्रामकता का अभूतपूर्व कृत्य करार दिया।

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार देर रात जवाबी कार्रवाई करने का संकल्प व्यक्त किया, वहीं एक ईरानी कमांडर ने धमकी दी कि अगर इजराइल ने ऐसा किया तो वे बुनियादी ढांचे पर व्यापक हमले करेंगे। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने बुधवार को कहा कि वह ईरान के परमाणु कार्यक्रम को निशाना बनाकर किए जाने वाले इजराइली हमले का समर्थन नहीं करेंगे। इजराइल ने बुधवार को तब और खलबली मचा दी जब उसके विदेश मंत्री ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव को देश में अवांछनीय व्यक्तिघोषित कर दिया और संगठन के खिलाफ दशकों से लग रहे यहूदी विरोधी आरोपों को दोहराया।

इस बीच इजराइल हाल में दो मोर्चों पर आतंकवादियों से जूझ रहा था। वह हिजबुल्ला के खिलाफ लेबनान में जमीनी स्तर पर निपट रहा था तो गाजा में भी हमले कर रहा था जिनमें बच्चों सहित बड़ी संख्या में लोग मारे गए। इजराइल की सेना ने कहा कि दक्षिणी लेबनान में संघर्ष में आठ सैनिक मारे गए हैं। पिछले साल सात अक्टूबर को हमास के सीमा पार हमले के बाद से ही इजराइल और हिजबुल्ला के बीच लेबनान सीमा पर लगभग रोजाना गोलीबारी हो रही है, जिसमें 1,200 इजराइली मारे गए और 250 अन्य को बंधक बना लिया गया। जवाब में इजराइल ने गाजा पट्टी में आतंकवादी समूह के खिलाफ युद्ध की घोषणा कर दी। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, इस क्षेत्र में 41,000 से ज्यादा फलस्तीनी मारे गए हैं और मृतकों में आधे से ज्यादा महिलाएं और बच्चे थे।



संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में उपस्थित संरा प्रमुख व अन्य सदस्य। एजेंसी

### गाजा में हमास के वरिष्ठ नेता को मार गिराया

**यरूशलम।** इजराइली सेना ने गुरुवार को कहा कि उसने तीन महीने पहले गाजा पट्टी में हवाई हमले में हमास के एक वरिष्ठ नेता को मार गिराया था। सेना ने कहा है कि उत्तरी गाजा में एक भूमिगत परिसर पर हमले में रवही मुश्तहा और दो अन्य हमास कमांडर-सामी सिराज और सामी ऊदा की मौत हो गई। हमास की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं आई। सेना ने कहा है कि मुश्तहा हमास के शीर्ष नेता याह्या सिनवार का करीबी सहयोगी था, जिसने सात अक्टूबर को इजराइल पर हमले की साजिश रचने में मदद की थी।

### हवाई हमले में सात लोगों की गई जान

**बेरूत।** इजराइल ने बुधवार देर रात मध्य बेरूत की एक इमारत को निशाना बनाकर हवाई हमला किया, जिससे सात लोगों की मौत हो गई। इन लोगों को हिजबुल्ला का सदस्य बताया गया है। इजराइल सितंबर के अंत से ही देश के उन क्षेत्रों पर बमबारी कर रहा है जहां उग्रवादी समूह हिजबुल्ला की मजबूत उपस्थिति है, लेकिन राजधानी बेरूत के मध्य क्षेत्र को शायद ही कभी निशाना बनाया गया हो। बुधवार देर रात हुए हमले से पहले कोई चेतावनी नहीं दी गई थी, जिसमें मध्य बेरूत में एक इमारत को निशाना बनाया गया। यह इमारत संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय, प्रधानमंत्री कार्यालय और संसद से ज्यादा दूर नहीं है।

### इजराइली प्रतिबंध राजनीतिक बयानबाजी

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने विश्व निकाय के महासचिव एंतोनियो गुतारेस के इजराइल में प्रवेश पर प्रतिबंध को उसके विदेश मंत्री की राजनीतिक बयानबाज़ी बताया और कहा कि संयुक्त राष्ट्र इजराइल के साथ संपर्क बनाए रखेगा क्योंकि ऐसा करना ही पड़ेगा। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने संवाददाताओं से कहा कि इजराइल के विदेश मंत्री इजराइल कैट्ज द्वारा संयुक्त राष्ट्र प्रमुख को अवांछित व्यक्ति कहना भी इजराइल सरकार की ओर से संयुक्त राष्ट्र कर्मचारियों पर एक और हमला है। संयुक्त राष्ट्र पर पक्षपात और यहूदी-विरोधी होने के इजराइल के आरोप दशकों पुराने हैं, लेकिन देश पर सात अक्टूबर को हमास के हमलों के बाद से यह दरार और बढ़ गई है।

# युद्ध के कारण हैती में सात लाख लोग हुए विस्थापित

- संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन डुजारिक ने कहा- विस्थापितों में आधे से अधिक बच्चे

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

हैती में अब 7,00,000 से ज्यादा लोग आंतरिक रूप से विस्थापित हुए हैं, जो जून के बाद से 22 प्रतिशत की वृद्धि है। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र के एक प्रवक्ता ने अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन के नए आंकड़ों का उल्लेख करते हुए दी। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन डुजारिक ने दैनिक ब्रीफिंग में कहा कि विस्थापित हुए लोगों में आधे से अधिक बच्चे हैं।

उन्होंने कहा कि मानवीय मामलों के समन्वय का कार्यालय हाल के महीनों में बढ़ते विस्थापन से बहुत चिंतित है, क्योंकि सामूहिक हिंसा बढ़ने से देश में मानवीय संकट गहरा गया है। डुजारिक ने कहा कि विस्थापितों में से लगभग तीन-चौथाई अन्य प्रांतों में आश्रय चाहते हैं, अकेले ग्रांड सूड क्षेत्र में कुल विस्थापित आबादी का लगभग आधा हिस्सा रहता है। राजधानी पोर्ट-औ-प्रिंस में, जहां सुरक्षा स्थिति अत्यधिक अस्थिर बनी हुई है, विस्थापित लोगों में से एक चौथाई भीड़भाड़ वाली जगहों पर रहते हैं, जहां बुनियादी सेवाओं तक पहुंच बहुत सीमित है। मंगलवार को हैती में स्कूल वर्ष शुरू हुआ और संयुक्त राष्ट्र के मानवतावादी साझेदार राष्ट्रीय स्कूल वापसी अभियान का समर्थन करने के लिए अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। व्याप्त असुरक्षा के कारण पिछले वर्ष लगभग 14 लाख छात्रों और शिक्षकों को शिक्षा में गंभीर व्यवधान का सामना करना पड़ा है।

### ब्रिटेन ने लेबनान से अपने नागरिकों को निकालने के लिए विमान भेजा

**लंदन।** ब्रिटिश सरकार ने गुरुवार को लेबनान में फंसे अपने नागरिकों को निकालने में मदद के लिये और विशेष विमान वहां भेजने की घोषणा की है। लेबनान में इजराइल के साथ संघर्ष के चलते बिगड़ती सुरक्षा स्थिति के आलोक में ब्रिटेन ने यह फैसला किया। विदेश, राष्ट्रमंडल एवं विकास कार्यालय (एफसीडीओ) ने कहा कि जब तक सुरक्षा स्थिति अनुमति देती है, तब तक अतिरिक्त उड़ानें जारी रहेंगी। इस बीच, एफसीडीओ ने कहा कि यह ब्रिटिश नागरिकों के लिए वाणिज्यिक उड़ानों की क्षमता बढ़ाने के लिए भागीदारों के साथ भी काम कर रहा है। ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी ने कहा, हाल की घटनाओं ने लेबनान में स्थिति की अस्थिरता को प्रदर्शित किया है।

# ट्रंप पर अपराध का सहारा लेने का आरोप

## अभियोजन ने पूर्व राष्ट्रपति के मामले में नए सबूत पेश किए

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2020 का चुनाव हारने से पहले ही नतीजे पलटने की कोशिश करने के लिए आधार तैयार कर लिया था तथा जानबूझकर मतदाता धोखाधड़ी के झूठे दावे किए और सत्ता पर काबिज रहने की अपनी असफल कोशिश के तहत अपराध का सहारा लिया। यह जानकारी अदालत में दायर अभियोजक के दस्तावेज से मिली है। इस दस्तावेज में पूर्व राष्ट्रपति के खिलाफ ऐतिहासिक आपराधिक मामले से जुड़ी नई जानकारियां सामने आई हैं। विशेष वकील जैक स्मिथ की टीम द्वारा दायर किए गए दस्तावेज में अब तक का सबसे व्यापक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया गया है जिससे पता चलता है कि अगर ट्रंप पर चुनाव के नतीजे को पलटने की साजिश रचने का आरोप लगाने वाला मामला सुनवाई तक पहुंचता है तो अभियोजक क्या साबित करना चाहता है। हालांकि महीनों तक चली कांग्रेस (संसद) की जांच और अभियोग में चुनाव परिणाम को पलटने के ट्रंप के प्रयासों का स्पष्ट विवरण दिया गया है।



### अज्ञात विवरणों का हवाला दिया गया

नए दस्तावेज़ में ट्रंप के निकटतम सहयोगियों द्वारा दिए गए अज्ञात विवरणों का हवाला दिया गया है और इसमें एक हताश राष्ट्रपति की तस्वीर पेश की गई है, जो व्हाइट हाउस पर अपनी पकड़ खोते हुए देख चुनावी प्रक्रिया के हर चरण को निशाना बनाने के लिए छल का इस्तेमाल करता है। दस्तावेज़ में ट्रंप के सहयोगियों का जिक्र है।

# ताइवान के अस्पताल में आग लगने से नौ लोगों की मौत

**ताइपे (ताइवान)।** दक्षिणी ताइवान के एक अस्पताल में गुरुवार की सुबह आग लगने से कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई। इस द्वीप पर तूफान का कहर जारी है जिससे आम जनजीवन बाधित हो गया है। क्रैथॉन तूफान से बुरी तरह प्रभावित पिंगटंग प्रांत के एक अस्पताल में आग लगी। बताया जाता है कि आग के कारण धुआं फैल गया और दम घुटने से नौ लोगों की जान चली गई। घटना की फिलहाल जांच की जा रही है। अस्पताल से दर्जनों अन्य मरीजों को सुरक्षित निकालकर पास के शरण स्थलों में ले जाया गया। मरीजों को निकालने और आग बुझाने में चिकित्साकर्मियों तथा दमकल कर्मियों की सहायता के लिए सैनिकों को बुलाया गया।

# बांग्लादेश ने भारत से अपने राजदूत को वापस बुलाया

- कूटनीतिक फेरबदल के बीच सरकार ने लिया फैसला

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने नई दिल्ली में अपने उच्चायुक्त सहित पांच दूतों को वापस बुला लिया है। इसके साथ ही सरकार ने घरेलू प्रशासन के साथ-साथ राजनयिक सेवा में भी दूसरे चरण का फेरबदल किया है। एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

मुख्य सलाहकार के रूप में प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने नवीनतम फेरबदल के तहत भारत, ब्रुसेल्स, कैनबरा, लिस्बन और न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र के स्थायी मिशन में बांग्लादेश के दूतों को तत्काल वापस लौटने और यहां विदेश मंत्रालय को रिपोर्ट करने को कहा है। नाम न जाहिर करने की इच्छा व्यक्त करते हुए एक अधिकारी ने कहा, राजदूतों को वापस बुलाना सरकार के उस निर्णय का हिस्सा है जिसके तहत भारत में हमारे उच्चायुक्त मुस्तफिजुर रहमान को ढाका में विदेश मंत्रालय में वापस लौटने को कहा गया है। लंदन में बांग्लादेश की उच्चायुक्त सादिया मुना तस्नीम को चार दिन पहले ढाका लौटने को कहा गया था। विदेश सेवा में अगस्त के अंत में एक बड़ा परिवर्तन देखा गया।

# सिंगापुर में भारतीय मूल के पूर्व मंत्री को 12 माह जेल की सजा

**सिंगापुर।** उच्च न्यायालय ने भारतीय मूल के पूर्व परिवहन मंत्री एस ईश्वरन को दो व्यापारियों से करीब 403,300 सिंगापुर डॉलर के उपहार प्राप्त करने के सात साल पुराने मामले में गुरुवार को 12 माह जेल की सजा सुनाई। ईश्वरन व्यापारियों अपना दोस्त बताते थे। ईश्वरन (62) ने 24 सितंबर को मुकदमे की सुनवाई के पहले दिन उपहार प्राप्त करने और न्याय में बाधा डालने से जुड़े चार आरोपों में अपना जुर्म कबूल किया। अभियोजन पक्ष के 56 गवाहों के बयान दर्ज कराने के लिए इस सुनवाई को लंबा चलना था लेकिन इसे संक्षिप्त कर दिया गया। न्यायमूर्ति ने कहा कि उन्होंने सजा के अनुरोध पर अभियोजन पक्ष और बचाव पक्ष दोनों की दलील पर गौर किया था।

# सेना ने बलूचिस्तान में छह आतंकवादी किए ढेर

- हरनाई जिले में बीएलए के एक ठिकाने पर छापेमारी के दौरान हुई थी घटना

कराची, एजेंसी

पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में सुरक्षा बलों ने एक अभियान के दौरान प्रतिबंधित बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के छह आतंकवादियों को मार गिराया। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि यह घटना बुधवार को हरनाई जिले में बीएलए के एक ठिकाने पर छापेमारी के दौरान हुई। हरनाई में बीएलए के ठिकाने के बारे में मिली सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों ने इलाके में छापा मारा।

उन्होंने बताया कि मुठभेड़ में छह आतंकवादी मारे गए। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादी सुरक्षा बलों और नागरिकों पर कई हमलों में शामिल थे। एक अलग घटना के बारे में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) फहद खान खोसा ने बताया कि बुधवार को डेरा मुराद जमाली इलाके में हथियारबंद लोगों ने जेल वैन पर हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि हमले में एक पुलिसकर्मी और एक विचाराधीन कैदी की भी मौत हो गई।

खोसा ने बताया कि हथियारबंद लोगों ने जेल के मुख्य द्वार से बाहर आते ही वैन पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे एक कैदी की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने कहा गोलीबारी में एक हमलावर की भी मौत हो गई। खोसा ने बताया कि हमले में तीन पुलिसकर्मी घायल हुए हैं।

# हंगरी के प्रधानमंत्री ने प्रवासियों को ब्रुसेल्स भेजने की धमकी दी

**मास्को।** हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन ने यूरोपीय संघ की बाहरी सीमाओं की सुरक्षा की लागत की प्रतिपूर्ति नहीं करने पर अवैध प्रवासियों को ब्रुसेल्स भेज देने की धमकी दी। ओर्बन ने कहा है कि अगर यूरोपीय संघ बुडापेस्ट पर दबाव डालना बंद नहीं करता है, तो वह अवैध प्रवासियों को ब्रुसेल्स भेज देने की धमकी दी। ओर्बन ने बुधवार को एक्स पर लिखा यदि ब्रुसेल्स यूरोपीय संघ की सीमाओं की रक्षा के लिए हमें दंडित करने के अपने फैसले पर अड़ा रहता है, तो उन्हें वह मिल सकता है जो वे चाहते हैं। हम उन अवैध प्रवासियों को ब्रुसेल्स के मुख्य चौराहे तक पहुंचाएंगे जो हंगरी के दरवाजे पर धमाका कर रहे हैं। हंगरी और नीदरलैंड ने सितंबर में यूरोपीय संघ के प्रवासन तथा शरण नियमों से छूट का अनुरोध किया था।

## ज्ञान-विज्ञान

ब्रह्मांड के एक हद तक अंश को समझने में मददगार साबित होगा

# आकाशगंगाओं के कोलाज का सबसे बड़ा मानचित्र

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** ब्रह्मांड का आकार, संरचना, विस्तार व विद्यमान वस्तुओं के संसार की कोई थाह नही, लेकिन कही तो अंत होगा। आधुनिक खगोल विज्ञान इस पहेली को सुलझाने का प्रयास सदियों से कर रहा है। जिसे समझने के लिए खगोलविदों ने लंबे समय तक आकाशगंगाओं का अध्यन कर मानचित्र के रूप में कोलाज प्रस्तुत किया है, जो ब्रह्मांड का एक हद तक अंश समझाता है।

कोलाज में एनजीसी 3576, एनजीसी 6357, मेसियर 17, एनजीसी 6188, मेसियर 22 और एनजीसी 3603 व मेसियर 22 दिखाया गया है। पुराने तारों का घना समूह, गैस और धूल के बादल नजर आते हैं। तस्वीरों में तारों का निर्माण भी समझ में आता है। कोलाज के विशाल मानचित्र में ब्रह्मांड की 1.5 अरब वस्तुएँ शामिल हैं। बड़ी बात यह है कि ईएसओ ने हमारी गैलेक्सी का अब तक का सबसे विस्तृत इन्फ्रारेड मानचित्र जारी किया है। यह मानचित्र विशेष रूप से ब्रह्मांड की आंतरिक संरचना और कोर की वास्तविकता दर्शाता है। खगोलविद 13 वर्षों से अधिक समय से 4.1 मीटर विज़िबल और इन्फ्रारेड सर्वे टेलीस्कोप फॉर एस्ट्रोनॉमी का उपयोग करके आकाशगंगा का अवलोकन में जुटी है। मानचित्र में 200,000 से अधिक छवियों और 500 टेराबाइट्स डेटा शामिल है। यह अब तक का सबसे बड़ा प्रोजेक्ट भी है। चिली में यूरोपीय दक्षिणी वेधशाला (ईएसओ) पैरानल वेधशाला व विस्टा टेलीस्कोप के जरिए यह शोध किया गया। चिली में स्थित यूनिवर्सिटी एंड्रेस बेल्लो के खगोल भौतिकीविद् दांते मिन्निटी के नेतृत्व में यह अध्ययन किया गया।



विन्हिन्न आकाशगंगाओं का जारी किया गया कोलाज।

### ब्रह्मांड के पदार्थों की झलक

**नैनीताल :** कोलाज में ब्रह्मांड की विभिन्न आकाशगंगाओं में मौजूद गैस, धूल भरे गोलाकार समूहों में अंतर्निहित नवजात तारे, भूरे बौने, मुक्त-तैरते दुष्ट ग्रहों की झलक देखने को मिलती है। इमके अलावा भी अनेक पदार्थ नजर आते हैं, जो खगोलविदों को ब्रह्मांड के रहस्यों को समझने में मदद कर सकते हैं।